3 राजधानी — पांच कोर्स में 100 से ऊपर चली गई मेरिट

5 अभिमत — धरती के पर्यावरण की ढाल है ओजोन पर्त

7 राष्ट्रीय — बंगाल में लागू नहीं गरीब कल्याण रोजगार अभियान

8 स्पोर्ट्स — चेन्नई का जीत से आगाज



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 329
लखनऊ, रविवार, 20 सितंबर, 2020
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





समस्याएं और समाधान

आज के अंक के साथ

एजेण्डा

---

राज्यसभा में आज पेश होगा विवादित कृषि सुधार विधेयक

# किसका पलड़ा भारी, पक्ष-विपक्ष दोनों ने की तैयारी

● आरएसएस का भारतीय किसान संघ भी खिलाफ, परिवार के भीतर उठे विरोध सुर से सत्ताधारी भाजपा बेचैन

● उच्च सदन में सरकार के पास नहीं है बहुमत, राजग सहयोगी अकाली दल समेत विपक्षी पार्टियों ने बनाई वोटिंग की रणनीति



पंजाब के पटियाला में कृषि विधेयकों के विरोध में सड़क जाम कर प्रदर्शन करते विभिन्न किसान संगठनों के लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भले** सरकार ने शुक्रवार को कृषि से संबंधित तीन विधेयकों को पास करा लिया हो, लेकिन राज्यसभा में उसकी राह आसान नहीं है। उच्च सदन में ये बिल रविवार को पेश किए जाएंगे। इस बीच विपक्षी दलों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ (बीकेएस) ने भी इन विधेयकों की मुखालफत की है। टीआरएस प्रमुख और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भी अपने सांसदों को इन विधेयकों के खिलाफ वोट करने का फरमान सुना दिया है। नौ सांसदों वाले राव मुश्किल समय में मोदी सरकार का साथ देते रहे हैं। इससे सरकार पर भविष्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व्यवस्था को खत्म करने के बारे में किसानों का डर दूर करने के लिए बिल में कुछ बदलाव लाने का दबाव बढ़ सकता है। अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर ने बिलों के विरोध में मोदी सरकार से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद बीकेएस के रुख से पता चलता है कि भाजपा इन विधेयकों को पेश करने के लिए पूरी तरह अलग-थलग पड़ गई है। लोकसभा में पारित कृषि क्षेत्र के विधेयकों के किसानों के हितों पर चोट करने की बढ़ती आशंकाओं के बीच बीकेएस ने मांग की है कि व्यापक परामर्श और बदलाव के लिए इन बिलों को कृषि संबंधी स्थायी समिति को भेजा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को गुमराह करने के लिए विपक्ष को दोषी ठहराए जाने के एक दिन बाद बीकेएस ने कहा कि यह बिल कॉरपोरेट की ओर बहुत अधिक झुकाव वाला है और इससे किसानों के जीवन में सुधार नहीं होगा।

कृषि संबंधी संसदीय स्थायी समिति द्वारा इसका आकलन किया जाना चाहिए। मौजूदा स्वरूप में विधेयकों का विरोध करते हुए बीकेएस ने प्रधानमंत्री मोदी और कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को भी पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि बिलों में ऐसे प्रावधान हों जिससे किसानों का हित हो न कि बड़ी कंपनियों और कॉरपोरेट जगत का। लोकसभा में गुरुवार को कृषि संबंधी दो विधेयकों- किसानों के उत्पादन व्यापार और (शेष पेज 7)

## कोरोना का कहर, बुधवार को समाप्त हो सकता है संसद सत्र

● कार्य मंत्रणा समिति में पूर्व निर्धारित तारीख एक अक्टूबर से पहले सत्र खत्म करने पर सभी दलों में बनी सहमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सांसदों** के बीच कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ने के मद्देनजर संसद का मौजूदा मानसून सत्र अगले सप्ताह के मध्य बुधवार तक खत्म किया जा सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में शामिल ज्यादातर पार्टियों के नेताओं ने सत्र को निर्धारित समय से पहले खत्म करने की पैरवी की। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सदन में विभिन्न पार्टियों के नेता, सरकार के प्रतिनिधि शामिल होते हैं तथा इसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करते हैं। मानसून सत्र गत 14 सितंबर से आरंभ हुआ था और तय कार्यक्रम के मुताबिक इसका समापन एक अक्टूबर को होना था। सत्र के संदर्भ में अंतिम निर्णय संसदीय कार्य संबंधी कैबिनेट समिति द्वारा लिया जाएगा। लोकसभा ने कृषि से संबंधित तीन विधेयकों को पारित कर दिया है। ये विधेयक अध्यादेशों के स्थान पर लाए गए थे। इसके साथ सांसदों के वेतन में कटौती से संबंधित अध्यादेश के स्थान पर लाए गए विधेयक को भी सदन की मंजूरी मिल गई है।

## अब घर बैठे एक क्लिक पर दिखेगी कोरोना रिपोर्ट

● योगी आज करेंगे नई सुविधा का शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में कोरोना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को जांच से संबंधित एक नई सुविधा की शुरुआत करेंगे। इसमें लोगों को कोरोना जांच का नतीजा वेबसाइट के जरिए ही पता चल जाएगा और उन्हें पहले की तरह इंतजार नहीं करना पड़ेगा। राज्य के अपर मुख्य सचिव सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद के मुताबिक कोरोना जांच के दौरान कई बार प्रयोगशालाओं से जानकारी मिलने में देरी हो जाती है।

तब तक जांच कराने वाले व्यक्ति को इंतजार करना पड़ता है। अब राज्य के स्वास्थ्य विभाग और डायरेक्टर जनरल हेल्थ की वेबसाइट पर लैब रिजल्ट का एक लिंक उपलब्ध रहेगा। प्रयोगशाला से पोर्टल पर कोरोना जांच के नतीजे अपलोड होते ही मरीज इसके जरिए अपनी रिपोर्ट देख सकेंगे। इसमें लिंक पर क्लिक करने पर सम्बन्धित मरीज को अपना मोबाइल फोन नम्बर उस पर डालना होगा। इसके बाद फोन नम्बर में एक ओटीपी आएगा। उस ओटीपी को वेबसाइट पर डालने के बाद उसमें मरीज की कोरोना जांच का रिजल्ट दिखाई देने लगेगा। मरीज चाहे तो अपनी रिपोर्ट वहीं से डाउनलोड भी कर सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रविवार को इस सुविधा का शुभारम्भ करने के साथ ही यह सबके लिए उपलब्ध हो जाएगा। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार का को कोविड पोर्टल बेहद अनूठा है और इसमें मरीज की विस्तृत जानकारी होती है।

एक बार कोई व्यक्ति जब सर्विलांस के सम्पर्क में आने पर अपनी कोरोना जांच कराता है, तभी से उसकी पूरी जानकारी हमारे पास दर्ज हो जाती है। सम्बन्धित व्यक्ति की एक केस आईडी बनती है और फिर उसी से आगे के सारे काम होते हैं। केस आईडी से व्यक्ति के कोरोना पॉजिटिव या निगेटिव होने का पता चलता है। पॉजिटिव आने पर इसी आईडी से वह भर्ती होता है और उसकी दवा और डिस्चार्ज के दौरान भी इसी (शेष पेज 7)

## पशुपालन घोटाले में एक और गिरफ्तार



संतोष मिश्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पशुपालन** विभाग में टेंडर दिलाने के नाम पर 9 करोड़ 72 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के एक अन्य सदस्य संतोष मिश्रा को एसटीएफ ने चिनहट थाना क्षेत्र में इंदिरा नहर के पास से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में संतोष मिश्रा ने घोटाले से जुड़ी कई अहम जानकारियों का खुलासा किया है। इस मामले में नौ अभियुक्तों की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि अभियुक्तों से साठगांठ में डीआईजी अरविंद कुमार सेन निलंबित हो चुके हैं। इंदौर के व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया ने इस फर्जीवाड़े के जरिए नौ करोड़ 72 लाख रुपए हड़पने की एफआईआर इसी साल 13 जून को हजरतगंज कोतवाली में दर्ज करायी थी। मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद इस पूरे मामले की जांच एसटीएफ ने की थी। जांच में आरोप सही मिलने पर एफआईआर के आदेश हुए थे।

एसटीएफ द्वारा नौ अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्रवाई की जा रही थी। इस दौरान पता चला अभियुक्त संतोष मिश्रा लखनऊ से बाहर कहीं जाने वाला है। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ ने घेराबंदी की और चिनहट थाना क्षेत्र में नहर पुलिया पर (शेष पेज 7)

### सैकड़ों निवेशकों का 60 करोड़ हड़पने वाले गिरोह का सरगना पकड़ा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने अलास्का रियल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड, अलास्का कमोडिटीज व अलास्का इंटर प्राइजेज के माध्यम से 60 प्रतिशत प्रतिवर्ष लाभ देने का प्रलोभन देकर सैकड़ों लोगों से लगभग 60 करोड़ रुपए इनवेस्ट कराकर, हड़पने वाले गिरोह के सरगना हरिओम यादव को गोसाईगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

बृहस्पतिवार को एसटीएफ की टीम ने ग्राम चांदपुर सराय सुल्तानपुर रोड़ थाना क्षेत्र गोंसाईगंज लखनऊ से हरिओम यादव निवासी ग्राम सकटू का पुरवा, सदरपुर करोरा, थाना गोसांईगंज को गिरफ्तार किया। पूछताछ में हरिओम यादव द्वारा बताया गया कि वर्ष 2000 मैने गोसाईगंज चौराहे पर मिठाई की दुकान खोली, परन्तु लाभ न होने के कारण बन्द हो गयी।

जिसके पश्चात वर्ष 2003 में सुपर पैथालाजी गोसांईगंज में 3,500 रुपए प्रति माह की नौकरी कर ली, वर्ष 2010 में आईसीआई बैंक सिविल हास्पिटल लखनऊ में सेल्स एडवाइजर के पद पर ज्वाइंन किया। वर्ष 2016 में मैने नौकरी छोड़कर अथर्व इन्फ्रा रियल स्टेट कम्पनी व किसानों की जमीन को कमीशन पर बेचने का काम शुरू किया। वर्ष (शेष पेज 7)

## राजधानी में कोरोना के 1160 केस, नौ की मौत

● प्रदेश में मिले 5827 नए मामले, 84 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शनिवार** को राजधानी में कोरोना वायरस संक्रमण के 1160 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही 9 मरीजों की मौत हुई है। राजधानी में अब तक 44,684 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। आज 1105 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 34594 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 10090 केस एक्टिव हैं। अभी तक राजधानी में 585 मरीजों की मौत हो चुकी है।

आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के संबंध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 8963 लोगो के सैम्पल लिये गये हैं। जिनमें प्रमुख रूप से आज आशियाना 35, इंदिरा नगर 62, आलमबाग 47, ठाकुरगंज 19, तालकटोरा 35, हसनगंज 18, गोमती नगर 74, हजरतगंज 42, मड़ियांव 14, रायबरेली रोड 52, अलीगंज 25, जानकीपुरम 29, महानगर 26, कैण्ट 22, चैक 41, चिनहट 48, नाका 14, विकासनगर 20, कृष्णानगर 20, बाजारखाला 21, मोहनलालगंज 10, सरोजनीनगर 23, काकोरी 11, कैसरबाग 12, फैजाबाद रोड़ 27, गोसाईगंज 21, तेलीबाग 28, वृन्दावन 20, विभूतिखण्ड 20, सुशान्त गोल्फ सिटी 10, गोमतीनगर विस्तार 23 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 286 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया।

जिसमें से 286 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 196 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 90 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना के 5827 नए मामले सामने आए हैं। वही बीमारी के चलते 84 मरीजों की जान गई है। अब तक कोरोना के कारण मरने वालों की संख्या 4953 तक पहुंच गई है। 276690 मरीज इलाज के बाद पूरी तरह से स्वस्थ हो कर डिस्चार्ज किये जा चुके हैं। वहीं राज्य में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या अब 66,874 हो (शेष पेज 7)

## रोगियों के ठीक होने के मामले में विश्व में शीर्ष पर पहुंचा भारत

**नई दिल्ली (भाषा)।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत ने कोविड-19 रोगियों के स्वस्थ होने के मामले में ऐतिहासिक वैश्विक उपलब्धि हासिल करते हुए अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है और इस मामले में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में 95,880 लोग संक्रमण मुक्त हो गए हैं। इसी अवधि में कोरोना वायरस संक्रमण के 93,337 नए मामले सामने आए जिसके साथ देश में कोविड-19 के कुल 53,08,014 मामले हो गए हैं। बीते 24 घंटे में 1,247 संक्रमितों की मौत हुई है जिसके साथ मृतक संख्या बढ़कर 85,619 हो गई। मंत्रालय ने कहा कि देश में अब तक 42,08,431 कोविड-19 रोगी स्वस्थ हो चुके हैं जो दुनिया के सभी देशों में संक्रमणमुक्त हुए रोगियों की सर्वाधिक संख्या है। देश में संक्रमण से स्वस्थ होने की दर करीब 80 प्रतिशत हो गई है, वहीं संक्रमण से मृत्यु दर घटकर 1.61 प्रतिशत रह गई है। मंत्रालय ने कहा, अब भारत में दुनिया भर में संक्रमण से स्वस्थ (शेष पेज 7)

## ग्रेटर नोएडा में बनेगी देश की सबसे खूबसूरत फिल्म सिटी

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की बड़ी घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में देश को एक अच्छी फि ल्म सिटी की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश यह जिम्मेदारी को लेने के लिए तैयार है और एक बेहतरीन फिल्म सिटी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि फिल्म सिटी के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे का क्षेत्र बेहतर होगा। यह फिल्म सिटी फि ल्म निर्माताओं को एक बेहतर विकल्प उपलब्ध कराएगी। साथ ही रोजगार सृजन की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी प्रयास होगा। उन्होंने इस सिलसिले में भूमि के विकल्पों के साथ यथाशीघ्र कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। एक सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम अपने सरकारी आवास पर वीडियो कांफ्रें स के माध्यम से मेरठ मंडल मेरठ, हापुड़, बागपत, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, बुलन्दशहर जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने फिल्म सिटी परियोजना का ऐलान किया है। समीक्षा बैठक के दौरान यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने भूमि उपलब्ध करवाने की सहमति भी दे दी है। योगी ने उत्तर प्रदेश में फि ल्म सिटी बसाने की घोषणा ऐसे वक्त में की है जब मुंबई में फिल्म उद्योग पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। वहां क्षेत्रवाद, भाई भतीजावाद और ड्रग्स जैसे अवैध कारोबार में संलिप्तता के आरोप सामने आ रहे हैं। ऐसे समय में राज्य सरकार की यह पहल बहुत मायने रखती है। उत्तर भारत के तमाम फिल्म निर्माता, अभिनेता और कलाकार मुंबई के समांतर उत्तर भारत में फि ल्म उद्योग को बढ़ावा देना चाहते हैं। कैलाश मानसरोवर भवन निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण हेतु प्रस्तावित केंद्र के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। योगी ने कहा कि मेरठ व गाजियाबाद को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की योजना महत्वपूर्ण है।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,845 | |
| निफ्टी | 11,504 | |
| सोना | 52,672 | /10g |
| चांदी | 69,841 | /kg |

### क्विक न्यूज

**जम्मू और कश्मीर के लिए विशेष पैकेज की घोषणा**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरक्षा परिदृश्य और कोविड-19 महामारी के कारण आर्थिक संकट की चपेट में आए केंद्र शासित प्रदेश के पर्यटन तथा कुछ अन्य क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने के लिए शनिवार को 1,350 करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज की घोषणा की। पैकेज के तहत सरकार ने किसानों, परिवारों और कारोबारियों को राहत देने के मकसद से जम्मू कश्मीर में एक साल के लिए बिजली और पानी के बिल पर 50 प्रतिशत की रियायत देने की घोषणा की है। सिन्हा ने संकेत दिया कि कारोबारियों की सहायता के लिए केंद्र असाधारण और ऐतिहासिक पैकज देने पर भी सक्रियता से विचार कर रहा है।

## पश्चिम बंगाल, केरल से नौ अलकायदा आतंकी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कोलकाता

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अलकायदा द्वारा भारत में ठिकाना बनाने की कोशिश का भंडाफोड़ किया है और पश्चिम बंगाल एवं केरल में उस पर शिकंजा कसते हुए नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के राजौरी में शनिवार को आतंकवाद निरोधक अभियान के दौरान तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर एनआईए ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर 18-19 सितंबर की दरमियानी रात केरल के एर्णाकुलम और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में छापेमारी कर नौ लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि मुर्शिद हसन, याकूब बिस्वास, मुसरफ हुसैन को एर्णाकुलम से जबकि नजमुस साकिब, अबू सुफियान, मैनुल मंडल, लियू यिन अहमद, अल मामून कमाल और अतितुर रहमान को मुर्शिदाबाद से गिरफ्तार किया गया। एनआईए प्रवक्ता ने बताया कि केरल से गिरफ्तार हसन गिरोह का सरगना है और मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला वाला है। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार संदिग्ध धुर कट्टरपंथी हैं और उन्हें पाकिस्तान स्थित अलकायदा के आतंकवादियों सहित विदेशी आकाओं से इंटरनेट के जरिये निर्देश मिल रहा था।

## दर्शकों से खाली स्टेडियम में आईपीएल टी-20 का आगाज

**भाषा।** अबुधाबी

**कोरोना** वायरस के कारण इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन खाली स्टेडियम में कराया जा रहा है लेकिन चकाचौंध की कमी को पूरा करने के लिए फ्रेंचाइजी टीमों ने पूर्व में रिकार्ड किए गए दर्शकों के शोर से माहौल को गुंजायमान रखा। शेख जाएद स्टेडियम की क्षमता 20,000 दर्शकों की है जो पूरा खाली था। केवल पिच पर 22 खिलाड़ियों के अलावा अधिकारी, स्टाफ, सुरक्षा और कुछ अन्य लोग वहां मौजूद थे और ऐसे ही माहौल में आईपीएल आरंभ हुआ। वीआईपी बॉक्स में बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी बैठे थे जिसमें अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के अलावा एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए एक दूसरे से पर्याप्त दूरी पर विराजमान थे। चेन्नई सुपर किंग्स के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस के समय मजाक के लहजे में कहा कि सामाजिक दूरी के दिशानिर्देशों को देखते हुए वह एक स्लिप रख सकते हैं।



अबुधावी में आईपीएल का पहला मैच आयोजित होने से पूर्व खाली पड़ा शेख जाएद स्टेडियम

गौरतलब है कि भारत में कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों के कारण टूर्नामेंट यूएई में खेला जा रहा है। कठिन हालात में सिनेमा और क्रिकेट के लिए तरस रहे दर्शकों के लिए भी यह आईपीएल खास होगा और खिलाड़ियों के लिए भी। ऐसे में जब सामाजिक दूरी और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं, अगले 53 दिन धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स, कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, रोहित की मुंबई इंडियंस, केएल राहुल की किंग्स इलेवन पंजाब और श्रेयस अय्यर की दिल्ली कैपिटल्स समेत आईपीएल टीमों के नाम होंगे। आईपीएल पहले भी विदेश में हुआ है लेकिन इस बार करोड़ों डॉलर का यह क्रिकेटिया तमाशा पहली बार जैविक सुरक्षित माहौल में होगा। इसमें क्रिस गेल और डेविड वार्नर के गगनभेदी छक्कों पर तालियां पीटने वाले नहीं होंगे और ना ही सुपर ओवर में कोई शोर सुनाई देगा। इसके बावजूद कोई शिकायत नहीं क्योंकि कम से कम खेल देखने को तो मिलेगा। कागजों पर आकलन करें तो मुंबई की टीम सबसे मजबूत नजर आ रही है जिसमें रोहित के अलावा हार्दिक और कृणाल पंड्या, कीरोन पोलार्ड और डैथ ओवरों के शहंशाह गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। चेन्नई टीम को भले ही बूढ़ों की फौज कहें लेकिन इस टीम ने साबित किया है कि सफलता और प्रतिभा उम्र के मोहताज नहीं होते। शेन वाटसन, ड्वेन ब्रावो, फाफ डु प्लेसी और रविंद्र जडेजा ने अपना सौ प्रतिशत इस टीम को दिया है और इस बार भी देंगे। वहीं कोहली की उपलब्धियों में आईपीएल खिताब की कमी खटकती है जिसे वह पूरा करना चाहेंगे।

## स्लेट पर पाठशाला

महामारी आखिर क्या क्या रूप न दिखा दे, इसका सटीक अनुमान लगाना मुश्किल है। पर महामारी के बीच दैनिक क्रियाओं का सम्पादन भी तो जिंदगी का हिस्सा है। महामारी के चलते सांस की डोर तो थम सकती है मगर जिंदगी नहीं रुक सकती है। अब इस महामारी के दौर में एक तकनीक ही है जो आम आदमी के जीवन को आसान बना रही है। अपने मैनेजमेंट गुरु हर बात में तकनीक को जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहते हैं और उन्होंने इसे साबित भी कर दिखाया है। महामारी में ऑनलाइन कक्षाओं को लेकर उनकी पहल पर एक स्लेट एप को ईजाद किया गया है। इस एप के माध्यम से संस्थान के शिक्षक क्लास लेंगे। ऑनलाइन पढ़ाई के लिए बने एप को सोच समझ कर स्लेट नाम दिया गया है। ऐसा संस्थान के महारथियों का मानना है। उनका कहना है कि स्लेट पर ही पहली क्लास लगी थी और अब शिक्षा के शिखर पर पहुंचने पर भी स्लेट पर ही पाठशाला शुरू होनी है। न जाने महामारी क्या और रूप दिखा दे पर गुरुजनों को स्लेट पर पाठशाला काफी रास आ रही है।



## कौन आया कि.......

मुख्यमंत्री के दरबार में इन दिनों एक आईएएस अफसर अपने ही संवर्ग के अधिकारियों के बीच चर्चा का केन्द्र बने हुये हैं। चर्चा हो भी क्यों न। इस अधिकारी ने सीएम के दरबार में ताजा इन्ट्री जो मारी है। वह भी बिना किसी जुगाड़ के। सीएम के निर्देश पर इन्हें टीम 11 की बैठक में विशेष रूप से न केवल बुलाया जाता है बल्कि सीएम खुद इस अधिकारी के काम का उदाहरण देकर अन्य अफसरों को नसीहत देते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा बात-बात पर इस अधिकारी की तारीफ किया जाना दरबार में शामिल अन्य अधिकारियों के गले नहीं उतर रहा है। ये अधिकारी अब इस बात का पता लगाने की कोशिश में जुटे हैं कि आखिरकार गोट कहां से फिट हुई जो सीएम इस अधिकारी को अचानक इतना ज्यादा तव्वजो देने लगे। हालांकि अभी तक कारणों का तो पता नहीं चला है लेकिन इस अधिकारी को सीएम के दरबार में शामिल एक दूसरे अधिकारी का समर्थन जरूर मिल गया है। समर्थन देने वाले अधिकारी भी सीएम दरबार में शामिल अफसरों की आंखों की किरकिरी बने हुये हैं। इस अधिकारी का सपा और बसपा की सरकारों में जलवा हुआ करता था और योगी सरकार में काफी दिनों तक साइडलाइन रहने के बाद अपने काम के दम पर सीएम योगी के करीब पहुंचे हैं।




## कासे कहूं मन की बात

कहने को साहब सूबे के प्रशासनिक पदों के मुखिया हैं और अधिकारियों में होशियार भी हैं लेकिन हालत उनकी किसी से कहने वाली नहीं है। साहब अपने मन की व्यथा किसी से कह नहीं पाते हैं। अब तो सचिवालय में यहां तक कानाफूसी होने लगी है कि साहब तो सिर्फ सचिवालय के अनुभागों का निरीक्षण करें। बाकी तो सब लोकभवन के सी-ब्लाक के पंचम तल पर बैठने वाले साहब ही निपटाते हैं। हाल ही में एक बैठक में महाराज जी की सुननी पड़ी जिससे साहब और हताश हो गए हैं। जिले के अधिकारी उनकी सुनते नहीं हैं। सिर्फ बैठक ही करते हैं। अब तो यहां तक चर्चा होने लगी है कि जैसे सरकार ने चीफ का पद ही समाप्त कर दिया हो। अब साहब की स्थिति ऐसी हो गई है कि जैसे कोई सोचे की कासे कहूं मन की बात।



## असफल का सफल मंत्र

प्रांतीय सेवा से प्रोन्नत पाकर खाकी वाले महकमे में भारतीय सेवा का हिस्सा बने कप्तान साहब साइकिल वाली सरकार में लगातार चार्ज पर रहे और कई जिलों में सफलतापूर्वक कप्तानी की लेकिन जब से भगवा सरकार आई सफलता की गाड़ी पटरी से ऐसी उतरी कि अभी तक ट्रैक पर नहीं आ पाई है। काफी प्रयास और जोड़ तोड़ किया मगर लंबा समय गुजर जाने के बाद भी दाल नहीं गल सकी। नतीजा यह निकला कि अब पूरी तरह से ना उम्मीद हो चुके हैं। भगवा सरकार ने उन्हें भ्रष्टाचारी सरकारी कर्मचारियों की पकड़ धकड़ करने वाली शाखा में तैनात कर रखा है लेकिन उनका मन वहां नहीं लगता। इच्छा आज भी फील्ड में नौकरी करने की है। मगर मुसीबत यह है कि पुराने वाले मुखिया उन्हें जिले में तैनात करने का आश्वासन देते देते रिटायर हो गए और उनके स्थान पर जो नए वाले आए हैं वह ज्यादा घास डाल नहीं रहे। लिहाजा मन मसोसकर जहां हैं वहीं नौकरी करनी पड़ रही है। इन परिस्थितियों में अपना ध्यान बंटाने और हताशा को दूर करने के लिए कप्तान साहब ने एक दूसरा रास्ता निकाल लिया है। भगवा सरकार में खुद असफल रहे कप्तान साहब अब सोशल मीडिया पर बतौर मोटिवेशनल स्पीकर युवाओं को सफलता का मंत्र देने में जुट गए हैं।

# सभी योजनाएं समय पर गुणवत्ता के साथ पूरी करें

- जल जीवन मिशन तथा अटल भूजल योजना का सीएम के समक्ष प्रस्तुतीकरण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी योजनाएं समय से और मानक के अनुसार पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि जो पेयजल योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उनमें त्वरित गति से कनेक्शन देने की कार्यवाही भी की जाए, जिससे लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर जल जीवन मिशन हर घर जल तथा अटल भूजल योजना का प्रस्तुतीकरण देखने के बाद अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत बुन्देलखण्ड की सम्पूर्ण आबादी, विन्ध्य क्षेत्र की सम्पूर्ण आबादी, आर्सेनिक/फ्लोराइड तथा जेई/एईएस से प्रभावित आबादी, 8 आकांक्षात्मक जनपदों तथा शेष प्रदेश में वर्ष 2022 तक हर हाल में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने लक्षित क्षेत्रों में तेजी से कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक 15 दिन पर कार्य की प्रगति की अद्यतन स्थिति से उन्हें अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण और दुरूह क्षेत्रों में कठिनाइयों के साथ रहने वाले नागरिकों की समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है।

# एक्सप्रेसवे पर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए: अवस्थी

- बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपीडा** के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी ने शनिवार को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की समीक्षा की। अवस्थी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे एक्सप्रेसवे के मेन कैरिजवे और सर्विस रोड पर आने वाली सभी समस्याओं का निराकरण त्वरित गति से कराना सुनिश्चित करें। अवस्थी ने निर्माण कार्य करने वाली कम्पनियों को भी निर्देशित किया कि वह गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य तेजी से कराएं इसके अतिरिक्त स्ट्रक्चर्स के निर्माण कार्य को भी शीघ्रता से कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्य जैसे टयूबवेल, इलेक्ट्रिकल लाइन्स इत्यादि को हटाने के भी निर्देश दिए ताकि एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य शीघ्रता से बिना किसी परेशानी के पूर्ण कराया जा सके। एक्सप्रेसवे के मार्ग में पड़ने वाली नदियों केन, बेतवा व यमुना पर बनने वाले पुलों का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ किया जाए जिसका निरीक्षण वे स्वयं आकर करेंगे। अवस्थी ने एक्सप्रेसवे के मार्ग में पड़ने वाले सभी जनपदों के जिलाधिकारियों से बात कर उन्हें एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को त्वरित गति से कराने के निर्देश दिए। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे चित्रकूट में भरतकूप के पास से प्रारम्भ होकर बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया होते हुए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर राष्ट्रीय राजमार्ग इटावा-बेवर मार्ग से लगभग 16 किमी पूर्व कुदरैल गाँव के पास समाप्त होगा।

# मोदी के जन्मदिन पर भाजपा सेवा सप्ताह में हुआ शहर के हर वार्ड में पौधरोपण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** लखनऊ महानगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाते हुए एक बार पुन: चरितार्थ किया है कि पार्टी के कार्यकर्ता कोरोना की विषम परिस्थितियों में भी पार्टी की विचारधारा सेवा ही संगठन है को पूर्णता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सेवा सप्ताह के छठे दिन आज शहर के प्रत्येक वार्डो में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। प्रदेश सरकार में विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक तथा महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा द्वारा मध्य विधानसभा के वल्लभ भाई पटेल पार्क में पौधारोपण किया गया। कोरोना संक्रमण से संक्रमित हो चुके मंत्री ब्रजेश पाठक ने सबको सोशल डिस्टेंसिंग व फेस कवर के उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पूर्ण पालन करना चाहिए और सार्वजनिक स्थानों पर भूलकर भी फेस कवर को नहीं हटाना चाहिए और समय-समय पर सैनिटाइजर का उपयोग करते रहना चाहिए व साबुन से हाथों को धोते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के समय सभी कार्यकर्ता ऐसे सुरक्षित स्थानों का चयन करके ही वृक्षारोपण करें जहां वह सुरक्षित रह सकें व वृक्षारोपण के उपरांत भी लगाए गए वृक्ष की देखभाल करें जिससे कि वह पूर्ण रूप से विकसित हो सके।

# उद्योगों में आपदा प्रबंधन पर पीएचडी चैम्बर ने आयोजित किया वेबिनार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के डीजी फायर डॉ आर के विश्वकर्मा ने कहा कि सुरक्षा के बिना कोई भी कारोबार संभव नहीं। किसी भी कारोबार का यह पहला नियम है। विशेष रूप से औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा के प्रति शुरुआती अनदेखी बाद में बड़ी महँगी पड़ती है। उद्यमियों को इन सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश का अग्निशमन विभाग प्रतिबद्ध है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की आपदा प्रबंधन पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए डीजी फायर ने कहा कि उद्यमी जब भी चाहें फ़ायर डिपार्टमेंट से संपर्क कर इस संबंध में विधिवत प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कानपुर के नज़दीक उन्नाव में 90 एकड़ ज़मीन पर फायर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित किया है। आम नागरिकों व उद्यमियों के हित में इसके व्यापक सदुपयोग की कार्य योजना विभाग तैयार कर रहा है। पीएचडी चैम्बर इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पीएचडी चैंबर यूपी स्टेट चैप्टर के चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा की दुर्घटनाओं से बचने के लिए कार्य स्थल पर मौजूद श्रमिकों का सही प्रशिक्षण ज़रूरी है। साथ ही बिजली सुरक्षा, अग्निशमन सीसीटीवी कैमरे जैसे उपकरणों के माध्यम से भी हम इन दुर्घटनाओं को काफ़ी हद तक नियंत्रित कर सकते हैं। पूर्व डीजीपी जावीद अहमद ने कहा कि लागत यदि बढ़ती है तो भी सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल घटाना समझदारी नहीं होगी। सुरक्षा वास्तव में कुछ बड़े उपायों से नहीं बल्कि ढेर सारे छोटे-छोटे उपायों के माध्यम से हासिल की जा सकती है।

# किसानों को बर्बाद करने पर तुली है भाजपा सरकार: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियां किसान और नौजवान विरोधी है। भाजपा सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है। यह सरकार खेती को अमीरों के हाथों गिरवी करने के लिए शोषणकारी विधेयक लायी है। ये खेतों से किसानों का मालिकाना हक छीनने का षडयंत्र है। इससे एमएसपी सुनिश्चित करने वाली मंडियां धीरे.धीरे खत्म हो जाएंगी। भविष्य में किसानों की उपज का उचित दाम भी छिन जाएगा और वो अपनी ही जमीन पर मजदूर बन कर रह जाएगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया बिल किसान विरोधी है, यह किसानों के साथ बड़ी साजिश है। कृषि और किसान ही होता है जो कठिन समय में देश की अर्थव्यवस्था सम्हालता था। लेकिन अब खेती पर बड़े उद्योगपतियों की नजर है। जिससे किसान मजदूर बन कर रह जाएगा। किसानों की खेती बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जब से सत्ता में आयी है, उसने अपनी नीतियों और कार्यों से किसान को त्रस्त कर रखा है। अभी धान की फ़सल में यूरिया और अन्य उर्वरक डालने के लिए किसान मारा.मारा फिर रहा था। यूरिया खाद की जमकर कालाबाजारी हुई। किसान को मंहगे दामों पर यूरिया खरीदनी पड़ी। गन्ना किसानों की परेशानी जस की तस है। नया पेराई सत्र आने वाला है, लेकिन पिछले सत्र का 15 हजार करोड़ रूपया बकाया है। गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर सरकार चुप्पी साध लेती है।


केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम
A Government of India Undertaking
SyndicateBank
शाखा: गोमती नगर द्वितीय, लखनऊ

(अचल सम्पत्तियों का कब्जा नोटिस)

यद्यपि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण व पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-3 के साथ पठित धारा-13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित बकायेदार ऋणियों एवं गारन्टरों को नोटिस में वर्णित राशि, नोटिस प्राप्ति के 60 (साठ) दिनों के अन्दर अदा करने हेतु मांग नोटिस जारी की थी। ऋणियों एवं गारन्टरों के द्वारा इस राशि की अदायगी में विफल रहने पर एतद्द्वारा आम जनता को एवं ऋणियों एवं गारन्टरों को विशेष रूपसे सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित सम्पत्ति का उपरोक्त अधिनियम की धारा-13 (4) एवं नियमों के उपनियम-8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा आधिपत्य उनके सम्मुख अंकित तिथि को कर लिया गया है। उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त कराने में उपलब्ध समय के संबन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकर्षित किया जाता है। एतद्द्वारा ऋणियों/गारन्टरों को विशेषतः और जनसाधारण को सामान्यतः सूचित किया जाता है कि चूंकि निम्न सम्पत्ति का प्रतीकात्मक अधिग्रहण कर लिया गया है, अतः इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई भी सौदा/व्यवहार बैंक के अतिरिक्त अन्य किसी से न करें एवं ऐसा कोई भी सौदा/व्यवहार केनरा बैंक को देय राशि व तत्सम्बन्धित ब्याज हेतु जैसा कि नीचे खाते के सम्मुख उल्लेखित किया गया है, के अध्याधीन होगा।

| ऋणियों/गारन्टरों का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि | मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| चौधरी वकील अहमद पुत्र चौधरी बशीर अहमद एवं चौधरी बशीर अहमद पुत्र चौधरी हबीब अहमद एवं **गारण्टर:** आसिफ खान पुत्र खान मोहम्मद। | सम्पत्ति के सभी भाग एवं खण्ड फ्लैट नं0 180/113 तकिया आजम बेग, चिक मण्डी, वार्ड वजीरगंज लखनऊ। एरिया:145.21 वर्ग मी. (1562.50 वर्ग फीट) जिला लखनऊ। **चौहद्दी:**-पूरब: वाहिद खान की सम्पत्ति, पश्चिम: अन्य सम्पत्ति, उत्तर: लेन 18 फीट, दक्षिण: लेन एवं नाला। | 07.08.2019 / 18.09.2020 | रू0 16,45,593.39 + ब्याज 01.09.2020 से व अन्य खर्चे |

दिनांक: 20.09.2020 स्थान:- लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी



पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

मैं, आर्मी नं0 JC 542113-M सूबेदार सुन्दर सिंह पुत्र स्व0 हिम्मत सिंह, यूनिट 15, कुमाऊँ (इंदौर) मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी (श्रीमती उमा देवी) की जन्मतिथि 07.08.1978 त्रुटिवश दर्ज हो गयी है, जबकि उसकी वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1979 है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

### सूचना

मैं, आर्मी नं0 4202962-L रैन्क नायक हरक सिंह पुत्र श्री अमर सिंह, यूनिट 15, कुमाऊँ (इंदौर) मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम Ansul Singh त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि उसका वास्तविक नाम Anshul Singh है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

### सूचना

मैं, आर्मी नं0 JC 541223-L सूबेदार सुरींदर कुमार पुत्र श्री बिहारी सिंह, यूनिट 15, कुमाऊँ (इंदौर) मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र (कपिल) की जन्मतिथि त्रुटिवश 17.07.2000 दर्ज हो गयी है, जबकि उसका वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1999 है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।


# पिछड़ों की लड़ाई कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ेगी: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चाहे पिछड़े वर्ग के नौकरियों में आरक्षण का मामला होए उच्च शिक्षा में आरक्षण का मामला रहा होए उत्पीड़न का मामला रहा होए पिछड़े वर्ग के हितों के लिए सड़क से सदन तक कांग्रेस ने संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि सपा और भाजपा एक दूसरे से मिली हुई है। लल्लू शनिवार को उप्र कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रतिनिधियों की बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान पिछड़ा वर्ग विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक नरेश सैनी ने कहा कि पूरे प्रदेश में योगी की सरकार में पिछड़ों पर अत्याचार हो रहे हैं। उनके हक और अधिकार को छीनने का काम किया जा रहा है। ऐसे में पिछड़े वर्ग के लोगों को एकजुट होकर अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना होगा।

पिछड़ा वर्ग विभाग के एक अन्य कार्यकारी अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश से लेकर ब्लाक स्तर तक व गांव.गांव तक संगठन बनाना है। पिछड़े वर्ग के लोगों को संगठित करना है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा की सरकार आरक्षण पर ऐन.केन.प्रकारेण हमला कर उससे वंचित करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। हम सभी लोगों को एकजुट होकर इस हमले के खिलाफ सड़कों पर उतरकर अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना है।बैठक में 15 सूत्रीय प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पिछड़े वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में संसाधनोंए सरकारी नौकरियों व सभी सार्वजनिक उपक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करनाए वर्ष 2011 में कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में कराई गई जातिगत जनगणना के आंकड़ों को जातिवार सार्वजनिक करना और वर्ष 2021 की जनगणना में जातिगत जनगणना भी कराना तथा उसके आंकड़ों को सार्वजनिक करने की मांग है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बहुआ, फतेहपुर

पत्रांक : 810 /मनरेगा योजना/2020-21 दिनांक : 16.09.2020

### अल्पकालीन निविदा सूचना/2020-21

विकास खण्ड बहुआ फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 में मनरेगा योजना में 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण मनरेगा अंश की(धनराशि) व्यय करने की स्वीकृत जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फतेहपुर के पत्रांक सं0 565/मनरेगा/आंगनबाड़ी- प्रथम किश्त 2020-21 दिनांक 14.09.2020 के द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य में प्रयोगार्थ सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत टिन नं० धारक निर्माण आपूर्ति कर्ता, फर्मो ईंट विक्रेताओं/सप्लायर्स से (सीमेन्ट, महीन बालू, मोटी बालू ब्रिक बैलास्ट, 20एम0एम0 स्टोन ग्रिट, ब्रिक, एस०ओ०बी०, ईट प्रथमश्रेणी, एम०एस० बार, साइनबोर्ड एवं सिफ्टिंग लोकल मैटेरियल व अन्य) सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 17.09.2020 से 03.10.2020 को अपरान्ह 2 बजे तक सीलबन्द निविदा/टेण्डर आमंत्रित किये जायेगें जो अन्तिम दिनांक 03.10.2020 को अपरान्ह 3 बजे तक विकास खण्ड बहुआ में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.09.2020 से 03.10.2020 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मु0 590/- रू0 मात्र नकद जमाकर प्राप्त किये जा सकते है।

प्रस्तावित कार्य का विवरण निम्नवत है :-

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम स्थल विवरण | प्राक्कलन में सामग्री लागत लाख रू0 में | जमानत राशि | निविदा मूल्य+ 18% GST | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत छीट का पुरवा मजरे गौरी में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |
| 2 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत देवगांव में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |
| 3 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत धनसिंहपुर में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |
| 4 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत चुरियानी में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |
| 5 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत सेमरई में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |
| 6 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत थवई मजरे रामपुर बरवाट में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |
| 7 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत सिमौर में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |
| 8 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत बरीहा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |
| 9 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत गम्हरी में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |
| 10 | मनरेगा योजनान्तर्गत (आंगनबाडी) | ग्राम पंचायत सोनवर्षा में आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण | 7.64 | 15280 | 2% | 3 month |

नियम एवं शर्ते :-

1. निर्धारित मात्रा में मानकीय श्रेष्ठ गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर स्वीकार की जायेगी। 2 टेण्डरदाता कार्यस्थल का पूर्व में ही भली-भाँति परीक्षण कर ले बाद में कोई तथ्य मान्य नहीं होगा। 3. न्यूनतम दरों वाली फर्म के ही टेण्डर/निविदा स्वीकार की जायेगी, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा। 4. सामग्री आपूर्ति में उल्लिखित दरों से अतिरिक्त कोई व्यय भार देय न होगा। 5. स्वीकृत निविदादाता को निविदा के साथ 100/- के स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा। 6. कुल अनुमानित धनराशि का 08 प्रतिशत जमानत धनराशि एक वर्षीय सावधि जमा सम्बंधित फर्म के नाम जो खण्ड विकास अधिकारी बहुआ के पक्ष में बन्धक होगी, जमा किया जायेगा। 7. आपूर्ति आदेश के अधिकतम 15 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 8. अधोहस्ताक्षरी को बिना किसी कारण बताये भी टेण्डर को निरस्त करते हुए जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। 9. शासकीय नियमानुसार सभी करों आयकर एवं 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 आदि की कटौती बिलो से की जायेगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता आपूर्ति के समय निर्देशों के विचलन पर अधोहस्ताक्षरी को तत्काल निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
बहुआ-फतेहपुर


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## स्थलीय निरीक्षण में मिला सिर्फ बीस प्रतिशत कार्य

# संस्था को नोटिस, रोज दें रिपोर्ट

### मण्डलायुक्त ने स्मार्ट सिटी व अमृत योजना के कार्यों का किया निरीक्षण, नाराज मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्था को दिया लिक्विड डैमेज का नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्मार्ट** सिटी कार्य का मंडलायुक्त द्वारा निरीक्षण कर अमृत योजना के कार्यों का मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी एवं अमृत योजना के सीवरेज कार्य में बड़ी उदासीनता और लापरवाही निकल कर सामने आयी है। उप्र जल निगम द्वारा डाली जा रही 72 किमी सीवरेज लाइन का कार्य 30 जून तक पूरा होना था लेकिन अब तक मात्र 18 किमी कार्य ही हो पाया है, जो 20 प्रतिशत है। ऐसे में नाराज मंडलायुक्त ने नोटिस भेजकर प्रतिदिन केकार्य की रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष लखनऊ स्मार्ट सिटी रंजन कुमार ने शनिवार को स्मार्ट सिटी एवं अमृत योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त अजय द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, वित्त नियंत्रक जेपी सिंह सहित सभी स बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। स्मार्ट सिटी एवं अमृत योजना अन्तर्गत उप्र जल निगम द्वारा डाली जा रही 72 किमी सीवरेज लाइन का कार्य 30 जून 2020 तक पूरा होना था लेकिन अब तक केवल 18 किमी कार्य ही हो पाया है, जो 20 प्रतिशत है। जिस पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स बन्धित कार्यदायी संस्था को लिक्विड डैमेज का नोटिस देने के निर्देश दिए। साथ ही गैंग चार्ट बनाकर प्रतिदिन कार्य की प्रगति का प्लान प्रस्तुत करने को कहा। ड्रेनेज के कार्य के स बन्ध में संस्था द्वारा बताया गया कि कुछ स्थानों पर भौतिक रूपमें नाले नहीं मिल रहे हैं जिस पर मण्डलायुक्त ने इन नालों की भौतिक स्थिति जानने के लिए जीपीएस उपकरण के माध्यम से नालों का भौतिक परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डालीबाग के पास स्मार्ट रोड का भी निरीक्षण किया गया। जल निगम द्वारा लगभग 48 किमी सीवरेज लाइन के सापेक्ष लगभग 19 हजार घरों के सीवर जोड़ने थे लेकिन अब तक मात्र 250 घरों को ही सीवर लाइन से जोड़ा गया है। इसके लिए अलग से टीम लगाकर एक्टिव लाइन पर जितने घर आ रहे हैं उनके सीवरेज संयोजन शीघ्र कराने के जल निगम को निर्देश दिए।

## डीएम अचानक पहुंचे सिल्वर जुबली स्वास्थ्य केंद्र

# देखीं व्यवस्थाएं, इलाज पर भी पैनी नजर

### निगेटिव और पॉजिटिव दोनों की फीडिंग करते हुए एक घंटे में ट्रेसिंग व टेस्टिंग की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिलाधिकारी** द्वारा नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज व सिल्वर जुबली का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आरआरटी और सर्विलांस टीमों के कार्यों की समीक्षा की गई। सभी टीमें निगेटिव और पाज़िटिव दोनों की फीडिंग करते हुए एक घंटे में ट्रेसिंग व टेस्टिंग की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने होम आइसोलेशन रोगियों को तत्काल दवाइयों के किट पहुचने के निर्देश दिए।

रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य अलीगंज व सिल्वर जुबली का औचक निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केंद्र पहुँच कर जिलाधिकारी द्वारा आरआरटी टीम और कोविड 19 को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान विशेषकर सर्विलांस, डोर टू डोर सर्वे , कांटैक्ट ट्रेसिंग, टेस्टिंग, होम आईसोलेशन के सत्यापन की जानकारी हासिल की। साथ ही आरआरटी टीमों के कार्यों का भी सत्यापन किया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिन क्षेत्रों में टेस्टिंग की जा रही है, वहां टीमों द्वारा डीएसओ पोर्टल पर उसी समय निगेटिव और पाजिटिव दोनों तरह के रोगियों का डेटा फीड करना होगा। जिलाधिकारी द्वारा अलीगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच कर पूरे केंद्र का भ्रमण किया। साथ ही सामुदायिक केंद्र पर बनाए गए टेस्टिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए लोगों की कोविड टेस्ट होता पाया गया। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा सीएचसी के नोडल और एमओआईसी के साथ आरआरटी के कार्यों की समीक्षा भी की। इसके बाद जिलाधिकारी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्वर जुबली पहुचे और वहां की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। यहां भी जिलाधिकारी द्वारा सीएचसी के नोडल औरएमओआईसी के साथ आरआरटी के कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी साथ ही निर्देश दिया कि जो आरआरटी टीमें घर घर जा कर सर्वे कर रही है और होम आईसोलेशन वाले रोगियों का वेरिफिकेशन कर रही है उसका डेटा, वेरिफिकेशन स्टेटस आदि आरआरटी लॉगिन पर फीड करें, ताकि उसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी की जा सके। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सघन सर्विलांस अभियान चलाया जाए और विशेष कर आईएलआई, एसएआरआई और कोमॉर्बिट लोगों के टेस्ट अवश्य करा लिए जाए। आवश्यकता होती है तो तुरंत उनके चिकित्सकीय उपचार की व्यवस्था कराई जाए, ताकि कोविड 19 से लोगों के जीवन की रक्षा की जा सके।

## अमौसी व सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र नगर निगम को होगा हैंडओवर

### डीएम की पहल पर 24 घंटे के अंदर समस्या का समाधान, जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अमौसी** और सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्रों को नगर निगम को हैंडओवर करने का प्रकरण लगभग 4 साल से लंबित था। जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में जब यह प्रकरण जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के संज्ञान में आया तो उन्होंने तत्काल कार्यवाही करते हुए हैंडओवर प्रकरण को 24 घण्टे के अंदर निस्तारित करा दिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी ने एक अक्टूबर तक पूरी करने के निर्देश दिए। शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में अमौसी और सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र को नगर निगम को हैंड ओवर किए जाने के प्रकरण का तेजी से समाधान किया गया। इस दौरान संबंधित विभागों यूपीसीडा, नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों के साथ विशेष बैठक का आयोजन शिविर कार्यालय में किया गया। जिलाधिकारी ने उद्यमियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने वाले कार्यों के लिए नगर निगम द्वारा 21 से विशेष अभियान चलाकर बकाया टैक्स की वसूली की जाए। उद्यमियों की मांग पर जिलाधिकारी ने उक्त क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या के निस्तारण के लिए यूपीसीडा, नगर निगम तथा तहसील के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम बनाते हुए फोर्स के साथ 25 से 30 सित बर तक विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

# 1.52 करोड़ बकाये पर कंस्ट्रक्शन कंपनी का आफिस किया गया सील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### बिल्डर ने फ्लैट की बुकिंग लेकर आवंटियों को नहीं दिया था कब्जा, रेरा कोर्ट ने बिल्डर के विरूद्ध जारी की थी आरसी

**लैट** और प्लॉट की बुकिंग के नाम पर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले बिल्डरों पर रेरा सख्त कार्रवाई कर रहा है। 3 आवंटियों से लैट की बुकिंग के नाम पर 1.52 करोड़ रुपये लेकर भी सालों कब्जा न देने पर रेरा कोर्ट ने बिल्डर याजदान कंस्ट्रक्शन प्रालि. के विरूद्ध लगभग एक साल पहले आरसी जारी की थी। ऐसे में जिला प्रशासन की टीम ने बिल्डर के प्राग नरायन रोड स्थित कार्यालय को सील कर दिया। शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा प्राग नारायण रोड पर रेरा के आदेश पर बिल्डिंग को सील कर दिया गया। तहसीलदार शंभू शरण ने बताया कि याजदान कंस्ट्रक्शन ने महानगर में लैट की बुकिंग के नाम पर शालीमार गैलेंट विज्ञान पुरी निवासी सुनीत कुमार निगम सहित दो अन्य आवंटियों से 1.52 करोड़ रुपये लिये थे। इसमें अकेले 1.02 करोड़ रुपये सुनीत निगम के थे। बाकी धनराशि दो अन्य आवंटियों की थी। कई साल बाद भी बिल्डर द्वारा लैट का कब्जा न देने पर आवंटियों ने रेरा कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिसके बाद भी दबंग बिल्डर ने आवंटियों की धनराशि नहीं लौटायी। जिस पर रेरा कोर्ट ने बिल्डर याजदान कंस्ट्रक्शन प्रालि. के मालिक फहद याजदानी निवासी ओल्ड भूपाल हाउस लालबाग को कई बार नोटिस जारी करने के बाद लगभग एक साल पहले आरसी जारी की थी। लेकिन उदासीनता बरतनें पर उप जिलाधिकारी सदर के निर्देश पर शनिवार को नायब तहसीलदार धर्मेन्द्र सिंह की उपस्थिति में राजस्व टीम ने बिल्डर के प्राग नरायन रोड स्थित कार्यालय को सील कर दिया। मौके पर संग्रह अमीन समर बहादुर सिंह, अविनाश चंद तिवारी, मो. अजीम, नावेद रसूल उस्मानी, प्रदीप मिश्रा सहित अन्य 10 अमीन उपस्थित रहे।

# अब पंद्रह साल पुराने वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद करने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**15** साल पूरे हो चुके दो व चार पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द करने की तैयारी है। पहले इन गाड़ियों को छह माह के लिए अस्थाई पंजीयन रद्द होगा। इस बीच गाड़ी मालिक पुनरू रजिस्ट्रेशन कराते है तो पांच साल के लिए गाड़ी का रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। वरना छह माह बीतने के बाद स्थाई तौर पर रजिस्ट्रेशन रद्द होगा। इससे गाड़ी कबाड़ घोषित कर दी जाएगी। ऐसे वाहनों का सड़क पर चलना प्रतिबंधित हो जाएगा।बार.बार नोटिस देने के बावजूद उम्र पूरी कर चुकी गाड़ियों को पुनरू रजिस्ट्रेशन कराने गाड़ी मालिक नहीं आ रहे है। लखनऊ में ऐसे वाहनों की संख्या पांच लाख से ज्यादा है। इनमें 50 फीसदी वाहन बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे है। ये वाहन शहर भर में प्रदूषण भी फैला रहे है। ऐसे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी है। पहले चरण में पूर्व में दिए गए नोटिस के आधार पर 1500 वाहनों का रजिस्ट्रेशन अस्थाई तौर पर रद्द किया गया है।

**बिना रजिस्ट्रेशन पकड़े जाने पर 10 हजार जुर्माना:**एआरटीओ प्रशासन अंकिता शुक्ला का कहना है कि 15 वर्ष पूरे कर चुके वाहनों के पुनरू रजिस्ट्रेशन कराना गाड़ी मालिक के हित में है। बावजूद लापरवाही में पुनरू रजिस्ट्रेशन कराने नहीं आ रहे है। वर्ष 2004 के पहले खरीद गए ऐसे वाहनों की सूची तैयार की जा रही है। जिनका रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाएगा।

# साथी ने लाइसेंसी रिवाल्वर से मारी गोली, मौत

### पुलिस ने दर्ज किया नामजद मुकदमा, आरोपी की तलाश में गठित टीमें देर रात तक नही हो सकी गिरफ्तारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मृतक की फाइल फोटो

**हसनगंज** इलाके में शनिवार रात नशेबाजी के दौरान हुए विवाद में मेडिकल संचालक ने साथी आशुतोष द्विवेदी (36) को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में खून से लथपथ युवक को ट्रामा सेन्टर ले गयी लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी को दबोचने के लिए सम्भावित स्थानों पर छापेमारी कर रही थी। खदरा में आशुतोष द्विवेदी परिवारीजनों संग रहता था। वो पहले वोडाफोन कम्पनी में काम करता था लेकिन लॉकडाउन के चलते मौजूदा समय बेरोजगार था। शनिवार शाम वो साथी जय सिंह उर्फ राका की दीनदयाल नगर स्थित काव्या मेडिकल स्टोर में अन्य दोस्तों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। तभी किसी बात को लेकर उसका जय सिंह से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर जय सिंह ने लाइसेंसी असलहा निकाल लिया और आशुतोष की कनपटी से सटाकर फायर झोंक दिया। गोली लगने से घायल आशुतोष फर्श पर गिरकर तड़पने लगा। हड़कम्प मचने पर आरोपी व दुकान में रहे अन्य साथी वहां से फरार हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां मौजूद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में जीपीओ से रिटायर्ड पिता रमेश, मां ऊषा, बहन पूजा, पत्नी सोनी व बेटा श्लोक हैं।

# शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लम्बे** अर्से से विवाद में फंसी 69000 शिक्षकों की भर्ती के मामले में योगी सरकार अपने कदम आगे बढाने जा रही है। सरकार 31661 पदों पर एक हफ्ते में भर्ती प्रक्रिया पूरी करेगी। प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, इसमें भी सुप्रीम कोर्ट ने 31661 पदों पर भर्ती की छूट दी है। योगी आदित्यनाथ सरकार अब उन्हीं 31,661 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को एक सप्ताह में पूरी करेगी। इसके बाद के बचे पदों पर भर्ती सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद ही होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में 31,661 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया को एक सप्ताह में पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी सहित रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग ने सहायक अध्यापकों के 69,000 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 6 जनवरी, 2019 को टीटीई की परीक्षा कराई गई थी। 7 जनवरी, 2019 को निर्गत शासनादेश से टीटीई परीक्षा में उत्तीर्ण के लिए सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 65 प्रतिशत तथा पिछड़ा वर्ग एवं अन्य आरक्षित वर्गों के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक निर्धारित किया गया था।

# मोहनलालगंज में 29 की रिपोर्ट पॉजिटिव

**मोहनलालगंज।** सोशल डिस्टेन्सिंग मास्क और हैण्डवाश की सावधानी अमल में लाने में की जा रही लापरवाही से आहिस्ता.आहिस्ता कोरोना संक्रमण ने मोहनलालगंज के गांवों में दस्तक दे दी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक शनिवार को मोहनलालगंज के नौ गांव समेत थाना परिसर और स्टेट बैंक से 29 लोगों की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। जिनमें फुलवरिया 3 ,बाजपेईखेड़ा 1 ,भसण्डा 3 ,मोहिद्दीनपुर 1 ,बदनखेड़ा 1 ,मऊ 3 ,मुरलीनगर 3 ,शंकरबक्सखेड़ा 3 और सिसेण्डी का 1 शामिल है। इसके अतिरिक्त थाना परिसर में 5 , डीएलएफगार्डेन सिटी में 4 तथा स्टेट बैंक का भी 1 बताया जा रहा है। इससे पूर्व शुक्रवार को भी 7 लोगों की रिपोर्ट पाजिटिव आई थी। इतनी तादात में कोरोना संक्रमित पाए जाने के बावजूद भी पुलिस और प्रशासन को गांवों में कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराने की जरुरत महसूस नहीं हो रही है। सीएचसी अधीक्षिका डॉ0 ज्योति कामले ने बताया शनिवार को काफी लोग संक्रमित पाए गए हैं। जिन्हें आईसोलेट कराने के साथ दवाओं की किट वितरित करा दी गई है।

# यूपीएसईई 2020 आज 206 केंद्रों पर होगी परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंजीनियरिंग** और मैनेजमेंट कालेजो में दाखिले को लेकर रविवार को होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2020 को लेकर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर कुल 206 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं।यूपीएसईई.2020 के समन्वयक प्रो विनीत कंसल ने बताया कि इसमें 187 परीक्षा केंद्र प्रदेश में एवं 19 परीक्षा केंद्र प्रदेश के बाहर बनाये गये हैं। प्रदेश के बाहर दिल्लीए चंडीगढ़, देहरादून, पटना, मुम्बई, भोपाल, जयपुर, रांची, रुड़की, कलकत्ता में परीक्षा केंद्र बनाये गये। उन्होंने बताया कि समस्त परीक्षा केन्द्रों पर विधिवत सेनेटाइजेशन एवं सोशल डिस्टेंसिंग की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा तीन पालियों में सम्पन्न करवाई जाएगी। परीक्षा की प्रथम पाली प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले रिपोर्ट करना होगा।उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्र पर थर्मल स्कैनिंग की जाएगी। थर्मल स्कैनिंग में जिन अभ्यर्थियों का शारीरिक ताप 99ण्4 से अधिक होगा। ऐसे सभी अभ्यर्थियों की 15 मिनट बाद पुन: थर्मल स्कैनिंग की जाएगी यदि पुन: शारीरिक ताप 99.4 से अधिक होगा तो अभ्यर्थी को आइसोलेशन रूम में परीक्षा देनी होगी। इसके लिए समस्त परीक्षा केन्द्रों पर आईसोलेशन रूम बनाये गये हैं।

**परीक्षा केन्द्रों पर व्हाट्सएप चैटबाट से वाररूम से होगा समन्वयन :**सभी परीक्षा केन्द्रों पर चैट बाट के माध्यम निगरानी एवं समन्वयन किया जायेगा। सभी 206 परीक्षा केन्दों की सूचना भी चैट बोट पर नोडल अधिकारीयों को उपलब्ध होगी। सभी नोडल ऑफिसर परीक्षा केन्द्रों की सूचना बाट के माध्यम से वाररूम को देंगे। साथ ही नोडल ऑफिसर को परीक्षा केंद्र की सभी सूचनाएं बाट के माध्यम से उपलब्ध हो रही हैं।

## कोरोना काल ने बढ़ाया दाखिले के इच्छुक छात्रों का सिरदर्द

# पांच कोर्स में 100 से ऊपर चली गई मेरिट

### लखनऊ यूनिवर्सिटी ने यूजी कोर्सेस की प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** काल ने इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक छात्रों का सिरदर्द बढा दिया है। शनिवार को विवि की तरफ से जारी प्रोविजनल मेरिट सूची ने अभी तक के सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। स्नातक स्तर पर पांच ऐसे कोर्स शामिल हैं, जिनमे मेरिट 100 से ऊपर गई है। फिलहाल, जारी प्रोविजनल मेरिट सूची को लेकर विवि की तरफ से छात्रों से 21 सितम्बर तक आपत्ति मांगी गई है। जारी प्रोविजनल मेरिट सूची की सबसे खासबात यह है बी, जैसे कोर्सेस की मेरिट भी सौ के ऊपर गई है।वहीं सबसे हाई मेरिट एलएलबी फाइव इयर प्रोग्राम की गई है, इस कोर्स में एडमिशन के लिए सबसे हाई मेरिट गई है। एलएलबी फाइव इयर में इस बार 106ण040 कट ऑफ गई हैं। एलयू प्रशासन ने सत्र 2020.21 में एडमिशन के लिए जारी मेरिट सूची पहली बार यूनिवर्सिटी दाखिले के लिए केंद्रीय कृत प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। विवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार शनिवार को केवल यूजी कोर्सेस की मेरिट सूची जारी की गई है। इस प्रोविजनल सूची को लेकर अगर किसी स्टूडेंट्स को किसी प्रकार का संशय है एतो वह ईमेल के माध्यम से सोमवार 21 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक प्रमाण सहित अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। उन्होंने कहा कि बीए, बीए ऑनर्स बीकॉम बीकॉम ऑनर्स, बीएससी बायोलॉजी, बीएससी मैथ्स एलएलबी 5 ईयर पाठ्यक्रम में 100 फ़ीसदी से अधिक मेरिट गई है। प्रवक्ता ने मेरिट का हवाला देते हुए दावा किया की



इससे प्रमाणित होता है कि इस बार यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए मेधावी स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि वीसी प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इस वर्ष केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत लखनऊ यूनिवर्सिटी के साथ 68 संबद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में एडमिशन होंगे। उन्होंने बताया काउंसिलिंग के अगले चरण में स्टूडेंट्स ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से यूनिवर्सिटी या डिग्री कॉलेज का चुनाव करेंगे उसके बाद मेरिट के आधार पर यूनिवर्सिटी व डिग्री कॉलेजों में आवंटन अलग.अलग पाठ्यक्रमों में किया जाएगा। काउंसिलिंग की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

**बीकॉम में 650 से अधिक स्टूडेंट्स 90 परसेंट से अधिक वाले**

एलयू की ओर से जारी प्रोविजनल कोर्सेस की मेरिट के अनुसार इस बार विभिन्न बोर्ड के टॉपर्स स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए आवेदन किया हैं।सिर्फ बीए व बीए ऑनर्स कोर्स की बात की जाएं तो इस कोर्स में ही केवल पांच सौ के करीब ऐसे स्टूडेंट्स मेरिट में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं, जिनका 12वीं में 90 परसेंट से अधिक नंबर हैं। एलएलबी फाइव इयर में में करीब 182 स्टूडेंट्स के नंबर 90 परसेंट से ऊपर हैं। वहीं बीएससी बायो ग्रुप में 300 स्टूडेंट्स के नंबर 90 परसेंट से अधिक हैं। वहीं बीकॉम व बीकॉम ऑनर्स की बात करें तो 667 स्टूडेंट्स के नंबर 90 परसेंट से ऊपर हैं। इसी तरह बीएससी में 557 स्टूडेंट्स के नंबर 90 परसेंट से ऊपर हैं।

# संक्रमण पर नियंत्रण व उपचार को प्रभावी बनाएं: योगी

● लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, झांसी, अयोध्या, मेरठ तथा गोरखपुर की विशेष मानीटरिंग के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड–19 के संक्रमण के नियंत्रण एवं उपचार की व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मृत्यु की दर कम और रिकवरी दर अच्छी है। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में आक्सीजन की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के साथ.साथ बैकअप की व्यवस्था भी रहनी चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आक्सीजन निर्धारित मूल्य पर ही उपलब्ध हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, झांसी, अयोध्या, मेरठ तथा गोरखपुर की विशेष मानिटरिंग करते हुए इन जिलों में उपचार व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य से कानपुर नगर की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अब कानपुर नगर में शत–प्रतिशत कान्टैक्ट ट्रेसिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई–संजीवनी एप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही ओपीडी सुविधा काफी उपयोगी सिद्ध हो रही है। ज्यादा से ज्यादा लोग इस सेवा से लाभान्वित हो सके, इसके दृष्टिगत ई.संजीवनी एप का व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड–19 से बचाव के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान जारी रखा जाए। इसके लिए प्रचार के विभिन्न साधनों के साथ.साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का भी व्यापक स्तर पर उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने मेडिकल टेस्टिंग, डोर–टू–डोर सर्वे तथा कान्टैक्ट ट्रेसिंग के कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त.दुरुस्त बनाया रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ नियमित राउण्ड लें। पैरामेडिक्स द्वारा मरीजों की गहन मॉनिटरिंग की जाए। एम्बुलेंस सेवाओं को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## देवीपाटन मंडल को मिलेगी पिछड़ेपन से आजादी

● मुख्यमंत्री ने की देवीपाटन मंडल बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती और बहराइच की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर जैसे जिलों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। बौद्ध सर्किट का अहम हिस्सा होने के कारण इसका आध्यात्मिक महत्व भी है। इन जनपदों में अच्छा कार्य हो रहा है। आवश्यक है कि इन क्षेत्रों पर फोकस करते हुए समन्वित विकास की कार्ययोजना बनाई जाए। इन जनपदों के पिछड़ेपन का दंश मिटाने के लिए सरकार हर आवश्यक प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने आवास पर देवीपाटन मंडल और उसमें शामिल जिलों बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती और बहराइच की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग को शेष बकाया राशि के भुगतान के लिए हर संभव कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों को रोजी–रोजगार मिले, इसके लिए नियमित जिला स्तरीय बैंकर्स कमेटी के साथ बैठक करें। मंडल में वनटांगिया और थारू जनजाति बहुतायत है। इन्हें शासन की सभी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। इनके गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा दिया जाए। पूर्वांचल के इस क्षेत्र की भूमि बेहद उर्वर है। भरपूर पानी और मानव संसाधन भी मौजूद हैं। इसके नाते इस क्षेत्र में खेतीबाड़ी के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए परियोजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। स्वदेश.दर्शन योजना के अन्तर्गत बौद्ध सर्किट के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने इसे पर्यटन विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूर्ण होने पर प्रदेश की पर्यटन सुविधाओं को और समृद्ध बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जो ग्राम सचिवालय बनने हैंए उनके प्रस्ताव शीघ्र भेजें।

## अनुजा को पीएचडी मिली

**लखनऊ।** लखनऊ की अनुजा भार्गव को जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा से पीएच.डी. उपाधि मिली है। उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में 'क्वालिटी इवेल्यूशन ऑफ फ्रूट्स यूजिंग इमेज प्रोसेसिंग' पर अध्ययन करने के लिए यह उपाधि प्रदान की गयी। उन्होंने अपना कार्य प्रोफेसर अतुल बंसल के मार्गदर्शन में पूरा किया। उनका शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल– 'फूड एनालिटिकल मैथड्स' तथा 'मल्टीमीडिया टूल्स एंड एप्लीकेशंस' में प्रकाशित भी हो चुका है। अनुजा ने बताया कि उनका अनुसंधान कार्य लैपटॉप या फिर सामान्य डेस्क टॉप कम्प्यूटर पर एक कैमरा लगाकर फल की गुणवत्ता जांचने में सहायक होगा।


निविदा सूचना
वि.ख.बेहटा, जनपद-सीतापुर के संविलियन उ.प्रा.वि.सुल्तानापुर में

अध्ययनरत 192 छात्र/छात्राओं को यूनिफार्म आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर टेण्डर डाल सकती है।
अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति



उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, अति अल्प–कालीन निविदा सूचना सं0–29/अनु0ई0/श0भ0वि0/2020–21 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा विशिष्टि सं0–36/अनु0ई0/श0भ0वि0/2020–21 के द्वारा **शक्ति भवन विस्तार में स्थापित डाटा सेन्टर के यू०पी०एस० हेतु बेसमेंन्ट में स्थापित बैटरी रूम में लगे प्रेसिजन ए0सी0 की मरम्मत के कार्य** हेतु निविदा दिनांक **29.09.2020 को 15.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 16.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरोहर धनराशि सम्बन्धी विवरण कारपोरेशन की वेबसाइट www.uppcl.org से प्राप्त किये जा सकते है। **अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण इकाई, कक्ष सं0 104, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग लखनऊ** पत्रांक–1507 दिनांक – 19.09.2020, **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें", हेल्पलाइन नं0 1800 1802752**



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–चतुर्थ, सिस गोमती– लेसा, मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0, 82/83 इन्द्रलोक हाईडिल कालोनी, कृष्णानगर, लखनऊ (ई–निविदा आमंत्रण सूचना) विद्युत वितरण मण्डल–चतुर्थ, लेसा–सिस गोमती, लखनऊ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत में निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले सभी प्रपत्रों का विवरण एवं धरो. हर धनराशि, निविदा प्रपत्र मूल्य का विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करें जो कि उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर 05.10.2020 को 12:00 बजे तक डाउन लोड किये जा सकते है, जिसका प्रथम भाग उसी दिन को 16:00 बजे अथवा बाद में खोला जायेगा। यदि निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो निविदायें अगले कार्यदिवस में नियत समय पर खोली जाएगी। निविदा में यदि कोई भी संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार एवं निविदा द्वितीय भाग खोले जाने की सूचना उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा का विवरण निम्नवत् है :– **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0 35/2020–21** 1. वि०वि०मं०–चतुर्थ के तहत एक वर्ष के लिए विभिन्न मेक के स्थापित प्रिंटरों की मरम्मत एवं रिफलिंग के कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 2,000.00। **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0 36/2020–21** 2. वि०वि०ख०, सेस–प्रथम के तहत एक वर्ष के लिए विभिन्न मेक के स्थापित प्रिंटरों की मरम्मत एवं रिफलिंग के कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 2,000.00। **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0 37/2020–21** 3. वि०प०ख०–नवम् के तहत 700 अदद सीलिंग प्रमाण पत्र बुक की छपाई एवं आपूर्ति हेतु। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 2,000.00। **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0 38/2020–21** वि०वि०ख०, सेस–द्वितीय के तहत विभिन्न प्रकार के स्टेशनरी की आपूर्ति का कार्य। निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रू0 2,000.00। **अधीक्षण अभियन्ता (चतुर्थ)** पत्रांक संख्या : 7017/वि0वि0मं0(च0)/कैम्प/निविदा दिनांक : 19.09.2020 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"


## डिवाइडर से बाइक टकराई, युवक घायल

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह दुघरा गांव के पास किसान पथ हाइवे पर एक बाइक डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतना भीषण था, कि युवक हवा में उछलकर दूर डिवाइडर पर जा गिरा। उसका सिर डिवाइडर से टकराया और दो टुकड़े हो गए। पीछे से जब घायल युवक का जानकार मौके पर पहुंचा तो उसने अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी इलाज चल रही है। कोतवाली पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घायल युवक रमाकांत गांव गंगागंज गांव का रहने वाला हैं। वह बाइक से अपने साथी के साथ किसान पथ हाईवे से अपने घर जा रहा था। अचानक बाइक से डिवाइडर जा टकराई। जिससे पीछे बैठे साथी को गंभीर चोटें आई है। फ्लिहाल घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और युवक की तहरीर पर डिवाइडर चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## देश की 130 करोड़ जनता ही नरेंद्र मोदी का परिवार है: स्वतंत्र देव सिंह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व को जनसामान्य के बीच साझा करते हुए बीजेपी वक्ताओं के साथ व्याख्यान माला की कड़ी में दूसरे दिन अवध व कानपुर क्षेत्र के लोगों से डिजिटल माध्यम से जुड़ी। व्याख्यान माला के दूसरे दिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी बाल्यकाल से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अपनी बेहतहरीन संगठनात्मक क्षमता से कई वर्षों तक संघ व भाजपा के विस्तार के लिए काम किया। वहीं गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी नई यात्रा प्रारम्भ हुई जिसने गुजरात के विकास की गाथा लिखी।

उन्होंने कहा कि मोदी जी सदैव आत्मवत सर्वंभुतेषु के भाव के साथ पीड़ितों, वंचितों, शोषितों की खुशहाली के लिए काम कर रहे है। मोदी जी के नेतृत्व में सरकार गरीबों के पास पहुंच रही है जबकि पिछली सरकारों में गरीब सरकारों के पीछे दौड़ते थे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करके शासन व प्रशासन की जबाबदेही तय की है। देश के लिए गर्व की बात है कि नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला जिसका अपना कोई परिवार नही है बल्कि देश की 130 करोड़ जनता ही उनका परिवार है। वंशवाद व जातिवाद की राजनीतिक विषवेल सूखने से विपक्ष बौखलाया हुआ है।

## कर्मचारियों की मांगों पर कोई सुध नहीं ले रहा रोडवेज निगम

**लखनऊ।** रोडवेज के संविदा व नियमित कर्मचारियों की मांगों को लेकर निगम प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कई बार पत्र के जरिए अवगत कराने के बावजूद यात्री और निगम हित में कोई निर्णय नहीं लिए जा रहे है। इससे कर्मचारी निगम प्रशासन के खिलाफ गुस्से में हैं। उक्त बातें शनिवार को चारबाग बस अड्डे पर बुलाई गई सेंट्रल रीजनल वर्कशाप कर्मचारी संघ की बैठक में कहीं गई बैठक को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री जसवंत सिंह ने कहा कि एक दो नहीं कई समस्या हैं। इन समस्याओं के बारे में एमडी, प्रमुख सचिव व परिवहन मंत्री सभी को मालूम है। बावजूद निगम हित और यात्री हित में फैसला लेने से अधिकारी दूर भाग रहे है। निगम प्रशासन का यही रवैया रहा तो कर्मचारी संघ आने वाले दिनों में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। बताते चलें कि कर्मियों की मांग है कि वर्ष 2001 तक के संविदा कर्मियों की नियमित भर्ती का आदेश जारी किया जाए।

## दो बारहसिंगों में आपसी भिड़ंत के बाद दोनों की मौत

संवाददाता। निगोहां(लखनऊ)



**अघाईया** गांव के किनारे दो बारहसिंगा आपस में भिड़ गए, इस दौरान खेत में मौजूद किसानों ने इन बारहसिंगो को लड़ते देख छुड़ाने का प्रयास भी किया लेकिन नाकाम रहे। अन्तत: लड़ाई में दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों दोनों के शवो को लेकर निगोहां पशु चिकित्सालय पहुंचे जहां उनका पोस्टमार्टम किया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों बारहसिंगा की मौत के चश्मदीद अघाईया गांव के किसान सत्यम ,सदाशिव, मनीराम, मुन्ना द्विवेदी, ओमजी शर्मा,ओमप्रकाश, गौरीशंकर, पल्टूराम, चंद्रशेखर ने बताया कि शनिवार की सुबह गांव के बाहर जंगल के किनारे दो बारहसिंगा आपस में लड़ रहे थे यह देख कर उन लोगों ने लड़ते हुए बारहसिंगो को छुड़ाने का प्रयास भी किया लेकिन दोनों की भिड़ंत बन्द नही हुयी और लड़ते.लड़ते धान के खेत में जा घुसे जिसके कुछ देर बाद दोनों बारहसिंगा की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर वनरक्षक राकेश सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे जिसके बाद दोनों के शव लेकर पशु चिकित्सालय निगोहां पहुंचे, जहां दोनों के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों के आपस मे लड़ने से दोनों बारहसिंगा के सिर में चोट लगने से इन्टरनल ब्लीडिंग हुई है जिससे दोनों की मौत हुई है।

## प्रियंका ने सीएम योगी को लिखा पत्र,12460 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति की मांग



**लखनऊ।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शिक्षक भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा हैण् उन्होंने कहा है कि 12460 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी हताश और बेरोजगार हैं। उन्हें कोर्ट कचहरी का चक्कर न लगवाकर 24 शून्य जनपद के अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति की जाए। पत्र में प्रियंका ने कहा है कि उत्तर प्रदेश का युवा बहुत परेशान और हताश है। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने 12,460 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों से वीडियो कॉफ्रेंसिंग पर बातचीत की थी। इस शिक्षक भर्ती में 24 जिले शून्य जनपद घोषित थे। यानि कि इन 24 जिलों में कोई जगह नहीं खाली थी। मगर, अन्य जिलों की भर्तियों के लिए इन बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। काउंसलिंग में हिस्सा लिया, इनको विद्यालय आवंटित हुए, नियुक्ति पत्र भी छपा। लेकिन, मिला नहीं।

## उपचुनाव व 2022 के आम विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं कार्यकर्ता: नरेश उत्तम



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शनिवार को उन्नाव और देवरिया जिले के जिलाध्यक्षों, विधानसभा अध्यक्षों और पार्टी पदाधिकारियों से वर्चुवल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वार्ता की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश कार्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्नाव की बांगरमऊ विधानसभा और देवरिया जिले की देवरिया सदर विधान सभा क्षेत्र के सम्भावित उपचुनाव को लेकर जिले के पदाधिकारियों के साथ इस विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर प्रभारियों से बात कर बूथों की जानकारी ली। बूथ स्तर पर पदाधिकारियों की बैठक करने के निर्देश दिए।

## दबंग ने धारदार हथियारों से हमला कर युवक को किया लहूलुहान

● अवैध शराब बेचने की शिकायत पुलिस से करना युवक को पड़ा महंगा

संवाददाता। निगोहां



**निगोहां** गांव के एक युवक को अवैध कच्ची शराब बेचने की शिकायत पुलिस से करना महंगा पड़ा शिकायतकर्ता को गांव के ही एक दबंग परिवार ने लाठी डंडे और धारदार हथियार से हमलाकर उसे लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत निगोहां पुलिस से की जहां पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी भेजा वही पीड़ित के द्वारा दी गयी तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। घटनाक्रम के अनुसार निगोहा गांव के रहने वाले मजदूर शेरा ने बताया कि शनिवार शाम लगभग 5 बजे वह अपने मोहल्ले में जगजीवन के साथ बैठा हुआ था इसी दौरान गांव के रहने वाला दबंग राकेश रावत उनके पास आया और कहने लगा तुम बहुत पुलिस को मेरे शराब बेचने की शिकायत करते हो, शिकायत करना तुम्हरा शौक है यह कहते हुए वह गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए उससे मारपीट करने लगाए जिसके बाद राकेश के बेटे प्रदुम, संदीप व पत्नी रामरानी भी लाठी डंडा व धारदार हथियार लेकर मौके पर आ गयी और शेरा पर हमला बोलकर उसे लहूलुहान कर दिया। इस मारपीट में शेरा का सिर पर गहरी चोट आने के कारण सर फ्ट गया। पुलिस ने घायल युवक को सी एच सी मोहनलालगंज में भर्ती कराया है वही दी तहरीर पर दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## 19 अक्टूबर से होगी बीएड काउंसलिंग

**लखनऊ।** प्रदेश के बीएड कालेजों में दाखिले के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया 19 अक्टूबर से शुरू होगी। शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से घोषित की गई तिथि के अनुसार कांउसलिंग की प्रक्रिया 19 अक्टूबर से शुरू होकर 8 नवम्बर तक चलेगी। जबकि बीएड का नया सत्र 9 नवम्बर से शुरू होगा। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020 स्टेट कोआर्डिनेटर प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि काउन्सिलिंग के पश्चात् शेष रह गयी सीटों को पूल काउन्सिलिंग तथा प्रत्यक्ष प्रवेश के माध्यम से भरा जा सकेगा। पूर्व की भॉंति इस बार भी काउन्सिलिंग शुल्क 750 रुपए मात्र होगा। आरक्षण केवल सरकारी एवं अनुदानित महाविद्यालयों में ही देय होगा। साथ ही जिन अभ्यर्थियों को निजी शिक्षण संस्थानों में नि:शुल्क प्रवेश की सुविधा दी जाती थी, वह इस वर्ष अनुमन्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को सलाह है कि उनके द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड–2020 के ऑन–लाइन आवेदन–पत्र में जो प्रमाणपत्र अपलोड किये गये हैं।

## स्मार्ट मीटर मामले में कंपनी को ब्लैक लिस्ट किए जाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सेन्ट्रल** पावर रिचर्च इंस्ट्यूट सीपीआरआई नोएडा द्वारा स्मार्ट मीटर भार जंपिंग की रिपोर्ट के बाद विद्युत उपभोक्ता परिषद ने ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से मुलाकात करके कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने श्रीकान्त शर्मा से शक्ति भवन में मुलाकात कर एक जनहित लोक महत्व प्रस्ताव सौपते हुए यह मुदा उठाया की अब जब यह साबित हो गया है की स्मार्ट मीटर भार जंपिंग की बात सही साबित हुई है। ऐसे में प्रदेश में लगे लगभग 12 लाख स्मार्ट मीटर जो पुरानी तकनीकी पर आधारित है उन्हे भी बदलवाने और जितने उपभोक्ताओं की भार अथवा रीडिंग जो भी जम्प हुई है। उनके बिल यदि उस आधार पर बने है तो उन्हे संसोधित कराया जाए। प्रदेश सरकार को दोषी मीटर निर्माता कंपनी को ब्लैकलिस्ट कराकर जो भी पूरे प्रकरण में दोषी है उन पर कठोर कार्यवाही कराना चाहिए। उपभोक्ता परिषद् ने कहा कि जिस प्रकार से मीटर निर्माता कम्पनियों को कुछ उच्चाधिकारी बचा रहे उससे सिद्ध होता है की मीटर खरीद फरोख्त में बहुत बड़ा रैकेट है। जिसके चलते घटिया मीटर सप्लाई करने के बाद भी मीटर निर्माता कम्पनियो को बचाया जाता है। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने पर रोक लगी है लेकिन जिन उपभोक्ताओ के यहां घटिया पुरानी तकनीकी के मीटर लगे है उनका क्या होगा इस बात की भी जाँच होना बहुत जरूरी है की जब मीटर का मुख्य पैरामीटर ही फेल है तो रीडिंग जंपिंग होना कोई बड़ी बात नहीं है।

## हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ मंडल पर चल रहे राजभाषा पखवाड़े के दौरान शनिवार को हिन्दी युग के साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के व्यक्तित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में निराला जी की रचनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही हिन्दी साहित्य के देदीप्यमान पुंज की कविताओं पर सस्वर पाठ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित रेल कर्मियों ने भी कविताएं, छंद व दोहे सुनाकर अपनी साहित्य प्रतिभा दर्शन कराया। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रेलकर्मियों से अपने दैनिक जीवन में रेल सेवा के साथ.साथ अधिक से अधिक हिंदी के प्रयोग करने की बात कहीं।

## सीएमएस के छात्र सात्विक ने जीता प्रथम पुरस्कार



लखनऊ (पीएनएस)। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) के कक्षा-6 के प्रतिभाशाली छात्र सात्विक श्रीवास्तव ने अन्तर-विद्यालयी स्टोरी-टेलिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक-साहित्यिक संस्था 'योग्यपीठ' के तत्वावधान में ऑनलाइन आयोजित हुई। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता छात्रों की अभिव्यक्ति क्षमता का विकास करने, उनमें आत्मविश्वास का संचार करने एवं उनके ज्ञान को परखने के उद्देश्य से आयाजित की गई, जिसमें लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने बड़े आत्मविश्वास से कथा वाचन कर प्रथम पुरस्कार अर्जित किया।

## उत्तर रेलवे ने स्टेशनों पर चलाया सफाई अभियान

**लखनऊ।** रेलवे ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत उत्तर रेलवे अपने स्टेशनों पर सफाई अभियान चलाकर यात्रियों को जागरूक किया। पखवाड़े के चौथे दिन स्वच्छता व साफ-सफाई संबंधी कार्य कराए गए। जिसके अंतर्गत स्टेशनों पर स्वच्छता से संबंधी उपकरणों से जानकारी दी गई। कूड़े एवं कचरे को निस्तारण करने के लिए डस्टबिनों की उपलब्धता, शौचालयों की साफसफाई एवं पानी के निकास संबंधी व्यवस्था पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत 1 अक्तूबर 2020 तक मनाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा में शनिवार को स्वच्छ स्टेशन दिवस मनाया गया।

## सेवा सप्ताह के दौरान किया गया वृक्षारोपण

**सरोजनीनगर-लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में चलाए जा रहे सेवा सप्ताह के क्रम में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सरोजनीनगर के पिपरसंड गांव स्थित सिंह देवी मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान आंवला, कदम व पीपल सहित कई प्रकार के वृक्ष लगाए गए। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू द्विवेदी, प्रदेश मंत्री विनोद सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सिंह चौहान, विधानसभा संयोजक भुवनेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार सिंह, मंडल उपाध्यक्ष बिंदादीन सिंह, युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, बूथ अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, अभिषेक शर्मा, अमरेंद्र राय, सोनू तिवारी, महेंद्र राजपूत व संदीप सिंह मौजूद रहे।

## अफसरों को हकीकत देखने की नहीं मिल रही फुरसत

संवाददाता। मोहनलालगंज

**जलभराव** और गन्दगी के बीच गुजारा कर रही सैकड़ों की आबादी की समस्या समाधान को लेकर अफ्सर बेपरवाह हैं। तीन दिन बाद भी ब्लाक और तहसील प्रशासन के अफ्सरों को समाधान कराना तो दूर उन्हें संकट मोचन मंदिर मोहल्लावासियों की समस्या का जायजा लेने तक की फुरसत नहीं मिल सकी। लिहाजा मोहल्ले में बड़े पैमाने पर गंदा पानी जमा होने की वजह से लोगों को मच्छरजनित बीमारियां फैलने का भय बना हुआ है। मोहनलालगंज के संकट मोचन मंदिर मोहल्ले में सैकड़ों लोगों की आबादी गन्दगी और जलजमाव की समस्या झेल रही है। जल निकासी के नाला नहीं होने से घरों से निकलने वाला गन्दा पानी आवागमन के जर्जर मार्ग में भर रहा है। जरा सी बारिश में बरसाती पानी उफ्नाकर घरों में भरने लगता है। उधर गन्दे पानी के जलजमाव और गन्दगी की समस्या से परेशान मोहल्ला वासियों को बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि लगातार शिकायत करने के बावजूद भी प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। पायनियर में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद ब्लाक अधिकारियों ने नाला निर्माण नहीं कराने का ठीकरा पीडब्ल्यूडी पर फोड़ कर पल्ला झाड़ लिया है। बीडीसी मनीष तिवारी समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने मामले में जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग उठाई है। मोहनलालगंज में ब्लाक और तहसील प्रशासन के अधिकारियों को तीन दिन बाद भी कस्बे में चंद कदम पर संकट मोचन मंदिर मोहल्ला पहुंच कर लोगों की परेशानी नजदीक से महसूस करने की फुरसत नहीं मिल सकी।

## सोती रही पुलिस, चोरों ने किया रतजगा

● इटौजा के हरदा गांव में तीन घरों में लाखो की चोरी

संवाददाता। बीकेटी (लखनऊ)





**बीकेटी** इटौंजा थाना क्षेत्र अपराधी बेख़ौफ़ होकर एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम देने के बाद आराम से फरार हो जाते है। वही पुलिस मामला दर्जकर जांच का राग अलाप रही है। बीकेटी थाना क्षेत्र में दुकान बंद करने के बाद वापस लौट रहे सर्राफ व्यापारी पर हमला कर लूट का प्रयास किया गया। उसकी जांच चल ही रही थी। कि इटौंजा थाना क्षेत्र में सड़क के किनारे स्थित हरदा गांव में ताबड़तोड़ तीन घरों से लाखों का माल समेट ले गये। घटना शुक्रवार रात्रि की है। कोमल के घर छत के रास्ते घुसे बदमाशो ने अलमारी और बक्शो में रखे तक़रीबन साढ़े तीन लाख की नगदी और जेवरात साफ किये। वही गंगाराम के घर दूसरा शिकार बना जिसमे भी डेढ़ लाख का माल साफ किया। राजकुमार के घर घुसे बदमाशो ने जेवर व नगदी समेत करीब 25 हज़ार के माल पर हाथ साफकर चंपत हो गये। घटना की जानकारी सभी को सुबह हो पाई जब उनकी नीद खुली। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुये डॉग स्क्वायड को मौके पर पहुंचा। जिसने भी घटनास्थल का मुआयना किया। ग्रामीणों के मुताबिक बदमाश शायद कोई स्प्रे का प्रयोग किया। जिससे किसी की नींद नही खुल पाई। वही पुलिस के गस्त के बजाय रात्रि में वसूली के आरोप भी लगाये है। वही थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि मिली तहरीरों के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

## दो मकानों में लाखों की चोरी

**लखनऊ( पीएनएस )।** इटौंजा थानांतर्गत ग्राम हरदा कालोनी में बेखौफ चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया व लगभग पौने दो लाख रुपए व लाखों के जेवर पार कर दिए। पुलिस ने तहरीर लेकर मामला दर्ज कर लिया है। हरदा निवासी कोमल ने बताया कि जब रात में सभी लोग सो रहे थे तभी पीछे की दीवार से चोर छत पर चढ गए व जीने के दरवाजे की कुंडी खोलकर घर के अंदर घुस गए। अलमारी का ताला तोड़कर 55 हजार रुपए नगद व 3 लाख पचास हजार रुपए के जेवर लेकर निकल गए उसके बाद बेखौफचोर इसी गांव के किसान रामकुमार के घर में छत के रास्ते से उतरे व घर में रखा एक लाख बीस हजार रुपए नगद चोरी करने में सफल रहे।

## स्नातक शिक्षक चुनावों पर भाजपा का मंधन

**बख्शी का तालाब (लखनऊ)।** शनिवार को स्नातक और शिक्षक चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा जिला कार्यालय पर मंधन चला। जिसकी अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी द्वारा की गयीं। इस दौरान स्नातक एमएलसी प्रत्याशी अवनीश सिंह पटेल, शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी उमेश द्विवेदी को चुनाव जिताने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रूप से अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री दिनेश तिवारी ने संबोधित किया। वही खंड संयोजक शिक्षक अजीत प्रताप सिंह, जिला संयोजक स्नातक राजकुमार वर्मा, शिक्षक जिला संयोजक रमाशंकर त्रिपाठी, जिला समन्वय अरुण सिंह गप्पू, मिडिया सह संयोजक विवेक सहित विधानसभा संयोजक बूथ प्रभारी संयोजक उपस्थित थे।

# धरती के पर्यावरण की ढाल है ओजोन पर्त

## जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का अनुभव करने के बाद, अब समय आ गया है कि सभी देश ओजोन पर्त की क्षमता बहाल करने के लिए निम्न कार्बन उत्सर्जन का मार्ग अपनाने हेतु साथ मिलकर काम करें।


षणमुगनाथम के.


आशीष सारस्वत



हमारी धरती के वातावरण की रक्षक ओजोन पर्त हमारे लौकिक एवं समुद्री जीवन के संरक्षण का काम करती है। वह पर्त जो अत्यधिक प्रतिक्रियाशील तथा ट्रेस गैसों से निर्मित होती है वायु के प्रत्येक 10 मिलियन अणुओं के लिए लगभग तीन अणु निर्मित करती है तथा सूर्य की पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है जो धरती की ओर आती हैं। हालांकि, 1970 के पूर्वार्द्ध में निर्णयात्मक शोध के द्वारा इस अहम आवरण में समस्या के संकेतों को रेखांकित किया गया था। 1974 में, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के स्वर्गीय प्रोफेसर शेरवुड रोलैंड एवं प्रोफेसर मारियो मोलिना एक लेख प्रकाशित किया था जिसमें क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) गैसों से ओजोन पर्त को खतरों का उल्लेख किया गया था।

यह पाया गया कि, जो प्रशीतन के लिए आमतौर पर रेफ्रिजरेटरों आदि में इस्तेमाल किया जाता है वह धरती के वातावरण में प्रवाहित होने के बाद ओजोन लेयर को खा रहा है। स्थिति और भी बुरी हो जाती है क्योंकि सीएफसी का उपभोग इसकी कम कीमत तथा अज्वलनशील एवं गैरविषकारी गुणों के कारण विविध बिजनेसों व उद्योगों में चरघातांकीय रूप से बढ़ रहा है।

दुनिया के सर्वाधिक सफल समझौते की शुरुआत : प्रोफेसर रोलैंड एवं प्रोफेसर मोलिना के निष्कर्षों के 11 वर्ष बाद, वैज्ञानिकों की एक टीम ने भी ओजोन लेयर के सिकुड़ने के बारे में जाना, जिसे ओजोन छिद्र की संज्ञा दी जाती है। उन्हें महसूस हुआ कि सीएफसी ने ओजोन पर्त को भेदना प्रारम्भ कर दिया है जिससे अत्यंत हानिकारक पराबैंगनी किरणों का प्रवेश धरती की सतह तक होना संभव है। इसके परिणामस्वरूप मनुष्यों में त्वचा कैंसर के मामले बढ़ने लगे तथा भौतिक तथा समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र को नुकसान पहुंचने लगा। मानव स्वास्थ्य की रक्षा एवं पर्यावरण को सिकुड़ती ओजोन पर्त के हानकारक प्रभावों से बचाने का ध्येय लेकर, ओजोन पर्त के संरक्षण हेतु विएना कन्वेंशन 22 मार्च 1985 को अस्तित्व में आई।

कन्वेंशन ने मांट्रियल प्रोटोकाल (एमपी) के लिए व्यवस्था मुहैया कराई जो सार्वभौमिक मंजूरी प्राप्त करने के मामले में सर्वाधिक सफल पर्यावरण समझौता है। 16 सितम्बर 1987 को, संयुक्त राष्ट्र संघ व 45 अन्य देशों ने उन पदार्थों को लेकर मांट्रियल प्रोटोकाल पर हस्ताक्षर किए जो ओजोन पर्त का क्षरण करते हैं। इसका उद्देश्य ओजोन पर्त को पतला करने वाले पदार्थों पर विश्वव्यापी नियंत्रण, कटौती एवं चरणबद्ध रूप से उनका उपयोग बंद करके संरक्षाणात्मक ढाल का संरक्षण करना था। तीन दशक पूर्व, वैंकूवर की 12 वर्षीय लड़की, सेवर्न कुलिस सुजूकी, ने 1992 के पृथ्वी सम्मेलन के अवसर पर ओजोन का क्षरण करने वाले पदार्थों को चरणबद्ध रूप से हटाने के उपायों संबंधी रणनीति को लेकर विविध पक्षकारों का ध्यान खींचा था। कुलिस ने अपने ऐतिहासिक भाषण में कहा था, ''ओजोन पर्त में छिद्र के कारण मुझे सूर्य की रोशनी में बाहर जाने से डर लगता है। मुझे हवा में सांस लेने से भय लगता है क्योंकि मुझे नहीं पता उसमें कौन से रसायन मिले हुए हैं। यदि आपको नहीं पता कि समस्या से कैसे निबटा जाए, तो कृपया उसे तोड़ना बंद कर दीजिए।'

1994 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हस्ताक्षर वाले दिन की याद में 16 सितम्बर को ओजोन पर्त संरक्षण हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया था। आज, मांट्रियल प्रोटोकाल के सभी पक्षों ने अपने 98 प्रतिशत ओजोन क्षरण कारक पदार्थों का प्रयोग बंद कर दिया है जिससे प्रतिवर्ष दो मिलियन लोगों की त्वचा कैंसर से रक्षा होती है।

प्रमुख निर्धारक हैं प्रशीतक तत्व। प्रशीतकों की व्यवस्था की स्थापना ने 18वीं सदी के दौरान आकार लेना प्रारम्भ कर दिया था जब विश्व ने वाष्प संपीडन प्रशीतन प्रणाली नामक तकनीकी उच्चीकरण की पद्धति को अपनाया था जो बाद में सर्वाधिक सफल वाणिज्यिक तकनीक साबित हुई।

प्रशीतन की अप्रत्याशित आवश्यकता का परिणाम शुरुआत में अपनाए गए प्राकृतिक प्रशीतकों (कार्बनडाइ आक्साइड, अमोनिया, सल्फर डाइ आक्साइड, जल और वायु) के अनुप्रयोग के रूप में सामने आया। पहली पीढ़ी के प्रशीतकों का स्थान धीरे-धीरे फ्लोरोकेमिकल्स ने लिया, जिन्हें उनके विविध गुणों यथा स्थिरता, अज्वलनशीलता आदि के

**प्रोफेसर रोलैंड एवं प्रोफेसर मोलिना के निष्कर्षों के 11 वर्ष बाद वैज्ञानिकों की एक टीम ने भी ओजोन लेयर के सिकुड़ने के बारे में जाना, जिसे ओजोन छिद्र की संज्ञा दी जाती है। उन्हें महसूस हुआ कि सीएफसी ने ओजोन पर्त को भेदना प्रारम्भ कर दिया है जिससे अत्यंत हानिकारक पराबैंगनी किरणों का प्रवेश धरती की सतह तक होना संभव है।**

कारण आमतौर से क्लोरोफ्लोरोकार्बन- सीएफसी तथा हाइड्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) कहा जाता है, जैसे आर-123, आर13, आर22। शुरुआत में, प्रशीतकों की व्यवस्था को शोधकर्ताओं ने पर्यावरण के परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा। बाद में, ओजोन पर्त पर उनके नकारात्मक प्रभावों ने एचएफसी तथा पेट्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन (पीएफसी) के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया, जो ओजोन क्षरणकारी नहीं होते, लेकिन उनमें वैश्विक तापन की क्षमता होती हे जो जलवायु परिवर्तन में योगदान के मामले में कार्बन डाइआक्साइड से ज्यादा प्रभावी होते हैं। 2,000 के शुरुआती वर्षों के दौरान, एचएपुसी प्रशीतकों को अप्रत्याशित रूप से अपनाए जाने के चलते ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को बढ़ावा मिला जिससे वैश्विक तापन प्रभाव सामने आने लगे।

एचएफसी प्रशीतकों के कारण पैदा कार्बन पादचिन्हों के घातक प्रभाव को महसूस करते हुए, वैश्विक नेताओं एवं संयुक्त राष्ट्र ने रवांडा की राजधानी में अक्टूबर 2016 में मांट्रियल प्रोटोकाल के सभी पक्षों की 28वीं बैठक आयोजित की। कन्वेंशन की परिणिति किगाली संशोधन के रूप में हुई, जिसका उद्देश्य जीएचजी उत्सर्जनों में कटौती करना था जिसके द्वारा इस सदी के अंत तक 0.5 डिग्री सेल्सियस वैश्विक तापन को कम किया जा सकता है, साथ में ओजोन पर्त का संरक्षण भी जरी रहेगा। टिकाऊ जलवायु का उद्देश्य लेकर किगाली संशोधन के अंतर्गत, विश्व की अर्थव्यवस्थाएं अब वैश्विक तापन निरोधक उपायों के तहत 2040 तक चरणबद्ध तरीके से वर्तमान में प्रयुक्त होने वाले एचसीएफसी का उपयोग घटाने के प्रयास कर रही हैं। निम्न जीडब्लूपी प्रशीतकों को अपनाने की प्रवृत्ति पर्यावरणीय लाभों की खोजकर के साथ ही साथ बाजार की तैयारी के साथ संबोधित किया जा सकता है। हालांकि, आगे बढ़ाते समय, बिजनेस के पूर्व परिदृश्य को बनए रखते हुए, प्रशीतक संक्रमण को बाजार की स्वीकार्यता के परिप्रेक्ष्य में देखना आवश्यक होता है। प्रशीतक का कुल पर्यावरणीय प्रभाव केवल कम अग्रिम लागत वाले प्रशीतकों, सभी प्रशीतन प्रणालियों की कुल ऊर्जा दक्षता एवं सुरक्षा पहलुओं को जोड़कर ही कम किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए, बगैर संशोधन किए वर्तमान प्रशीतन प्रणाली के किसी प्रशीतक को बदल देने से वांछित आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभ उलट सकते हैं। ऐसे परिदृश्य से बचने के लिए, प्रशीतन उद्योग अगली पीढ़ी के निम्न जीडब्लूपी प्रशीतकों की वाणिज्यिक व्यावहार्यता सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियां निर्मित करने के प्रयासों में लगा हुआ है। हालांकि, ऐसी नई प्रणालियों का इस्तेमाल बहुत सीमित है और प्रारम्भिक रूप से इस्तेमाल करने वाले पर निर्भर करता है जो आम तौर से प्रयुक्त होने वाले प्रशीतकों की वर्तमान प्रणालियों को पसंद करते हैं जिनकी कीमत कम है और परिणाम सिद्ध हो चुके हैं।

इस वर्ष ओजोन दिवस की थीम है, ''ओजोन फार लाइफ : ओजोन पर्त संरक्षण प्रयासों के 35 साल'' ओजोन पर्त के संरक्षण हेतु 1985 के विएना कन्वेंशन की सफलता को याद करते हुए। साथ ही साथ, वातावरण में जीएचजी उर्त्सजनों के निरंतर प्रवाहित होने का परिणाम यह हुआ है कि 2010-19 का दशक सर्वाधिक गर्म रहा है। जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का अनुभव करने के बाद, अब समय आ गया है कि सभी देश भावी पीढ़ियों के लिए ओजोन पर्त की क्षमता बहाल करने के लिए निम्न कार्बन उत्सर्जन का मार्ग अपनाने हेतु साथ मिलकर काम करें। प्रशीतन क्षेत्र में टिकाऊ ऊर्जा विकल्पों एवं वातावरण-हितैषी प्रशीतकों को अपनाकर 2100 तक वैश्विक तापन 0.5 डिग्री सेल्सियस तक घटाने की उम्मीद की जा सकती है।

भारत में विश्व की 16 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है लेकिन वर्तमान में केवल 7 से 9 प्रतिशत लोगों की पहुंच वातानुकूलन उपकरणों तक हो पाई है। प्रशीतन संकर-क्षेत्रीय है जो व्यापक रूप से विविध क्षेत्रों में होता है जैसे कि अंतरिक्ष प्रशीतन, उद्योग, परिवहन, खाद्य सुरक्षा आदि। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्ट 2018 के अनुसार, भारत का प्रशीतन उद्योग 2050 तक तेजी से बढ़ने की संभावना है। भविष्य में प्रशीतन की आवश्यकताओं को महसूस करते हुए, भारत ने सक्रिय रूप से मार्च 2019 में इंडियसा कूलिंग एक्शन प्लान के रूप में अपना सामरिक दस्तावेज प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य कम पर्यावरणीय प्रभावों के साथ अधिक टिकाऊ प्रशीतन हेतु समाधानों का अपनाना है।

इस अप्रत्याशित वृद्धि से निबटने के लिए, भारतीय प्रशीतन उद्योग के लिए देशीय शोध एवं विकासीय गतिविधियों को बढ़ावा देकर श्रेष्ठ ऊर्जा-दक्ष तकनीकी विकल्पों का उपयोग करने के लिए त्वरित पद्धतियों को रणनीतिक रूप देना अनिवार्य हो गया है तथा पूर्व बिजनेस परिदृश्य में पर्यावरण हितैषी प्रशीतकों के इस्तेमाल को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। इसमें सहयोग देने के लिए अंतर मंत्रालयी कार्रवाइयों में समकालिकता, नवीन प्रशीतन तकनीकों के प्रमाणीकरण एवं वित्तपोषण, नई प्रशीतन तकनीकों के लिए कार्य प्रणालियों का पेटेंट कराना तथा वर्तमान प्रशीतन नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन आदि सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है।

# सुशांत मामले में मीडिया कवरेज की प्रकृति

## पब्लिक स्फेयर में चर्चा के लिए सूचना उपलब्ध कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, पर उसकी यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है कि जांच सही दिशा में चले। जांच और अभियोजन एजेंसियां कभी-कभी आपराधिक घटना के खुलासे के दबाव में निरपराध लोगों को फंसा देती हैं।

हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर
के सलाहकार संपादक हैं)





**मीडिया ने सुशांत** सिंह राजपूत की मौत मामले में नैतिक न्यायिक कवरेज सिद्धान्त की अनदेखी की है जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। सुशांत सिंह राजपूत मामले में खासकर टेलीवीजन कवरेज पर अनेक सवाल उठे हैं। जब तक प्रमाणों के आधार पर स्थापित न हो जाए, तब तक इसे आत्महत्या कहा जा सकता है। मामले में परस्पर आरोप-प्रत्यारोप वाले बयानों का दौर जारी है। में केवल इससे जुड़े गहरे मुद्दों पर गौर करना चाहता हूं। पहला यह है कि क्या इसकी विस्तारित कवरेज उचित है। निसंदेह यह घटना बहुत त्रासद है। भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान करने वाला एक युवा असमय विदा हो गया। उसकी मौत की असामान्य प्रकृति, इससे जुड़े आरोप-प्रत्यारोप, केन्द्र द्वारा सीबीआई जांच का फैसला, मामला हस्तांतरित करने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय तथा बाद का घटनाक्रम निश्चित रूप से मीडिया कवरेज की जरूरत उजागर करता है। लेकिन क्या 14 जून को हुई कथित आत्महत्या के बाद से अधिकांश चैनलों के प्राइम टाइम कवरेज में इसे बड़ा स्थान मिलना ठीक है? देश वर्तमान समय में चीनी आक्रामकता के गंभीर खतरे, कोविड-19 महामारी के विस्तार तथा अर्थव्यवस्था पर संकट जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में क्या इस मुद्दे को मिलने वाले समय की गुणवत्ता व विस्तार उचित है? इस सवाल के नकारात्मक या सकारात्मक जवाब में अनेक व्यक्तिनिष्ठ निर्णय हो सकते हैं, इसलिए इसे अंतिम नहीं कहा जा सकता है। दूसरे, कहा जाता है कि दर्शक इसी तरह की कवरेज चाहते हैं। वैसे सभी मुद्दों पर निर्णय व्यक्तिनिष्ठ होते हैं क्योंकि प्रमाणों की गुणवत्ता के आधार पर कोई व्यक्ति या समूह इनका आंकलन करता और नतीजे पर पहुंचता है। इसमें पूर्वाग्रहों व उन्मुखीकरण का भी अपना स्थान है। लेकिन समाज को उचित निर्णय करने के पहले अंतर्निहित सामाजिक संबंधों का ध्यान रखते हुए तार्किकता व नैतिकता को महत्व देना चाहिए।

सवाल है कि क्या सुशांत की मौत व उसके परिणामों की देश के लिए प्रासांगिकता चीनी आक्रामकता, कोविड-19 महामारी और आर्थिक संकट से अधिक है? केन्द्रीय राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कांग्रेस सांसद के. सुधाकरन के सवाल का लिखित जवाब 15 सितंबर को लोकसभा में दिया, 'नारकोटिक्स कंटोल ब्यूरो-एनसीबी अपनी या अन्य स्त्रोतों से मिली जानकारियों के आधार पर पूरे साल तलाशी, जब्ती, गिरफ्तारी व जांच का काम लगातार करता है। कोविड-19 लाकडाउन के कारण एनसीबी को फिल्म उद्योग और नशा व्यापारियों के बीच गठजोड़ के खुलासे वाली कोई कारगर सूचना नहीं मिली थी। लेकिन इस संबंध में एनसीबी मुंबई जोनल कार्यालय ने 28 अगस्त, 2020 को एक मामला दर्ज कर अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से गांजा, हशीश, टेटां हाइडो कैनाबिनाल व लिसर्जिक एसिड डी इथिलमाइड जैसे नशे जब्त हुए हैं।' एनसीबी द्वारा निकाले नतीजे की प्रतीक्षा करनी होगी। लेकिन ऐसा नहीं लगता कि सुशांत की मौत के बाद उसकी कार्रवाई किसी देशव्यापी नशा व्यापारी गठजोड़ का खुलासा करने वाली है।

**देश वर्तमान समय में चीनी आक्रामकता के गंभीर खतरे, कोविड-19 महामारी के विस्तार तथा अर्थव्यवस्था पर संकट जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में क्या इस मुद्दे को मिलने वाले समय की गुणवत्ता व विस्तार उचित है? इस सवाल के नकारात्मक या सकारात्मक जवाब में अनेक व्यक्तिनिष्ठ निर्णय हो सकते हैं, इसलिए इसे अंतिम नहीं कहा जा सकता है। दूसरे, कहा जाता है कि दर्शक इसी तरह की कवरेज चाहते हैं। वैसे सभी मुद्दों पर निर्णय व्यक्तिनिष्ठ होते हैं क्योंकि प्रमाणों की गुणवत्ता के आधार पर कोई व्यक्ति या समूह इनका आकलन करता और नतीजे पर पहुंचता है।**

यह तर्क कुछ सीमा तक उचित हो सकता है कि दर्शकों को सेलेब्रिटीज़ से जुड़ी इस प्रकार की कवरेज में दिलचस्पी होती है जो खासकर किसी आश्चर्यजनक त्रासद घटना के बाद बढ़ जाती है। लेकिन यह तर्क ठीक नहीं कहा जा सकता है। एक समय रोम के कोलेजियम में एकत्र जनता द्वारा ग्लेडियेटर की दूसरे ग्लेडियेटर या शेर से मारे जाने पर खुशी सामान्य बात मानी जाती थी। आज भी स्पेन में बहुत से लोग सांडों की लड़ाई में किसी मैटाडोर की मौत से खुश होते हैं और हजारों लोग दक्षिण भारत में बैलों की भयंकर लड़ाई जलीकट्टू से खुश होते हैं। लेकिन केवल जनता के देखने से इन घटनाओं या उनकी व्यापक कवरेज को ऐसे समय उचित नहीं कहा जा सकता है, जब इससे देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण समस्याओं से ध्यान हटता हो। जर्मन सामाजिक दार्शनिक जर्गन हेबरमास ने इसे 'पब्लिक स्फेयर' कहा है। उसने 'स्टंक्चरल टांसफारमेशन आफ द पब्लिक स्फेयर' में यह भी कहा है कि 'यह सार्वजनिक स्थल पर एकत्र लोगों द्वारा बनता तथा समाज व राज्य की आवश्यकताओं को जोड़ता है।' इस स्पेस में लोग समाज व राज्य से जुड़े सार्वजनिक मुद्दों की चर्चा करते हैं तथा एक सार्वजनिक राय बनाते हैं जो राज्य को नागरिकों के प्रति जवाबदेह बनाती है।

पब्लिक स्फेयर में चर्चा के लिए सूचना उपलब्ध कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, पर उसकी यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है कि जांच सही दिशा में चले। जांच और अभियोजन एजेंसियां कभी-कभी आपराधिक घटना के खुलासे के दबाव में निरपराध लोगों को फंसा देती हैं। इस लेखक ने पत्रकार बनने का निर्णय हेनरी हैथवे की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म 'काल नार्थसाइड 777' से प्रभावित होकर लिया था। इसमें शकागो डेली टाइम्स का रिपोर्टर जेम्स मैक्यूर जोसेफ मैजजेक को रिहा करवा देता है जिसे एक पुलिस अधिकारी की हत्या में गलत तरीके से फंसा दिया गया था और उसे 99 साल की सजा मिली थी। सुशांत सिंह राजपूत का मामला मुझे मैल्काम फीले की बहुचर्चित पुस्तक 'प्रोसेस इज़ द पनिशमेंट: हैंडलिंग केसेज़ इन ए लोअर क्रिमिनल कोर्ट' की याद दिला देता है। हालांकि, इसका संबंध भारत के बजाय अमेरिकी अदालतों से है, पर भारत की अदालतों में भी लगभग ऐसी ही समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। क्या अंतत: निर्दोष सिद्ध होने वाले व्यक्ति के लिए यह त्रासदी उचित होगी कि मीडिया पर उसे दोषी ठहराने का दबाव था? इसका अर्थ यह नहीं है कि खोजी पत्रकारिता को ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए जिनकी जांच चल रही हो। लेकिन इसका अर्थ निश्चित रूप से लोकतांत्रिक व उदारवादी न्याय प्रणाली के दो मुख्य सिद्धान्तों पर काम करना और उनकी निष्ठा का सम्मान करना जरूर है जो मानवाधिकारों से जुड़े हैं। इनमें से पहला संयुक्त राष्टंसंघ द्वारा 1948 में घोषित मानवाधिकारों की सार्विक घोषणा का अनुच्छेद 11-1 में निहित है। इसके अनुसार, 'आपराधिक मामले के किसी आरोपी को उस समय तक निरपराध समझे जाने का अधिकार है, जब तक उसे कानून के अनुसार ऐसी सार्वजनिक सुनवाई में दोषी न सिद्ध किया जाए जिसमें उसे अपने बचाव के लिए आवश्यक सभी गारंटियां मिली हों।' इसे मानवाधिकार संरक्षण के यूरोपीय प्रस्ताव में भी शामिल किया गया है जो मूल रूप से मानवाधिकार तथा मूल स्वतंत्रताओं के संरक्षण का प्रस्ताव था। 3 सितंबर, 1953 को लागू हुए इस प्रस्ताव के अनुच्छेद 6-2 में कहा गया था, 'आपराधिक कृत्य के आरोपी सभी लोगों को उस समय तक निरपराध माना जाएगा जब तक उनको कानून के अनुसार दोषी न मान लिया जाए।' प्रख्यात ब्रिटिश न्यायविद विलियम ब्लैकस्टोन ने दूसरे सिद्धान्त को ब्रिटेन में कानूनों पर टिप्पणियां करते हुए स्पष्ट किया है। उनके अनुसार, 'अपराध के सभी प्रमाणों को सावधानी से स्वीकार किया जाना चाहिए। कानून के अनुसार एक निरपराध को सजा मिलने से बेहतर दस दोषियों का छूट जाना है।' संयुक्त राज्य अमेरिका के एक संस्थापक बेंजामिन फ्रेंक्लिन ने और आगे बढ़ते हुए मार्च, 1785 को एक पत्र में लिखा था, 'एक निरपराध व्यक्ति को सजा मिलने से बेहतर 100 दोषी व्यक्तियों का बरी हो जाना है। इस सिद्धान्त को लंबे समय से स्वीकार किया गया है।' पत्रकारों को दोनों बातें हमेशा याद रखनी चाहिए।

# कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण को प्रभावी ढंग से करें कार्रवाई

- उप मुख्यमंत्री ने कोविड 19 की समीक्षा की
- सभी परीक्षण केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं की जाएं सुनिश्चित
- होम आइसोलेशन का प्रभावी ढंग से किया जाए अनुश्रवण



**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में कोविड 19 एवं विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में कोविड 19 की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने संक्रमण के प्रसार को फैलने से रोकने के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग की संख्या को और बढ़ाया जाये। कान्टैक्ट ट्रेसिंग को शत प्रतिशत रुप से सुनिश्चित किया जाये। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य विभाग परीक्षण केन्द्रों पर परीक्षण से संबंधित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। परीक्षण केन्द्रों पर आने वाले लोगों को परीक्षण में किसी भी प्रकार की समस्या न हो तथा जो लोग भी परीक्षण के लिये आयें उनका अनिवार्य रुप से परीक्षण किया जाये। किसी को भी परीक्षण से मना न किया जाये। उन्होंने कहा कि परीक्षण कराने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाये। होम आइसोलेशन का प्रभावी ढंग से अनुश्रवण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्थिति को देखकर ही होम आइसोलेशन की अनुमति दी जाये। जिलाधिकारी भानु चन्द गोस्वामी ने कहा कि अधिक उम्र वालों तथा पूर्व में किसी बीमारी से ग्रस्त लोगों के होम आइसोलेशन की अनुमति के संबंध में विशेष सावधानी बरती जा रही है। जिससे कि ऐसे लोगों को बीमारी की गंभीरता से बचाया जा सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन अटेंड किया जाये तथा उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी नियमित रुप से किया जाता रहे। उन्होंने कहा कि भर्ती मरीजों के साथ चिकित्सक नर्स व वार्ड ब्वाय अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने कोविड 19 के लिए चार पांच और प्राइवेट अस्पतालों को चिन्हित करने के लिए कहा है। जहां पर लोग चाहें तो सरकार के द्वारा निर्धारित रेट पर अपना उपचार करा सकें। उनको इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। वेंटिलेटर की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को मास्क लगाने तथा निर्धारित मानक दूरी का अनुपालन करने के लिए प्रेरित किया जाये। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य स्वरूपरानी अस्पताल पहुंच कर पूर्व में कोरोना पाजिटिव रह चुके डॉक्टर रोहित सिंह तथा डॉक्टर विवेक कुंवर को कोरोना मरीजों के उपचार के लिए प्लाजमा डोनेट करने पर उनका उत्साहवर्धन किये एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डाक्टर एसपी सिंह और अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## केशव प्रसाद मौर्य ने विकास कार्यों में तेजी लाए जाने के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कोविड 19 की समीक्षा के बाद विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी से गति लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जो भी परियोजनाएं स्वीकृत है। उन पर तेजी से कार्य किया जाये। उन्होंने जमीन अधिग्रहण सहित अन्य कार्यवाईयों को प्राथमिकता पर कराये जाने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने मलाक हरहर से ब्योहाबाद तक गंगा पर बनने वाले छह लेन पुल राम वन गमन मार्ग रिंग रोड बख्शी बांध एवं सलोरी में बनने वाले आरओबी सहित तथा अन्य परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य से संबंधित सभी आवश्यक कार्यवाहियों को प्राथमिकता पर किये जाने का निर्देश दिया है। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों में बन रहे पंचायत भवनों के निर्माण की प्रगति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। जिसमें बताया गया कि कुछ जगहों को छोड़कर अन्य सभी जगहों पर निर्माण कार्य चल रहा है। कुछ जगहों पर स्थान या भूमि से संबंधित समस्या है जिसका शीघ्र ही निस्तारण कर लिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने माघमेला आयोजन के संबंध में भी चर्चा करते हुए कहा कि यह एक अनुष्ठान है। इसको बाधित नहीं होने दिया जायेगा। इस अवसर पर मण्डलायुक्त आर रमेश कुमार जिलाधिकारी भानु चन्द गोस्वामी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीक्षित शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल नगर आयुक्त रवि रंजन मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर जी एस बाजपेयी नगर जिला अध्यक्ष गणेश केसरवानी सांसद फूलपुर प्रतिनिधि दीपक पटेल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएम स्वनिधि योजना को गति प्रदान करने को डीएम ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जिलाधिकारी** कौशल राज शर्मा शनिवार प्रात: कैंप कार्यालय में पीएम स्वनिधि योजना से संबंधित कर्यो के निस्तारण के बाबत बैठक किया। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के लिए आयोजित बैठक में नगर निगम के सभी पांचों जोंन के जोनल अधिकारियों को चार दिन में लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष स्ट्रीट वेंडर्स को ढूंढ़ कर उनके फार्म भरवाने व रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया गया ताकि उन्हें समय से लोन आवेदन बैंकों से स्वीकृत करा कर लोन वितरण कराया जा सके। अब तक की प्रगति के अनुसार आदमपुर जॉन में 2936 के सापेक्ष 2492 एसआरएन जनरेट हुआ तथा 1491 आवेदन पूर्ण किए गए इसी प्रकार भेलूपुर जोन में 5741 के सापेक्ष 4746 एसआरएन जनरेट हुआ तथा 2451 आवेदन पूर्ण किये गये, दशाश्वमेध जोंन में 5622 के सापेक्ष 5018 एसआरएन जनरेट हुआ तथा 2498 आवेदन पूर्ण किये गये, कोतवाली जोन में 2454 के सापेक्ष 2226 एसआरएन जनरेट हुआ तथा 1082 आवेदन पूर्ण किये गये तथा वरुणापार जोन में 9953 के सापेक्ष 8765 एसआरएन जनरेट हुआ और 4668 आवेदन पूर्ण किये जा चुके हैं। पीओ डूडा ने बताया कि कुल आन-लाइन आवेदन में से 3915 पथ विक्रेताओं का ऋण स्वीकृत एवं 320 को ऋण वितरित भी किये जा चुका है। 24673 पथ विक्रेताओं को पथ विक्रय प्रमाणपत्र एवं 65 को संस्तुति पत्र जारी किया जा चुका है, इसी के साथ पोर्टल पर 3003 स्ट्रीट वेंडर्स के वेंडिंग प्रमाणपत्र भी अपडेट हो चुके हैं। काशी विद्यापीठ, हरहुआ तथा चिरईगांव के खण्ड विकास अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जो गांव नगर निगम में शामिल किए गये हैं उनमें सभी सेक्रेटरी को एक-एक गांव आवंटित करें जरुरत पड़े तो सफाई कर्मी भी लगा कर कामन सर्विस सेंटर से समन्वय स्थापित कर 5000 पथ विक्रेताओं के आन लाइन फार्म भरवाने व रजिस्ट्रेशन का कार्य कल तक पूर्ण करायें।

## सांसद रवि किशन ने दी सीएम योगी को बधाई

**गोरखपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी में देश की सबसे खूबसूरत और भव्य फिल्म सिटी बनेगी। इस ऐलान के बाद गोरखपुर के सांसद रवि किशन की खुशी का ठिकाना नहीं है। सांसद रवि किशन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हिंदुस्तान की सबसे खूबसूरत व भव्य फिल्म सिटी बनाने का ऐलान कर मेरे निवेदन और मेरे लिखें पत्रों का मान रखा। इसके लिए मुख्यमंत्री को कोटि कोटि धन्यवाद देता हूँ। पिछले 18 वर्षो से चल रही लड़ाई को विराम मिला। इसके लिए मैंने प्रधानमंत्री मोदी और सूचना प्रसारण मंत्री को भी पूर्व में पत्र लिखा था।

सांसद रवि किशन ने कहा कि यह खुशखबरी उत्तर प्रदेश ,बिहार और पूरे देश के हिंदी भाषी कलाकारों के लिए है। कलाकारों को अब काम के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उनको अपमानित नहीं होना पड़ेगा, उनको ठेस नहीं पहुँचेगी।

# भूमि कब्जेदारी विवाद में पिस्टल के साथ गिरफ्तार नेता सहित चार को भेजा जेल

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत धरमगंज बाजार में बैनामे की भूमि पर दबंगों द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर पुलिस की मौजूदगी में हुए बवाल के बाद इनायत नगर पुलिस ने दोनों पक्षों के 9 लोगों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मौके से रंगे हाथ पकड़े गए कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक इकाई हैरिंग्टनगंज अध्यक्ष एवं शातिर अपराधी विनोद यादव सहित चार लोगों को मौके से बरामद हुई अवैध पिस्टल सहित अवैध तमंचा के आरोप में मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया है। हालांकि जमीन कब्जे दारी को लेकर दोनों पक्षों में पूरी तरह से तनातनी रही और इसको लेकर विभिन्न दलों के राजनीतिक महारथियों ने राजनीतिक रंग देने में भी कोई चूक नहीं की। किंतु इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक की सूझबूझ के चलते उनके मंसूबों पर पानी फिर गया। बताते चलें कि बीते 16 सितंबर को हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र के राजस्व गांव पलिया प्रताप शाह अंतर्गत खातेदार राम अवतार से उनके खाते की भूमि गाटा संख्या 742 ख में 40म30 फुट प्लाट का बैनामा संतोष सिंह निवासी घाटमपुर द्वारा लिया गया था। उसी बैनामे की भूमि पर लेखपाल अरविंद यादव पुत्र ध्रुव चंद यादव द्वारा दबंगई के बल पर निर्माण कराया जा रहा था जिसकी जानकारी पाकर बैनामेदार संतोष ने एसडीएम मिल्कीपुर को प्रार्थना पत्र देकर अवैध निर्माण एवं कब्जा रुकवाने की मांग की थी। एसडीएम के आदेश के बाद संतोष सिंह चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज राजेश कुमार मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने निर्माण कार्य रोक दिया था और वापस चली गई थी किंतु पुलिस के वापस जाते हैं अरविंद यादव द्वारा फिर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया था इसके बाद संतोष सिंह चौकी पुलिस के साथ फिर मौके पर पहुंच गए थे जहां दोनों पक्षों में जबरदस्त टकराव की नौबत आ गई थी तथा मौके पर अवैध तमंचे से फायरिंग भी हुई थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लेखपाल अरविंद यादव सहित कांग्रेश पार्टी के हैरिंग्टनगंज ब्लाक अध्यक्ष विनोद यादव सहित चार लोगों को मौके से ही पकड़ लिया था। पुलिस ने तलाशी के दौरान पकड़े गए शातिर अपराधी विनोद यादव के कब्जे से अवैध पिस्टल एवं युवक मोहम्मद आरिफ के कब्जे से 12 बोर का तमंचा एवं कारतूस बरामद की थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे विजय सेन सिंह ने आनन.फानन में कई थानों की पुलिस बुला लिया था और उनकी सूझबूझ के चलते बड़ी घटना होने से बाल.बाल बच गई थी। घटना के संबंध में चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज ने 9 लोगों के विरुद्ध मुकदमा कायम किए जाने की तहरीर दी जिसके आधार पर प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने दोनों पक्षों के 9 लोगों संतोष सिंह, अवधेश सिंह, अंकित तिवारी, नूरेन अहमद, मोहम्मद आरिफ, अरविंद यादव, लेखपाल अनिल यादव, विनोद यादव तथा विपिन यादव के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 286, 269, 271, 188, 504, 506 भादबि एवं 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# डीएम-एसएसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

**गोरखपुर।** कोरोना संक्रमण की वजह से पिछले 6 महीने से बंद चल रहे थाना दिवस शुरू होने से आम जनता में खुशी की लहर रही कि अब थानों पर उच्च अधिकारियों द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु थाना दिवस पर आकर जनता की समस्याओं को सुन निस्तारण करेंगे।

महीने में दो दिन (पहले और तीसरे शनिवार को) आयोजित होने वाले थाना दिवस पर कोरोना संक्रमण की वजह से विशेष सतर्कता बरती जा रही हैं। थानों पर फरियादियों को अनिवार्य तौर पर मॉस्क और सैनिटाइजेशन का इस्तेमाल करना जरूरी रहा। जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन ने पीपीगंज थाने पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और राजस्व कर्मचारियों को जमीन संबंधित विवादों में मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार ने कहा कि जमीन संबंधित विवादों में राजस्व टीम को साथ में लेकर विवादित स्थल का मुआयना करने के बाद तत्काल निस्तारण करने का प्रयास करें। लॉकडाउन के बाद से पहली बार कैंट थाने पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ। अध्यक्षता सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान 3 मामले आए जिसमें से दो राजस्व से संबंधित थे। 3 मामलों में से एक का मौके पर ही निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर कैंट थाना प्रभारी मनोज कुमार राय भी उपस्थित रहें। लॉक डाउन की घोषणा होने बाद सितंबर माह के तीसरे सप्ताह में शासन के निर्देश पर आरम्भ हुये सम्पूर्ण समाधान के क्रम में शनिवार को गोला कोतवाली पर सम्पूर्ण समाधान दिवस, तहसीलदार गोला प्रदुम्न कुमार पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कोतवाल गोला सन्तोष कुमार सिंह फरियादियों की पीड़ा को सुना और समाधान करने का प्रयास किया। समाधान दिवस पर अधिकतर मामले राजस्व से ही सम्बंधित रहे। इस अवसर पर एसआई मु. कादिर, जयराम यादव, रंजीत तिवारी, राजस्व निरीक्षक राम उजागीर मिश्रा, लेखपाल ओमप्रकाश यादव, नंद किशोर, नरसिंह प्रसाद, राम निवास, सूरज कुमार, धर्मेंद्र सिंह, शेषनाथ, उमेश कुमार, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहें।

## जिला स्तरीय समिति की साप्ताहिक बैठक सम्पन्न

**अंबेडकरनगर।** प्रवासी श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की साप्ताहिक बैठक शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में रोजगार प्राप्त श्रमिकों का अंकन सेवायोजन पोर्टल पर करने में समिति के सदस्यों द्वारा धीमी गति को लेकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी परियोजना निदेशक डूडा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## सिर पर गिरा ट्रक का डाला, युवक की मौत

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**ट्रक का** डाला बंद करते समय क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला आजमगढ़ जिला के पवई थाना क्षेत्र के महमदपुर हडिया की है। प्रिंस पांडे 22 पुत्र अलख निरंजन निवासी गद्दोपुर थाना पवई जिला आजमगढ़ एक ट्रक पर क्लीनर का काम करता था शनिवार की दोपहर में महमदपुर हडिया मे ट्रक का डाला बंद कर रहा था तभी अचानक डाला उसके सिर पर गिर पड़ा जिससे गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर जलालपुर ले जाए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची एस आई प्रियांशु भट्ट ने शव को कब्जे में लेते हुए लिखा पढ़ी कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दिया।

# खंड शिक्षा अधिकारी पर शिक्षक ने लगाया बच्चों के ड्रेस में कमीशनबाजी का आरोप

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय गयासुद्दीनपुर में तैनात एक शिक्षक ने हैरिंग्टनगंज खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिक्षक ने खंड शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता पर बच्चों को सरकार द्वारा निशुल्क मिलने वाले यूनिफॉर्म पर कमीशन बाजी का आरोप लगाया है। यही नहीं शिक्षक ने अपने खंड शिक्षा अधिकारी पर निरीक्षण के नाम पर धन वसूली का भी आरोप मढ़ा है। शिक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि हैरिंग्टनगंज खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनात संजय कुमार गुप्ता द्वारा स्कूलों में घूम.घूम कर अपने चहेते व्यक्ति से ही ड्रेस खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। इसके साथ ही शिक्षक ने यह भी आरोप लगाया कि खंड शिक्षा अधिकारी अनावश्यक रूप से स्कूलों में जाकर निरीक्षण के माध्यम से धन वसूली करते हैं। पीड़ित शिक्षक ने इस बाबत जिला अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ऑनलाइन शिकायती पत्र भेजा है। शिक्षक ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को नि:शुल्क वितरित करने के लिए जो ड्रेस उपलब्ध कराया जा रहा है। वह काफी घटिया किस्म का है। वही कुछ शिक्षकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कई स्कूलों में अपने चहेते व्यक्ति से ही ड्रेस खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। यही नहीं इसी दबाव के चलते एक संकुल प्रभारी ने इस्तीफा भी दे दिया है। शिक्षक ने एक क्षेत्रीय नेता का नाम लेते हुए कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी की धौंस से यदि शिक्षक नहीं डरता है तो एक क्षेत्रीय नेता का नाम लेकर उसे डराया जाता है और कहा जाता है कि यदि ड्रेस नहीं लोगे तो अमुक नेता नाराज हो जाएंगे और फिर तुमको कोई बचा नहीं पाएगा। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय गयासुद्दीनपुर के शिक्षक विजय प्रताप सिंह कम्पोजिट ग्रांट व खेल किट का पैसा खा गया है। जिससे उनको निलंबित किया गया है और वह अपने बचाव में कसीदे पढ़ रहा है।

## चेक जारी कर लाखों रुपए निकाले गए, आरटीआई से हुआ खुलासा

**हसनगंज,उन्नाव।** केन्द्र व प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। मगर इनके मातहत भ्रष्टचार की इबारत लिख उनको चुनौती दे रहे है। ताजा मामला हसनगंज की नगर पंचायत न्योतनी का है। यहां तैनात रहे ईओ, लिपिक व अध्यक्ष ने मिलकर चतुर्थश्रेणी कर्मचारियों के नाम पर चेक जारी कर लाखों रूपए निकाल उसमें जमकर बंदरबांट किया है। इस पूरे मामले का खुलासा समाजसेवी इमरान अहमद की आरटीआई से हुआ है। समाजसेवी ने नगर पंचायत से जनसूचना अधिकार के तहत रिकार्ड मांगा तो पूरे मामला प्रकाश में आया। अब समाजसेवी की शिकायत पर जांच और कार्यवाही के निद्रेश उच्चाधिकारी दे रहे है। पूरे मामले में जो तथ्य प्रकाश में आये हैं उसके अनुसार नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने कार्यालय के सफाई नायक महेश कुमार व कुलदीप सिंह तत्कालीन चतुर्थश्रेणी के नाम कई चेक जारी करके धनराशि निकलवाई जिसमें अनियमितता के आरोप है। समाजसेवी इमरान की शिकायत पर अब जब जांच बैठी तो कई लोग जांच की जद में आ गये। समाजसेवी इमरान की माने तो जांच की जद में आये लोगों में पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल, के साथ ही वर्तमान अध्यक्ष मनीष कुमार राठौर और पूर्व में ईओ रहे अरुण कुमार सिंह, जो अब रिटायर्ड हो चुके शामिल है। समाजसेवी की माने तो पूर्व के कई नगर पंचायत के अधिकारी और लिपिक भी शामिल रहे हैं। इमरान ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रकरण के संबध में नगर पंचायत के ईओ से संपर्क किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# सड़क हादसे में घायल पत्रकार की मौत, शोक की लहर

- गुरुवार की शाम दो बाइकों की सीधी भिड़ंत हुआ था घायल
- शनिवार की सुबह लखनऊ ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान तोड़ा दम



**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के ओरहर गांव के पास गुरुवार की शाम दो बाइकों की सीधी भिड़ंत होने पर घायल पत्रकार की इलाज दौरान शनिवार सुबह मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हुए थे। घायलों को जिला अस्पताल की इमर्जेंसी में भर्ती कराया गया था। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने हैलट से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। उधर, पत्रकार के निधन की जानकारी मिलने पर जिले में शोक की लहर दौड़ गई। देररात शव घर पहुंचने पर हर आंख नम हो गई। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी शुभम तिवारी एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में संवाददाता थे। गुरुवार की शाम अपने भाई शिवम और तूरी गांव निवासी अपने साथी कृष्णा के साथ किसी काम को लेकर बाइक से शहर आ रहा थे। तभी ओरहर गांव के पास सामने से आ रहे दूसरी बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो भाई व साथी घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल की इमर्जेंसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद शुभम की हालत नाजुक देख उसे हैलट रेफर कर दिया है। हैलट में इलाज दौरान कोई सुधार न होने पर शुक्रवार को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। जहां शनिवार की सुबह इलाज दौरान मौत हो गई। पत्रकार के निधन की जानकारी मिलने पर जिले में शोक की लहर दौड़ गई। बीजेपी नेता अरूण कुमार दीक्षित समेत कई राजनीतिक लोगो ने पत्रकार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। देररात शव घर पहुंचने पर हर आंख नम हो गई।

### ट्रॉली के नीचे दबकर किसान की मौत

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बगहा मुस्तफाबाद गांव निवासी श्याम सुंदर (45) गांव के ही ग्राम प्रधान जगदीश कुमार तिवारी के यहां दस साल से ट्रैक्टर चला रहा था। शुक्रवार शाम वह ट्राली को बल्लियां से ऊपर उठाकर प्रेशर हुक की मरम्मत करने में लगा हुआ था। तभी बल्ली हट जाने से ट्रॉली के नीचे दब गया। यह देख आसपास के लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे और उसको बाहर निकाल अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। असमय उसकी मौत को लेकर पत्नी शिवकान्ती का रो रोकर आहत थी।

## शिविर लगाकर इंडियन बैंक ने किया ऋण वितरण

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**इंडियन बैंक** अंचल कार्यालय के तत्वावधान में शनिवार को ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना अंतर्गत ऋण वितरण शिविर में लाभार्थियों को चेक का तिवरण हुआ। बैंक के वाराणसी अंचल प्रमुख टीजी शशिधर ऋण वितरण शिविर का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक विनय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में ऋण वितरण शिविर की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 महामारी से उत्पन्न विभिन्न परिस्थितियों में अपने व्यवसाय विशेष रूप से अतुल लघु उद्यमों में लगे उद्यमियों के बीच ऋण वितरण कर तरलता को बढ़ावा देना है ताकि उनकी धन अर्जुन की क्षमता में वृद्धि एवं उनके जीवन यापन में सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा वाराणसी में अब तक 921 लाभार्थियों को कुल 92 लाख के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। जितने भी आवेदन को प्राप्त हो रहे हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के लिए शाखाओं को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। ऋण वितरण शिविर में क्षेत्र महाप्रबंधक विनय कुमार सिंह ने योजना के अंतर्गत 70 से ज्यादा लाभार्थियों को ऋण राशि से संबंधित चेक प्रदान किया। कार्यक्रम को बैंक के उप अंचल प्रमुख एके सिंह ने भी सम्बोधित किया।

## क्विक न्यूज

### केके यादव ने संभाला पोस्टमास्टर जनरल का पदभार

**वाराणसी।** वाराणसी परिक्षेत्र के नवागत पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। भारतीय डाक सेवा के वर्ष 2001 बैच के अधिकारी श्री यादव इससे पहले लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के निदेशक डाक सेवाएं पद पर कार्यरत थे। वाराणसी परिक्षेत्र के अधीन वाराणसी, भदोही, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर और बलिया जनपद शामिल हैं। इस दौरान नवागत पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने विभागीय अधिकारियों से परिक्षेत्र में डाक सेवाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस अवसर पर पूर्वी मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक सुमित गट्टू, पश्चिमी मंडल के डाक अधीक्षक राम मिलन, सहायक निदेशक शंभू राय, प्रवीण प्रसून, सीनियर पोस्टमास्टर प्रधान डाकघर आरके चौहान, राजेन्द्र प्रसाद यादव, राकेश कुमार सहित वाराणसी परिक्षेत्र के तमाम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवागन्तुक पोस्टमास्टर जनरल का स्वागत किया।

### भाजपा की जनविरोधी सरकार के खिलाफ सपा का प्रदर्शन कल

**फैजाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी सरकार के खिलाफ समाजवादी पार्टी 21 सितम्बर को महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सदर तहसील मुख्यालय पर सौंपेगी। आज पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय ने तैयारी बैठक में कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में सभी तहसील मुख्यालयों पर 21 सितम्बर को धरना देकर प्रदेश की जनविरोधी सरकार को हटाने की मांग करेगी। इसी क्रम में श्री पाण्डेय ने आज कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार से जनता अब उब चुकी है। आने वाले 2022 के चुनाव में अखिलेश यादव को पुनः प्रदेश का मुख्यमंत्री बनायेगी। ताकि पूरे प्रदेश का विकास हो सके। श्री पाण्डेय ने बताया कि कोरोना काल में स्वास्थ्य सेवाओं में की गयी गड़बड़ी व सरकारी उत्पीड़न, भ्रष्टाचार में हो रही वृद्धि के साथ-साथ बेहाल किसान, बेरोजगार जैसे मुद्दे शामिल होंगे।

### फर्जी पुलिस कर्मी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव पुरे मस्तू में पुलिसकर्मी बनकर रौब गालिब करते हुए विवाहिता तत्काल विदाई करने की धमकी देने के आरोप में कुमारगंज पुलिस ने नकली पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव पुरे मस्तू निवासी सुल्तान खान ने देवगांव चौकी पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसने अपनी भतीजी मरियम की शादी 3 वर्ष पूर्व अमेठी जनपद के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पालपुर गांव निवासी मुफीम के साथ की थी। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही उनकी भतीजी को उसके पति सहित ससुरालीजन दहेज के चक्कर में आए दिन मारते पीटते रहते हैं जिनकी प्रताड़ना से तंग आकर के मेरी भतीजी विगत काफी दिनों से मेरे घर पर ही रह रही थी इसी बीच उसका पति मुफीम अपने साथ एक युवक जिसने उत्तर प्रदेश पुलिस लिखी हुई टी.शर्ट पहन कर पुलिस का बेल्ट लगा रखा था सहित महमूद एवं खुर्शीद बेगम के साथ उसके घर आ गए थे पुलिस की वर्दी में मौजूद युवक ने अपने को जगदीशपुर थाने का सिपाही बताया और उसकी भतीजी को तत्काल विदा करने की बात करते हुए पुलिसिया रौब भी गालिब करने लगा।

### नाबालिग को लेकर फरार अभियुक्त गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**गोरखपुर।** गोला थाने की पुलिस ने शनिवार को सुबह लगभग पौने दस बजे पांच माह पूर्व नाबालिग को लेकर फरार हुये युवक को क्षेत्र भ्रमण व अभियुक्त के तलाश में निकली गोला पुलिस ने धुरियापार चीनीमिल के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। युवक को धारा 376, 363, 366, व 3/4 पाक्सो एक्ट में जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गोला कोतवाली परिसर में गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों थाना क्षेत्र के उरुवाबाजार निवासी बबलू उर्फविकास के खिलाफमुकदमा पंजीकृत हुआ था। उस पर एक नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप था। मुखबीर की सूचना पर शनिवार को गोला पुलिस ने सुबह पौने दस बजे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ कर किशोरी को बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल गोला एस के सिंह, एसआइ विवेक कुमार चतुर्वेदी व हमराही शामिल रहे।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा ने किया वृक्षारोपण

**अंबेडकरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे कार्यक्रम के तहत शनिवार को वृक्षारोपण करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा अकबरपुर नगर के सिझौली में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। चंद्र प्रकाश वर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा सप्ताह में वृक्ष लगाकर उनके दीर्घायु होने की कामना हम सभी कार्यकर्ता करते हैं !इसदौरान मौजूद रहे भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ,सुनील राजभर, बृजेश गुप्ता, वैभव, अवधेश राजभर, राकेश शर्मा, रामअचल कनौजिया, सोनू आदि पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 23 लोगों में हुई कोरोना संक्रमण की पुष्टि

**अंबेडकरनगर।** शनिवार को जिले में 23 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई । हालांकि उसके बदले 37 लोगों को डिस्चार्ज किया गया। टाण्डा में संचालित किये गये कोविड अस्पताल में चार लोगों को भर्ती किया गया है। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में टाण्डा व मेडिकल कालेज में विकास खण्डवार मरीजों की भर्ती होगी। शनिवार को संक्रमित पाये गये लोगों में पुलिस कार्यालय व अग्निशमन कार्यालय से एक-एक पुलिस कर्मी शामिल हैं। जिले में अब कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 199 रह गई है। होम आइसोलेशन में 115 लोग स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।

### युवक पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**पुरवा,उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा गांव निवासी वारिस अहमद पुत्र अतीक अहमद के मुताबिक बीते एक वर्ष पूर्व विदेश जाने को वीजा के लिए कोतवाली के ग्राम भाटमऊ निवासी सूरज पुत्र राकेश को पांच लाख रुपए बैंक व नगद दिया था। मगर बदले में आरोपी ने उसे फर्जी वीजा व टिकट थमा दिया। कई बार रूपए वापस मांगने पर आरोपित ने न देने की बात कही। पीड़ित ने कोतवाली में आरोपित के विरूद्व धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

### कानपुर के युवक की हत्या मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**उन्नाव।** कानपुर चकेरी निवासी सुमित, अपने दोस्त शुभम व उत्कर्ष के साथ तेरह सितंबर शाम हाइवे स्थित तिवारी स्वीट में जलपान के लिए रुके थे। यहां होटल व्यवसायी से रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें दूकानदार ने अपने सहयोगियों के साथ सुमित व उसके साथियों को लाठी से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया था। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तीनों को उपचार के लिए हैलट में भर्ती करवाया था। जहां दो दिन पहले सुमित की मौत हो गई थी। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने विजय साहू की तहरीर पर आनन फानन मारपीट लूट व जानलेवा हमले का केस दर्ज कर होटल व्यवसाई समेत चार को हिरासत में ले लिया था। शनिवार को पहले से दर्ज रिपोर्ट को हत्या की धाराओं में तरमीम कर पुलिस ने सुपासी निवासी रोहित पुत्र राकेश मिश्र, आजाद मार्ग चौराहा निवासी संतोष कुमार उर्फकुबड़ा पुत्र मुन्ना, आजाद मार्ग चौराहा निवासी दीपू अवस्थी पुत्र बच्चू लाल व थाना क्षेत्र के गौरा निवासी राजकुमार लोधी पुत्र मेवालाल को हत्या के आरोप में कोर्ट भेजा गया है।

### समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं

**उन्नाव।** डीएम रवीन्द्र कुमार व एसपी आनन्द कुलकर्णी ने औरास थाने में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की समस्या सुनी। डीएम ने सभी एसडीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वादों के छोटे-छोटे मसलो को निपटाने के लिये प्रथम व द्वितीय शनिवार को किस-किस लेखपाल की ड्यूटी सम्बन्धित थानों में रहेगी इसका रोस्टर जारी कराया जाए। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में घूरा, नाली, खड्जा, मेंड़ आदि की समस्याओं एवं घटनाओं को लेकर गम्भीर रहे। क्योंकि कभी-कभी अनदेखी काफी विकराल समस्या बन जाती है। प्रयास किया जाये कि सम्बन्धित लोग मौका मुआईना कर न्याय पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर विवाद हल कराये जाये। अधिकारियों ने भम्रण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेविल वन कोविड अस्पताल औरास का निरीक्षण किया।

### नहाने के दौरान चार छात्र डूबे, एक की मौत

**उन्नाव।** कानपुर नौबस्ता थाना क्षेत्र के यशोदा नगर निवासी संजय साहू (19) शनिवार की सुबह कोचिंग पढ़ने के बाद अपने तीन साथी अभिषेक गौतम (18), सौरभ वर्मा (18), अनुज पांडे (17) के साथ गंगाघाट के पुराने यातायात पुल के नीचे साइकिल से गंगा नहाने पहुंचा। नहाने के दौरान संजय गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। जिस पर अभिषेक ने उसे बचाने का प्रयास किया। जिससे वह भी डूबने लगा। वहीं सौरभ और अनुज भी डूबने लगे। चारों छात्रों को डूबता देख तट पर मौजूद गोताखोरों ने छलांग लगाई और किसी तरह अनुज, सौरभ और अभिषेक को बाहर निकाल कर जाये। वहीं संजय गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं छात्रों के डूबने पर तट के किनारे लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की जानकारी गंगाघाट पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। वहीं स्नान के दौरान मृतक को मोबाइल भी चोरों ने पार कर दिया।

### जिला अस्पताल में डॉ. एनके त्रिपाठी ने फिर दिया योगदान

**अंबेडकरनगर।** महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय एवं जिला अस्पताल सीतापुर के मुख्य चिकित्साधीक्षक रह चुके एवं वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके वरिष्ठ अस्थि रोग सर्जन डॉ0 एन के त्रिपाठी की सेवायें एक बार फिर से जनपदवासियों को मिल सकेगी। शासन द्वारा चलाई गई पूर्व चिकित्सकों के नियोजन प्रक्रिया के तहत डॉ0 एनके त्रिपाठी की तैनाती जिला अस्पताल में की गई है। उनकी तैनाती आर्थोपैडिक सर्जन के रूप में की गई है। डॉ त्रिपाठी ने शनिवार को जिला चिकित्सालय पंहुच कर अपना योगदान दे दिया है। गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय में तैनाती के दौरान लोगों को हड्डी से जुड़े मामलो में बहुत सहूलियत प्राप्त हो रही थी।

# नई शिक्षा नीति का उद्देश्य समावेशी और उत्कृष्टता के दोहरे उद्देश्य को हासिल करना

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि नई शिक्षा नीति का मकसद समावेशी और उत्कृष्टता के दोहरे उद्देश्य को हासिल करके 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित करना है।

राष्ट्रपति ने उच्च शिक्षा में नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह नीति सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके एक समतामूलक और जीवंत रूप से शिक्षित समाज विकसित करने की सोच का निर्धारण करती है। कोविंद ने कहा, उच्च शिक्षण संस्थानों पर भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की अधिक जिम्मेदारी है। अन्य संस्थान इन संस्थानों द्वारा स्थापित गुणवत्ता मानकों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि नई नीति के मूल सिद्धांतों में तार्किक निर्णय लेने तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए रचनात्मकता एवं महत्वपूर्ण दृष्टिकोण को समाहित करना शामिल है।

राष्ट्रपति ने कहा, एनईपी महत्वपूर्ण दृष्टिकोण और जिज्ञासा की भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास भी करती है। नीति के प्रभावी कार्यान्वयन से भारत की शिक्षा के महान केंद्रों तक्षशिला और नालंदा के समय के गौरव को हासिल किया जा सकता है। कोविंद ने भगवत गीता और कृष्ण-अर्जुन संवाद का जिक्र करते हुए शिक्षकों और छात्रों के बीच मुक्त संचार की अवधारणा पर जोर दिया।

उन्होंने कहा नई शिक्षा नीति का मकसद समावेशी और उत्कृष्टता के दोहरे उद्देश्य हासिल करके 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित करना है। यह नीति सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके एक समतामूलक और जीवंत ज्ञान प्राप्त समाज विकसित करने की सोच का निर्धारण करती है।

## पुराने वाहन नष्ट करने की नीति को परिपत्र तैयार: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को कहा कि वाहन तोड़ने (स्क्रैपिंग) नीति के लिए एक मंत्रिमंडल परिपत्र तैयार किया गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री वीके सिंह ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पुराने वाहनों के निपटारे के लिए स्वैच्छिक और पर्यावरण के अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के संदर्भ में एक मंत्रिमंडलीय परिपत्र तैयार किया है। सरकार ने पहले कहा था कि इस प्रस्तावित नीति के एक बार अनुमोदित होने के बाद, सभी वाहनों पर लागू होगी। इस नीति को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के निर्देश पर सभी अंशधारकों के साथ नए दौर के परामर्श के लिए भेजा गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि एक बार नीति को मंजूरी मिलने के बाद, भारत ऑटोमोबाइल विनिर्माण का एक केन्द्र बन सकता है।



तिरुवनंतपुरम में शनिवार को पद्मनाभस्वामी मंदिर के दर्दकुनी उत्सव में भाग लेते भक्तगण

## आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नौकरी के लिए आयुसीमा में छूट की रास में उठी मांग

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** में शनिवार को भाजपा के एक सदस्य ने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से टीबी के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। भाजपा सदस्य के जे अल्फोंस ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि विश्व भर में टीबी के मरीज हैं और भारत के हर राज्य में यह बीमारी अब तक है। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोविड-19 महामारी के चलते टीबी और अन्य गैर संचारी बीमारियों की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

अल्फोंस ने कहा कि ऐसा नहीं है कि गैर संचारी बीमारियां गंभीर नहीं हैं। टीबी के उन्मूलन के लिए वैश्विक लक्ष्य तय किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों का प्रतिरोधक तंत्र वैसे भी कमजोर होता है इसलिए उनके इलाज में कोई ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए। शून्यकाल में ही शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने सुझाव दिया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश एवं रोजगार के लिए आयु सीमा में छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए दस फीसदी आरक्षण की व्यवस्था है लेकिन आयु सीमा में उन्हें कोई छूट नहीं दी गई है। तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने मांग की कि कोलकाता में स्थित अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड को तत्काल बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ऐसे समय यह बोर्ड खत्म किया है जब कोविड-19 महामारी का संकट चरम पर है। डेरेक ने साथ ही कहा कि पश्चिम बंगाल में चल रही एक योजना की तरह ही सरकार कलाकारों, बुनकरों, दैनिक मजदूरों, छोटे व्यापारियों जैसे अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को त्यौहार के मौसम से पहले आर्थिक मदद दे।

भाजपा के वाई आर एस चौधरी ने जल संरक्षण और जल प्रबंधन का मुद्दा शून्यकाल में उठाते हुए कहा कि जिस तेजी से भूजल स्तर गिर रहा है और जल संकट बढ़ रहा है, उसे देखते हुए जल संरक्षण और जल प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए समय रहते कदम उठाने चाहिए। इनके अलावा बीजद के सुभाष चंद्र सिंह , वाईएसआर कांग्रेस के वेंटरमणा राव मोपीदेवी और सपा के चंद्रपाल सिंह ने भी शून्यकाल में अपने अपने मुद्दे उठाए। माकपा सदस्य के के रागेश ने विशेष उल्लेख के जरिए मांग की कि सरकार राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय को कन्नूर से बेंगलूर स्थानांतरित करने का फैसला रद्द कर दे। कांग्रेस के सैयद नजीर हुसैन, बीजद के सुजीत कुमार, भाजपा के हरनाथ सिंह यादव और अशोक बाजपेई और आईयूएमएल के अब्दुल वहाब ने भी विशेष उल्लेख के जरिए लोक महत्व से जुड़े अपने अपने मुद्दे उठाए।

## भूमि अधिग्रहण मुद्दों के कारण 210 एनएच परियोजनाओं में देर डेवलपर्स का खराब प्रदर्शन: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को कहा कि 210 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में विभिन्न कारणों से देरी हो रही हैं जैसे कि डेवलपर्स (विकासकर्ता) द्वारा खराब प्रदर्शन और भूमि अधिग्रहण में आने वाली समस्याओं के अलावा अन्य नियामकीय बाधाएं जैसे कारण शामिल हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री वीके सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि विभिन्न कारणों से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (एनएचएआई) के तहत 210 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के पूरा होने में देर हुई। देरी कई कारणों से है, जैसे ठेकेदारों का खराब प्रदर्शन, विभिन्न गतिविधियों में देरी और भू-उपयोगिता में किया जाने वाला बदलाव, पर्यावरण एवं वन मंजूरी, भूमि अधिग्रहण और कानून और व्यवस्था की समस्याएं आदि। चूंकि भूमि, राज्य का विषय है, इसलिए राज्यों के साथ समन्वय करने एवं भूमि की उपलब्धता के काम की गति में तेजी लाने और भूमि अधिग्रहण के मुद्दों को हल करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

# बंगाल में लागू नहीं गरीब कल्याण रोजगार अभियान

### क्योंकि राज्य ने आंकड़े नहीं दिए: निर्मला सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि गरीब कल्याण रोजगार अभियान पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया गया क्योंकि राज्य कोविड-19 महामारी से जुड़े लॉकडाउन के दौरान अपने घरों को लौटने वाले प्रवासी कामगारों के संबंध में आकड़े नहीं दिए।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 जून को प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार योजना पेश की थी। वित्त मंत्री ने यह जवाब तब दिया जब शून्यकाल के दौरान लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल में प्रवासी श्रमिकों से जुड़ा मुद्दा उठाया। सीतारमण ने कहा कि गरीब कल्याण रोजगार अभियान को 125 दिनों के लिए छह राज्यों के 116 जिलों में लागू किया गया था जहां 30 मई तक प्रति जिला कम से कम 25 हजार प्रवासी श्रमिक लौटे थे। इन राज्यों में बिहार, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और ओडिशा शामिल है।

उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रवासी मजदूरों से संबंधित आंकड़े नहीं दिए, तब हम कैसे पश्चिम बंगाल को शामिल कर सकते थे। हमारे पास यह जानकारी नहीं थी कि उस राज्य के किसी जिले में 25 हजार प्रवासी मजदूर लौटे हैं। मंत्री ने कहा कि त्रिपुरा, छत्तीसगढ जैसे राज्यों ने नए जिले शामिल करने के बारे में मांग की थी लेकिन ऐसा किया नही जा सका।

## डेरी की आड़ में गोकशी मामले में आठ पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में किरतपुर नगरपालिका अध्यक्ष के घेर (जानवरों को रखने के स्थान) पर छापे के दौरान डेरी की आड़ में गोकशी का मामला सामने आया। इस संबंध में पुलिस के दो दारोगा और छह सिपाहियों को लापरवाही के आरोप में लाइनहाजिर किया गया है। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के अनुसार शुक्रवार को सूचना के आधार पर तीन थानों की पुलिस ने किरतपुर नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान के घेर में छापा मारकर 12 जिंदा गौवंश, पशुओं के अवशेष और पशु काटने के उपकरण बरामद किए थे। उन्होंने बताया कि यहां दूध डेरी की आड़ में गोकशी का धंधा बड़े पैमाने पर चल रहा था। पुलिस टीम ने मौके से छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया मगर मन्नान सहित चार लोग फरार हैं। एसपी के अनुसार सभी अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्वाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि किरतपुर कस्बे के प्रभारी दारोगा नरेशपाल, दारोगा इरशाद अली, सिपाही संदीप ,प्रवेश, योगेश, अमित, जितेन्द्र और पंकज को लापरवाही बरतने और कर्तव्य का पालन न करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है।

## सशस्त्र सेनाओं में कोविड-19 से कुल 41 कर्मियों की मौत हुई: सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि सशस्त्र सेनाओं के 22,353 सेवारत कर्मियों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है और इससे अब तक कुल 41 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में रक्षा राज्यमंत्री श्रीपाद नाइक ने बताया, सशस्त्र सेनाओं के सेवारत कर्मियों में कोविड-19 के पुष्ट मामलों की कुल संख्या 22,353 है। आज की तारीख तक, सशस्त्र सेनाओं में कुल 41 मौतें हुई हैं जो प्रत्यक्ष रूप से कोविड-19 के कारण हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि सशस्त्र सेनाओं के सभी अस्पताल कोविड-19 मरीजों के उपचार के लिए उपयुक्त रूप से सुसज्जित हैं। उन्होंने कहा, कोविड-19 के लिए अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय उपचार प्रोटोकॉल की तर्ज पर, सशस्त्र सेना के अस्पतालों में एंटी वाइरल औषधियों (फेविपिराविर और रेमडेसीविर) और इम्यूनो-माडुलेटरी एजेंट (टोसिलिजुमाब प्रीडनिसोलोन आदि) की काफी व्यवस्था है। नाइक ने यह भी बताया कि सशस्त्र सेनाओं के दो अस्पतालों में गम्भीर रूप से बीमार मरीजों के उपचार के लिए प्लाज्मा थेरेपी का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महामारी की शुरुआत में सशस्त्र सेनाओं के सभी अस्पतालों को कोविड केयर के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण उपकरणों जैसे वेंटीलेटर, ऑक्सीजन, पीपीई, फेस मास्क, सैनिटाइजर, थर्मल मॉनिटर आदि से सुसज्जित करने के लिए आपूर्ति आर्डर जारी किए गए थे।

रक्षा राज्य मंत्री ने उच्च सदन को बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए, छुट्टियों से लौटने वाले कर्मियों को 14 दिनों तक पृथकवास में रहना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि सशस्त्र सेनाओं द्वारा सभी स्टेशनों पर एक व्यापक सूचना, शिक्षा और सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है ताकि बचाव उपायों, मुख्य रूप से सामाजिक दूरी के संदर्भ में जनता को जागरूक किया जा सके।

## ऑक्सफोर्ड टीके के तीसरे चरण का परीक्षण पुणे में अगले सप्ताह हो जाएगा शुरू

**पुणे।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित और भारतीय सीरम संस्थान द्वारा तैयार किए जा रहे कोविड-19 टीके का मानव शरीर पर तीसरे चरण का परीक्षण अगले सप्ताह पुणे के ससून अस्पताल में शुरू हो जाएगा। सरकार द्वारा संचालित ससून अस्पताल के डीन डॉक्टर मुरलीधर तांबे ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ससून अस्पताल में अगले सप्ताह कोविशील्ड टीके के तीसरे चरण का परीक्षण शुरू हो जाएगा। इसके सोमवार से शुरू होने की संभावना है। परीक्षण के लिए पहले ही कुछ स्वयंसेवक आगे आ चुके हैं। लगभग 150 से 200 लोगों को यह टीका लगाया जाएगा।

# एनआईए ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी से संबंधित मकान को कुर्क करने का आदेश दिया

**भाषा।** श्रीनगर

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने वर्ष 2017 में जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ केंद्र पर हमले के मामले में गिरफ्तार जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी इरशाद अहमद रेशी से संबंधित मकान को शनिवार को कुर्क करने का आदेश दिया है।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में स्थित मकान इरशाद के पिता नाजिर अहमद रेशी के नाम पर है। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में काकापुरा इलाके के रत्नीपुरा गांव में स्थित मकान के अलावा 17 मरला भूमि को आतंकवादी गतिविधियों लिए इस्तेमाल होने वाली संपत्ति की रूप में कुर्क कर लिया गया है।

गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 25 में प्रदत्त संपत्ति कुर्क करने की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए यह कार्वाई की गई। आरोपी इरशाद रेशी जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी समूह का सक्रिय सदस्य था। वह मारे जा चुके आतंकवादी तथा जैश कमांडर नूर मोहम्मद तांत्रे उर्फ नूर त्राली का करीबी भी था। दिसंबर 2017 में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में नूर त्राली मारा गया था, जिसका बदला लेने के लिए उसी साल दक्षिण कश्मीर के लेथपुरा में सीआरपीएफ समूह केन्द्र पर साजिश के तहत हमला किया गया था।

एनआईए द्वारा अप्रैल 2019 में गिरफ्तार किया गया इरशाद रेशी उस हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। उसने आतंकवादियों के लिए ठहरने और आने-जाने के लिए वाहन का इंतजाम किया था। सीआरपीएफ के पांच कर्मी 30-31 दिसंबर 2017 की दरम्यानी रात को हुए उस हमले में शहीद हो गए थे। जवाबी कार्रवाई में तीन आतंकवादी भी मारे गए थे।

# विहिप भारतीय उद्योगपतियों से चीन से आयात होने वाली वस्तुओं का उत्पादन करने को कहेगी

**भाषा।** भोपाल

**विश्व हिंदू परिषद** महासचिव मिलिंद परांडे ने कहा है कि विहिप चीनी वस्तुओं के बहिष्कार के आह्वान के साथ ही भारतीय उद्योगपतियों से चीन से आयात होने वाले सामान का उत्पादन करने को कहेगी। विहिप की केन्द्रीय समिति की बैठक समाप्त होने के बाद परांडे ने पत्रकार वार्ता में कहा, विहिप ने तय किया है कि देशभर में हम चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करेंगे। चीनी वस्तुएं खरीदने का मतलब अपने शत्रु के हाथ मजबूत करना है। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर चीन की सेना के साथ गतिरोध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, सभी को चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिए। इसके लिए हम बहुत बड़ा अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, इसके साथ ही हम भारत के उद्योगपतियों भी मिल रहे हैं और उनसे पूछ रहे हैं कि वे चीन से आयात की जाने वाली वस्तुओं का विनिर्माण कर सकते हैं या नहीं? परांडे ने कहा, भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से देशभर में सभी के माध्यम से अनेक प्रयास चल रहे हैं। इन प्रयासों को मजबूती देने के लिए कृषि कौशल विकास (स्वरोजगार) स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में विहिप भी अनेक कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर में 32 या 36 माह में रामलला को गर्भ गृह में विराजमान कर दिया जाएगा। विहिप महामंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में कई समाचार एजेंजियों के माध्यम से ज़कात फाउंडेशन के बारे में जानकारी मिली है कि इस फाउंडेशन की कई गतिविधियाँ हिंसा में लिप्त संगठनों के समर्थन में दिखाई पड़ती हैं। इसलिए विश्व हिन्दू परिषद सरकार से इस फाउंडेशन की जांच की मांग करती है।

# पेज एक का शेष

## किसका पलड़ा...

वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) विधेयक-2020, और मूल्य आश्वासन और फार्म सेवा (बिल और संरक्षण) समझौता बिल ध्वनि मत से पारित किया गया। मंगलवार को, सदन ने आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020 पारित किया, जिसमें अनाज, दाल और प्याज सहित खाद्य पदार्थों को बाजार के नियंत्रण से मुक्त करने का प्रयास किया गया है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में तीनों विधेयकों के खिलाफ किसान सड़कों पर उतर आए हैं और केंद्र में भाजपा की सहयोगी शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की नेता केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने विरोध में मोदी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। इससे विपक्ष और आक्रामक हो गया है। उसने सरकार के कदम को खेती का कॉरपोरेटाइजेशन करने और बड़े किसानों के पक्ष में बताया है। राज्यसभा में ये तीनों बिल रविवार को पेश किए जाने हैं।

## अब घर...

आईडी का इस्तेमाल किया जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस खास व्यवस्था को केन्द्र सरकार ने भी सराहा है। इसीलिए केवल कुछ राज्यों के साथ उत्तर प्रदेश को ही विशेष अनुमति है कि वह कोरोना को लेकर अपना डाटा पोर्टल पर अपलोड कर सके और यहीं से उसे भारत सरकार के पोर्टल पर भेज दिया जाता है। केन्द्र सरकार के स्तर पर शनिवार को कैबिनेट सेक्रेटरी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी उन्होंने उत्तर प्रदेश में कोरोना जांच बढ़ाने की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बड़ा काम करके दिखाया है। उल्लेखनीय है कि राज्य में प्रतिदिन लगभग डेढ़ लाख कोरोना नमूनों की जांच की जा रही है। अब इसे प्रतिदिन दो लाख कोरोना जांच करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इस पर काम किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक कुल 83.99 लाख कोरोना नमूनों की जांच हो चुकी है। प्रदेश सरकार के मुताबिक 30 सितम्बर के पहले तक यूपी एक करोड़ जांच करने का वाला राज्य होगा जाएगा।

## पशुपालन घोटाले...

कार रोककर चेक करने पर संतोष मिश्रा अपनी पत्नी के साथ कार की पिछली सीट पर बैठा था। जिसे गिरफ्तार किया गया। संतोष ने बताया कि मैं एक पत्रकार हूं। वर्ष 2012 में मैं सचिवालय में रिपोर्टिंग के लिए आता जाता था, उसी दौरान प्रयागराज निवासी चन्द्रशेखर पांडेय से मेरी जान पहचान हो गयी थी जिनके माध्यम से आशीष राय से मेरा परिचय व घनिष्ठता हो गयी थी। परिचय के दौरान आशीष ने बताया था कि वह एआर इन्टरटेनमेंट कम्पनी चलाता है। आशीष राय मंहगी लक्जरी गाड़ियों से गनर लेकर चलता था। जिससे मैं उसके प्रभाव में आ गया था और उसका मेरे घर आना जाना और पैसों का लेन देन होने लगा था। आशीष राय ने मुझसे कहा कि मेरे छोटे मोटे काम पुलिस व प्रशासन से पड़ते रहते हैं, आप उनको मैनेज कर दिया करो, उसके बदले मैं आपको पैसे दिया करूंगा। इसी क्रम में आशीष अक्सर मुझे नगद पैसे देता था। 2017 में आशीष राय ने मुझे अनिल राय से मिलवाया था, अनिल राय एक न्यूज चैनल के एडिटर थे। उनसे सिफारिश करके मुझे चैनल का यूपी हेड बनवाया था। जहां मैंने एक वर्ष कार्य किया था। इस बीच मेरे आशीष राय व अनिल राय से अच्छे सम्बन्ध हो गये थे। आशीष के सचिवालय के लोगों से काफी प्रगाढ़ सम्बन्ध थे। जिसके कारण वह वहीं से फर्जी कागजात तैयार कर धोखाधड़ी कर ठेका दिलाने आदि के लिए पैसे लिया करता था। कोई मामला फंसने पर मुझे फोन करता था तो मैं उसे मैनेज कर लेता था। 2018 में आशीष राय द्वारा मंजीत भाटिया नाम के आदमी से धोखाधड़ी करके ठेका दिलाने के नाम पर 9 करोड़ 72 लाख रुपए ले लिया था। जो मैनेज नहीं हो पा रहा था, तब आशीष राय ने मुझसे कहा कि इसे किसी तरह इस मामले को मैनेज कराओ, मैं उसका पैसा धीरे धीरे करके लौटा दूगा और इस सहयोग के लिए उसने मुझे नगद करीब 10-12 लाख रुपए अपने सहयोगी चन्दन राय व अपने साले नरेश चतुर्वेदी के माध्यम से दिया था। मैंने आशीष राय को आश्वासन दिया था कि पत्रकार होने के कारण मेरी बहुत से अधिकारियों से जान पहचान है, मैं मामले को मैनेज करा दूगा। लाकडाउन में भी आशीष राय ने मुझे डेढ़ लाख रुपए भेजा था। संतोष ने साथ ही यह भी बताया कि इसी तरह धोखाधड़ी का काम करने वाले गोसाईगंज निवासी हरिओम यादव जिनकी अलास्का रियल स्टेट डेवलपर्स कम्पनी गोसाईगंज, लखनऊ में है, ने सैकड़ों लोगों से जमीन में पैसा लगाने व उसका 5 प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज देने की बात कहकर करीब 29 करोड़ रुपया धोखाधड़ी करके हड़प लिया है। जिसको मैनेज करने के लिए हरिओम यादव ने मुझे 1 करोड़ 15 लाख रुपए दिये थे। जिसमें से 85 लाख रुपए मेरे आईसीआईसीआई बैंक शाखा कपूरथला अलीगंज लखनऊ के खाते में जमा कराया था तथा शेष पैसा कई बार में नगद दिया था। इस मामले में हरिओम यादव के 7-8 सहयोगी जेल भी जा चुके है।

## सैकड़ों निवेशकों...

2018 में मैंने अपनी खुद की कम्पनियां अलास्का रियल स्टेट प्रा. लि., अलास्का कमोडिटीज व अलास्का इंटर प्राइजेज के नाम से बनाईं। इन कम्पनियों के आफिस गोसाईगंज लखनऊ, दिल्ली, मुम्बई, व एफजेडई दुबई में खोले। इन कम्पनियों में इनवेस्ट करने पर 60 प्रतिशत वार्षिक की दर से लाभ देने का प्रलोभन देकर इन कम्पनियों में लगभग 60 करोड़ रुपए वर्ष 2020 तक जमा कराये। 6 फरवरी 2019 में कृष्णानगर जनपद लखनऊ थाना अन्तर्गत मेरा 5 करोड़ रुपए ब्लैक मनी पकड़ा गया, जिस कारण मार्च 2019 में थाना कृष्णा नगर जनपद लखनऊ पुलिस द्वारा मुझे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 40 दिन बाद जब मैं जमानत पर छूट कर आया तो लोगों द्वारा अपना रुपया वापस मांगा जाने लगा और कम्पनी में इनवेस्ट करने वालों का औसत भी घटने लगा। ईडी, आयकर विभाग आदि विभागों द्वारा मेरी कम्पनियों, इनकम की जांच की जाने लगी। मैंने अब निवेशकों का रुपया वापस करना बन्द कर दिया था, जिस कारण महेश कुमार यादव जिन्होंने मेरी कम्पनी में 71.04 लाख का निवेश किया था, ने गोसाईगंज थाने में अभियोग पंजीकृत करा दिया। इसके अतिरिक्त सरफराज 60 लाख, मुशीर अहमद 45 लाख, अमित सिंह 35 लाख, बीबी सिंह 48 लाख, आरबी 22 लाख, मनोज वर्मा 13 लाख, राज कुमार सिंह 12 लाख, कन्हैया लाल 10 लाख, सुरेश शर्मा 10 लाख, बाबू राम 9 लाख आदि लगभग 600 निवेशकों ने निवेश किया था। मैं महीने में एक बार दुबई जाता था, जिससे निवेशकों को लगता था, कि कम्पनी का व्यापार दुबई में चल रहा है और लाभ का रुपया कम्पनी उनको समय पर देती रहेगी। 60 प्रतिशत वार्षिक लाभ के प्रलोभन में आकर निवेशकों द्वारा कम्पनी में निवेश किया जा रहा था। उसने बताया कि उपरोक्त ठगी में मेरे साथ मुख्य रूप से ललित चौधरी, सुभाष चन्द्र यादव, शैलेन्द्र कश्यप, राकेश कुमार यादव, अवधेश कुमार मिश्रा, नन्द किशोर यादव, गजल देव सिंह, सुरेन्द्र कुमार यादव, रूपाली गुप्ता, ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव, आशीष वर्मा आदि शामिल थे। इसके अतिरिक्त जब मेरा 5 करोड़ रुपया थाना कृष्णा नगर पुलिस द्वारा पकड़ा गया था तब पुलिस, प्रशासन को मैनेज करने के नाम पर संतोष मिश्रा कथित पत्रकार को मैंने 1.25 करोड़ रुपए दिया था।

## राजधानी में...

गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान लखनऊ में 1160, कानपुर नगर में 384, प्रयागराज में 309, गोरखपुर में 211, गाजियाबाद में 132, वाराणसी में 143 गौतमबुद्ध नगर में 174, बरेली में 136, मेरठ में 216, मुरादाबाद में 159, अलीगढ़ में 102, झांसी में 99, सहारनपुर में 78, बाराबंकी में 92, देवरिया में 56, बलिया में 73, अयोध्या में 112, शाहजहांपुर में 70, आगरा में 103, जौनपुर में 51, रामपुर में 30, कुशीनगर में 39, महाराजगंज में 50, आजमगढ़ में 48, लखीमपुर खीरी में 126, हरदोई में 45, मुजफ्फरनगर में 105, गाजीपुर में 37, मथुरा में 46, इटावा में 40, गोंडा में 23, बुलंदशहर में 43, सीतापुर में 112, पीलीभीत 72, बस्ती में 45, प्रतापगढ़ में 53, उन्नाव में 40, सुल्तानपुर में 47, सिद्धार्थनगर में 16, चंदौली में 56, बहराइच में 31, बिजनौर में 25, मैनपुरी में 14, सोनभद्र में 30, बदायूं में 48, रायबरेली में 49, संत कबीर नगर में 24, फिरोजाबाद में 37, हापुड़ में 28, अमरोहा में 27, कन्नौज में 31, ललितपुर में 31, मिर्जापुर में 39, मऊ में 34,अमेठी में 22, संभल में 14, फर्रुखाबाद में 32, फतेहपुर में 24, शामली में 11, जालौन में 36, औरैया में 26, बांदा में 27, कानपुर देहात में 16, एटा में 24, भदोही में 13, बलरामपुर में 51, कौशांबी में 19, अंबेडकर नगर में 16, कासगंज में 13, बागपत में 19, चित्रकूट में 43, हमीरपुर में 12, हाथरस में 9, श्रावस्ती में 8 और महोबा में 11 नए मरीज मिले हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कोविड 19 टेस्टिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में कल एक दिन में अब तक का सर्वाधिक कुल 1,54,244 सैम्पल की जांच की गयी। अब तक कुल 83,99,785 सैम्पल की जांच की गयी है। होम आइसोलेशन में अब तक कुल 1,78,123 में से 1,43,436 की अवधि की पूर्ण हो चुकी है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,11,663 क्षेत्रों में 3,64,963 सर्विलांस टीमों के माध्यम से 2,41,01,016 घरों के 11,98,23,345 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रसाद ने बताया कि आरोग्य सेतु ऐप के माध्यम 11,49,328 लोगों को कॉल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से कल 2447 लोगों ने घर बैठे चिकित्सकीय सलाह प्राप्त की। अब तक कुल ई संजीवनी पोर्टल के माध्यम से 85,809 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। प्रसाद ने बताया कि 17 सितम्बर ,2020 को सरकारी चिकित्सालयों में कुल 6723 का प्रसव हुआ है, जिसमें 6482 नॉर्मल डिलीवरी व 241 सिजेरियन डिलीवरी हुई।

## रोगियों के...

हुए लोगों की करीब 19 प्रतिशत संख्या है। इसके कारण संक्रमणमुक्त होने की राष्ट्रीय दर मजबूती से सुधरकर 79.28 प्रतिशत हो गई है। उसने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में आक्रामक तरीके से जांच करके रोगियों की जल्दी पहचान करने के केंद्रित, क्रमबद्ध और प्रभावी उपायों, त्वरित निगरानी और मानकीकृत उच्च गुणवत्ता पूर्ण क्लीनिकल देखभाल के कारण इस वैश्विक उपलब्धि को हासिल किया जा सका है। मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे की अवधि में देश में 95,880 लोग कोविड-19 से उबर चुके हैं और स्वस्थ हुए 90 प्रतिशत मामले 15 राज्यों तथा एक केंद्रशासित प्रदेश से आए हैं।

## त्वेसा मलिक फ्रेंच ओपन में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**बोरदू (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने तीन अंडर 68 का स्कोर करके लाकोस्टे लेडीज ओपन डे फ्रांस के दूसरे दौर के बाद संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। त्वेसा ने कुल चार अंडर 138 स्कोर किया। स्वीडन की जूलिया एंगस्ट्रोम 64 का स्कोर करके शीर्ष पर है। भारत की ही दीक्षा डागर खराब प्रदर्शन के बाद कट में प्रवेश से चूक गई। त्वेसा फ्रांस की सेलाइन हर्बिन के साथ दूसरे स्थान पर है और वे जूलिया से चार स्ट्रोक पीछे हैं।

## बायर्न ने शाल्के को हराया

**बर्लिन।** गत चैम्पियन बायर्न म्युनिख ने दर्शकों के बिना बहाल हुई बुंदेस्लिगा फुटबॉल के पहले मैच में शाल्के को 8-0 से हराया। शाल्के पिछले 17 मैचों से जीत नही सकी है जबकि बायर्न का विजय अभियान 22 मैचों का हो गया है। बायर्न के लिए सर्जी नाबरी ने हैट्रिक लगाई। पहले इस मैच के लिए 7500 दर्शकों को स्टेडियम में अनुमति देने की योजना थी लेकिन कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढने के बाद यह फैसला वापिस ले लिया गया।

## कोविड–19 महामारी से फीफा विश्व कप कार्यक्रम प्रभावित

**जेनेवा।** कोरोना वायरस महामारी फीफा के क्लब विश्व कप के एक सत्र को स्थगित करने के बाद दूसरे सत्र को भी प्रभावित कर रहा है। इसके साथ ही कोविड-19 के कारण 2022 विश्व कप क्वालीफाइंग मुकाबलों में हो रही देरी ने टूर्नामेंट को समय पर कराने को लेकर चिंताएं बढ़ा दी है।फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने शुक्रवार को महाद्वीपीय क्लब चैंपियनशिप के लिए पारंपरिक सात-टीमों की टूर्नामेंट को नए तारीखों पर करने की पुष्टि की। पहले इसका आयोजन दिसंबर में कतर में निर्धारित था।

## बीसीसीआई, अमीरात बोर्ड ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शनिवार को दोनो देशों के बीच क्रिकेट संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) और मेजबान समझौते पर हस्ताक्षर किए। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। शाह ने ट्विटर पर लिखा, मैने और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरोनी के साथ हमारे देशों के बीच क्रिकेट संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बीसीसीआई और ईसीबी की ओर से समझौता ज्ञापन और मेजबानी समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## महामारी के कारण बीएफआई ने चुनाव स्थगित किए

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी को देखते हुए भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के आगामी चुनाव शनिवार को स्थगित कर दिए गए तथा अध्यक्ष अजय सिंह और कार्यकारी समिति का कार्यकाल तीन महीने बढ़ा दिया गया। बीएफआई ने विशेष आम बैठक (एसजीएम) में राष्ट्रीय खेल संहिता 2011 की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने संविधान में सर्वसम्मति से संशोधन भी किए।

# चेन्नई का जीत से आगाज

## ● मुंबई को 5 विकेट से हराया, रायुडू चमके

भाषा। अबुधाबी



पिछले साल विश्व कप टीम में नहीं चुने जाने के कारण चर्चा में रहे अंबाती रायुडु की शानदार पारी और फाफ डुप्लेसिस के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने शनिवार को यहां मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स को पांच विकेट से हराकर 13वें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान का जीत से आगाज किया। रायुडु ने 48 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 71 रन बनाए और फाफ डुप्लेसिस (44 गेंदों पर नाबाद 58, छह चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 115 रन जोड़कर चेन्नई को खराब शुरुआत से उबारा। अंतिम क्षणों में सैम कुॅन ने दो छक्कों की मदद से 18 रन बनाए। चेन्नई ने 19.2 ओवरों में पांच विकेट पर 166 रन बनाए।मुंबई ने अंतिम छह ओवरों केवल 41 रन बनाए और इस बीच छह विकेट गंवाए जिससे वह नौ विकेट पर 162 रन तक ही पहुंच पाया। आखिर में उसे यह महंगा पड़ा। उसकी तरफ सौरभ तिवारी (31 गेंदों पर 42, तीन चौके, एक छक्का) और क्विंटन डिकाक (20 गेंदों पर 33, पांच चौके) ने अहम योगदान दिया।चेन्नई ने मुंबई से पिछले पांचों मैच गंवाए थे लेकिन इस बार वह अपने चिर प्रतिद्वंद्वी को हराकर शानदार शुरुआत करने में सफल रहा। चेन्नई की शुरुआत बहुत खराब रही और उसने पहले दो ओवर में ही दोनों सलामी बल्लेबाज शेन वाटसन (चार) और मुरली विजय (एक) का विकेट गंवा दिया।

यह आलम तब था जबकि मुंबई ने जसप्रीत बुमराह से गेंदबाजी का आगाज नहीं करवाया था। बुमराह छठा ओवर करने आए और रायुडु ने दो चौकों और एक छक्के से उनका स्वागत करके पावरप्ले में स्कोर दो विकेट पर 37 रन तक पहुंचाया। उन्होंने डुप्लेसिस के साथ कुशलता से पारी संवारी और इस बीच लंबे शॉट लगाने की अपनी कला का भी बखूबी प्रदर्शन किया। मुंबई के दोनों स्पिनरों राहुल चाहर और क्रुणाल पंड्या की उनके सामने एक नहीं चली। इस आईपीएल का पहला अर्धशतक भी रायुडु ने ही लगाया जो टी20 में उनका 26वां अर्धशतक है। रायुडु को 69 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान भी मिला लेकिन इसी ओवर में वह हवा में लहराता हुआ कैच दे बैठे। चेन्नई को तब 24 गेंदों पर 42 रन की जरूरत थी। रविंद्र जडेजा (10) भी कुछ खास नहीं कर पाए लेकिन कुॅन (छह गेंदों पर 18) ने क्रुणाल और बुमराह पर छक्के लगाकर चेन्नई का काम आसान कर दिया।

### स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियन्स** : रोहित शर्मा का कुॅन बो चावला 12,क्विंटन डिकाक का वाटसन बो कुॅन 33,सूर्यकुमार यादव का कुॅन बो चाहर 17,सौरभ तिवारी का डुप्लेसिस बो जडेजा 42,हार्दिक पंड्या का डुप्लेसिस बो जडेजा 14,कीरेन पोलार्ड का धोनी बो एनगिडी 18,क्रुणाल पंड्या का धोनी बो एनगिडी 03,जेम्स पैटिनसन का डुप्लेसिस बो एनगिडी 11,राहुल चाहर नाबाद 02,ट्रेंट बोल्ट बो चाहर 00,जसप्रीत बुमराह नाबाद 05,**अतिरिक्त** (लेग बाई 01, वाइड 04) 05,**कुल** (20 ओवर में, नौ विकेट पर) 162,**विकेट पतन** :1-46, 2-48, 3-92, 4-121, 5-124, 6-136, 7-151, 8-156, 9-156,**गेंदबाजी** :चाहर 4-0-32-2,कुॅन 4-0-28-1,एनगिडी 4-0-38-3,चावला 4-0-21-1,जडेजा 4-0-42-2

**चेन्नई सुपरकिंग्स** : विजय पगबाधा बो पैटिनसन 01,वाटसन पगबाधा बो बोल्ट 04, फाफ डुप्लेसिस नाबाद 58, रायुडु का एवं बो चाहर 71,जडेजा पगबाधा बो क्रुणाल पंड्या 10, कुॅन का पैटिनसन बो बुमराह 18,महेंद्र सिंह धोनी नाबाद 00,**अतिरिक्त** (नोबाल 01, वाइड 03) 04,कुल (19.2 ओवर मे, पांच विकेट पर) 166,विकेट पतन :1-5, 2-6, 3-121, 4-134, 5-153,**गेंदबाजी** : बोल्ट 3.2-0-23-1,पैटिनसन 4-0-27-1,बुमराह 4-0-43-1,क्रुणाल पंड्या 4-0-37-1,राहुल चाहर 4-0-36-1

# स्पिनरों के दम से दिल्ली कैपिटल्स का पलड़ा भारी

## ● किंग्स इलेवन पंजाब से मुकाबला आज

भाषा। दुबई

रविचंद्रन अश्विन, अमित मिश्रा और अक्षर पटेल जैसे अनुभवी स्पिनरों की मौजूदगी के कारण दिल्ली कैपिटल्स का रविवार को खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ पलड़ा भारी रहेगा। दोनों टीमों का यह सत्र का पहला मुकाबला होगा जहां उनके कप्तानों के बीच भी शानदार प्रतिद्वंद्विता देखने को मिल सकती है। किंग्स इलेवन के कप्तान लोकेश राहुल और दिल्ली कैपिटल्स के श्रेयस अय्यर को भविष्य के भारतीय कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है।



यही नहीं दोनों टीमों के कोच विश्व स्तरीय खिलाड़ी रहे है और ऐसे में उनकी रणनीति को देखना दिलचस्प होगा। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाड़ी अनिल कुंबले से प्रेरणा लेना चाहेंगे तो वही दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी रिकी पोंटिंग की योजनाओं को मैदान पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दोनों टीमों में बड़े शॉट लगाने वाले खिलाड़ियों को कमी नहीं है लेकिन यूएई की धीमी पिचों पर अश्विन, मिश्रा और अक्षर की तिकड़ी पंजाब की टीम पर भारी पड़ सकती है। यह मुकाबला दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। बल्लेबाजी के मोर्चे पर दिल्ली कैपिटल्स में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। जिसमें पृथ्वी साव, अय्यर, ऋषभ पंत, शिखर धवन के अलावा वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमेयर शामिल हैं। इस परिदृश्य में भारतीय टेस्ट उप–कप्तान अजिंक्य रहाणे (120 से कम की स्ट्राइक रेट) को शायद मौका नहीं मिले। टीम ने उन्हें राजथान रॉयल्स से खरीदा गया था। किंग्स इलेवन के पास क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल और खुद राहुल जैसे बड़े शॉट लगाने वाले खिलाड़ी है।

### बायो बबल में रहना चुनौतीपूर्ण , मैदान पर दर्शकों की कमी खलेगी : श्रेयस

**दुबई।** किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान के आगाज से पूर्व दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने स्वीकार किया कि बायो बबल मे रहना चुनौतीपूर्ण है और मैदान पर टीम को दर्शकों की कमी जरूर खलेगी। कोरोना वायरस महामारी के कारण यूएई मे हो रहे इस आईपीएल में स्वास्थ्य और सुरक्षा के कड़े प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। आम तौर पर खचाखच भरे स्टेडियम मे होने वाले आईपीएल मैच इस बार खाली स्टेडियमो मे होंगे। श्रेयस ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस मे कहा

### पंत से काफी उम्मीदें लेकिन अपेक्षाओं का दबाव नहीं डालेंगे : पोंटिंग

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिग को अपने शीर्षक्रम खासकर स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत से इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र मे प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद है लेकिन उन्होने कहा कि वह इस युवा खिलाड़ी पर अपेक्षाओ का दबाव नही डालेंगे। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ पोंटिग ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मुझे पूरी टीम से काफी उम्मीदे है और मुझे यकीन है कि ऋषभ इस बार भी प्रभावी प्रदर्शन करेंगे। लेकिन एक कोच होने के नाते मै ऐसी कोई अपेक्षाएं नही रखना चाहता जो खिलाड़ी को खुद से भी नही हो।

## जोकोविच ने फिर आपा खोया, सेमीफाइनल में पहुंचे



भाषा। रोम

अमेरिकी ओपन में दो हफ्ते से भी कम समय पहले अनजानी गलती से अमेरिकी ओपन से बाहर हुए सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच शनिवार को इटालियन ओपन के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जर्मनी के क्वालीफायर डॉमिनिक कोप्फर के खिलाफ जीत के दौरान फिर आपा खो बैठे। जोकोविच ने कोप्फर पर 6–3, 4–6, 6–3 से जीत हासिल की। लेकिन दूसरे सेट के दौरान गुस्से में उन्होंने अपना रैकेट जमीन पर मारा जिससे उनके रैकेट का फ्रेम टूट गया और उन्हें नया रैकेट लेना पड़ा। उन्हें चेयर अंपायर से चेतावनी भी मिली। जोकोविच मैच के दौरान अंपायर को घूरते भी दिखे जब अंपायर ने उनके खिलाफ फैसला किया और एक प्वाइंट के लिए दोबारा खेलने का भी आदेश दिया। शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी जोकोविच ने सोमवार को कहा था कि अमेरिकी ओपन से बाहर किए जाने के बाद उन्होंने बड़ा सबक सीखा था। सेमीफाइनल में उनका सामना कैस्पर रड से होगा जिन्होंने स्थानीय प्रबल दावेदार माटियो बेरेटिनी को दो घंटे 57 मिनट तक चले मुकाबले में 4–6, 6–3, 7–6 से हराया।

### हालेप सेमीफाइनल में

**रोम।** शीर्ष वरीय सिमोना हालेप ने शनिवार को इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया क्योंकि कजाखस्तान की उनकी प्रतिद्वंद्वी यूलिया पुतिनत्सेवा ने पीठ के निचले हिस्से में चोट की वजह से मैच के बीच से रिटायर होने का फैसला किया। हालेप तब 6-2 2-0 से आगे चल रही थी, जब पुतिनत्सेवा ने दर्द के कारण हटने का फैसला किया। इससे पहले वह सेट के बीच में भी मेडिकल टाइम आउट ले चुकी थी। पुतिनत्सेवा यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी जबकि हालेप ने कोरोना वायरस के कारण यात्रा संबंधित चिंताओं के कारण इसमें नही खेलने का फैसला किया था।

### बोपन्ना–शापोवालो बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और कनाडा के डेनिस शापोवालोव की जोड़ी इटालियन ओपन टेनिस के पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के जेरेमी चार्डी और फेब्रिस मार्टिन से हारकर बाहर हो गई। दोनों को 6-4, 5-7, 7-10 से पराजय का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और शापोवालोव ने दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जुआन सेबेस्टियन काबाल और कोलंबिया के राबर्ट फाराह को मात दी थी। बोपन्ना और शापोवालोव अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल मे भी हार गए थे।

## हरिकृष्णा ने कार्लसन को हराया लेकिन फिर चार मैच हारे



भाषा। चेन्नई

भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने नॉर्वे के विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन को हराया लेकिन बाद में लगातार चार मुकाबले हारकर सेंट लुईस रैपिट और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में छठे स्थान पर खिसक गए। हरिकृष्णा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन को ब्लिट्ज के तीसरे दौर में 63 चालों में हराया। उन्होंने अमेरिका के जैफरी शियोंग को भी मात दी लेकिन इसके अलावा चार मुकाबले हारे और तीन ड्रा खेले। उन्हें अमेरिका के लेइनिएर डोमिनिगेज और वेसले, रूस के अलेक्जेंडर ग्रिसचुक और ईरान के अलीरजा फिरोजा ने हराया। वह आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन के साथ छठे स्थान पर हैं जिनके 3 . 5 अंक हैं। कार्लसन 18 . 5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं।

## बेहतर क्रिकेट खेल कर सत्र को शानदार बनाने की कोशिश होगीः राहुल



**दुबई।** किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में अच्छी क्रिकेट खेल कर इसे यादगार बनाने की कोशिश करेगी। राहुल की अगुवाई में टीम रविवार को यहां के दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान को शुरुआत करेगी। टीम शानदार है, हम अच्छे से घुल–मिल रहे है और सत्र को यादगार बनाने के लिए बेहतरीन क्रिकेट खेलना चाहते हैं। हमें आईपीएल के इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर विश्वास है। हम इसे लेकर प्रेरित और उत्साहित है। पिछले दो सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले राहुल इस बार टीम का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि यूएई में दर्शकों के बिना आईपीएल खेलना चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन टीम इसके लिए तैयार है। इस साल एक अलग अनुभव होने जा रहा है, लेकिन हम एक टीम के रूप में चुनौती के लिए तैयार हैं और उन सभी प्रशंसकों के लिए खेल रहे हैं जो हमारा समर्थन करते हैं। किंग्स इलेवन पंजाब की टीम अब तक आईपीएल चैम्पियन नहीं बनी है।

## शुभमन पूरे आईपीएल सत्र में शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करेंगेः केकेआर कोच मैकुलम



**अबुधाबी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने शनिवार को स्पष्ट किया कि शुभमन गिल पूरे इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान पारी का आगाज करेंगे ताकि संयुक्त अरब अमीरात की मुश्किल पिचों पर शीर्ष क्रम में कुछ मजबूती मिले। पिछले सत्र में उभरते हुए इस शीर्ष क्रम बल्लेबाज को विभिन्न स्थानों पर आजमाया गया लेकिन उनके नतीजे अच्छे नहीं रहे और टीम के प्ले आफ स्थान चूकने का यह भी एक कारण माना गया। मैकुलम ने कहा, विकेट काफी ताजा होगा, मुझे लगता है कि यह सीम गेंदबाजी के लिए काफी मददगार होगा। अगर तेज गेंदबाजी के खिलाफ शुरू में विकेट कुछ मुश्किल होता है तो मुझे लगता है कि आप अपने उन खिलाड़ियों को चाहोगे जिनकी तकनीकी सर्वश्रेष्ठ हो और उनकी बल्लेबाजी की कला सर्वश्रेष्ठ हो।, वह

## पहले छह दिन पृथकवास पर रहना बहुत मुश्किल था : धोनी

**अबुधाबी।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उदघाटन मैच से पूर्व शनिवार को यहां कहा कि परिवार के साथ पांच महीने बिताने के बाद यहां पहले छह दिन पृथकवास में रहना सबसे मुश्किल दौर था। इस बार आईपीएल से पूर्व चेन्नई टीम के 13 सदस्य कोविड–19 से संक्रमित पाए गए थे जिनमें दो खिलाड़ी भी शामिल थे। इसके बाद सुरेश रैना और हरभजन सिंह भी निजी कारणों से टूर्नामेंट से हट गए थे। दिशानिर्देशों के अनुसार टीमों को यूएई पहुंचने पर छह दिन तक पृथकवास पर रहना पड़ा था, लेकिन दीपक चाहर और रुतुराज गायकवाड़ सहित कुल 13 मामलों के पॉजीटिव पाए जाने के कारण चेन्नई का पृथकवास एक सितंबर तक बढ़ गया था। धोनी ने टास जीतने के बाद कहा, पृथकवास के पहले छह दिन काफी मुश्किल थे। आप अपने परिवार के साथ रहते हो और अचानक ही आपको कमरे में अलग थलग रहना पड़ता है।

# प्रदर्शनकारियों ने गांधी की प्रतिमा को भी नहीं छोड़ा : ट्रम्प

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अफ्रीकी अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद हिंसक हुए प्रदर्शनकारियों को ठगों की टोली करार देते हुए कहा कि उन्होंने वाशिंगटन डीसी में मौजूद महात्मा गांधी की प्रतिमा को भी नहीं छोड़ा।

गौरतलब है कि 25 मई को मिनियापोलिस में श्वेत पुलिसकर्मी डेरेक चाउविन ने 46 वर्षीय फ्लॉयड को हथकड़ी लगा कर जमीन पर गिरा दिया था और उसकी गर्दन को घुटने से करीब आठ मिनट तक दबाए रखा जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पूरे देश में हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए। इस क्रम में पूरे देश में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की भी कुछ घटनाएं हुईं। मिनीसोटा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा, आप जानते हैं, उन्होंने अब्राहम लिंकन की प्रतिमा को निशाना बनाया। जब उन्होंने लिंकन की प्रतिमा को निशाना बनाया तो मैंने कहा, एक मिनट रुको, यह वह व्यक्ति है और आप ऐसा कर रहे हैं, तब उन्होंने जॉर्ज वाशिंगटन, थॉमस जेफरसन और सभी को निशाना बनाना शुरू किया। उल्लेखनीय है कि ट्रम्प 2016 में मिनिसोटा में 44 हजार मतों से हार गए थे। राष्ट्रपति ने वाशिंगटन में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा का जिक्र किया जिसे अज्ञात शरारती तत्वों ने राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के दौरान निशाना बनाया था। उन्होंने कहा, उनके पास गांधी भी थे। गांधी बस एक ही चीज चाहते हैं,वह है शांति। सही? हमारे पास शांति हैं, और उनकी प्रतिमा गिरा दी गई। हम उन्हें पसंद नहीं करते हैं मुझे नहीं लगता कि उन्हें एहसास होगा कि वे क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं मानता हूं कि यह महज कुछ ठगों की टोली थी। आप सच जानना चाहते हैं। मैं मानता हूं यह ठगों की टोली थी। राष्ट्रपति ने अपने श्रोताओं को बताया कि उन्होंने उस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें ऐसे शरारती तत्वों के लिए 10 साल की कैद का प्रावधान है।उन्होंने कहा कि अब कोई प्रतिमाओं को गिराने की बात तक नहीं करता है।भारतीय दूतावास ने नेशनल पार्क पुलिस और अमेरिकी विदेश मंत्रालय की मदद से प्रतिमा पुन: स्थापित कर दी है।

## अमेरिका ने सीरिया में रूस का मुकाबला करने के लिए और सैनिक व बख्तरबंद वाहन भेजे

**वाशिंगटन।** रूसी बलों के साथ हुई कई झड़पों के बाद अमेरिका ने पूर्वी सीरिया मे अतिरिक्त सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों की तैनाती की है। अमेरिकी नौसेना मे कैप्टन और मध्य कमान के प्रवक्ता बिल अर्बन ने बताया कि अमेरिका ने रडार प्रणाली भी भेजी है और अमेरिकी एंव गठबंधन बलों की बेहतर सुरक्षा के लिए इलाके मे लड़ाकू विमानों की गश्त बढ़ा दी गई है। अर्बन ने कहा, अमेरिका सीरिया मे किसी अन्य देश से विवाद नही चाहता लेकिन जरूरत पड़ी तो गठबंधन बलों की रक्षा करेगा। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि करीब आधा दर्जन ब्राडले लड़ाकू वाहन और 100 से कुछ कम अतिरिक्त सैनिक पूर्वी सीरिया भेजे गए है।



गाजा सिटी में समुद्र में अपने परिवार के साथ खेलता फलीस्तीनी व्यक्ति

# चीन ने ताइवान की तरफ और लड़ाकू विमान भेजे

## ● चीन, ताइवान को अलग हुआ प्रांत मानता है और जरूरत पड़ने पर ताकत के बल पर हासिल करने की बात करता है

एपी। ताइपे

**चीन ने** शनिवार को लगातार दूसरे दिन ताइवान की तरफ और भी लड़ाकू विमान भेजे। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब ताइवान के वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय अमेरिकी दूत ताइवान को लोकतांत्रिक व्यवस्था में तब्दील करने वाले पूर्व राष्ट्रपति ली तेंग हुई को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अमेरिका की विदेश उप मंत्री किथ क्राच कार्यक्रम में मौजूद रहे, लेकिन कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति पर चीन ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई और शुक्रवार को ताइवान जलडमरुमध्य के ऊपर 18 लड़ाकू विमानों को भेजा, असमान्य तरीके से इतने बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदर्शन किया गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक शनिवार को चीन ने दो बमवर्षक विमान सहित 19 लड़ाकू विमानों को भेजा। मंत्रालय ने कहा कि ताइवान की वायुसेना ने इसका मुकाबला किया और चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की तैनाती की गई है। उल्लेखनीय है कि ली को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शनिवार को ताइपे स्थित एलेथिया विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया और इसमें राष्ट्रपति त्साई इंग वेन भी शामिल हुईं। गौरतलब है कि ली ने ताइवान में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन सुनिश्चित किया और चीनी मुख्यभूमि से अलग ताइवान की राजनीतिक पहचान स्थापित की। चीन, ताइवान को अलग हुआ प्रांत मानता है और जरूरत पड़ने पर ताकत के बल पर हासिल करने की बात करता है।

# दिल्ली के ई-रिक्शा चालक का बेटा लंदन के बैले स्कूल के लिए क्राउडफंड से जुटा रहा फीस

भाषा। लंदन

**दिल्ली में ई**–रिक्शा चलाने वाले पिता का 20 वर्षीय बेटा कमल सिंह ने लंदन स्थित प्रतिष्ठित इंग्लिश बैले स्कूल में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की फीस जुटाने के लिए क्राउडफंडिंग अभियान की शुरुआत की है। स्कूल के एक वर्षीय पेशेवर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में सफल होने के बाद सिंह का सपना अंतरराष्ट्रीय नृत्य मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का है। हालांकि, इसके लिए न केवल उन्हें फीस देने के लिए बल्कि लंदन में रहने के लिए बड़ी राशि की जरूरत है। सिंह ने कहा, मेरा परिवार और मेरे कोच हमेशा मेरे पक्ष में खड़े हुए हैं। उन्होंने कभी मुझे हताश नहीं होने दिया। दुर्भाग्यवश मैं एक साल के पाठ्यक्रम का फीस–8000 पांउड (करीब 7.60 लाख रुपए)– वहन नहीं कर सकता। इसके साथ ही लंदन में रहने का भी खर्च है जो कम से कम एक हजार पाउंड (करीब 95 हजार रुपए) है। उन्होंने कहा, मैंने केट्टो (क्राउडफंडिंग का मंच)पर कोष एकत्र करने का फैसला या। मैं लोगों के प्यार और समर्थन से आगे बढूंगा जो मुझे लोगों से मिल रहा है। मैं लोगों का आभारी हूं जो मेरे अभियान को दान दे रहे हैं।

### असांजे के वकील का दावा

# ट्रंप की ओर से असांजे को माफी की एक अप्रत्यक्ष पेशकश की गई

एपी। लंदन



**विकीलीक्स** संस्थापक जूलियन असांजे की एक वकील ने लंदन की एक अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से एक सौदे की अप्रत्यक्ष पेशकश की गई थी।

वकील ने कहा कि इसमें असांजे से कहा गया कि यदि वह 2016 के चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी से लीक दस्तावेजों के स्रोत का खुलासा कर दें तो वह अमेरिका प्रत्यर्पित होने से बच जाएंगे। असांजे ने डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के ईमेल लीक के स्रोत का खुलासा नहीं किया था। असांजे अमेरिका द्वारा उन्हें प्रत्यर्पित करने के प्रयासों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। अमेरिका असांजे को प्रत्यर्पित करना चाहता है ताकि वह विकीलीक्स में अपने काम से संबंधित आरोपों का सामना कर सकें। एक दशक तक विकीलीक्स का प्रतिनिधित्व करने वाली अधिवक्ता जेनिफर रॉबिन्सन ने शुक्रवार को अदालत में एक लिखित बयान के माध्यम से कहा कि उनके मुवक्किल को एक प्रस्ताव 15 अगस्त, 2017 को पूर्व रिपब्लिकन कांग्रेस सदस्य डी रोहराबाचेर और ट्रंप के सहयोगी चार्ल्स जॉनसन के साथ एक बैठक में दिया गया था।

लंदन की आपराधिक अदालत में पढ़े गए अपने बयान में कहा कि दोनों हमें विश्वास दिलाना चाहते थे कि वे राष्ट्रपति की तरफ से काम कर रहे थे। रॉबिन्सन ने कहा कि दोनों ने कहा कि ट्रंप को इस बारे में जानकारी है और उन्होंने इसकी मंजूरी दी है कि वे दोनों प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए असांजे से मुलाकात करें।

जनपद में तेजी से पांव पसार रहा संक्रमण

# फिर फूटा कोरोना बम मिले 124 नए पॉजिटिव

संवाददाता। सीतापुर




**जनपद में** कोरोना का डेथ रेट बढ़ने लगा है। अब तक महामारी में 33 जान जा चुकी हैं। 668 ऐक्टिव मरीज जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। जनपद में कोरोना महामारी ने तेजी से पांव पसारना शुरू कर दिया है। कोरोना केस 3,500 के करीब पहुंच गए हैं। पिछले 24 घंटे में 112 नए मामले मिले हैं। बड़ी व घनी आबादी वाले सीतापुर में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के आंकड़ों से खौफ का माहौल है। सोशल डिस्टेंसिंग की अनदेखी शहर को भारी पड़ रही है। शहर में कोरोना का ग्राफबढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को आई रिपोर्ट में 31 केस मिले हैं। जिला जेल पर एक बार फिर कोरोना ने चोट मारी है, यहां 4 मरीज मिले हैं। मुंशीगंज व चौधरी टोला में 3-3, आलमनगर, रोटी गोदाम, इस्माइलपुर, विजय लक्ष्मी नगर, शिवपुरी व प्रेम नगर के 2-2 केस हैं। नेपालापुर, सीएमओ बंगला, चित्रा टॉकीज, खूबपुर, घूरामऊ बंगला, तरीनपुर, सिविल लाइंस, तामसेन गंज, मिर्दही टोला में 1-1 केस निकला है। शहर के साथ ही कस्बाई व ग्रामीण अंचल भी कोरोना से कराह उठा है। सिधौली व खैराबाद में कोरोना विस्फोट हुआ है। सिधौली में 17 और खैराबाद में 16 केस मिले हैं। गोंदलामऊ में 14 मरीज मिलने से हड़कम्प मचा है। महमूदाबाद में 7, बिसवां में 5, कसमंडा में 4, महोली व पहला में 3-3, परसेंडी व बेहटा में 2-2 और मिश्रिख, लहरपुर व ऐलिया में 1-1 केस निकला है, जबकि 5 केस अन्य स्थानों के हैं। इसी के साथ जनपद में कुल पॉजिटिव केस 3,248 हो गए हैं।

## विभिन्न थाना क्षेत्रों में बरामद हुई शराब

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कार्यवाही करते हुए विभिन्न थानों की पुलिस ने 50 लीटर कच्ची शराब व 3 भट्ठियों के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। थाना खैराबाद पुलिस ने मीनापुर निवासी राजेश को 10 लीटर, थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने बेनीपुर निवासी विनोद को 10 लीटर शराब व भट्ठी, थाना सकरन पुलिस ने इलाके के शिवरतन को 20 लीटर शराब व भट्ठी जबकि थाना मानपुर पुलिस ने जमालपुर निवासी खुशीराम को 10 लीटर शराब व भट्ठी के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्तों पर कार्यवाही की गई है।

## फर्राटा पंखे में उतरे करंट से हुई युवक की मौत

**रामकोट सीतापुर।** थाना रामकोट इलाके के गांव बरगदहा में फर्राटा पंखा 22 वर्षीय पुष्कर की मौत का कारण बन गया। शुक्रवार रात पिता के लिए पंखा लगाते समय उसमें करंट उतर आया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है।

योगी सरकार के फरमान के विरोध में व्यापारियों ने किया

# प्रदेश सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान

● प्रति माह दस व्यापारियों के यहां छापामार कार्रवाई किए जाने के विरोध में व्यापारियों में उबाल

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-प्रेसवार्ता करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी

**प्रदेश सरकार** के इस फरमान कि प्रति माह प्रत्येक शहर के दस व्यापारियों के यहां छापामार कार्यवाही की जाय से व्यापारियों में उबाल है। शायद यही वजह है कि अर्से बाद व्यापारी संगठनों ने एक मंच पर आकर प्रदेश सरकार के खिलाफआर-पार लड़ाई का ऐलान किया है। व्यापारियों का कहना है कि पूर्ववर्ती सरकारों की तरह एक बार फिर व्यापारियों की प्रतिष्ठा को तार-तार करने का कुचक्र रचा जा रहा है। छापामार कार्रवाई कर उन्हें चोर घोषित करने का कुत्सित प्रयास किया जायेगा। शहर के पंजाबी धर्मशाला में पत्रकारों से वार्ता करते हुए व्यापारियों ने कहा कि किसी भी कीमत पर ऐसे काले कानून को लागू नहीं होने दिया जायेगा। जिलाध्यक्ष आदर्श व्यापार मण्डल गोपाल टण्डन ने कहा कि हम सब व्यापारी एक मंच पर इसलिए एकत्र हुए हैं कि राज्य सरकार द्वारा लागू किए जा रहे इंस्पेक्टर राज्य को खत्म किया जायेगा। प्रदेष उपाध्यक्ष आदर्श व्यापार मण्डल प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि एसआईबी के विरोध में बैठक हुई है। व्यापारियों पर छापे डालने का काम किया जा रहा है। वह बहुत निंदनीय है। व्यापारियों का कहना है कि कोविड-19 की महामारी के चलते उनका व्यापार पहले से ही प्रभावित है। व्यापारियों ने ही महामारी के दौर में श्रमिकों का भोजन कपड़ा पहुंचाने का काम किया है। पत्रकार वार्ता में आदर्श व्यापार मण्डल, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उ.प्र. व्यापार मण्डल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष भगौती गुप्ता, महेशे गुप्ता, पवन अग्रवाल, सीतापुर व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष प्रतिनिधि, तुशार साहनी, जीवेश साहनी, संजीव अग्रवाल, संजय प्रकाश, प्रेमचन्द्र अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, गोपाल आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नगर पालिका ने राजघाट गोमती पर चलाया स्वच्छता अभियान

**नैमिषारण्य सीतापुर।** नगर पालिका मिश्रिख नैमिषारण्य द्वारा राजघाट गोमती पर ईओ आर पी सिंह द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया द्य बरसात के दिनों में नदी के घाट पर जल स्तर काफी बढ़ गया था जिसके चलते घाटों पर गंदगी और कीचड़ हो गया था, कुछ दिन पहले जनपद का दौरा करने आई नोडल अधिकारी मिनस्ती एस और डिएम ने घाटों पर सफाई और ब्लीचिंग पावडर के छिडकाव के निर्देश दिए थे द्य जिसे दृष्टिगत नगर पालिका लिपिक शिवशंकर दीक्षित के नेतृत्व में राजघाट और दशाश्वमेध घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। दशाश्वमेध घाट को जाने वाले मार्ग पर बरसात के चलते दोनों ओर झाड़ियाँ उग आई थी और श्रद्धालुओं का आना जाना बिल्कुल बंद हो गया था नगर पालिका द्वारा मार्ग के दोनों और उगी झाड़ियों की सफाई करवाई गयी द्य राजघाट की सीढ़ियों पर जमा गंदगी को फावड़े से साफ किया गया, इसके अलावा सीढ़ियों, शौचालयों और वस्त्र बदलने वाले कमरों की भी सफाई की गयी द्य जलभराव वाले स्थानों और मार्गों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया गया। पालिका द्वारा घाटों पर नियमित साफ सफाई के लिए एक कर्मचारी की भी नियुक्ति की गयी है द्य इस मौके पर नगर पालिका अमित श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### हादसे में बाइक सवार घायल

**सदरपुर सीतापुर।** थाना सदरपुर इलाके में जहांगीराबाद चौराहे पर बड़ा हादसा हो गया। सीमेंट लदे ट्रक की चपेट में इलाके के गांव रसूलपुर निवासी बाइक सवार 23 वर्षीय राकेश व 26 वर्षीय मुस्कान घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक होने के चलते सीएचसी बिसवां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### आरोपी गिरफ्तार

**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली बिसवां पुलिस ने इलाके के गांव मधवापुर निवासी रूबी व थाना मानपुर के गांव बीमरी निवासी मोहिनी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी इंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपिता चोरी व नकबजनी के मामले में काफी दिनों से वांछित है। गिरफ्तारी टीम एसआई धर्मेंद्र कुमार चौधरी, एसआई विनय शंकर यादव, कांस्टेबल सरवर वह महिला आरक्षी पूनम सिंह, प्रमिला मौर्य शामिल रहीं।

### अनियंत्रित होकर पलटी कार

**सदरपुर सीतापुर।** थाना सदरपुर इलाके में धामी सराय भट्टे के पास टूटी सड़क के गड्ढे लोगों की जान जाने का कारण बनते बनते रह गए। गड्ढों के कारण एक कार अनियंत्रित हो गई पलटी खाते हुए सड़क के किनारे जा लगी। हादसे में इलाके के गांव चिल्ला सराय शेखपुरा निवासी अशफाक, मोहम्मद जुनेद, गुड्डू, अब्दुल्ला, सफी अहमद घायल हो गए। मौके पर पुलिस पहुंच गई थी।

### गैंगस्टर गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना खैराबाद पुलिस ने गांव मियां सराय निवासी वांछित गैंगस्टर मुन्ना व पाले को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी धर्म प्रकाश शुक्ला ने बताया कि अभियुक्तों पर डकैती के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में एसआई जिलेदार यादव, एसआई धर्मेंद्र बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल ऋषि राज, कांस्टेबल महेश कुमार शामिल रहे।

### 109 का कटा चालान

**सीतापुर।** अपराधों की रोकथाम के लिए सीतापुर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा अभियान शनिवार को भी जारी रहा। कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाले 109 व्यक्तियों का चालान करके 12 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। यातायात के उल्लंघन में 84 वाहनों का चालान किया गया। विभिन्न मामलों में 54 नफर अभियुक्त गिरफ्तार हुए जबकि 50 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

# समाधान दिवस में डीएम, एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-शिकायतें सुनते डीएम विशाल भारद्वाज और एसपी आरपी सिंह

**कोरोना के** चलते जाम 'थाना समाधान दिवस' का चक्का शनिवार को एक बारि घूम गया। थानों में पहुंचकर 119 फरियादियों ने फरियाद लगाई। इसमें 25 की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व एसपी आरपी सिंह ने बिसवां और खैराबाद में निरीक्षण किया। एसपी ने भूमि विवादों को संवेदनशीलता के साथ निपटाने का निर्देष दिया। वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण के कारण थाना समाधान दिवस का आयोजन बंद चल रहा था। जिसका आयोजन शनिवार को शुरू हो गया है। जिस क्रम में सभी थानों पर इसका आयोजन किया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक आर.पी. सिंह द्वारा थाना बिसवां एवं खैराबाद में आयोजित थाना दिवस में उपस्थित होकर संचालित हो रहे थाना दिवस का निरीक्षण किया। उन्होंने जनसामान्य की समस्याओं को सुना एवं प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिये निर्देशित किया। थाना दिवस के सफल क्रियान्वयन के लिए पुलिस अधीक्षक सभी थानों को सफलतापूर्वक इसका करने निर्देश भी दिए।

# योगी सरकार में हत्या-बलात्कार की आयी बाढ़: अभिषेक मिश्रा



● महोली में स्व. कमलेश मिश्र के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री

**सीतापुर।** आखिरकार समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा शनिवार को महोली पहुंचकर स्व. कमलेश मिश्र के परिवारीजनों से मुलाकात करने में कामयाब हो गए। संवेदनाएं व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री योगी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार कानून व्यवस्था को बरकरार रखने में नाकामयाब हैं, प्रदेश में हत्या और बलात्कार की बाढ़ आ गई है। उन्होंने पुलिस के खुलासे की थ्योरी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कोई एक व्यक्ति कमलेश की हत्या नहीं सकता, जांच में सभी पहलुओं को शामिल नहीं किया गया है, न्याय की लड़ाई में सपा स्व. कमलेष के परिवारीजनों के साथ है। अभिशेक के साथ ही सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्षा गीता सिंह, अरूण दीक्षित 'मोनू', रमेश शुक्ल, देवनाथ यादव, नूर हसन, हर्शित पाण्डेय, मेराज अंशारी, प्रशांत गुप्ता, गौरव अग्निहोत्री, पुनीत पाण्डेय, रजनकांत आदि ने भी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# राज्य विधिक परिषद प्रयागराज के पूर्व सदस्य प्रदीप कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं से की मंत्रणा




**सीतापुर।** राज्य विधिक परिषद प्रयागराज (उ.प्र.)के सदस्य पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एडवोकेट जनपद पहुंचकर अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनके हितों पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन उपाध्यक्ष बी.के.पांडे ने की। राज्य विधिक परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश के सदस्य को बृजराज सिंह तोमर, जया सिंह एड. ने बुके भेंट कर स्वागत किया। सुनील सिंह गौर के चैम्बर में हुई बैठक में भानु प्रताप सिंह, राकेश कुमार वर्मा, राघवेंद्र सिंह ने आर्थिक सहायता वाले फार्म दिए इसके उपरांत अधिवक्ता रजिस्ट्रेशन के लिए आनंद कुमार पुष्पेंद्र सिंह एवं अमन वैश्य ने दिए। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता बृजराज सिंह तोमर, महासचिव इशरत अली खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रभान गुप्ता, पगलू राम चौधरी, हिमांशु सिंह, शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रतीक त्रिवेदी, आशीष सिंह और एडवोकेट वीर विक्रम संजय सिंह, अजीत सिंह, राम अवतार सिंह, संदीप गुप्ता, विकास सिंह भदौरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# गांवों के विकास के लिये सदैव तत्पर रहें जनप्रतिनिधि: नरेन्द्र वर्मा


महमूदाबाद-कार्यक्रम को सम्बोधित करते विधायक नरेन्द्र वर्मा

● ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में हुई बैठक

**महमूदाबाद सीतापुर।** क्षेत्र के विकास में जनप्रतिनिधियों की महती भूमिका होती है। ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत सदस्य गांवों के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। जिससे गांवों का समुचित विकास हो सके। गांवों की मूलभूत आवश्यकता पेयजल, संपर्क मार्ग, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें तथा सरकारी योजनाओं को लाभ दिलाने के लिये पूरा प्रयास करें। यह बात विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा ने ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख मुकेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित क्षेत्र पंचायत की अंतरिम बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होने कहा कि हम सबका दायित्व है कि गरीब, विधवा, विकलांग को योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त हो। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अशोक कुमार ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि के बाद सदस्यों से कहा कि अपने अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का पात्र लोगो तक पहुँचाने में सहयोग प्रदान करें। जिसे उन्हें लाभान्वित किया जा सके। बैठक में वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, कृषि एवं सहकारिता, निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल के निर्माण एवं संचालन, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, मनरेगा, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत के कार्य, जीपीडीपी, पंचम राज्य वित्त, 15वां राज्य वित्त आयोग, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, डेएनआरएलएम, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन निर्माण, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जेईआरएस सुंदर लाल, ओमकार, पशु चिकित्साधिकारी आरसी चौधरी, गणेश वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष करूणेश वर्मा, दिनेश वर्मा, रामसागर वर्मा, फूलचन्द्र वर्मा, अल्पना पाण्डेय, अर्चना, फूलमती, चन्द्रकांती, रामदुलारे, फातिमा, गुड्डी, अर्जुन, जगतनरायन, कमलेश कुमार, राजेन्द्र यादव, मेंहदी हसन सहित समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

पंचायत चुनाव की हलचल

# सरगर्मी में विवादों का दौर शुरू, प्रशासन हलकान

संवाददाता। सीतापुर

**पंचायत चुनाव** की सरगर्मी के साथ ही विवादों का दौर शुरू हो गया है, शुक्रवार रात रामपुरकलां क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोहरैया में पंचायत भवन निर्माण को लेकर दो पक्ष भिड़ गए थे, विवाद में एक की जान चली गई थी, जनपद में इसी तरह के कई विवाद हो चुके है, उधर शौचालय व पंचायत भवनों को लेकर ज्ञापनों का दौर भी तेज हो गया है। बिगड़ रही स्थितियों को लेकर प्रशासन भी हलकान है, डीएम ने विशाल भारद्वाज ने शनिवार शाम राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक करके समाधान पर मंथन किया है। प्रशासन और पुलिस के प्रयास शान्ति व्यवस्थाएं बनाएं रखने में कितने कारगर होगें यह तो भविष्य ही बताएगा।

**इस्तीफा लेकर डीएम ऑफिस पहुंचे हसनापुर प्रधान-** पिसावां की ग्राम पंचायत हसनापुर के प्रधान शिवनारायनलाल वर्मा इस्तीफे की पेसकश लेकर शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। हालांकि किसी अधिकारी के न मिलने पर वह इस्तीफा जेब में रखकर घर वापसी कर लिए। प्रधान ने बीडीओ पर घूस मांगने व जान से मरवा देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उधर बीडीओ दुष्यंत सिंह ने अरोपों का खण्डन किया है। बीडीओ का कहना है कि प्रधान ने नशे में धुत होकर फोन करके उनके साथ अभद्रता की थी, शिकायत पर थानाध्यक्ष ने भी उसे फटकार लगाई थी।

**डीएम ने की बैठक-** ग्राम पंचायत चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी विशाल भरद्वाज व एसपी आरपी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर राजपत्रित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विनय पाठक, एएसपी उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित, एएसपी दक्षिणी एमपी सिंह के साथ सभी उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने विधान परिषद चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मतदेय स्थलों व मतदान केन्द्रों को लेकर 23 सितम्बर को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक होगी। इसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। एडीएम विनय पाठक ने यह भी बताया कि 22 सितम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में गांधी एवं षास्त्री जयंती को लेकर बैठक होगी।

**रिखौना प्रधान के अधिकार सीज, तीन सदस्यीय कमेटी गठित-** सीतापुर के विकास खंड परसेंडी की ग्राम पंचायत रिखौना में कराए गए विकास कार्यों के नाम पर 2 लाख 79 हजार 186 रू. का भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। श्रम रोजगार के उपायुक्त और लो.नि.वि. के सहायक अभियन्ता की संयुक्त समिति ने की जांच में नानी निर्माण पर 23 हजार 120 डस्टबिन पर 2 लाख 47 हजार 666 और विधायक की रंगाई-पुताई के लिए 8 हजार 400 रू. खर्च कर दिए, इस तरह जांच में पाया गया 2 लाख 79 हजार 186 का खर्च अधिक कर दिया गया। यह जांच नरेश अवस्थी की शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा कराई गई थी। इस मामले में जिलाधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी करने के बाद भी ग्राम प्रधान ने जब कोई पत्र का जवाब नही दिया तब 16 सितम्बर को जिलाधिकारी ने रेखौना के ग्राम प्रधान गुलफिसा के अधिकार सीज करते हुए बिट्टो देवी, मंजू, महेन्द्र कुमार की तीन सदस्यीय समित गठित कर दी है।

## दबंग प्रधान आबादी से दूर बनवा रहे शौचालय

● ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत


सीतापुर-जिलाधिकारी को ज्ञापन देने आए ग्रामीण

**थाना परसेंडी** के ग्राम कसरैला में ग्राम प्रधान द्वारा आबादी के समीप शौचालय न बनाकर कैसरैला चौराहे पर बनवाए जाने से रोंके जाने को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधान दबंगई के चलते सार्वजनिक शौचालय आबादी से 800 मीटर की दूरी पर बाजार में चिन्हित किया है जिससे बाजार या चौराहे पर रहने वाले लोगो को लाभ मिले और गांव में रहने वाली जनता को सार्वजनिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसी को रूकवाने को लेकर हेमराज, सीताराम, शिवलाल, अतवारी लाल, भारत, जगमोहन, गिरधारी लाल, योगेन्द्र कुमार, रामनाथ, मदनलाल आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है।

## ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पर लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

● थाना इमलिया सुल्तानपुर में ब्लॉक कार्यालय के सामने का मामला

**सीतापुर।** ब्लाक एलिया प्रमुख प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता देव शरण प्रसाद ने उन पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप थाना प्रभारी इमलिया सुल्तानपुर को दी गई तहरीर में लगाया है। तहरीर के अनुसार क्षेत्र भ्रमण के दौरान आरोपी प्रमुख प्रतिनिधि व साथियों द्वारा ब्लॉक कार्यालय के सामने बन रही इंटरलॉकिंग सड़क की चेकिंग के दौरान अवर अभियंता के साथ मारपीट की गई व जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में जब प्रमुख प्रतिनिधि से बात की गई तो उन्होंने घटना की जानकारी होने व झूठा आरोप लगाने की बात कही है।

## समाधि पर प्रधान बनवा रहा शौचालय

● निर्माण को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण कर रहे विरोध

**सांडा सीतापुर।** विकासखंड की ग्राम पंचायत कमहरिया कटेसर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण मैकू दास बाबा के स्थान पर बनी बाबा के शिष्य बाबा छोटेलाल की समाधि पर के ऊपर कराए जाने को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैंद्य ग्रामीण अरविंद जैसवाल, गुड्डू, अजय ,अशोक ,राजकुमार, मुनीजर, राकेश, जगदीश, वीरेंद्र, पूनम ,रामबेटी ,ममता देवी ,राम देवी, पार्वती ,नंदरानी ,लज्जावती, सागर ,रामेश्वर ,मैकूलाल ,सीता राम नारायण,सिया राम ,केशव, पुजारी, सरोज, देशराज, राममिलन, राधे लाल आदि ने बताया कि प्रधान संतलाल भार्गव और पंचायत सचिव संतलाल पटेल के द्वारा दबंगई दिखाते हुए बाबा की समाधि के ऊपर शौचालय बनवा रहे हैं ऐसे में ग्रामीणों की जन भावनाओं पर आघात लग रहा है ग्रामीणों का कहना है कि मैंकू दास बाबा के परिसर में काफी जमीन पड़ी है समाधि को छोड़कर कुछ दूर पर शौचालय का निर्माण कराने की बात को प्रधान और पंचायत सचिव नहीं मान रहे हैं प्रधान संतलाल भार्गव का कहना है कि चाहे कुछ भी हो जाए शौचालय उसी स्थान पर बनेगा। पंचायत सचिव संतलाल पटेल ने बताया काम रुकवा दिया गया है शौचालय का निर्माण ग्रामीणों की सहमत से कराया जाएगा। चौकी प्रभारी मानिक राम वर्मा ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग गांव में जहां पर उपयुक्त जमीन उपलब्ध कराई जाएगी वहीं पर शौचालय का निर्माण करा दिया जाएगा।

## दो पक्षों में हुई मारपीट, ग्रामीण की मौत के आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

**रामपुरकला सीतापुर।** थाना रामपुर कला इलाके के गांव सोहरिया में पंचायत भवन निर्माण को लेकर दो पक्षों की मारपीट में एक व्यक्ति की हुई मौत हो गई थी, शनिवार को मामले में नया मोड़ गया है, पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर दिया है। पूर्व प्रत्याशी की तहरीर पर गांव के कुछ लोगो पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं मामले में सलमान, अमर सिंह, प्रमोद व रामजीवन को गिरफ्तार कर लिया है।

# योग का युवाओं को ध्यान करा रहे 'दीप'


सीतापुर-योगा कराते शिक्षक दीप वर्मा

संवाददाता। सीतापुर

● 'जस्ट फॉर फिट' जिम में योग शिक्षक सिखाते हैं योगा

**कोरोना काल** में योगा कराके युवाओं को 'जस्ट फॉर फिट' जिम के कोच दीप वर्मा ने युवाओं को आत्मनिर्मता के साथ स्वास्थ्य रहने के तौर तरीके बता रहे है और उनके इसके प्रति जागरूक भी कर रहे है। श्री वर्मा ने कहा कि आज का युवा को योगा करके अपने आप को एक दम फिट रखना चाहिए, इससे शरीर में कोई भी बीमारी नहीं आती है। कोच दीप ने कहा कि हर इंसान को योगा करना चाहिए, क्योंकि योगा इस कोरोना काल में बहुत जरूरी है।

# मोदी सरकार देश हित के लिए पूरी तरह संकल्पित

## सांसद ने इंटरलॉकिंग सड़क का किया लोकार्पण



संवाददाता। निघासन, खीरी

**ब्लाक निघासन** के ग्राम पंचायत मूडाबुजुर्ग के गांव में मुख्यमार्ग से तुलसीराम के घर 250 मीटर लगभग 12लाख की लागत से बनी सांसद निधि से लोकार्पण किया। बरसात के समय में लोगों का निकलना मुश्किल था। ग्रामीणों की मांग पर संज्ञान में लेते हुए मंजूरी दे दी थी। जो बनकर तैयार हो गई जिसका लोकापर्ण किया गया। इंटरलॉकिंग बनने से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। इसके बाद सभा हुई सभा को संबोधित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि लगभग हर घर को गैस कनेक्शनए किसानों को सम्मान निधि का लाभए घर घर बिजलीए सडकों का निर्माणए कृषि महाविद्यालय को विश्व विद्यालय में परिवर्तन हेतु पर्यासरतए 2022तक किसानों की आय दोगुनाए अट्ठारह घंटे बिजलीए हर घर में 80:राशन कार्ड जरूरत मंदो को महीने में दो बार राशन जिले में एक लाख स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगारए आदलाबाद बंधा मार्ग का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। छह वर्षों से जो काम किया गया है। प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री जी का जो जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति व देश हित के लिए संकल्पित हैं। इसके बाद गेस्ट हाउस आकर खीरी सांसद द्वारा पौध रोपड़ भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष नगेन्द्र सिंह सेंगर ने किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, वीरेंद्र मिश्रा, बनवारी लाल यादव, हरीश पाण्डेय, प्रधानपति रमेश लोधी, राहुल निषाद, रतीराम लोधी, डा. मनोज कुमार, सरोज शुक्ला, डा. महेंद्र कुमार, जीतू, कमला निषाद, आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सीएम ने प्रदान की दस लाख की आर्थिक मदद

- सोशल मीडिया से मिली लखीमपुर खीरी के आईआईटी के शोध छात्र के ब्लड कैंसर की बीमारी की खबर
- योगी ने पीजीआई को दिये बेहतर इलाज और हर सम्भव मदद के आदेश

**लखीमपुर, खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक और मानवीय व्यक्तित्व उस समय सामने आया जब उन्होनें जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लड कैंसर से पीड़ित आईआईटी के शोध छात्र आशीष दीक्षित के बारे में सोशल मीडिया से मिली जानकारी का संज्ञान लेते हुए एसजीपीजीआई में भर्ती शोध छात्र के इलाज के लिए नियमों को शिथिल करते हुए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दस लाख रूपया की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि लखीमपुर खीरी के वनकर्मी अशोक कुमार दीक्षित के एकलौता बेटा आशीष दीक्षित ब्लड कैंसर से पीड़ित है। जिसका इलाज एसजीपीजीआई लखनऊ में चल रहा है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी रूड़की के शोध छात्र आशीष दीक्षित की मदद के लिए आईआईटी छात्रों ने सोशल मीडिया पर एक कैपेन शुरू किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सोशल मीडिया के माध्यम से इस सम्बन्ध में जानकारी मिली थी। आशीष दीक्षित के पिता के शासकीय सेवा में होने तथा आशीष को स्कॉलरशिप मिलने की वजह से मदद मिलने मे अड़चन आ रही थी। किन्तु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ ने मानवीयता की मिशाल प्रस्तुत करते हुए नियमों में शिथिलता प्रदान कर आशीष के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दस लाख रूपया की मदद दी। 27 वर्षीय मेधावी छात्र आशीष दीक्षित जनपद खीरी की तहसील गोला गोकर्णनाथ के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना के मूल निवासी है। तथा वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ;आईआईटीद्ध रूड़की में शोध छात्र के रूप में अध्ययनरत है।

# ट्रक ने मजदूरों को रौंदा, एक की मौत

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**कोतवाली** सदर क्षेत्र में पुलिया निर्माण कर रहे मजदूरों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन घायल हो गए। ग्रामीणों ने भाग रहे ट्रक को रोककर ड्राइवर को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

शनिवार को गोला रोड़ पर लालपुर चैराहे के आगे हनुमान मंदिर के पास कुछ मजदूर पुलिया के निमार्ण मे लगे हुए थे। अचानक दिन मे करीब 2:30 बजे एक अनियंत्रित ट्रक ने काम करते हुए मजदूरों को रौद दिया। जिसमे मुकेश 45 निवासी गांव शक्तिपुरम थाना सितारगंज जिला उधमसिंह नगर उत्तराखंड की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वहीं के निवासी गोविंद, संजय, मनजीत बुरी तरह से घायल हो गए। ट्रक डाइवर घटना को अंजाम देकर भाग जाने की नियत से भगने लगा। जिस पर मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक को पुलिस के हवाले कर दिया।

## क्विक न्यूज

### पत्रकारों ने दी यासीन को श्रद्धांजलि पूर्व सांसद भी शोक जताने पहुंचे घर



**लखीमपुर, खीरी।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार मो. यासीन की मौत से पत्रकार समाज क्षुब्ध है। आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की तरफ से दिवंगत पत्रकार मोहम्मद यासीन की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा हुई। वक्ताओं ने कहा कि स्वण् यासीन न केवल एक पत्रकार थे बल्कि बहुत ही अच्छे इंसान भी थे। हर कोई उनकी मधुरता के चलते उनका मुरीद था। साथियों ने 2 मिनट का मौन रख मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। पत्रकार मोहम्मद यासीन मृत्यु की सूचना पाते ही दिल्ली से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व सांसद पूर्व मंत्री जफर अली नकवी पत्रकार के आवास पर पहुंचे। अंतिम दर्शन कर गहरा शोक व्यक्त किया प् जनाजे में भी शामिल हुए।

### भाकिमो ने रोपे पौधे



**लखीमपुर खीरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 वे जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह के रूप में आज भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा 70 ग्राम पंचायतों पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंहए जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा विनोद शुक्लाए प्रभारी अश्वनी अवस्थी व अंकित अवस्थी के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर डॉ मोनी बाजपेई व अनिल यादव राकेश शर्मा जितेंद्र साहनी तमाम किसान मोर्चा के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### भीषण गरीबी और बैंक उत्पीड़न से त्रस्त किसान ने की आत्महत्या

**संडीला(हरदोई)।** भीषण गरीबी से जूझ रहे किसान पर बैंक की नोटिसें कहर बनकर गिरीं और कोई रास्ता ना देख उसने फांसी लगाकर आत्महत्या करली। घटना कोतवाली अतरौली के अंतर्गत ग्राम अटसलिया भूण की है। 35 वर्षीय सर्वेन्द्र पुत्र मलहर ने भीषण गरीबी से तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी करने पर पता चला कि सर्वेन्द्र ने आर्यावर्थ ग्रामीण बैंक भैनगांव से फसल हेतु कर्ज लिया था। इसी बीच वह बीमार पड़ गया तथा बैंक की किश्तें नहीं चुका सका। जिसपर बैंक ने उसको नोटिसें भेजना शुरू कर दी। अंतिम नोटिस में उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। इससे परेशान होकर वह शाम को घर से चला गया। दूसरे दिन उसका शव प्यारेलाल के आम के बाग में लटकता हुआ मिला। मृतक के परिवार में तीन पुत्र तथा पत्नी और एक जर जर झोपड़ी है। बताते चलें कि मृतक सर्वेन्द्र का ना तो मनरेगा का कार्ड बना और प्रधानमंत्री आवास मिला। यद्पि लिस्ट में उसका नाम आया परन्तु दलाल को पैसे न देने के कारण उसको आवास बनाने के लिए पैसा नहीं मिला सका। मृतक के परिवार को महीने में मात्र छः किलो खाद्यान मिल रहा था।

### फांसी लगा युवक ने दी जान

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चटिहा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक लगभग 25 वर्षीय युवक ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार चटिहा गांव निवासी छोटेलाल रैदास का पुत्र गोविन्द रैदास जो पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में था। कल दोपहर उसने घर के अन्दर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जब घर के सभी लोग खेतों में काम कर रहे थे। पडोसियों की सूचना पर रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। तभी इसकी सूचना किसी ने क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### पड़ोसियों की पिटाई से घायल युवक की मौत

**फतेहपुर।** चांदपुर कस्बा में तीन दिन पूर्व पडोसियों की मार से घायल एक लगभग 21 वर्षीय युवक की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने पडोसियों के विरूद्ध थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कस्बा चांदपुर निवासी माधव सिंह का पुत्र देवेन्द्र सिंह को तीन दिन पूर्व पडोसी नन्हे सिंह भदौरिया ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर देवेन्द्र सिंह को बुरी तरह मारा-पीटा था। जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम उसकी मौत हो गयी। जिस पर परिजन शव को लेकर वापस गांव चले गये। जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता माधव सिंह ने घटना के बाबत जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व नन्हे सिंह भदौरिया ने उसके दो पुत्रों को अपनी पुत्री की छेडछाड को लेकर मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर उसने छोटे पुत्र को हाजिर कर दिया था। वहीं 17 सितम्बर को देवेन्द्र सिंह को हाजिर करना था। जबकि वह घर में ही मौजूद था। किसी तरह से नन्हे सिंह भदौरिया को इसकी जानकारी हो गयी और वह अपने परिजन व अन्य साथियों के साथ घर में घुसकर बुरी तरह उसकी पिटाई कर दी।

### वृद्ध सहित किशोर ने खाया जहर

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत वृद्ध समेत किशोर ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हथगांव थाना क्षेत्र के अकबरपुर चुरई निवासी मो. अली का 17 वर्षीय पुत्र साबिद ने देर शाम मां की डांट से क्षुब्ध जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी प्रकार खखरेरू थाना क्षेत्र के चितौली गांव निवासी रामलाल का 62 वर्षीय पुत्र रामस्वरूप जो काफी दिनों से बीमार चल रहा था। जिसके आगे उसने जान देने के इरादे से जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब दोनो की हालत बिगडने लगी तो परिजनों ने आनन-फानन दोनो को सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने दोनो की हालत में सुधार बताया है।

### शराब के साथ महिला समेत चार गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत शनिवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार थरियांव थाने में तैनात उपनिरीक्षक उपदेश कुमार अपने हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर माया पासवान पत्नी पप्पू पासवान निवासी औरेई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। इसी प्रकार जहानाबाद थाने में तैनात उपनिरीक्षक चन्द्रदीप प्रसाद ने गश्त करते हुए कमल पुत्र श्रीपत निवासी कंजरन डेरा मजरे जाफरपुर सिठर्रा को गिरफ्तार कर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। इसी क्रम में सदर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक शैलेष सिंह ने गश्त करते हुए एकराम पुत्र आलम शाह निवासी चिक हनौता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर शराब बरामद किया है। वहीं कोतवाली में ही तैनात एसआई विजय कुमार त्रिवेदी ने गश्त करते हुए शीबू पुत्र शब्बीर निवासी अरबपुर को 20 लीटर शराब के साथ धर दबोचा। पुलिस की गिरफ्त में आये सभी के खिलाफपुलिस ने कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया है।

### डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से सुनीं समस्याएं

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी संजीव सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने संयुक्त रूप से शनिवार को थाना जाफरगंज में थाना समाधान दिवस में आये हुए फरियादियो की समस्याओं को सुना। थाना समाधान दिवस में कुल दो शिकायते राजस्व व पुलिस की प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी निरीक्षक जाफरगंज विनोद कुमार, लेखपाल को निर्देश दिये कि टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायती पत्रों का निस्तारण करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जाफरगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए मास्क व सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करने हेतु अस्पताल में आने वाले मरीजो व तीमारदारों को जागरूक किया जाय। स्वास्थ्य केन्द्र में साफ सफाई संतोषजनक पायी गयी और अस्पताल परिसर में खड़ी घास को हटवाने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिये। स्वास्थ्य केन्द्र में जच्चा-बच्चा कक्ष, प्रसव कक्ष, औषधि कक्ष को देखा। औषधि वितरण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली।

### ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग महिला ने लगाई फांसी, मौत

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर में तीन दिन पूर्व ससुरालीजनों की प्रताडना से तंग आकर एक लगभग 32 वर्षीय महिला ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार की शाम उसने दम तोड दिया। वहीं मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर प्रताडित करने का आरोप लगाया है। किशनपुर थाना क्षेत्र के अहमदगंज निवासी शिवमूरत ने अपनी बहन सुमित्रा देवी की शादी 2007 में खखरेरू थाने के नसीरपुर गांव निवासी श्याम बहादुर के साथ की थी। बताते हैं कि पति शराब पीने का आदी है। 17 सितम्बर की दोपहर ससुरालीजनों की प्रताडना से तंग आकर महिला ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों की नजर पडने पर आनन-फानन उसे फंदे से छुडा उसे उपचार के लिए हरदो अस्पताल लाया गया। जहां से उसे जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। लेकिन हालत ठीक न होने पर चिकित्सकों ने उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया।

## शादी व नौकरी का झांसा देकर तीन युवतियों को फंसाया

**संडीला( हरदोई )।** दूसरे की फर्जी आइडी से चैटिंग करके बिलासपुर छत्तीसगढ़ की तीन युवतियों को शादी और नौकरी का झांसा देकर बुलाने और उनका जेवर इत्यादि छीन लेने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

काशीराम कालोनी निवासी शकील अहमद पुत्र वहीद अहमद, इमरान पुत्र याकूब तथा नूरआलम पुत्र अज्ञात ने दूसरे व्यक्तियों के सिम का प्रयोग करके बिलासपुर की 26 वर्षीय युवती, उसकी नाबालिग बहन तथा एक 17 वर्षीय किशोरी को अपने जाल में फसाया और उनको नौकरी दिलाने तथा उनसे शादी करने का झांसा देकर उन्हें लखनऊ बुलाया। तीनो युवक उनसे लखनऊ में मिले और उन्हें काशीराम कालोनी ले आए। तीनों का आरोप है कि इन लोगों ने उनके जेवर और पैसे छीन लिए तथा उनसे शारिरिक संबंध बनाने के भी प्रयास किए।

# खीरी और फूलबेहड़ थानों में डीएम एसपी ने सुनीं समस्याएं



**लखीमपुर खीरी।** जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना खीरी एवं थाना फूलबेहड़ पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों की सुनवाई की गई तथा शिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध रूप से विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जनपद के समस्त थानों पर कुल 71 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरण के संबंध में टीम गठित कर जांच हेतु मौके पर भेजी गई।

## लाइसेंसी मीट की दुकान पर गोमांस की बिक्री

**संडीला( हरदोई )।** भैंस के मांस की बिक्री का लाइसेंस लेकर पुलिस की नाक के नीचे गोमांस बेचने वाले दो कसाइयों को आखिरकार पुलिस को गिरफ्तार करना पड़ा।

पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर मोहम्मद आलम तथा अखतर हुसैन नामक कसाइयों ने लाइसेंस लेकर भैंस का मांस बेचना शुरू किया था और लोगों का आरोपा था कि वे इसके आड़ में गोमांस भी बेच रहे हैं। इसकी शिकायत भा0की0यू0 के एक नेता कदीर पहलवान ने की थी। जिसपर पशुधन विभाग के अधिकारियों ने पुलिस के साथ छापा मार कर वहां भी बिक रहे मांस के नमूने लेकर मथुरा लैब भेजा था। जहां से नमूने में भेजा गया मांस गोमांस पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद आखिरकार पुलिस की नींद टूटी और दोनों कसाइयों मोहम्मद आलम तथा अखतर हुसैन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# कार्रवाई के नाम पर जिला प्रशासन मौन

**लखीमपुर, खीरी।** जनपद के तहसील निघासन क्षेत्र के ढखेरवा रमिया बहेड़ में जोरों सोरों से चल रहे फर्जी क्लिनिक गरीबों की जेब काट अपना पेट भरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे फर्जी क्लिनिक झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा गरीब मजदूरों की खून पसीने की कमाई को गरीब का शोषण करने में बिल्कुल नहीं चूकते वहीं हम बात करते हैं जनपद लखीमपुर.खीरी जिले के ढखेरवा रमिया बहेड़ क्षेत्र में छुट भैय्या नेताओं के बल पर दर्जनों फर्जीवाड़ा क्लिनिक चल रहे हैं प्रशासन मौन है सूत्रों के मुताबिक ग्रामीणों का कहना है इन फर्जी क्लिनिक में आए दिन घटनाएं घटित हो रही है ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने मिलकर फर्जी क्लिनिक पर कार्रवाई कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को लिखित प्राथना पत्र दे रहे हैं बावजूद इसके प्रशासन द्वारा फर्जी क्लिनिको पर अभी तक कोई उचित कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जैसे रमिया बहेड़ए नैनापुरए चहालूवा लबेदपुरए ढखेरवा आदि के गांव में प्रशासन व अधीक्षक द्वारा फर्जी क्लिनिको पर कार्रवाई न करने पर चर्चा का विषय बना हुआ है। अगर पत्रकारों द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों की खबर कवरेज की जाती है तो डॉक्टर अभद्रता करने पर आमदा हो जाता है और कहता है हमारा आप कुछ नहीं कर सकते हैं। यदि जब तक प्रशासन द्वारा फर्जी क्लिनिक व झोला छाप डाक्टरों के खिलाफकानूनी कार्यवाही नहीं हुई तो ऐसे ही ग्रामीणों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ होता रहेगा। प्रशासन द्वारा फर्जी क्लिनिको व झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही न होने पर क्षेत्र के मीडिया कर्मियों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## फरियादियों की समस्याओं का समय पर निपटारा करें: डीएम



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने थाना कांट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्या सुनने के उपरांत कहा है कि लेखपाल बैठकर कर सभी लम्बित प्रकरण निस्तारित करें। उन्होंने कहा है कि हमारा होना तभी सार्थक है जब कोई झगड़ा आदि न हों। इसलिए जरूरी है ईमानदारी के साथ सभी दिक्कत का समय पर समाधान किया जाए इस मौके पर थाना दिवस में 3 षिकायतें प्राप्त हुई। श्री सिंह ने कहा है कि धान खरीद एक तारीख से प्रारम्भ किया जा रहा है। पंजीयन के कार्य में गति लाई जाए और समय से समस्त किसानों का पंजीयन कराया जाना सुनिष्चित किया जाए। उन्होंने समस्त लेखपालों को निर्देष दिए है कि प्रत्येक दिवस 50-50 किसानों का पंजीयन करना सुनिष्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा है कि किसानों का षोषण कतई बर्दाष्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि धान क्रय केन्द्र अच्छे से एक्टिव होंगे तो किसान वाजिब मूल्य पाने से वंचित नहीं रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा है कि समस्त लेखपाल किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों सत्यापन अपने उपजिलाधिकारी के पोर्टल पर करें। सत्यापन में फर्जी खतौनी, गाटा संख्या आदि का रिकार्ड अपने रिकार्ड से मिलान करें। मिलान में किसान सम्मान निधि के अपात्र लाभार्थियों को पोर्टल से नाम हटाने का कार्य करें। पुलिस अधीक्षक श्री एस आनन्द ने कहा कि थानें में कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं रहना चाहिए। समस्त प्रकरणों की गहनता से जांच कर अविलम्ब निस्तारित किया जाए।इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## डूडा कार्यलय में भ्रष्टाचार को लेकर किया प्रदर्शन



**शाहजहांपुर।** डूडा कार्यालय में फैला भ्रष्टाचार व अव्यवस्थाओं के खिलाफहिन्दू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष स्वप्निल शर्मा ने युवा साथियों के साथ मिलकर जोरदार प्रदर्शन कियाम अब्दुल्लागंज निवासी एक व्यक्ति द्वारा लगभग एक सप्ताह पहले डूडा कार्यालय से प्रधानमंत्री योजना के तहत आने वाली धनराशि के बारे में जानकारी करने आया था। किसी कर्मचारी द्वारा ये बताया गया कि उनकी आने वाली धनराशि किसी अन्य महिला के खाते में पहुंच गई है। और जिसके खाते में वह धनराशि गई है अब वही तुम्हारे जगह पर घर बनाएगा। इस बात को सुन कर व्यक्ति ने उसी रात मानसिक रूप से परेशान हो कर फाँसी लगा ली। जिस मामले को समाजहित में उनके परिवार के साथ हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष स्वप्निल शर्मा ने डूडा ऑफिस में के जाकर घेराव किया। जिस पर योगी आदित्यनाथ की सरकार को बदनाम करने की साजिश बताते हुए अधिकारियों पर गंभीर आरोप भी लगाए। साथ कई भ्रष्टाचार के सबूत भी पेश किए। डूडा ऑफिस के अधिकारी अतुल पाठक ने आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने का आश्वासन दिया साथ लाभार्थी को उसके मकान की रकम जल्दी दिलाने का वादा भी किया। जिससे कार्यकर्ता शान्त हुए। जिसमे मौके पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला मंत्री अंकित तिवारी, तहसील प्रभारी अनिल सक्सेना, तहसील अध्यक्ष राहुल पंडित, रोजा नगर अध्यक्ष विनय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कृषक गोष्ठी में कृषकों को दी तकनीकी जानकारी

**शाहजहांपुर ।** राजकीय कृषि बीज भण्डार निगोही में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ‘आत्मा’ योजनान्तर्गत गोष्ठी का अयोजन किया गया जिसमें कृषि विभाग से सुनील कुमार जनपद सलाहकार ने कृषकों को रबि फसलो की तैयारी बीज प्रबन्धन एंव कीट रोग नियन्त्रण के बारे में तकनीकि जानकारी दी। एवं किसानों से यह अपील की गयी कि फसल अवशेष एवं पराली को खेतों में जलाने के बजाय उसको बायो डीकंपोजर के प्रयोग से खेतों में ही सड़ाने का कार्य किया जाए, जिससे कि मिट्टी का स्वास्थ्य भी बेहतर हो और पर्यावरण प्रदूषण से भी बचा जा सके। इस अवसर पर उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 एन0सी0 त्रिपपाठी ने किसानों को बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों के डाटा को ठीक करने का कार्य तहसील स्तर पर कैंप लगाकर अभियान के रूप में कार्य को संपादित कराया जा रहा है। जिला सहायक विकास अधिकारी कृषि छत्रपाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताने के साथ-साथ किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य को संरक्षित रखने एवं पराली के उपयोग के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा वीरेन्द्र कुमार पाण्डे प्रा. सहायक डॉ. मोहम्मद इमरान ठाकुर दास हेमपाल बीटीएम अजय कुंमार एटीएम रजनीश मिश्रा एटीएम धनंजीत कुमार समस्त कर्मचारी के साथ-साथ भारी संख्या में कृषकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक ने बहुआ पावर हाउस घेरा

- घंटो प्रदर्शन के बाद भी नहीं पहुंचे विद्युत विभाग के कोई अधिकारी



**फतेहपुर।** गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल के साथ संगठन की महिलाओं ने बिजली कटौती की समस्या को लेकर बहुआ पावर हाउस का घेराव करते हुए बिजली कटौती के विरोध में जमकर नारेबाजी की। महिलाएं हांथो में लालटेन व दीपक लिए हुए नजर आयी। महिलाओं को जेई के माध्यम से जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपना था, पर किसी भी अधिकारी के मौके पर न पहुँचने से दीवार पर ज्ञापन चस्पा किया। संगठन की महिलाओं का कहना था कि पावर हाउस बहुआ से सम्बद्ध समस्त फीडरों पखरौली, ललौली व दतौली के साथ साथ पूरे जनपद की बिजली आपूर्ति की स्थिति बद से बदतर है, कहाँ गए वो वादे 18 घंटे आपूर्ति के, दूसरी ओर यदि आपूर्ति हुई भी तो लो वोल्टेज के कारण किसानों के बोर/ट्यूबबेल पानी ही नही देते। विदित हो कि मौसम भी दगा दे रहा है, बरसात हो नहीं रही, फसले सूखने के कगार पर हैं। इस समस्या से निजात दिलायी जाये। अध्यक्ष ने कहा की यह सांकेतिक प्रदर्शन है अन्यथा 23 सितम्बर को बाँदा सागर मार्ग के बहुआ चौराहा पर धरना/प्रदर्शन को बाध्य होंगें। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी। इस दौरान सरला, रेखारानी, रंजना, राजरानी, प्रीती, रामा, सुधा, सत्यवती, सावित्री, पार्वती आदि मौजूद रहीं।

## बिजली की समस्याओ को लेकर फूटा युवाओं का गुस्सा

**चौडगरा ( फतेहपुर )।** युवा विकास समिति का बिजली समस्या को लेकर गुस्सा फूट पड़ा। समिति के तत्वाधान में चौडगरा विद्युत उपकेंद्र में जोरदार प्रदर्शन कर बिजली समस्याओं का ज्ञापन उपखंड अधिकारी वैभव आनंद को सौंपा गया तथा चेतावनी दी गई कि यदि यह मांगे पूरी नहीं होती हैं तो एक सप्ताह बाद पुन: धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगे रखी जाएंगी। शनिवार को विद्युत उपकेंद्र बिन्दकी रोड चौडगरा में युवा विकास समिति के जिला उपाध्यक्ष शिवम सिंह गौतम के नेतृत्व में आधा सैकड़ा लोगों ने पावर हाउस का घेराव कर वहां धरना प्रदर्शन कर समस्याओं का ज्ञापन एसडीओ को सौंपा। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर के धरना दिया गया। चौडगरा विद्युत उपकेंद्र से पोषित गांव में लो–वोल्टेज, ट्रिपिंग, जर्जर लाइन, शाहजहॉपुर, तेंदुली फीडर को अलग अलग करने की मांग रखी गई। इसके साथ ही सौभाग्य योजना के अंतर्गत हुए विद्युतीकरण में खामियों को दूर करने की बात रखी गई। जलाला मौहार, बहरौली, दादनखेडा, पहुर, आशापूर फीडर, पधारा फीडर आदि तमाम गांव की समस्याये रही। बिजली न मिलने से नलकूप नही चल पा रहे, सिचाई न होने से धान की फसल सूख रही आदि समस्याये गिनाई गई। एसडीओ ने चार दिन के अंदर आश्वासन दिया है कि समस्याओं को दूर किया जाएगा। युवा विकास समिति जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कहा है मांगों को लेकर धरना दिया गया। एक सप्ताह के अंदर यह समस्या दूर नहीं होती हैं तो पुन: इसी स्थान पर धरना देकर के आवाज बुलंद करेंगे। प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, उपाध्यक्ष शिवम सिंह गौतम, राजकिशोर, राजू सैनी आदि उपस्थित रहे।

## कल प्रदेश सरकार के विरुद्ध तहसील स्तर पर आंदोलन

- आंदोलन के लिए सपा ने प्रभारी नियुक्त किये

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर 21 सितम्बर को प्रदेश सरकार के विरुद्ध तहसील स्तर पर होने वाले आंदोलन के लिए जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने प्रभारी नियुक्त कर दिये है। उन्होंने कटरा विधानसभा के लिए सै. रिजवान अहमद प्रभारी, संतोष यादव सहप्रभारी, जलालाबाद विधानसभा के लिए अजयपाल सिंह प्रभारी, अनुज यादव सहप्रभारी, तिलहर विधानसभा के लिए डा. नवनीत यादव प्रभारी, सौरभ सिंहगांधी सहप्रभारी, पुवायां विधानसभा के लिए मिश्रीलाल पटेल प्रभारी, विवेक मिश्रा सहप्रभारी नियुक्त किये गये है। तनवीर खां ने बताया कि इस सम्बंध में आज शनिवार को तिलहर में बैठक की जाएगी।

# पुलिस का शराब फैक्ट्री पर छापा, तीन गिरफ्तार

- पुलिस ने कानपुर के तस्कर को गिरफ्त में लिया

संवाददाता। शाहजहांपुर



**बड़े पैमाने** पर चलाई जा रही अवैध शराब फैक्ट्री की खबर मिलते ही जिला अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह व पुलिस अधीक्षक मौके पर छापेमारी की कार्यवाही के दौरान मौजूद रहे पुलिस की टीम ने अबैध शराब फैक्ट्री पर छापा मारकर भारी मात्रा में शराब बरामद कर माफिया विकास गुप्ता समेत तीन अभियुक्तों तस्करों को गिरफ्तार किया

पुलिस ने इस फैक्ट्री से भारी मात्रा में अवैध शराब केमिकल रैपर बोतल के ढक्कन और पैकिग मशीन बरामद की है। इस फैक्ट्री में कई महीनों से शराब बनाकर कई जिलों में सप्लाई की जा रही थी। फैक्ट्री का संचालन विकास कानपुर का रहने वाला विकास गुप्ता और उसके 3 साथी चला रहे थे। बताया जा रहा है कि थाना कांट के औद्योगिक क्षेत्र में एक गोदाम में इस फैक्ट्री को चलाया जा रहा था। जहां शराब की पैकिंग कर के अन्य अवैध शराब को कई जिलों में सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने उपकरण पैकिंग करने वाली उपकरण बोतलों के ढक्कन विभिन्न ब्रांड के रैपर बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि बल्क में दमोह में यहां शराब लाई जाती। जहां रंग और पानी मिलाकर बड़े पैमाने पर शराब बनाई जा रही थी। बताया जा रहा है कि विकास गुप्ता कानपुर का रहने वाला है जहां वह इसी तरीके से अवैध शराब का कारोबार करता था। उन्नाव और कानपुर में जेल जाने के बाद उसने शाहजहांपुर में ठिकाना बनाया जहां वह बड़े पैमाने पर अवैध शराब बनाकर सप्लाई कर रहा था। पुलिस के छापे में के बाद उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस को इस कामयाबी पर 25000 का इनाम भी पुलिस अधीक्षक की तरफ देने की घोषणा की गई।

# हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

संवाददाता। इटावा

उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत मैनपुरी रोड पर अंडर ब्रिज के नीचे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड से युवकों की शिनाख्त हुई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत मैनपुरी रोड पर बने अंडर ब्रिज के नीचे बाइक सवार तीन युवकों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवकों के जेब से मिले आधार कार्ड से शिनाख्त हुई है। मृतक युवकों में दो सगे भाई शिवम और गोविंद है जो कि भिंड मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। और तीसरे युवक की शिनाख्त अमन पुत्र बाबूराम हिंद पुरम कॉलोनी मैनपुरी जनपद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है। वहीं हादसे को अंजाम देकर फरार होने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस टीम जुट गई है। जानकारी के मुताबिक तीनों युवक बाइक पर सवार होकर भिंड से मैनपुरी जनपद जा रहे थे।

## खड़ी ट्राली में घुसी बाइक, चालक की जान गई

चकरनगर। बिठौली थाना के गांव कतरौली निवासी एक युवक बाइक से शुक्रवार शाम समीपवर्ती कस्बा से अपने घर वापस जा रहा था। इसी दौरान फूफ चौरैला मार्ग पर खड़ी ट्रेक्टर ट्राली में पीछे से घुस गया। गंभीर हालत में उक्त युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों की टीम ने घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। वहीं पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्यवाही की बात कही। आशेंद्र सिंह परिहार ;40द्ध पुत्र बड़े सिंह परिहार शुक्रवार शाम करीब 7 बजे अपनी बाइक से हनुमंतपुर चौराहे से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान फूफ चौरैला मार्ग के बंशरी तिराहे पर खड़ी एक ट्राली में बाइक चालक पीछे से घुस गया। जिसमें उक्त युवक गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे स्वजन घायल को आनन.फानन में एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चकरनगर लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने उक्त युवक को मृत घोषित कर दिया। मृत की बात सुनते ही मौके पर मौजूद स्वजन में कोहराम मच गया। इसके उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव का पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

### वन विभाग में तैनात एसडीओ की सड़क दुर्घटना में मौत

दूसरी घटना बसरेहर के रिटोली में हुई जहाँ मोटरसाइकिल सवार की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक वीरेन्द्र सिंह छत्तीसगढ़ वन विभाग में एस डी ओ के पद पर तैनात थे। छुट्टी पर अपने घर आये हुए थे और कोरोना संक्रमण के चलते वापस नही जा सके थे। हादसे के वक्त दवा लेने के बाद अपने घर जा रहे थे।

## डीएम नें रिश्वत मांगने के आरोप में दो लेखपालों को किया निलंबित

फर्रुखाबाद। फरियादियों से रिश्वत मांगने और कार्य में लापरवाही करने के मामले में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने दो लेखपालो को सस्पेंड कर दिया। जिससे हड़कंप मच गया। डीएम मानवेन्द्र सिंह नेंसमाधान दिवस के दौरानशिकायत मिलने पर कंपिल क्षेत्र के लेखपाल रोहित अवस्थी, तहसील कायमगंज के लेखपाल अरुण कुमार डीएम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। रोहित अवस्थी पर काश्तकार से रिश्वत मांगने, कार्य न करने की धमकी देने, खसरा दाखिल न करने एवं आय,जाति व मूल निवास प्रमाण पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न करने और तहसील कायमगंज के लेखपाल अरूण कुमार को मृतक श्री अमर सिंह पुत्र रघुवरदयाल की विरासत उनके विधिक वारिसानों के नाम अंकित न करने के कारण दोनों पर कार्यवाही की गयी है। डीएम के साथ ही पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा ने नवाबगंज, मेरापुर में समाधान दिवस में समस्याओं को सुना। डीएम ने समस्त लेखपाल और कानून-गो को निर्देश दिये कि बार-बार कब्जा करने वालों पर तत्काल विधिक कार्यवाही की जाये। विवादित चकमार्गों की पैमाइश कर व मिट्टी डलवायें व सहयोग न करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही के साथ ही अवैध कब्जा करने वालों पर सख्त कार्यवाही के कड़े निर्देश दिये।

### मेरापुर में 14 शिकायतों में एक का भी निस्तारण नही

डीएम-एसपी ने मेरापुर में समाधान दिवस में शिकायतों को सुना। जिसमे कुल 14 शिकायतें आयी। लगभग 6 महीने बाद आयोजित हुए समाधान दिवस में 14 में से किसी भी फरियादी को मौके पर न्याय नही मिल सका। थानाध्यक्ष धर्वेन्द्र कुमार नें बताया एक भी शिकायत का अभी निस्तारण नही हुआ है।

## क्विक न्यूज़

### रेवना में विचित्र बुखार से बच्ची की मौत, दर्जनों लोग बीमार

घाटमपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव रेवना में बीते दो दिनों से विचित्र बुखार फैला है जिससे संगीता 11 पुत्री इन्द्रपाल की बीती रात मौत हो गयी। हल्के के लेखपाल ने देर शाम बुखार फैले होने से एक बच्ची की मौत और दर्जन भर से ज्यादा बच्चे बीमार होने की सूचना दी है। उधर सीएचसी घाटमपुर के चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाशचंद्र ने बताया कि लेखपाल की सूचना मिली है सोमवार को गांव में टीम भेजी जायेगी।

### सेवा सप्ताह पर किसान मोर्चा ने ग्राम गोपालपुर में पौधे रोप



घाटमपुर। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन यानी सेवा सप्ताह में आज भाजपा किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण ने आज बिधान सभा क्षेत्र घाटमपुर के गांव गोपालपुर के प्राथमिक स्कूल में वृक्षारोपण किया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में पधारे भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला महामंत्री बेदव्रत सचान, जिला मंत्री दलजीत सिंह, दिनेश यादव ग्राम प्रधान कृष्णाऔतार सचान, उमेश द्विवेदी, पूतन दुबे, बब्लू शर्मा लायक सचान, बीरेन्द्र कुशवाहा आदि प्रमुख लोग ने पौधा रोपण कर प्रधान मंत्री के दीर्घायु की कामना की। कार्य क्रम का सफल आयोजन किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण के महामंत्री श्रीकृष्ण मिश्रा ने किया।

### छात्रा की गोली लगने से मौत

घाटमपुर। कस्बे के मुहल्ला जवाहर नगर पूर्वी प्रथम निवासी घर्मेन्द्र सिंह की 18 वर्षीय भतीजी दीक्षा सिंह पुत्री नरेंन्द्र सिंह की गोली लगने से संदिग्द हालत में मौत हो गयी। दीक्षा सिंह बीएससी की छात्रा बतायी जाती है तथा दादा धर्मेन्द्र सिहं के यहॉ रह कर पढ़ाई करती थी। बताया जाता है कि आज दिन में 11 बजे के करीब गोली चलने की आवाज सुन लोग दौड़े तो देखा कि दीक्षा जमीन में पड़ी तडप रही थी। सूचना मिलने पर पंहुची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। पुलिस लाइसेंन्सी बन्दूक जो धर्मेन्द्र सिंह की है पुलिस ने कब्जे में ले ली है।

### गृहकलह से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

फर्रुखाबाद। गृहकलह से परेशान युवक नें घर के भीतर छत के कुंडे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला ग्रानगंज निवासी 35 वर्षीय अवधेश पुत्र श्यामचरन का शव घर के भीतर छत के कुंडे में फांसी पर झूलता हुआ मिला। जानकारी होनें पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर युवक के ससुराल पक्ष के लोग भी आ गये। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जिसके बाद मृतक के परिजन और ससुराल पक्ष के लोग कोतवाली आ गये। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी शशि देवी और माँ ज्ञानमूर्ति का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद विधिक कार्यवाही होगी।

### बिजली गुल होने से एक सैकड़ा गांवों में अंधेरा

फर्रुखाबाद। बीते लगभग एक सप्ताह से उपकेंद्र साहबगंज उपकेन्द्र से बिजली ना आने से लगभग एक सैकड़ा गांवों की बिजली गुल हो गयी है। इसके साथ ही थाने में भी अँधेरा है। दरअसल साहबगंज उपकेंद्र पर ओवरलोड होने से लो बोल्टेज,ट्रप हो जाती है। जिससे गर्मी की उमस मे रात को चौन की नीद नही सो पा रहे है। जबकि सबमर्सिबल और ग्रामीण के लिए अलग अलग लाइने है।ग्रामीण इलाके मे बने उपकेन्द्र की कोई समस्या सुनने वाला नही है। विधुत उपकेन्द्र को नीमकरोरी सब स्टेशन से बिजली मुहैया करायी जाती है। थाना मेरापुर में भी एक सप्ताह से बिजली नहीं आ रही है। जिससे थाने मे दर्ज मुकदमो की विवेचनायें लंबित पड़ी है। थाने मे तैनात पुलिस कर्मी रात को चौन की नीद नही सो पा रहे हैं। साहबगज उपकेन्द्र के जेई अनिल कुमार ने बताया ओवर लोड होने से बिजली कम मिल रही है। ग्रामीण व सबमर्सिबल की लाइनें अलग-अलग कर दी गयीं है। लेकिन उपकेन्द्र ओबर लोड कम करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही सप्लाई सुचारू की जायेगी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, दो जख्मी

कमालगंज फर्रुखाबाद। शहर से दवा लेकर अपने भतीजे के साथ बाइक से लौट रही महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। जबकि बाइक सबार दो युवक जख्मी हो गये। जनपद कन्नौज के तिर्वा फिरोजपुर निवासी 40 वर्षीय महिला लाली अपने भतीजे 30 वर्षीय कन्हैया पुत्र सरमन व बहन के पुत्र 35 वर्षीय विनोद पुत्र रामस्वरूप के साथ फर्रुखाबाद अपनी दवा लेनें के लिए आयी थी। दवा लेकर वह वापस जा रही थी। उसी दौरान थाना कमालगंज के बघार नाला के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से लाली की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। दारोगा सूर्य प्रकाश उपाध्याय नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### होमआइसोलेट मरीजों के घर सेनेटाइज किए जाएंः सीडीओ

फर्रुखाबाद। मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेन्द्र पैसिंया ने आज कोविड कंट्रोल रुम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कंट्रोल रुम अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सीडीओ को 167 मरीज होमआइसोलेट बताये गये। मरीज के घर तक सेनेटाइज्ड कराने के निर्देश दिये। देश में फैली महामारी के चलते देश व प्रदेश की सरकार ने पूरे देश में लॉकडाउन में जनता को पूरी तरह छूट दे दी है। जिससे बाजार में भीड़ देखने को मिल रही है। तब ऐसे में आज मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेन्द्र पैसिंया ने कोविड कंट्रोल रुम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रुम में मौजूद अधिकारियों से मरीजों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिसमें बताया गया कि 167 मरीज एक्टिव होम आइसोलेट हैं। जिनका पूर्ण रुप से ध्यान रखा जा रहा है। लेकिन सेनेटाइज्ड हेतु लोगों की शिकायतें आ रही हैं। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेन्द्र पैसिंया ने निर्देशित किया कि मरीजों को हर तरह की मदद मुहैया कराई जाए व मरीजों के दरवाजे तक सेनेटाइज्ड किया जाए। इस दौरान सीडीओ को कंट्राल रुप में निरीक्षण के दौरान 198 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिन्हें सीडीओ से भरोसा दिलाया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जा रहा है।

### अघोषित विद्युत कटौती से परेशान भाजपाइयों ने एसडीएम को सौंपा माँगपत्र

जसवंतनगर। क्षेत्र मे हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रथम व मंडल अध्यक्ष द्वितीय ने उपजिलाधिकारी जसवंतनगर को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये वर्तमान में विद्युत आपूर्ति लगातार दिये जाने की मांग की गई । शुक्रवार को उपजिलाधिकारी जसवंतनगर ज्योत्सना बंधु को दिये गये। ज्ञापन मे मंडल अध्यक्ष महेश बाबू गुप्ता तथा सुग्रीव सिंह धाकरे ने मांग की कि इस समय खेतो मे पानी लगाने का कार्य चल रहा है जिससे विद्युत आपूर्ति की लगातार आवश्यकता है किंतु विद्युत विभाग के कर्मचारी द्वारा लापरवाही करते हुये आपूर्ति कई घंटे बंद रखी जा रही है तथा कर्मचारियो की मनमर्जी के अनुसार ही खोली जाती है। जब कोई किसान विद्युत आपूर्ति बंद होने का कारण पूछता है तो फाल्ट होने का जबाब दिया जाता है और या फिर सम्बंधित विद्युत कर्मचारियों द्वारा फोन ही नही उठाया जाता है।

# एंबुलेंस में डिलीवरी कराकर बचाई जच्चा-बच्चा की जान



चकरनगर। संसाधन विहीन बीहड़ी क्षेत्र की महिलाओं के लिए 102 एंबुलेंस सेवा संजीवनी सावित हो रही है। यहां मेडिकल तकनीशियनए आशा और पायलट की मदद से कई महिलाओं की जांन बचाई जा चुकी है। शुक्रवार को एक बार फिर से एंबुलेंस में डिलीवरी के बाद जच्चा बच्चा की जांन बचाई गई। इसके बाद एंबुलेंस बेहतरीन सेवाओं के लिए क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं स्वजन एंबुलेंस चालक एवं स्टाफ को दुआएं दे रहे है। चकरनगर ब्लॉक के गांव राजपुर निवासी सपना पत्नी सत्यवीर के शुक्रवार रात्रि समय करीब 11रू17 बजे प्रसव पीड़ा हुई। इस दौरान स्वजन ने आकस्मिक सेवा के तौर पर सरकारी 102 एंबुलेंस को फोन कर बुलाया। सूचना के मात्र तीन मिनट में दो किमी की दूरी पर एंबुलेंस गांव पहुंची। चालक उक्त महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर ले जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में महिला की हालत बिगड़ने पर पायलट पुष्पेंद्र यादव ने एंबुलेंस सड़क किनारे खड़ी कर ली और गाड़ी में तैनात गौरव कुमार ने आशा सुनीता देवी की मदद से अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए गाड़ी में ही महिला की डिलीवरी कराई। जिसमें जच्चा ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। इसके उपरांत जच्चा बच्चा को समुदाय स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में भर्ती कराया गया। उपरोक्त घटनाक्रम के बाद स्वजन ने राहत की सांस ली और एंबुलेंस स्टाफ के लिए भगवान से दुआएं की। एंबुलेंस के प्रोग्राम मैनेजर हिमांशु शुक्ला ने बताया कि पिछले एक माह में कई डिलीवरी हुई है। जिनमें प्रशिक्षित एम टी द्वारा सुरक्षित प्रसव करा कर जच्चा बच्चा की जान बचाई गई और उन्हें निकटतम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# डीएम-एसपी ने समाधान दिवस पर सुनीं जनसमस्याएं



नवाबगंज फरुर्खाबाद। 6 माह तक चले लॉकडाउन के बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस कप्तान ने थाने पर समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं। नवाबगंज कस्बा स्थित थाना प्रांगण मैं आज समाधान दिवस के मौके पर जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह व जिले के पुलिस कप्तान डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा ने आज थाने पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनी। जिससे आज जनता के लोगों के चेहरे खिले देखें।

6 माह तक चले लॉकडाउन के बाद आज अधिकारियों ने जनता के बीच में पहुंच कर उनकी समस्याएं सुनी वही विकासखंड मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत पुठ री के मजरा रावत पट्टी निवासी प्रशांत कुमार ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके गांव तथा खेतों में जाने वाले आम रास्ता कई बार खुलवा चुके हैं । जिसमें राजस्व तथा पुलिस विभाग के अधिकारी कई बार मौके पर जाकर चेक मार्ग व उनके गांव को जाने वाली रास्ता को कई बार खुलवाया। लेकिन दबंग बार.बार उस पर कब्जा कर लेते हैं। जिस बात की शिकायत प्रशांत कुमार ने जिलाधिकारी से की। जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से लेखपाल ज्योति शर्मा से उसके बारे में पूरी जानकारी जुटाई तथा विकास खंड अधिकारी मोहम्मदाबाद राज बहादुर सिंह को फोन कर जिलाधिकारी ने बताया कि वह तत्काल चक मार्ग के सचिव को भेजकर व जेईई को भेज कर नाप जोक करबा कर एमआर बनवा ले राजस्व विभाग के कर्मचारी चक मार्ग की नाप जोक करते जाएंगे। विकास विभाग मनरेगा से तत्काल चक मार्ग पर निर्माण कार्य करा कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस बाबत विकास खंड अधिकारी मोहम्मदाबाद राज बहादुर सिंह को जिला अधिकारी निर्देशित किया वही दूसरी शिकायत उसी ग्राम पंचायत के ग्राम पुठ री के निवासी पातीराम पुत्र बनवारी लाल ने जिला अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी पैतृक जमीन पर दबंग महिन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवैध कब्जा कर आरा मशीन लगवा दी है जिससे पीड़ित ने दबंगों के कब्जे से उनकी जमीन मुक्त कराने के लिए जिलाधिकारी से शिकायत कर अवगत कराया राजस्व विभाग के लिए निर्देशित किया गया वह जमीन को चयनित कर दबंगों के कब्जे से कब्जा मुक्त कराएं । यदि ऐसा नहीं होता है तो वह दबंगों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्यवाही कराएं खबर लिखे जाने तक थाने पर 14 शिकायती पत्र आए थे जिसमें 4 प्रार्थना पत्रों का थाना पुलिस वा राजस्व कर्मियों ने मौके पर जाकर निस्तारण करवाया । वहीं थाना अध्यक्ष आरके शर्मा ने बताया की प्रार्थना पत्र अभी आ रहे हैं कई जगह मौके पर राजस्व कर्मियों के साथ पुलिस बल को भेजा गया है । निस्तारण आख्या 2. 00 बजे के बाद ही मिल पाएगी इस मौके पर थानाध्यक्ष आरके शर्मा कस्बा इंचार्ज आशू यादव ,दरोगा विद्यासागर तिवारी ,दरोगा जितेंद्र कुमार ,दरोगा राजेंद्र कुमार तथा लेखपाल कानूनगो जगदीप सिंह यादव मान सिंह राजपूत, राजकुमार सिंह ज्योति शर्मा इंस्पेक्टर सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे ।

## हाईवे पर सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर घायल

जसवंतनगर। कस्बा और कुरसेना के बीच हाईवे पर हुए दर्दनाक हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिसमें एक की हालत ज्यादा चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दोपहर के समय दो युवक बुलट मोटरसाइकिल पर सवार होकर आगरा की ओर से आ रहे थे कि अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और खड़े हुए ट्रक में पीछे से जा टकराई जिससे दोनों युवक घायल हो गए जिसमें एक की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और एम्बुलेंस के द्वारा घायलों को इलाज के लिए भिजवाया गया। बाद में 25 वर्षीय विकास निवासी जटपुरा किशनी मैनपुरी की हालत ज्यादा चिन्ताजनक होने के कारण उसके परिजन सैफई पीजीआई से आगरा के लिए रेफर करा ले गए। तथा दूसरे घायल 28 वर्षीय मोहन पुत्र सुखवीर निवासी नगला पसी जसवन्तनगर को भी उसके परिजन सैफई पीजीआई से इटावा के लिए रेफर करा ले गए।

# कृषकों तक पहुंचे पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ

संवाददाता। कानपुर देहात

उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया कि जनपद में संचालित प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ऐसे अपात्र कृषक ( भूमिहीन/सरकारी सेवक( समूह घ को छोड़कर) योजनान्तर्गत इकाई कृषक परिवार है। कृषक परिवार का तात्पर्य पति, पत्नी व उनके नाबालिग, अवयस्क बच्चे है। कृषक परिवार मे किसी एक को ही पी0एम0किसान का लाभ मिलेगा। पेशेवर व्यक्ति, आयकर दाता/भूतपूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक /मा0 मन्त्री/मा0 राज्यमन्त्री/पेंशनर जिनकी पेंषन रू0 10000.00 (दस हजार) रू0 प्रति माह से अधिक अपात्र की श्रेणी में थे यदि किसी भी कारणवस इनके खाते में पी0एम0 किसान की धनराशि आ रही है तो निम्न प्रक्रिया के अनुसार धनराषि वापस कर सकते है और भविष्य में आगे आने वाली किस्तो को रूकवा सकते है। इससे पात्र व्यक्ति ही योजना का लाभ ले सकेगें। गलत तरीके से पी0एम0 किसान का लाभ लेना अनुचित एवं न्याय संगत नही है। अपात्र कृषक पी0एम0 किसान के किस्तों की धनराशि निम्नानुसार भारत सरकार के वेव पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर उसकी एक प्रति कार्यालय उप कृषि निदेशक कानपुर देहात में जमा कराना सुनिश्चित करें। ऑन लाइन के अतिरिक्त अपात्र कृषक गलत भुगतान की गई धनराषि भारतकोश में चालान रूपपत्र के माध्यम से लेखाशीर्शक 040100800000000 के अन्तर्गत जमा की जायेगी कृषक बैंक से कार्यवाही पूर्ण कराकर चालान की छायाप्रति कार्यालय उप कृषि निदेशक में उपलब्ध करायेगें ताकि अग्रिम किस्त रोके जाने हेतु कृषक को अपात्र घोषित किया जा सके। उपरोक्त विधि से कोई भी अपात्र कृषक अपनी धनराषि स्वंय जमा कर सकता है अथवा कृषि विभाग में न्याय पंचायत स्तर पर कार्यरत प्राविधिक सहायक सी, बी0टी0एम0, ए0टी0एम0 एवं विकास खण्ड स्तर पर प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार से सहायता ले सकते है। उक्त कार्य जनपद स्तर पर उप कृषि निदेषक कार्यालय में भी कराया जा सकता है। अन्यथा की स्थिति में भू राजस्व के वकाया की भॉति बसूली कर ली जायेगी जिसके लिए कृषक स्वंय जिम्मेदार होगें।

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस पर सिकंदरा थाने में सुनी समस्याएं, दिये निर्देश



कानपुर देहात। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने जनपद मे कोरोना कॉल के बाद पहली बार पुलिस थानों में आयोजित शनिवार को थाना समाधान दिवस के दौरान थानों का भ्रमण किया। इस दौरान सिकन्दरा थाने में पहुंच शिकायतकर्ताओं के शिकायती पत्र पर सुनवाई की और संबंधित लेखपाल व हलका इंचार्ज को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतकर्ताओं की शिकायती पत्र पर गंभीरता के साथ शिकायत को सुने और उसे समय से निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी थाना समाधान दिवस व तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस के लिए गंभीर है तथा आने वाले फरियादियों की समस्यायें ध्यान पूर्वक सुनी जाये व उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण की जाये। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सिकन्दरा थाने में समस्याएं सुनी वहीं लेखपाल से खसरे के बारे में जानकारी दी इस मामले में लेखपालों की लापरवाही मिली यही नहीं कोषागार कार्यालय से जुलाई माह मे वरासत संबंधी मामले में मांगी गई जानकारी न देने के मामले में लेखपाल की शिथिलता दिखी जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट की और कहा कि लेखपालों को अभी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जानकारी का अभाव है। उन्होने कहा कि सभी को अपने विभाग की जानकारी जरूर होनी जरूरी है।

# जहाँ भी शिकायत कर लो, शराब ठेका जहां चाहूगा वहीं खुलेगा

- ग्रामीणों ने किया धरना-प्रर्दशन चुनाव में मतदान का वहिष्कार करने का किया ऐलान
- राहा तिराहे के नाम से स्वीकृत शराब ठेका खुल रहा है राहा मोढ़ पर

घाटमपुर। पग-पग पर खुले देशी और अंग्रेजी शराब ठेकों के बीच बन रही नकली शराव से भले ही दर्जनों लोगों मौत के शिकार हुए हों पर आबकारी बिभाग की सेहत पर कोई असर नही पड़ाता नजर आ रहा है है। उल्टे क्षेत्र में नकली दारु बनाने और उसे वैध ठेकों से बिर्क्री का घंन्धा और गहराता चला जा रही है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के तमाम गांवों की तरह कोतवाली के गांव राहा में खुल रहे नये देशी शराब ठेका को लेकर गांमीणों में रोष ब्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते माह ग्राम प्रधान प्रतिमा सिंह की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को देकर राहा मोढ़ पर शराब ठेका न खोले जाने की माँग की थी लेकिन जिला आबकारी अधिकारी ने तानाशाह रवैय अपना कर राहा मोढ़ पर ही शराब ठेका खुलवा रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिमा सिंह ने बताया कि जहाँ शराब ठेका खुल रहा है उसके आसपास दो इन्टर कालेज, राधा स्वामी और कबीर भक्तों का आश्रम तथा परिषदीय स्कूल के बच्चों का आना जाना है। येसी दशा में राहा मोढ़ में शराब ठेका खोला जाना जनहित में नही है। लेकिन आबकारी बिभाग के अधिकारी तानाशाह रवैया अपना रहे है। जबकि क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक अमित राय ने अपनी आख्या दिनांक10.08.2020 में भी स्वीकार किया कि ठेका राहा तिराहे पर स्वीकृत है पर वहाँ बिरोध के चलते राहा मोढ़ पर खोला जा रहा है। राहा मोढ़ पर खुल रहे शराब ठेका के बिरोध में आज फिर ग्रामीणों के हस्ताक्षरों युक्त एक शिकायती प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव को दिया और न्याय की माँग की है। उधर जिला आबकारी अधिकारी का कहना है कि राहा तिराहे का ठेका राहा की सीमा में मैं जहाँ चाहूगा वहीं खुलवाऊगा लेकिन निर्माणा धीन शराब ठेका राहा गांव की सीमा में नहीं है। क्षेत्रीय लेखपाल राजकुमार दुबे बताते है कि आलादादपुर गैर आवाद गांव की जमीन में बन रहा है जो राजस्व गांव भदरस के आधीन है।

## यूपीएससी के अभ्यर्थियों को एक मौका और मिलना चाहिएः शिवपाल

इटावा। लखनऊ से चली साइकिल संदेश यात्रा प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इटावा में आज इसका स्वागत किया। इसमें आदित्य यादव सहित प्रसपा पार्टी के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। साइकिल संदेश यात्रा के माध्यम से सरकार को बेरोजगारी और यूपीएससी के अभ्यर्थियों को दोबारा मौका मिलने की मांग रखी है। शिवपाल सिंह यादव ने साइकिल संदेश यात्रा के बारे में बताया कि साइकिल यात्रा अवध प्रताप ओझा के नेतृत्व में लड़के निकले हैं। यह सभी पढ़े लिखे नौजवान हैं। इन सबके सामने सत्ता पक्ष के लोगों ने समस्याएं खड़ी कर दी है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। वैश्विक कोरोनावायरस से पढ़ाई लिखाई का भी नुकसान हुआ है इनकी परीक्षाओं की तैयारी भी नहीं हो पाई और इन सभी को समय भी मिलना चाहिए। नौजवानों को भी नौकरी की परीक्षा में एक मौका और मिलना चाहिए। सरकार नौकरी तो दे नहीं रही है और नौकरी से निकाल रही है। यह समस्या भी एक बड़ी समस्या बन गई है। इस वजह से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी सहयोग कर रही है। यह नौजवान इस साइकिल संदेश यात्रा से जो निकले हैं। अपनी मांग रख रहे हैं। कोरोना की इस बीमारी में स्वास्थ्य विभाग में कमीशन खोरी हो रही है। बड़े.बड़े लोग इसमें शामिल हैं। सरकार सहयोग नहीं कर रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल चुकी है। प्राइवेट अस्पतालों में बिल 20. 20 लाख रुपए के बन रहे हैं। इस प्रकार से ठगी हो रही है। पूरे देश में अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है संकट खड़ा हो गया है। बेरोजगारी का बड़ा संकट आ गया है। यूपीएससी की परीक्षाओं में एक मौका अभ्यर्थियों को और मिलना चाहिए।

# सरवनखेड़ा ब्लॉक में बाल संरक्षण समिति की हुई बैठक, दी गयी विस्तृत जानकारी



कानपुर देहात। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र के निर्देशन में शनिवार को अपरान्ह् 11 बजे खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार सरवनखेडा में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। ब्लॉक बाल संरक्षण समिति में उपस्थित संरक्षण अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ओझा द्वारा विकासखण्ड के समस्त केन्द्रों से उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 नियमावली 2016 के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड द्वारा बच्चों को सुरक्षात्मक वातावरण के विषय में बताया गया। पाक्सो, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम 2012 के अंतर्गत बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न और यौन शोषण जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए ग्राम सभा स्तर पर गठित ग्राम बाल संरक्षण समिति के माध्यम से समस्त ग्राम सभाओं के परिवरों को जागरूक किया जाना है। ये समितियाँ बाल अपराध को रोकने, मानव तस्करी, प्रवर्तकता कार्यक्रम-जिसके अन्तर्गत ऐसे परिवारों का चयन किया जाना है, बैठक में उपस्थित सभी को प्रवर्तकता कार्यक्रम व फॉस्टर केयर योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। ब्लॉक टास्क फोर्स बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ब्लॉक टास्क फोर्स किं बैठक महिला शक्ति केंद्र द्वारा की गई जिसमें बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कन्या सुमंगला योजना एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय की अन्य योजनाओं के बारे में भी बताया गया बैठक के दौरान सभी सदस्यों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत करने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी अवगत कराया गया आने वाले समय में करने वाले कार्यक्रमों जैसे रैली वॉल पेंटिंग चित्रकला आदि के माध्यम से स्कूलों में प्रोग्राम कराए जाने के लिए अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया इस मौके पर महिला कल्याण अधिकारी प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई साथ ही बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अशोक कुमार जी परियोजना अधिकारी कुँवर धर्मेंद्र सिंह, जिला पंचायत वीरेन्द्र पाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से डा0 विशाल दीवाकर जिला प्रोबेशन कार्यालय से संरक्षण अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ओझा, महिला कल्याण अधिकारी प्रतिमा श्रीवास्तव, जिला समन्वयक रिचा तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता अनिता यादव आदि लोग उपस्थिति रहे।

## परम्परागत कारीगर व शिक्षित बेरोजगार माटीकला में ले लाभ

कानपुर देहात। उप्र माटीकला बोर्ड के निर्देशानुसार जनपद के अधिकाधिक रोजगार स्त्रजन के उद्देश्य से प्रदेश के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के माटीकला एवं शिल्पकला के उद्यमियों/शिल्पियों के समन्वित विकास हेतु माटीकला टूल किट्स वितरण योजना संचालित है के अर्न्तगत जनपद में 20 टूल किट्स का वितरण भी किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिसके विपक्ष में अवशेष 08 लाभार्थियों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पात्रता- उम्र 18 से 55 वर्ष एवं माटीकला के परम्परागत कारीगर, के शिक्षित बेरोजगार एवं माटीकला में प्रशिक्षित अभ्यर्थियों स्वतः रोजगार में परम्परागत कारीगर अपना आवेदन कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रनियां( बैंक ऑफ इण्डिया प्रथम तल) कानपुर देहात में किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-28 सितम्बर 2020 सांय 5 बजे तक आवेदन पत्र भर सकते है।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 20 सितंबर, 2020



# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की जनसुनवाई अफरा-तफरी के बीच संपन्न

● लेखपाल के सूचना न देने से पीड़ित नहीं पहुंचे कार्यक्रम में

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)



**बुंदेलखंड** एक्सप्रेस वे का जनसुनवाई कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय गुढा में संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा एक्सप्रेस वे से संबंधित समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को हल करने का वादा किया जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित इचौली प्रधान आलोक कुमार ने अपनी समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि इचौली गांव में क्राश बनाया जाए जिससे अनेको गांवो का आवागमन के लिए लोग लाभान्वित होंगे वही रीवन गांव के एक किसान ने समस्या से अवगत कराया की खेती के मुआवजा का पैसा नहीं प्राप्त हुआ है जिस पर उपस्थित रीवन लेखपाल ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया कुछ बाकी है उसके उपरांत पैसा मिल जाएगा तथा गांव में बैठक की सूचना लेखपाल द्वारा न देने पर ज्यादातर पीड़ित किसान उपस्थित नहीं हो पाए तथा जनसुनवाई कार्यक्रम की खानापूर्ति की गई वही गुढा प्रधान लेखराम उर्फमुन्ना निषाद ने कार्यक्रम के दौरान अपनी बात रखते हुए कहा कि विगत 4 वर्ष बीत जाने के बाद लेखपाल प्रशांत तिवारी ने तालाबों का सीमांकन नहीं किया है जिससे तालाबों में अतिक्रमण जमा है बैठक समाप्त होते ही गुढ़ा के ग्राम प्रधान लेखराम निषाद व लेखपाल प्रशांत तिवारी द्वारा एक दूसरे के प्रति तू तू मैं मैं होने लगी देखते ही देखते लेखपाल के और प्रधान के बीच अफरा तफरी का माहौल हो गया वहीं ग्राम प्रधान ने लेखपाल के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे वह मेरे परिवार के ऊपर कभी भी बड़ी घटना को अंजाम लेखपाल द्वारा दिया जा सकता है जनसुनवाई कार्यक्रम मे इटैरिया प्रधान एसडीएम मौदाहा तहसीलदार मौदहा व क्षेत्रीय लेखपाल सहित दर्जनो लोग उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में आये कुल 12 फरियादी

● एक भी समस्या का मौके पर नहीं हो सका निस्तारण

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अपर पुलिस की अध्यक्षता में स्थानीय कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में कुल बारह शिकायतें आई जिनमें से किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका। एक भी शिकायत का निस्तारण न होने से फरियादियों के चेहरों पर मायूसी साफ दिखायी दी।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में सात शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित तथा पॉच राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें आई। जिसमें किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका था। समाधान दिवस में अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए पहुंचे फरियादियों के चेहरे इस उम्मीद के साथ खुशी से लवरेज थे कि उनकी समस्या का निस्तारण अधिकारियों के बीच होना तय है।

लेकिन बारह शिकायतों में से पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा एक भी समस्या का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह, कस्बा प्रभारी लक्ष्मण रूवरूप व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

## सरकारी जमीनों के अवैध कब्जाधारकों पर करें कार्रवाई: डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरुप पाण्डेय की मौजूदगी में थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस कोतवाली कर्वी में हुआ। जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि संबंधी आज मिले मामले तत्काल मौके पर जाकर निस्तारित करायें। शनिवार को थाना दिवस में जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभियान चलाकर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। प्रत्येक दशा में भूमाफिआओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। श्रेणी तीन के जितने भी मामले हैं उन पर कड़ी कार्यवाही की जाये। थाना दिवस में सीओ सिटी रजनीश यादव, तहसीलदार दिलीप कुमार समेत संबंधित अधिकारी व कानूनगो तथा लेखपाल मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष के विरुद्ध सभासदों ने खोला मोर्चा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** कुछ सभासदों ने नगर के एक गेस्ट हाउस में एक बैठक की। जिसमें पालिकाध्यक्ष के विरुद्ध भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके वित्तीय अधिकार वापस लेने की मांग उठाई और अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में सभासदों ने बताया कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है। पालिकाध्यक्ष की कार्यप्रणाली का विरोध करते हुए अधिशाषी अधिकारी एसके गौतम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर में कराए जा रहे निर्माण कार्य अपने चहेते लोगों के प्लाटों में सड़क निर्माण कार्य करा रहे हैं। स्ट्रीट लाइट कंपार्ट की मंगवाकर उसको ज्यादा का बिल बनवाकर धन की बर्बादी कर रहे हैं। नगर में कोटेशन पर कराए गए कार्यों का फर्जी तरीके से पेमेंट किया गया। कोरोना काल में सैनिटाइजर और कीटनाशक दवाओं का फर्जी पेमेंट हुआ है। तिराहा स्टेट बैंक बिल्डिंग के पीछे स्टेशन तक पड़े नाले पर जालो की टेंडर ज्यादा संख्या का है जबकि वहां पर जालो की संख्या टेंडर के मुकाबले कम है। सभासदों ने अधिशाषी अधिकारी से शासकीय नियमों के आधार पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर सभासद जितेंद्र कुमार, दीपक कुमार, महरोश, रिजवाना बेगम, अंजुम बेगम, सिराजुल इस्लाम, शकुंतला देवी, रमेश चंद्र, सहाना, मेहरून्निसा, उर्मिला देवी, इंदु गुप्ता, मेहंदी हसन व सभासदों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मामले के संबंध में पालिकाध्यक्ष का कहना है कि को सभासदों द्वारा निजी हित के लिए कमीशन की मांग की गई थी। सभासदों द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। शासन कराए गए सभी विकास कार्यों की जांच के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना व शौचालय के निर्माण में मानकों की जांच कराकर कार्रवाई करें।

## थाना दिवस में डीएम व एसपी ने पीड़ितों की सुनी समस्याएं

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली हमीरपुर जिला स्तरीय थाना दिवस में भाग लेकर पीड़ितो की समस्याएं सुनी और कोतवाल हमीरपुर को आदेश दिये है कि लोगों को लाउडस्पीकर के माध्यम से मास्क व हेलमेट लगाने के लिये जागरुक करे। यदि इसके बाद भी कोई न माने तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे। इसके बाद जिलाधिकारी डा. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कोविड अस्पताल का निरीक्षण किया और गुणवत्ता युक्त भोजन के लिये जोर दिया। इसी प्रकार मौदहा में भी आज से 5 माह पूर्व बंद हुआ थाना दिवस आज बहाल हो गया। आज थाना दिवस के अवसर पर मात्र 5 शिकायतें आई। जिन पर 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ एवं 3 शिकायतों को जांच के दायरे में रखा गया।पर फरियादियों को थाना दिवस की जानकारी ना होने के कारण ज्यादा फरियादी थाना दिवस में नहीं आ सके। आज थाना दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अजीत परेश एवं क्षेत्राधिकारी सौम्या पांडे ने की। इस दौरान थाने में सभी लेखपालों सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# एससी-एसटी एक्ट में संशोधन के लिए जन जागरण समिति ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

● जन जागरण समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति के नाम दिए ज्ञापन में संशोधन करने की मांग उठाई

**एरवाकटरा, औरैया।** एससी एसटी एक्ट संशोधन 2018 के बाद इस एक्ट की बढ़ रही दुरुपयोग को रोकने के लिए और इस एक्ट में संशोधन कराने के लिए आज जन जागरण समिति द्वारा राष्ट्रपति महोदय को संबोधित एक ज्ञापन प्रभारी खंड विकास अधिकारी एरवाकटरा को सौंपा गया। जन जागरण समिति के सदस्यों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय से इस एक्ट में संशोधन करने की मांग रखी ताकि इस एक्ट का दुरुपयोग रुक सके।

जन जागरण समिति के वरिष्ठ नेता प्रभाकांत दुबे जिज्ञासु ने बताया कि एससी एसटी एक्ट के दुरुपयोग के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जिस में संशोधन कराने के लिए हमारी समिति ने आज महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन आज प्रभारी खंड विकास अधिकारी अतुल कुमार त्रिपाठी को सौंपा है। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति महोदय से जन जागरण समिति के सदस्यों ने मांग की कि देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों के विरुद्ध संसद द्वारा एससी एसटी एक्ट संशोधन अधिनियम अगस्त 2018 पारित हुआ है जो कि हम 78: नागरिकों के हितों के प्रतिकूल है।

जन जागरण समिति के वरिष्ठ नेता प्रभाकांत दुबे जिज्ञासु ने बताया कि धन के लालच में अथवा जानबूझकर किसी की प्रतिष्ठा गिराने के लिए एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग किया जा रहा है जबकि एससी एसटी एक्ट संशोधन 2018 में इस एक्ट का दुरुपयोग रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिससे हम 78: नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। जन जागरण समिति के वरिष्ठ नेता प्रभाकांत दुबे जिज्ञासु ने कहा कि समानता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है जिसकी हर हाल में रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एससी एसटी एक्ट 1989 में बनाया गया था इसके 31 वर्ष पूर्ण होने पर भी इसका कोई अध्ययन नहीं किया गया है। प्रत्येक 10 वर्ष बाद एक आयोग इस बात के लिए गठित होना चाहिए कि इस कानून से एससी एसटी समूहों को कितना लाभ हुआ है। प्रत्येक राज्य में पुलिस महानिदेशक विशेष जाति का एक पद सृजित और तैनात भी है इसमें आईजी व एसपी भी तैनात हैं लेकिन यह सब क्या कर रहे हैं इसकी जानकारी जनता को नहीं है। इसलिए प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में एससी एसटी एक्ट कृषि संबंधित सभी सूचनाओं की एक पुस्तिका प्रकाशित होनी चाहिए।

## बुंदेली सेना की मांग, बुंदेलखंड में बनायें फिल्म सिटी

**चित्रकूट।** बुन्देली सेना ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बुन्देलखण्ड को फिल्म सिटी बनाए जाने की मांग की है। बुन्देलखण्ड में नदियां, तालाब, पहाड़, झरने, प्रपात, ऐतिहासिक धरोहरें और प्राकृतिक सौंदर्य का खजाना है। यहां फिल्म सिटी बनने की असीम संभावनाएं हैं। नोयडा को फिल्म सिटी बनाए जाने का स्वागत है, लेकिन बुन्देलखण्ड में भी फिल्म सिटी विकसित की जाये। शनिवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि बुन्देलखण्ड को हमेशा पिछड़े, उपेक्षित और बदहाल क्षेत्रों में गिना गया, जबकि सिक्के का दूसरा पहलू ये है कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां पहाड़, नदियां, झरने, किले, ऐतिहासिक मंदिर और प्राकृतिक सौंदर्य की खदान हैं। बुन्देलखण्ड को फिल्म सिटी का दर्जा मिलने पर बॉलीवुड की धमाचौकड़ी शुरु होगी। पिछड़ा क्षेत्र भी विकास की दौड़ में शामिल होगा। प्रदेश सरकार ने नोयडा को फिल्म सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। सरकार की घोषणा का स्वागत है। मांग किया कि बुंदेलखंड को फिल्म सिटी का दर्जा दिया जाये। काफी लंबे समय से यह मांग की जाती रही है। सरकार इस दिशा में विचार करें तो यहां संभावनाओं की भरमार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर बुन्देली सेना ने बुन्देलखण्ड को फिल्म सिटी बनाए जाने की मांग की है।

# देखभाल करें ताकि पौधों को जीवन और सभी को ऑक्सीजन मिले: संजीव गुप्ता

● सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने कई स्थानों पर किया पौधरोपण



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** भाजपा नेताओं नें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सेवा ही संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के तहत नगर के अलग-अलग स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पौधे रोपे। इस दौरान उत्तर प्रदेश पेट्रोलियम ट्रेडर एवं व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता संजू ने बृक्षों से होने बाले लाभों को बताते हुये कहा कि कहा कि हम सभी पौधों को रोंपित कर उनकी देखभाल करनी चाहिये ताकि पौधें को जीवन व हमसभी को ऑक्सीजन मिले।

शनिवार को भाजपा नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में सेवा ही सप्ताह कार्यकम के अंतर्गत अम्बेडकर पार्क, काली देवी मन्दिर, सरस्वती शिशु मन्दिर, बेलेश्वर धाम चकोर गली, सरकारी अस्पताल, आदि प्रमुख स्थानों पर पौधरोपण किया गया। कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों को बड चढकर बक्षारोपण कार्यक्रमों में प्रतिभाग करना चाहिये पौधे की देखभाल अति आवश्यक है। इस अवसर पर शासकीय सभासद परशुराम देवल, सुमित सक्सेना, नीरज मिश्रा, सेक्टर प्रमुख आलोक सिंह, बूथ प्रमुख उमेश चंद्र शर्मा, धर्मवीर तिवारी, संजय सोलंकी भूरा कठेरिया, आचार्य शैलेश गुप्ता, अभिषेक मिश्र आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने लगाए पौधे

**छिबरामऊ/कन्नौज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के तौर पर मना रहे भाजपाइयों ने शनिवार को वृक्षारोपण किया।

सेवा सप्ताह के सातवें दिवस पर जिले की 70 ग्रामपंचायतों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया प्राचीन मंदिर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत के दिशा निर्देशन एवं शशांक मिश्रा जी के संयोजन से वृछारोपण अभियान चलाया गया जिसमें कार्यालय मंत्री अंकित शर्मा, सचिन पांडेय, अंशु पाल, सौरभ मिश्रा, अमर द्विवेदी अन्य कई भाजपा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही ।

## स्कूटी सवार एएनएम की ट्रैक्टर की टक्कर से हुई दर्दनाक मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे सवार एएनएम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

शनिवार को 50 वर्षीय एनएम लाली देवी की स्कूटी से जलालाबाद निवासी बबलू पाठक के साथ अस्पताल आ रही थी तभी अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे लाली की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बबलू पाठक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा घायल बबलू पाठक को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही नौरगपुर चौकी प्रभारी अरुण कुमार हमराह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतका के भाई फर्रूखाबाद कमालगंज निवासी अर्जुन सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले ट्रैक्टर को हिरासत में लिया है। जबकि चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। बताते चलें कि मृतका गुगरापुर ब्लाक मे एनएनएम के पद पर तैनात थी।

# भगत सिंह के जन्मदिन पर फांसीवादी विरोधी अभियान



**चित्रकूट।** नौजवान भारत सभा ने शहीदे-आजम भगत सिंह के जन्म दिवस 28 सितम्बर पर प्रदेश में 15 दिवसीय फासीवाद विरोधी अभियान चलाया है। अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में भगत सिंह के जीवन और विचारों और आज के समय से लोगों को परिचित कराने को नुक्कड़ सभाएं, नुक्कड़ नाटक, पैदल मार्च, साइकिल जुलूस, पोस्टर और पुस्तक प्रदर्शनी, फिल्म शो आदि किये जायेंगे। नौजवान भारत सभा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस पर मोदी सरकार की छात्र-युवा विरोधी नीतियों और रोजगार के संकट को लेकर शहीद भगत सिंह पुस्तकालय से जुड़े नौजवानों के बीच आज के फासीवादी दौर और भगतसिंह की विरासत विषय पर विचार गोष्ठी की है।

शनिवार को विचार गोष्ठी में नौजवान भारत सभा के सदस्य रवि ने कहा कि शहीदे-आजम भगत सिंह को ऐसे समय में याद कर रहे हैं जब देश में छात्रों-युवाओं और आम मेहनतकश जनता की जिन्दगी तबाही-बदहाली की शिकार है। आजादी के सात दशकों के विकास का निचोड़ यह है कि देश में हर दिन 391 छात्र-नौजवान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। रोजगार के लिए परेशान छात्रों-युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की बजाय सरकारी विभागों में खाली पदों को समाप्त किया जा रहा है। सूबे योगी सरकार ने तो बेशर्मी की हद पार करते हुए सभी सरकारी नौकरियों को पांच साल के लिए संविदा पर करने की घोषणा कर दी है। लॉकडाउन के दौरान पिछले कुछ महीनों में ही दो करोड़ से ज्यादा नियमित वेतन पाने वाले अपनी नौकरी से हाथ धो बैठे हैं। एक तरफ मेहनतकश जनता के खून पसीने की कमाई से खड़े रेलवे, बिजली, एलआईसी आदि पब्लिक सेक्टर औने-पौने दामों में पूंजीपतियों के हवाले किये जा रहे हैं। फैक्ट्रियों-कारखानों में काम करने वाली मेहनतकश आबादी की मेहनत को निचोड़ने के लिए श्रम कानूनों तीन साल के लिए खत्म करने की घोषणा की जा चुकी है। शहीदे-आजम भगत सिंह ने अंग्रेजों द्वारा जनता की आवाज को दबाने-कुचलने और मेहनतकशों के आन्दोलन करने के अधिकार को छीनने के लिए लाए गए काले कानूनों पब्लिक सेफ्टी बिल और ट्रेड डिस्प्यूट बिल के विरोध में असेंबली में बम फेंका था, लेकिन आज जनता पर दमन करने के लिए हर रोज उससे कहीं ज्यादा काले कानून बनाये जा रहे हैं। अभी हाल ही योगी सरकार ने यूपीएसएसएफ के गठन की शुरुआत इसी का एक उदाहरण है। जिसके पास न बिना किसी वारंट और बिना मजिस्ट्रेट की इजाजत के किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार है। सरकार की इजाजत के बगैर कोर्ट भी इसपर कोई संज्ञान नहीं ले सकती। इन सवालों पर लोगों को संगठित होने से रोकने को पूरे समाज में जाति-धर्म के नाम पर नफरत की आग लगाई जा रही है। भगत सिंह ने कहा कि हमारा मकसद हर तरह की लूट को खत्म करना है, चाहे वो एक इंसान द्वारा दूसरे इंसान की लूट हो या एक देश द्वारा दूसरे देश की लूट हो। आज के समय में भगत सिंह को याद करने का मतलब उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए संघर्ष में उतरना है। आज शहीदे-आजम के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए नौजवानों को झुग्गी-झोपड़ियों, कल-कारखानों तक जाना होगा। हर इंसान तक क्रान्ति का संदेश पहुंचाना होगा। इस मौके पर रामसलोने, धीरेंद्र, अनिल, सोनू, पिन्टू, राहुल, सुरेश शिवा, अजय, अंकित, मनमोहन, अश्विनी, संदीप आदि छात्र मौजूद रहे।

# दबंगों ने मानसिक विक्षिप्त से करा लिया बैनामा



जिलाधिकारी की चौखट पर गुहार लगाते पीड़ित।

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के डिलौरा गांव के मजरा पडरी के दीनबन्धु व शंकर पुत्रगण घनश्याम ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि पिता का मानसिक संतुलन ठीक न होने पर दबंगों ने भूमि का बैनामा करा लिया है। बैनामा को अमान्य घोषित किया जाये। शनिवार को कोतवाली कर्वी के डिलौरा गांव के मजरा पडरी के दीनबन्धु व शंकर ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि उनके पिता घनश्याम का दीमागी संतुलन ठीक नहीं है। इसका बेजा लाभ उठाकर रानीपुर भट्ट के दबंग पटेलों ने भूमि का बैनामा करा लिया है। बैनामा करा लेने से तीन भाई दीनबन्धु, शंकर व बाले के सामने भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो जायेगी। बच्चों के सामने भूखों मरने की नौबत आ जायेगी। कास्तकारी की पैतृक भूमि के अलावा जीविकोपार्जन का कोई सहारा नहीं है। पीड़ितों ने बताया कि रानीपुर भट्ट के दबंग पटेल उसके पिता की भूमि का पंजीयन कराने की फिराक में है। जिलाधिकारी से मांग किया कि निबंधन कार्यालय को आदेशित किया जाये कि घनश्याम पुत्र महादेव के दबाववश किये दस्तावेज को अमान्य किया जाये।

## क्विक न्यूज

### बाजरे के खेत में शव मिलने से फैली सनसनी

**चित्रकूट।** मऊ कोतवाली क्षेत्र में हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। डेढ़ महीने के अन्दर पांच हत्यायें हो चुकी हैं। गायत्री नगर मऊ के गुलाब सिंह पुत्र अंगद की संदिग्ध दशा में हत्या से सनसनी फैल गई है। हत्या की ये घटना शुक्रवार को मऊ कोतवाली के हटवा गांव के मजरा छगरहट में बाजरे के खेत में हुई। बताया गया कि गायत्री नगर मऊ का गुलाब सिंह पुत्र अंगद सिंह किसी कार्य से कहीं जा रहा था। उसकी बाजरे के खेत में संदिग्ध दशा में लाश मिलने पर ग्रामीणों ने डायल 112 में सूचना दी। पुलिस कर्मियों ने मऊ कोतवाली को मामले की जानकारी दी। मऊ थाना से क्राइम इंस्पेक्टर सतीश पाण्डेय, दरोगा तपेश मिश्रा, सिपाही अंकित तिवारी, अमित चौरसिया, इन्दल, शिवम व जितेन्द्र घटना स्थल पर पहुंचे। लाश की शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने घटना की गम्भीरता के मद्देनजर एएसपी प्रकाश स्वरुप पाण्डेय को मौके पर भेजा। घटना स्थल के मुआयने के बाद शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। एएसपी ने मऊ थानाध्यक्ष को हत्यारों को जल्द पकडने के आदेश दिये हैं।

### टॉपटेन अपराधियों पर रखें कड़ी नजर: एसपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने रात में थाना बहिलपुरवा के विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचकों को वांछितों को गिरफ्तार करने को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। शुक्रवार की रात पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने थाना बहिलपुरवा का निरीक्षण कर हल्का प्रभारियों को निर्देश दिये कि टॉपटेन अपराधियों के बारे में पूरी जानकारी रखें। उनके क्रियाकलापों पर कड़ी नजर रखी जाये। थाने के टॉपटेन अपराधियों की गिरफ्तारी कर निरोधात्मक कार्यवाही की जाये। उनकी जमानत निरस्तीकरण की रिपोर्ट दी जाये। मुकदमों की प्रभावी पैरवी एवं गवाहों की समय से गवाही करायें। उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों एवं आईजीआरएस से प्राप्त लम्बित आवेदनों का जल्द निस्तारण करें। इस मौके पर बहिलपुरवा थानाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, पीआरओ वीरेन्द्र त्रिपाठी, वाचक शिवबदन सिंह आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने कुल्हाड़ी से वार कर पुत्र को मार डाला, पिता गंभीर

**हमीरपुर।** जिले के राठ क्षेत्र में आज शाम पुरानी रंजिश के चलते दवंगो ने पिता पुत्र पर कुल्हाडी से हमला कर पुत्र को मौत के घाट उतार दिया , पिता को बुरी तरह जख्मी पिता को गंभीर हालत में सीएचसी राठ में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के धमना गांव में विकास (18) का विवाद एक माह पहले गांव के ही सुरेश प्रजापति से विजली की कटिया डालने को लेकर हो गया था, तब से सुरेश के परिवारीजन विकास से रंजिश मानते लगे थे आज विकास गांव के तिराहे पर बैठा था तभी सुरेश अपने परिवारीजन प्रमोद, जयहिंद, अशोक के साथ आया और विकास व उसके पिता अशोक पर कुल्हाडी से कई वार किये, जिससे विकास की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पिता अशोक बुरी तरह घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी राठ मे भर्ती कराया गया है। घटनाके बाद सभी लोग मौके से फरार हो गये। पिता की हालत गंभीर बतायी जाती है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी। गांव में दोनो पक्षो में तनाव देखा जा रहा है पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितयो में मृत्यु

**बिवार (हमीरपुर)।** बिवार क्षेत्र मे आज एक युवक की संदिग्ध हालत में मृत्यु हो गयी।पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के मवईजार गांव निवासी खन्नू वर्मा (60) दस दिन पहले अपने दस बीघा खेत बीस लाख रुपये में बेचा था वह काफी दिनों से शराब पी रहा था आज वह गांव में एक मंदिर के पास मृत हालत में पाया गयाु उसके लाखों रुपये कहा गये यह एक रहस्य बना हुआु है अंदेशा है कि किसी ने रुपये छीनने के बाद वृद्ध की हत्या कर दी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### सर्रा रोग से छह घोड़ों की मौत, पशुपालकों में मचा हड़कंप

**मौदहा (हमीरपुर)।** हमीरपुर जिले के मौदहा कस्बा में एक खतरनाक मच्छरजनित पशु बीमारी ने दस्तक दे दी है जिसके चलते लगभग 6 स्वस्थ घोड़ों की अचानकं मौत हो गई है।जिससे लाखों रुपये की पशु हानि हुई है। इस बीमारी के अचानक छा जाने से पशुपालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जिसमें अरतरा गांव निवासी रामबाबू यादव का रागौल रेलवे स्टेशन के पास अस्तबल बना हुआ है, जिसमें आज 3 स्वस्थ घोड़ों की मौत हो गई। इसी क्रम में परछा गांव निवासी पप्पू जिसके एक घोड़े की मौत हो गई एवं मलि कुआं चौराहे के निकट रह रहे एक व्यापारी के दो घोड़ों की मौत हो गई। इन घोड़ों की मौत के बारे में मौदहा पशु चिकित्साधिकारी डा. एके सिंह से बात की गई तो पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया इन सभी पशु मालिकों ने प्राइवेट इलाज करवाया है एवं यह बीमारी सर्रा रोग नामक बीमारी है जिससे घोड़ो की मौत हुई है वही, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डा.ओपी यादव का कहना है कि यह रोग मच्छर जनित रोग है इसकी छानबीन करायेगे और पशुओ का टीकाकरण कराया जायेगा ताकि अन्य पशुओ में न फैलने पाये।

### 27 और संक्रमितों ने जीती कोरोना से जंग, हुई घर वापसी

**हमीरपुर।** जिले में जहां कोरोना संक्रमितों की पहचान को सैंपलिंग कार्य तेज है। वहीं 27 संक्रमितों के ठीक होने पर उन्हें कोविड हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर घर भेजा गया है। जिसके बाद जिले में ठीक होने वाले संक्रमितों की संख्या 776 पहुंच गई है। जबकि लिए गए 1477 सैंपलों की कोरोना जांच में भाजपा जिलाध्यक्ष व उनके बेटे समेत 25 नए संक्रमित मिले है। सीएमओ डा. आरके सचान ने बताया कि जहां कोरोना के नए संक्रमित मिल रहे है। वहीं अलग अलग कोविड हॉस्पिटलों में भर्ती कोरोना संक्रमितों के ठीक होने का क्रम जारी है। बताया शनिवार को लिए गए 1477 सैंपलों की कोरोना जांच में 25 नए संक्रमित मिले है। जिसके बाद उनके परिजनों व संपर्कियों के सैंपल ले जांच के निर्देश दिए गए है। साथ ही सैनिटाइजेशन के लिए संबंधित निकाय व ग्राम पंचायतों को कहा गया है। कुरारा निवासी भाजपा जिलाध्यक्ष व उनके बेटे का सैंपल कोरोना पॉजिटिव मिला है। इसके अलावा दो बच्चों समेत 11 लोग सुमेरपुर क्षेत्र, पांच मुख्यालय दो नौरंगा व पांच कुरारा निवासी है।

### अधिकारियों के अभद्र व्यवहार से खफा हुए चिकित्सक

**कन्नौज।** चिकित्सकों से अभद्र व्यवहार को लेकर पीएमएस एसोसिएशन खफा है। इसको लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया। डॉक्टर अपने को जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं, इसके बाद भी कई अधिकारी गलत तरीके से पेश आते हैं। शनिवार को प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा के सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह और सचिव डॉ. अमित वर्मा ने कलक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम गजेंद्र कुमार को ज्ञापन दिया। कहा, डॉक्टर खुद और अपने परिवार की चिंता छोड़कर संक्रमितों के इलाज व सेवा में जुटे हैं। मुख्यमंत्री डॉक्टरों व कर्मियों का उत्साहवर्धन करने के लिए कई आयोजन कर रहे हैं, लेकिन कुछ वरिष्ठ अधिकारी मनोबल गिरारहे हैं। इससे डॉक्टर अपने को अपमानित महसूस कर रहे हैं। एसोसिएशन ने बीते दिनों अलीगढ़, महाराजगंज, बस्ती, वाराणसी, रायबरेली व मऊ जिलों का उदाहरण भी दिया। मांग हुई कि किसी भी जिले में डॉक्टर के साथ गलत भाषाका प्रयोग न किया जाए। बैठकों में डॉक्टरों का प्रोटोकॉल निर्धारित किया जाए।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कन्नौज।** जीजा के घर रह रही साली ने घर से कुछ दूरी पर सुनसान इलाके में लगे पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य को इकट्ठा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना शहर के तिर्वा क्रॉसिंग क्षेत्र की है। 17 वर्षीय रवीना मूलरूप से कासगंज जिले के नगलादेवी पटियाली रहने वाली थी। वह मार्च से यहीं जीजा के घर रह रही थी। जीजा पुलिस में सिपाही के पद पर इटावा में तैनात है। बताया गया कि मृतक रवीना के भाई मोहित का शुक्रवार को कासगंज में ट्रक से एक्सीडेंट हो गया था।हादसे में मोहित के दोनों पैर कट गए थे। रवीना कल ही घर जाने की जिद कर रही थी। लेकिन रात हो जाने की वजह से जीजा ज्ञानेंद्र कटियार और बहन मनोरमा ने रवीना को किसी तरह समझाकर सुबह चलने की बात कही। रात में सब लोग सो गए। जीजा ज्ञानेंद्र के मुताबिक वह सुबह चार बजे तक सोफे पर सो रही थी। बताया गया कि शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास रवीना घर से निकली होगी। उसके बाद ही उसने फांसी लगाई होगी। उधर जानकारी मिलते ही सदर कोतवाल विकास राय, सरायमीरा चौकी प्रभारी कमल भाटी ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर लोगों का हुजूम भी लगा रहा।

### अलग-अलग हादसों में बालक समेत गई घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** अलग-अलग घटना में बालक सहित एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुए घायल हो गये। जिन्हें मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती वहीं दोनों की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने सदर अस्पताल हमीरपुर रिफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिजनौडा निवासी में कृष्णा पुत्र नत्थू यादव शुक्रवार की शाम अपनी छत पर खेल रहा था तभी अचानक पैर फिसलने से नीचे आ गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं परिजनों द्वारा आनन-फानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती जहां डॉक्टरों ने चिंताजनक हालत देख सदर अस्पताल के लिए किया रेफर वहीं अनीश कुमार निवासी सीतापुर हाईवे पर चल रहे काम में रोड बनाने की मशीन में काम कर रहा था काम करते वक्त मशीन से जा टकराया जिससे उसके मुंह में चोट लगने पर गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे काम कर रहे साथ के लोगों द्वारा मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने हमीरपुर सदर अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# समाधान दिवस में आए सात मामलों में तीन का निस्तारण

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)



**शिवगढ़** थाना परिसर में नायब तहसीलदार रामकिशोर वर्मा की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में आए कुल 7 मामलों में एक का मौके पर ही त्वरित निस्तारण हो गया वहीं शेष बचे 6 मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई। नायब तहसीलदार के निर्देश पर मौके पर पहुंची गठित टीमों ने तत्परता दिखाते हुए 2 मामलों का एक घंटे के अन्दर निस्तारण कर दिया। गौरतलब हो कि कोरोना महामारी के चलते लम्बे वक्त के बाद शिवगढ़ थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में एक पुलिस से संबंधित और 6 मामले राजस्व से संबंधित आए थे। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने तत्परता दिखाते हुए जिनमें से पुलिस से संबंधित मामले का त्वरित निस्तारण कर दिया। वहीं राजस्व से संबंधित आए 6 मामलों के निस्तारण के लिए नायब तहसीलदार रामकिशोर वर्मा और थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों को सख्त निर्देश दिए। मौके पर पहुंची टीमों ने तत्परता दिखाते हुए निष्पक्ष तरीके से 2 मामलों का एक घण्टे के अन्दर निस्तारण कर दिया। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सोशल डिस्टेंसिंग को दृष्टिगत रखते हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी गई। समाधान दिवस में कुल 7 मामले आए थे जिनमें से 3 मामलों का त्वरित निस्तारण हो गया। शेष बचे चार मामलों के निस्तारण के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई कोविड-19 पर समीक्षा बैठक

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को कोविड-19 एल-1 केयर सेन्टर केएनआईटी गेस्ट हाउस में प्रात: 09 बजे कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम/बचाव सम्बन्धी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सीबीएन त्रिपाठी से विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप जनपद में कोविड-19 से सम्बन्धित कार्यों का सम्पादन किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) हर्ष देव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाकान्त त्रिपाठी, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सीबीएन त्रिपाठी सहित चिकित्सा टीम आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने शाहगंज चौकी की व्यवस्थाएं देखीं



शाहगंज चौकी इंचार्ज से पूछताछ करते डीएम रवीश गुप्ता — पायनियर

संवाददाता। सुलतानपुर

- फरियादियों के साथ शालीनतापूर्वक व्यवहार करने का पढ़ाया पाठ

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता ने शनिवार को शाहगंज पुलिस चौकी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने चौकी इंचार्ज से स्टाफ की उपलब्धता, विभिन्न अभिलेखों, पंजिकाओं का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि जो व्यक्ति पुलिस चौकी में अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं उनसे पुलिस कर्मी शालीनता पूर्वक व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किये जायें। जिलाधिकारी ने शाहगंज पुलिस चौकी में साफ-सफाई तथा अभिलेखों के रख-रखाव के साथ ही साथ आने वाले आगन्तुकों को बैठने तथा उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर त्वरित निस्तारण करने का निर्देश चौकी इंचार्ज को दिया। उन्होंने चौकी इंचार्ज से जानकारी ली कि इस चौकी के अन्तर्गत कौन-कौन से मुहल्ले आते हैं अपने क्षेत्रान्तर्गत ऐसा कार्य करें कि कोई भी अराजक तत्व किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न कराने की हिम्मत न जुटा सके।

## आकाशीय बिजली से दो की मौत, पांच झुलसे

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** शनिवार की सुबह हुई बारिश में बादलों की गड़गड़ाहट के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। आकाशीय बिजली से झुलसे लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया। पहली घटना गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मगनगंज गांव की है। जहां जयसिंहपुर-इटकौली सड़क मार्ग पर स्थित बाग में शनिवार की सुबह साढ़े दस बजे गांव के बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इसी बीच तेज गरज के साथ वारिश शुरू हो गयी। बारिश से बचने के लिये सभी बच्चे आम के पेड़ की छांव में खड़े हो गये। इसी बीच बादलों की गड़गड़ाहट से आकाशीय बिजली गिरने से मगनगंज गांव के अफसर (18) पुत्र अंसार अहमद, रज्जब (25) पुत्र सजर अली, शहबान (17) पुत्र जेठू, शाजिद अली (15) पुत्र महमूद चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गये। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी को इलाज के जिला अस्पताल भेजवाया। जहां शाजिद अली (15) को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बाकी लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के (झिंगुरी का पुरवा) गड़ौली गांव में तालाब के किनारे मछली पकड़ने गये गाँव के तीन किशोर चपेट में आ गए। ये लोग भी बारिश से बचने के लिये पेड़ की छांव में आकर खड़े हो गये। बादलों की गरज चमक के साथ गिरी आकाशीय बिजली से गांव के मो0 हासिम के आठ वर्षीय बेटे रमजान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि इसी गांव के मो0. तसव्वर का आठ वर्षीय बेटा बब्बू व रिश्तेदारी में आया जौनपुर जिले के खुटहन निवासी मैनुद्दीन का सात वर्षीय बेटा अबूलैश चपेट में आकर झुलस गया। जिन्हें इलाज के लिये स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। इस सम्बंध में जयसिंहपुर उप जिलाधिकारी विधेश कुमार ने बताया कि दोनों घटनास्थलों पर राजस्व कर्मियों को भेजा गया है।

## विधायक ने किया योगा व प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन

**सुलतानपुर।** शनिवार को विकास क्षेत्र दूबेपुर अंतर्गत दिखौली में स्थित पंच तत्व योग प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन विधायक देवमणि द्विवेदी ने किया। साथ में उनकी पत्नी रेखा द्विवेदी भी मौजूद रहीं। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि मौजूदा समय में अंग्रेजी दवाओं की तरफ लोगों का झुकाव कम हो रहा है। योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा ऐसी पद्धति है कि इसके द्वारा रोगों का पूर्ण रूप से निदान हो जाता है। साथ में पैसों की भी बचत होने के कारण लोग योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की तरफ अधिक ध्यान दे रहे हैं । केंद्र प्रभारी डा0पूनम सिंह ने उपस्थित लोगों को योगा एवं नेचुरोपैथी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा ऐसी पद्धति है कि इसमें योग के द्वारा सभी प्रकार के रोगों का इलाज संभव है। बस आवश्यकता है तो लोगों को जागरूक होने की। कार्यक्रम का संचालन सुमित श्रीवास्तव ने किया।

# फरियादियों के साथ पुलिसिंग से भी रूबरू हुए पुलिस अधीक्षक



**ऊंचाहार,रायबरेली।** संयुक्त समाधान दिवस में फरियादियों से रूबरू होने के साथ-साथ जिले के नए पुलिस कप्तान ने ऊंचाहार कोतवाली की पुलिसिंग को भी परखा है ।इस दौरान उन्होंने न सिर्फ अभिलेखों का परीक्षण किया अपितु व्यवस्था में सुधार के निर्देश भी दिए हैं। शनिवार को ऊंचाहार कोतवाली में संयुक्त समाधान दिवस आयोजित था। समाधान दिवस के दौरान अचानक जिले के पुलिस कप्तान श्लोक कुमार पहुंच गए । एस पी के पहुंचते ही कोतवाली में अफरा-तफरी मच गई ।पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले मौजूद लोगों से उनकी समस्या सुनी और समस्या के समाधान को लेकर पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए। यही नहीं पुलिस अधीक्षक ने पूर्व में आई शिकायतों के निस्तारण के तौर-तरीकों और उसकी गुणवत्ता को भी परखा ।पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली के विभिन्न अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध के रजिस्टर की निगरानी करते हुए चिन्हित अपराधियों के विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई का विवरण मांगा ।उसके बाद लंबित विवेचना की स्थिति भी जानी। कोतवाली में लंबित विवेचना क्यों लंबित हैं ?इस बारे में भी उन्होंने बीट के दरोगाओं से सवाल जवाब किए और उनको लंबित विवेचना ओं के निस्तारण को लेकर कुछ गुर भी सिखाए ।उन्होंने अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर मातहतों को सख्त निर्देश दिए साथ ही पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों के प्रति पुलिस के व्यवहार को नम्र रखने और मित्र भाव से के साथ फरियादियों के सामने पेश आने को कहा। इस दौरान कोतवाल पंकज तिवारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### हरदोई गांव के पास नहर में उतराता मिला शव

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के हरदोई गांव में उस समय हडकंप मच गया।जब गांव के करीब से निकली नहर में एक युवक का शव उतराता हुआ दिखा।शव की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।इसी बीच किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी तो मौके पर पहुचे पुलिस कर्मियों ने शव को नहर से बाहर निकलवाया और उसकी जाम तलाशी ली तो उसके पास से आधारकार्ड निकला जो कि लखनऊ के अभिषेक रस्तोगी का है।फिलहाल शव कई दिन पुराना लग रहा है और बुरी तरह सड़ गया है। आपको बताते चले कि शनिवार को जिले के बछरांवा थाना क्षेत्र के हरदोई चौराहे के पास से बह रही शारदा सहायक नहर में एक युवक के शव को उतराता देख लोगो मे सनसनी मचा गई।मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ जमा हो गई लेकिन किसी ने भी उसे पहचाना नही क्योंकि शव के दिन पुराना था और बुरी तरह सड़ गल गया था।मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुची पुलिस ने ग्रामीणो की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला और उसकी जामा तलाशी ली तो उसके पास से आईकार्ड व आधार कार्ड बरामद हुआ।जिससे उसकी पहचान अभिषेक रस्तोगी के तौर पर लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी के तौर पर हुई।फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया हैं।

### समाधान दिवस पर एसपी ने सुनीं समस्याएं

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** शनिवार को गोसाईंगंज थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीना गोशाईंगज थाने में पंहुचकर आम लोगो की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। थाना समाधान दिवस पर उपस्थित सभी राजस्व निरिक्षिकों तथा पुलिस प्रभारियों को थाना क्षेत्र से आने वाली जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान करने हेतु निर्देशित किया। एसपी की मौजूदगी में कुल तीन जन शिकायतें आई। जिनमे से मौके पर एक भी शिकायतों का निस्तारण नही हो सका। एसपी शिवहरि मीना ने आपरेशन इंद्रधनुष के अंतर्गत जनपद की सभी सीमाओं को सील कर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के उघड़पुर चौराहे से गुजरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो को पुलिस कर्मियों के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसके अलावा बिना मास्क सड़क से गुजरने वाले लोगो को मास्क वितरित करते हुए भविष्य में बिना मास्क सड़क पर न निकलने के निर्देश दिए।

### छुट्टा मावेशियों को लेकर दो पक्षों में चटकीं लाठियां

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मछज्जा मजरे नेरुथुवा में खेत में छुट्टा जानवर को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठियां चटकी जिसमें दो महिला एक किशोरी सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर 8 लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है , घायलों में 40 वर्षीय गुड्डा की हालत गम्भीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि खेत में छुट्टा जानवर जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी दोनों पक्षों के 4 लोग घायल हैं दोनों पक्षो से 8 लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### रेलकोच में चोरी करने वाले भेजे गये जेल

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेलकोच कारखाने की आरपीएफपुलिस ने फैक्ट्री के अन्दर चोरी करने वाले और चोरी का माल खरीदने वालों को जेल भेजा है। आरपीएफनिरीक्षक सुरेन्द्र मीणा ने बताया कि पल्टी नरेन्द्रपुर जिला जौनपुर निवासी वीरेन्द्र कुमार व बृजकिशोर और पूरे धौकल उमरामऊ के अतुल कुमार पुत्र देव नारायण व महेश नगर लालगंज के अशोक कुमार पुत्र काली शंकर के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा लिख जेल भेजा गया है।अशोक ने चोरी का माल खरीदा था।आरोपियों के पास से 20 किलो तांबे का तार बरामद हुआ है।अभी कुछ और लोग फरार बताये जाते हैं।

### सिपाही के घर चोरी की जांच में जुटी पुलिस

**सुलतानपुर।** थाना अखण्डनगर क्षेत्र के पारा बासूपुर गांव में आशुतोष तिवारी उर्फमोनू तिवारी के घर में चोरों ने घात लगाकर ताला तोड़ करीब डेढ़ लाख रूपए के सामनों पर हाथ साफकर दिया। सुबह घर वालों ने ताला टूटा देखा तो सब को गहरा सदमा लगा। थाने पर दी गयी तहरीर में राधेश्याम त्रिपाठी पुत्र रामनाथ त्रिपाठी ने बताया कि रात 12 बजे के बाद चोरों ने पैतृक निवास का ताला तोड़कर घर से बक्शे निकाल ले गये जो घर से 100 मीटर की दूरी पर तोड़कर उसमें रखे सामान उठा ले गये। चोरों ने लगभग 2.50 लाख के माल पर हाथ साफकिया है।

# पौधरोपण कर भाजपाई मना रहे पीएम का जन्मदिन

- 350 सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए 12 हजार पौधे

संवाददाता। सुलतानपुर



पौधरोपित करते भाजपाई — पायनियर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के छठवें दिन भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर. ए. वर्मा की अगुवाई और भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडे बजरंगी, सेवा सप्ताह प्रमुख घनश्याम चौहान की उपस्थित तथा भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष काली सहाय पाठक के संयोजन में शनिवार को भाजपा ने कुड़वार ब्लाक मुख्यालय स्थित राजघाट पर पाकड़ व पीपल, शनिदेव मन्दिर पर पाकड एवं यश पब्लिक स्कूल परिसर में आम का पौध रोपित कर वृहद वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारम्भ किया।आज वृक्षारोपण महाअभियान के तहत कुल 350 सार्वजनिक स्थानों पर 4000 कार्यकर्ताओं के सहयोग से 12 हजार पौधे रोपित किये गये।

भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि यश पब्लिक स्कूल परिसर में पौध रोपड़ उपरांत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर.ए. वर्मा ने पेड़ों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा वृक्ष के विना मानव जीवन संभव नही है।पेड़ मानव को जीवन दायिनी आकसीजन व भोजन देते है। पेड़ इंसान की जरूरत व जीवन का आधार है। भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा , सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडे बजरंगी व किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने पौध रोपड़ के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा नये पेड़-पौधे लगाकर कुदरत का कर्ज उतारना होगा। शहर हो या गांव हरियाली बढ़ानी होगी। पेड़-पौधे प्रदूषण को खत्म करने के साथ जल संरक्षण भी करते है। पौधरोपण को मुहिम के रूप में लेना होगा। विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि आज जिले के 26 मण्डलों के 350 सार्वजनिक स्थानों पर 4000 कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा सप्ताह के दौरान 12 हजार से अधिक पौध रोपित किया। जिसमें सांसद मेनका संजय गांधी के सहयोग से 10 हजार तथा कार्यकर्ताओंके सहयोग से 2000 पौध कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुए।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी भारी संख्या में असलहे बरामद तीन आरोपियों को भेजा जेल



**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान स्कॉर्पियो चौपाया वाहन की चेकिंग के दौरान वाहन में सवार तीन लोगों के पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए जिन को गिरफ्तार कर डलमऊ पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है कोतवाली प्रभारी लालचंद सरोज ने बताया कि शनिवार की देर शाम चेकिंग के दौरान लालगंज मार्ग पर पूरे गडरियन मजरे डलमऊ गांव के मोड़ के पास स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार तीन युवकों की चेकिंग के दौरान एक 12 बोर दो नाली तमंचा और दो 315 बोर तमंचे के साथ 7 जिंदा कारतूस बरामद की गई पकड़े गए युवकों में राकेश कुमार निवासी डलमऊ निर्भय सिंह सिंह निवासी आफ्ताब नगर अनिल कुमार निवासी अवतार नगर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस की पकड़ से दूर हैं दलित उत्पीड़न के आरोपी

**लम्भुआ-सुलतानपुर।** प्रधान के अनियमित कार्यों की शिकायत करना पूर्व प्रधान को भारी पड़ गया। प्रधान प्रतिनिधि व उनके परिवार के आधा दर्जन सदस्यों ने शिकायतकर्ता पूर्व प्रधान पर लाठियां बरसाकर लहूलुहान कर दिया। उनका बचाव कर रहे गांव के एक दलित युवक को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और जातिसूचक गालियां देकर मारा पीटा व जानमाल की धमकी दी। मुकदमा दर्ज हुए एक महीने से अधिक हो गया किन्तु लम्भुआ पुलिस की मेहरबानी हमलावरों पर बरकरार है और वे खुलेआम घूम घूम कर धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित पूर्व प्रधान ने उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र भेजकर हमलावरों के गिरफ्तारी की मांग की है। मामला लम्भुआ थाना क्षेत्र के दूल्हापुर गांव का है। जहां पर पूर्व प्रधान आलमगीर पुत्र मो0 रजा द्वारा वर्तमान प्रधान के अनियमित कार्यों के सम्बन्ध शिकायतें की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में बीते 18 अगस्त 2020 को ब्लाक मुख्यालय से जांच टीम गांव दूल्हापुर गयी थी।

# सीएम ने कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा

संवाददाता। गोंडा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डल के जनप्रतिनिधियों तथा मण्डलायुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ देवीपाटन मण्डल के विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद से सम्बन्धित सांसद एवं विधायकगण से निर्माणाधीन विकासपरक परियोजनाओं की प्रगति आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि मंडल में सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण, मानकानुरूप व समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जायें।

बैठक में मंडलायुक्त एस.वी.एस. रंगाराव ने बताया कि मण्डल में 50 करोड़ से अधिक लागत की कुल 12 परियोजनाएं संचाालित हैं। जिनमें जनपद गोण्डा में 05, बलरामपुर में 03, श्रावस्ती व बहराइच में 2-2 परियोजनाएं हैं। उन्होंने बताया कि सभी परियोजनाओं की कुल लागत 1493.2 करोड़ है। जिसके सापेक्ष शासन से अब तक 964.57 करोड़ रूपए की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। उक्त सभी 12 परियोजनाओं हेतु लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम व उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लिमिटेड कार्यदायी संस्थाएं हैं। बताया कि फरेन्दा-जरवल मार्ग के चौनेज 187.60 से चौनेज 234.00 तक 46.40 किलोमीटर की स्वीकृत लागत 385.006 करोड़ से फोरलेन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका लगभग 94 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कार्य पूर्ण करने की लक्षित तिथि 31 मार्च 2021 है। सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य में डुमरियागंज-गौराचौकी-मसकनवा-कटरा अयोध्या मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य 55.44 करोड़ की लागत से 26.630 किलोमीटर कराया जा रहा है। इस कार्य को अक्टूबर 2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार 26.300 किलोमीटर लम्बे गोण्डा-बेलसर उमरीबेगमगंज मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य 51.46 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है, जिसे 31 दिसम्बर 2020 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है। आयुक्त ने बताया कि जनपद गोण्डा में 500 शैयायुक्त राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण हेतु शासन द्वारा 250.32 करोड़ रूपए का बजट स्वीकृत किया गया है। जिसके सापेक्ष 20 करोड़ की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। कार्यदायी संस्था द्वारा 31 मई 2022 तक कार्य पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही जनपद गोण्डा में श्रम विभाग द्वारा संचालित होने वाले अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग गोण्डा द्वारा किया जा रहा है। जिसकी स्वीकृत लागत 71.40 करोड़ के सापेक्ष 10 करोड़ रूपए की धनराशि शासन द्वारा अवमुक्त की गई है तथा आगामी 31 मार्च 2022 तक निर्माण कार्य पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मण्डलायुक्त ने बताया कि अमृत योजना मण्डल के जनपद गोंडा और बहराइच में संचालित है। इस योजना के अन्तर्गत जलापूर्ति एवं पार्क निर्माण की योजना स्वीकृत है। कार्यदायी संस्था जल निगम द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जनपद बहराइच हेतु अमृत योजना पेयजल के लिए शासन से 71.97 करोड़ रूपए का बजट स्वीकृत किया गया, जिसके सापेक्ष 40.43 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि कार्यदायी संस्था द्वारा 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा 31 मई 2021 तक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में विधायक कटरा बावन सिंह, विधायक करनैलगंज कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया, विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक महनौन विनय द्विवेदी, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पांडेय, डीएम गोंडा डॉ. नितिन बंसल, सीडीओ शशांक त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जन्मदिवस पर किया पौधरोपण



**करनैलगंज-गोंडा।** नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक ने अपने पौत्र के प्रथम जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए अनोखी पहल करते हुए पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने गोंडा-लखनऊ फोरलेन मार्ग के डिवाइडर पर पौधरोपण कराया। नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. गिरधर गोपाल वैश्य के पौत्र का शनिवार को जन्मदिन था। जन्मदिन पर अन्य कोई कार्यक्रम न करके भी उन्होंने इस दिन को यादगार बना डाला। करनैलगंज नगर में गोंडा-लखनऊ हाईवे पर स्थित अपने आवास के सामने उन्होंने सड़क के डिवाइडर पर 21 पौधों का रोपण किया। जिसमे तमाम प्रकार के अलग अलग वृक्ष लगाए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड भी लगाये गये हैं। उन्होंने पौधों की देखभाल करने और उन्हें पानी देने के लिए एक आदमी भी नियुक्त कर दिया है। डॉ. वैश्य ने पौधरोपण करके लोगों को ऐसे कार्य करने की प्रेरणा दी है। इस मौके पर नगर पालिका परिषद परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि शमीम अच्छन, सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेश चंद्रा, कृष्ण गोपाल वैश्य, डॉ. रवि वैश्य, शिव नारायन मौर्या, जोगिंदर सिंह जानी, अशोक सिंघानिया, राहुल प्रताप सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, संतोष मौर्य, बृजेश प्रसाद शर्मा, हरे कृष्ण वैश्य, मुकेश वैश्य अर्चित पांडेय, सुधीर शुक्ला, संतोष मौर्य, हेतराम मौर्य, सभासद मुख्तार अब्बास, साबिर अली, रफीक राईनी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# थानों पर आये शिकायती मामलों के निस्तारण में लापरवाही न हो : डीएम

**● लॉकडाउन के बाद माह के तृतीय शनिवार को थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल ने जनपद के समस्त थानाध्यक्षो के अलावा अधीनस्थ राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया है कि थाना समाधान दिवस में आये मामलो के निस्तारण में लापरवाही/लीपा पोती नही होनी चाहिए निस्तारण में पारदर्शिता रहे। राजस्व एवं पुलिस टीम संयुक्त रूप से फरियादियों के शिकायती पत्र के निस्तारण समय से करें तथा मोबाइल नम्बर से सम्पर्क कर शिकायतकर्ता के संतुष्टि की भी जानकारी ले। श्रीमती मित्तल उक्त निर्देश जनपद के समस्त थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में आये फरियादियों के समस्याओ को सुनते हुए दिया है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह जनपद के 3 थानों पर पहुँचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना। अधिकारियों ने जनपद के मेंहदावल, बखिरा व बेलहर थाने पर पहुँचकर जनसमस्या को सुना इसमें अधिकांश जमीनी विवाद से सम्बन्धित प्रकरण शामिल रहे। मौके पर मौजूद लेखपालो को भी निर्देशित किया गया कि शिकायत पत्र के निस्तारण में पारदर्शिता रखे। पीआरओ सेल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि पूर्व में सभी प्रकरण निस्तारित कर दिये गये थे। आज कुल 48 मामले आये जिनमें 8 मामलो का निस्तारण मौके पर किया गया फरियादी संतुष्ट भी रहे। उन्होने बताया कि खलीलाबाद कोतवाली में 4, दुधारा थाना में 3 आये एक का निस्तारण, धनघटा में 10 मामले आये 3 का निस्तारण, महुली में 16 मामले आये 3 का निस्तारण, थाना मेंहदावल में 2, थाना बखिरा में 3, थाना बेलहर कला में 6 तथा धर्मसिंहवा में 4 मामले आये जिनमें 1 का निस्तारण किया गया।

## हड़ताल पर छह माह के लिए रोक,हिस्सा लिया तो नहीं मिलेगा वेतन

**बस्ती।** अब कोई भी सरकारी कार्मिक हड़ताल नहीं कर पाएंगे। छह माह के लिए हड़ताल पर शासन ने रोक लगा दी है। यदि किसी भी कार्मिक ने धरना, प्रदर्शन, हड़ताल में हिस्सा लिया तो''कार्य नही तो वेतन नहीं'' के सिद्धान्त पर वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा। डीएम आशुतोष निरंजन ने यह जानकारी दी। बताया कि सभी कार्यालयों में आगामी 6 माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है। उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग की ओर से इसके लिए अधिसूचना जारी की गई है। कार्य वहिष्कार अथवा हड़ताल की स्थिति में उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 हेतु संशोधित 1979, कोविड-19 महामारी अधिनियम, आपदा प्रबन्धन अधिनियम, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। जिले के सभी विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष को भेजे गये पत्र में कहा है कि सभी सरकारी कर्मचारियों, मान्यता प्राप्त संघ,महासंघ,परिसंघ को शासन के इस निर्णय की जानकारी दिए जाने का निर्देश दिया है।

## सीडीओ ने टीकारण व विटामिन 'ए' कैंप का किया गहन निरीक्षण

**● सम्पूर्ण टीकारण से बच्चों को अनेक जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है**

संवाददाता। बस्ती



**पीएचसी** बहादुरपुर के तहत कलवारी बाजार में राष्टीय स्वास्थ्य मिषन की ओर से चलाए जा रहे टीकारण एवं विटामिन 'ए' सम्पूर्ण षिविर का औचक निरीक्षण सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने किया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. पवन वर्मा एवं ब्लॉक प्रबंधक कम्युनिटी प्रोसेस मौजूद रहे। सीडीओं ने कहा कि सम्पूर्ण टीकाकरण किसी भी बच्चे को टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस बी, रोटावासरस डायरिया, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, हिब निमोनिया व मेमिनजाइटिस, न्यूमो काकल निमोनिया, मजीलस, रुबेला और जेई जैसे जान लेवा बीमारी से बचाया जा सकता है। बताया कि पहला टीका छह सप्ताह, दूसरा टीका 14 सप्ताह और बूस्टर टीका नौ माह लगवाना चाहिए। विटामिन 'ए' के बारे में बताया कि विटामिन ए भले ही एक है, मगर इसके फायदे अनेक है। कहा कि नौ माह से लेकर पांच वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक अवष्य पिलवाएं।

## डीएम ने जांची कबीर स्थली पर एकेडमी निर्माण की प्रगति

**● कार्यदायी संस्था को दिया एक सप्ताह का समय, दुबारा होगा निरीक्षण**

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल शनिवार की देर शाम संत कबीर की निर्वाण स्थली मगहर पहुंची। जहां उन्होंने चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और सुस्त कार्य को देख विभाग के जिम्मेदारों को चेतावनी देते हुए काम में तेजी लाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। महान सूफी संत कबीर की निर्वाण स्थली मगहर में एकेडमी के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस विकास कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल पहुंची। जहां उन्होंने सबसे पहले वाप्कोस संस्था द्वारा कराए जा रहे हैं निर्माण कार्य को क्यों देखा और इसकी सुस्ती को देखते ही नाराजगी जाहिर किया और चेतावनी देते हुए काम में तेजी लाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद गुफा के पीछे बन रही संत कबीर एकेडमी पहुंची जहां उन्होंने व्याख्यान हाल के अलावा अन्य कार्य को देखा और कार्य में आने वाली बाधाओं को संस्थाओं के जिम्मेदारों की परेशानियों को साझा किया और मौके पर विद्युत विभाग के अधिषाशी अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद यूपीपीसीएल द्वारा सुंदरीकरण के कार्य को देखा और संतकबीर समाधि व मजार पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यहां कार्य करा रही संस्थाओं के बीच आपसी सामंजस्य न होने के कारण विकास में तेजी नहीं आ रही है। इसे लेकर के संस्थाओं के जिम्मेदारों साथ बैठक की गई है और एक हफ्ते के अंदर यहां की प्रगति की रिपोर्ट भेजने के लिए संस्था के जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, डीएसटीओ एन0के0 सिंह, कार्यदायी संस्था, पर्यटन विभाग के अधिकारी के अलावा नगर पंचायत मगहर अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा एवं कबीर स्थली व्यवस्थापक हरिशरण दास उपस्थित रहे।

## आप नेता संजय सिंह पर मुकदमे से कार्यकर्ता खफा

**संतकबीरनगर।** आप कोर कमेटी के सदस्य सोमेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव तथा सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह पर जबरिया राष्ट्रीय द्रोह का मुकदमा दर्ज किये जाने पर आक्रोश व्यक्त किया है। आप के पदाधिकारियो ने शनिवार को पार्टी कार्यालय पर मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आप पार्टी की लोकप्रियता को बढ़ते हुए देखकर द्वेष भावना से कार्य कर रही है।

## एडीओ पंचायत कार्यालय का शिक्षकों ने किया घेराव

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

**शनिवार** को ब्लॉक मुख्यालय पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं प्रधान का हस्ताक्षर प्रमाणित करने के संबंध में सहायक विकास अधिकारी(पं) का घेराव किया।

विद्यालय प्रबंध समिति व ग्राम शिक्षा निधि खाते में काफी लंबे समय से निष्प्रयोज्य पड़ी धनराशि को शासन ने वापस करने का आदेश दिया है धनराशि स्थानांतरित करने वाले पर प्रारूप पर प्रधान के हस्ताक्षर को सेक्रटरी एडीओ पंचायत के द्वारा सत्यापित किया जाना है। जिसे लेकर हेड मास्टर प्रतिदिन ब्लॉक का चक्कर लगा रहे हैं ब्लॉक अधिकारी समय से ब्लॉक पर नहीं मिल रहे थे जिसे शिक्षकों ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत के कार्यालय का घेराव किया गया जहाँ कार्यालय में तैनात उनके बाबू द्वारा बताया गया कि सभी पेपर को लेकर के मैं जा रहा हूं एडीओ पंचायत से हस्ताक्षर करवाकर आप सभी लोगों को दूंगा इस शिथिलता को लेकर सभी शिक्षकों में क्रोध व्याप्त था।

इस दौरान मोहम्मद आजम अध्यक्ष, महामंत्री शोएब अख्तर, कोषाध्यक्ष रामनिवास, फूलचंद, मनोज कुमार, अनिल बैरागी, रामराज, ज्ञासुद्दीन, राजमुनि, संतोष, दूधनाथ, यादव राम निहोर, अब्दुल रहमान, सुहेल अहमद, अब्दुल खालिक, मोहम्मद सुबीन, अब्दुल कलाम आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## डा. एसी श्रीवास्तव बने एसआईसी गोरखपुर

**बस्ती।** ओपेक हास्पिटल कैली के वरिष्ठ परामर्षदाता डा. अभय चंद्र श्रीवास्तव को गोरखपुर चिकित्सालय का प्रमुख अधीक्षक यानि एसआईसी बनाया गया है। प्रभारी अपर निदेषक बस्ती मंडल डा. चंद्र कुमार प्रसाद को बस्ती मंडल का अपर निदेषक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह जिला चिकित्सालय बस्ती की प्रभारी प्रमुख अधीक्षक यानि एसआईसी डा. रोचस्मती पांडेय को प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय के रुप में तैनाती की गई है। यह तैनाती अपर प्रमुखसचिव अमित मोहन प्रसाद ने करते हुए चिकित्साधिकारियों से कहा है कि तत्काल नई तैनाती पर ज्वाइन करें। प्रदेष के 55 प्रादेषिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा सवंर्ग के अपर निदेषक ग्रेड के चिकित्साधिकारी इधर-उधर किए गएं है।

## वाट्सएप के माध्यम से देनी होगी कर्मचारियों की उपस्थिति की सूचना

**बस्ती।** स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को अपनी हाजिरी वाट्सएप के माध्यम से देनी होगी। उपस्थित रजिस्टर का फोटो खींचकर डीएम के कैम्प कार्यालय पर नियत कर्मचारी के मोबाइल पर वाट्सएप करना होगा। 21 सितम्बर से इस व्यवस्था को लागू करने के लिए डीएम/अध्यक्ष डीडीएमए आशुतोष निरंजन ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया है। कहा है कि प्रत्येक कार्य दिवस पर पूर्वान्ह 10 बजे नियमित,संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारी की उपस्थिति व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेषित किया जाय। एमओआईसी को भेजे पत्र में कहा है कि उपस्थिति रजिस्टर का मोबाईल से फोटो खीचकर उनके कैम्प कार्यालय पर नियत कर्मचारी के मोबाईल पर व्हाट्सएप करें। यदि कोई कर्मचारी रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने को लेकर कोई विवाद करता है तो एमओआईसी तत्काल इसकी सूचना उनके कैम्प कार्यालय को देंगे। एमओआईसी इस आदेश की प्रति कर्मचारियों के सूचना के लिए नोटिस बोर्ड पर चस्पा करेंगे। निर्देश दिया है कि कोरोना महामारी के रोकथाम एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्राथमिकता के दृष्टिगत किसी भी कार्मिक के आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति अथवा उसकी सक्षम स्तर पर संस्तुति बिना जिला मजिस्टेªट के सहमति के नही किया जाय। कार्मिक के आकस्मिक अवकाश को छोड़कर अन्य प्रकार के अवकाश की स्वीकृति पूर्व की भाँति नियमानुसार सक्षम स्तर से की जाती रहेगी।

## आंशिक रुप से खुलेगा डोड़हर गेट

**बीजपुर/सोनभद्र।** जनपद में स्थित एनटीपीसी रिहंद द्वारा ग्राम सभा डोड़हर गेट को वैश्विक महामारी कोरोना के कारण बंद कर दिया गया था। ग्रामीणों के विशेष माँग पर एवं उप जिलाधिकारी, दुद्धी के सुझाव पर एनटीपीसी रिहंद प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि उक्त गेट का छोटा गेट आंशिक रूप से कुछ दिनों में खोल दिया जाएगा। इस गेट के माध्यम से ग्रामीण पैदल आवागमन का लाभ उठा सकेंगे। साथ ही साथ दोपहिया और चारपहिया वाहनों को पहले जैसे बीजपुर स्वागत द्वार से कॉलोनी परिसर के अंदर आने जाने की अनुमति होगी।

## डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर जताई सख्त नाराजगी

**● कोविड-19 की बैठक में सैम्पल जांच बढ़ाने के दिए निर्देश**

संवाददाता। मीरजापुर



**मीरजापुर** जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल ट्रामा सेन्टर में अटैच कोविड.19 एल.2 अस्पताल में कोरोना संक्रमण के रोकथाम व बचाव तथा अन्य गतिविधियों पर की रही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर कडी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ट्रू.नाट जॉच का कम से 20 सैम्पल प्रति लिये जाये इसी के साथ आरटीपीसीआर की जॉच को बढाने का निर्देश दिया। कोरोना संक्रमण जॉच व अन्य आवश्यक कार्यो के लिये सामनों को क्रमय किया जाना थाए जिसकी सूची जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक विगत तीन.चार दिनों से मांगी जा रही है परन्तु उनके द्वारा सूची उपलब्ध न कराने पर कडी नाराजगी व्यक्त की गयीए कहा कि सूची बनाकर तत्काल सैम्पल वायल व अन्य आवश्यक सामान तत्काल नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुये सामानों की आपूर्ति सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि आर0आर0टी टीम के कार्यशैली की निगरानी की जायेए तथा होम क्वारंटीन मरीजों को प्रतिदिन निगरानी करते हुये उनका रिपोर्ट सम्बंधित को उपलब्ध कराया जाये। लैब टेक्शियन की कमी बताये जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि संविदा पर लैब टेक्शियन की के लिये कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने आश्रम पद्धति विद्यालय परसिया में अटैच एल.1 अस्पताल की सफाई व्यवस्था के लिये कहा कि मेडिकल वेस्ट को हटाने के लिये दिन सुबह व शाम दो बार गाडी भेजना सुनिश्चित की जाय तथा मेडिकल वेस्ट को खुले में न रखकर एक कमरा निर्धारित कर रख जाय ताकि कारोंना संक्रमण फैलने का आशंका न रहे। कहा कि जहां पर पाजटिव मरीज भर्ती किये गये है उस भवन अलग स्वास्थ्य विभाग स्टाफ बैठना सुनिष्चित करें तथा समय पर मरीजों की जॉच व खाना.नाश्ता आदि सुनिश्चित करायी जाये। एल.1 अस्पताल में मुख्य गेट बन्द रखा जाये ताकि अनावश्यक लोग उसके अन्दर प्रवेश न कर सकें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आरटीपीसीआरए ट्रूनाटए एंटीजेन आदि माध्यमों से की जा रही जॉच के प्रगति तथा पाये गये पाजटिव मरीजों के भर्ती के बारे में जानकारी प्राप्त की। बैठक में अपर जिलाधिकारीयू0पी0 सिंहए डिप्टी कलेक्टरध्नोडल अधिकारी कंट्रोल रूम अमित शुक्लाए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मण्डलीय चिकित्सालय डा0 आलोक कुमारए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के अलावा अन्य सम्बंधित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## सृजन अभियान के तहत राष्ट्रीय छात्र संगठन की बैठक

**मिर्जापुर।** कांग्रेस पार्टी के भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की सृजन अभियान के तहत शनिवार को कांग्रेस पार्टी कार्यालय में बैठक आहूत किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रोंध्नौजवानों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का था। छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि छात्रोध्नौजवानों को गाधी जी को समझना व पढ़ना होगा और गांधी जी द्वारा किये गये आन्दोलनो की तरह ही सरकार को जगाने के लिए आन्दोलन करना होगा।

## सपाइयों ने की बैठक



**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी जिला ईकाई की मासिक बैठक जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय खलीलाबाद पर जिलाध्यक्ष गौहर अली खॉ की अध्यक्षता में की गई। जिसका संचालन जिला महासचिव राजमन यादव ने किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार आगामी 21, सितम्बर को जनपद के तीनों तहसील मुख्यालयों पर सरकार की गलत नीतियों एवं कोरोना काल में हुए भ्रष्टाचार, बेरोजगारी आदि के सम्बन्ध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिए जाने पर चर्चा किया गया तथा बूथ कमेटी बनाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में पूर्व सांसद सुरेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व प्रत्याशी जावेद अहमद, वरिष्ठ नेता कोमल यादव, पप्पू छापड़िया, जिला उपाध्यक्ष के0डी0 यादव, जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मो0 अहमद, जिला उपाध्यक्ष श्याम विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष डा0 रामनाथ चौरसिया, जिला सचिव लालबहादुर यादव, रामनिवास यादव, शैलेन्द्र यादव, फारूख अहमद, वीरेन्द्र यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनवारूल हक, रमेश चन्द यादव, जयराम यादव, वारिस अली अंसारी, परवेज अहमद, आलोक यादव सोनू, शकुन्तला यादव, महेश गुप्ता, हरिप्रसाद रामा यादव, अजीम खान, राहुल यादव बादल, गोबिन्द लाल यादव, अम्बिका राय, चन्द्रभूषण पाण्डेय, लाल जी प्रसाद, बालगोविन्द चौधरी, देवानन्द चौधरी, प्रमोद पूर्वाचल, अशोक यादव, सर्वेश यादव, मो0 युसूफ कमाल, राजेन्द्र आजाद, मो0 इसहाक अंसारी, जयराम पाण्डेय, शैलेन्द्र यादव, बालकिशुन निषाद सहित सपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपूर्ण विश्व के लिए सर्वोच्च मार्गदर्शन का केन्द्र बनता जा रहा है भारत: अजीत चौबे

**● सेवा सप्ताह के तहत भाजपाइयों ने छठवें दिन डेढ़ हजार से अधिक पौधे लगाये**

संवाददाता। सोनभद्र



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 70 वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सेवा सप्ताह के रुप में मना रही है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा सेवा सप्ताह के छठवें दिन शनिवार को जनपद के 70 ग्राम पंचायतों में डेढ़ हजार से अधिक पौधे लगाये गये। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने लसड़ा ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय पर वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में अभियान चलाकर जिस प्रकार से स्वच्छता एवं पर्यावरण के क्षेत्र में एक जागृति पैदा किया है हम सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं देशवासी उनके विचारों के साथ जुडकर देश में एक बदलाव होता देख रहे है और हमारा देश निरन्तर संपूर्ण विश्व के लिए सर्वोच्च मार्गदर्शन का केन्द्र बनता जा रहा है, कोरोना काल में भी भारत ने मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व को एक दिशा प्रदान किया और सहयोग किया। आज का यह अभियान अपनी सफलता की ओर है, जो हमारे प्रकृति को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का कार्य करेगी। इस मौके पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष यादवेंद्र दत्त द्विवेदी, क्षेत्रिय महामंत्री गोविन्द यादव जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी दयाशंकर पाण्डेय, सेक्टर संयोजक राजू मिश्रा अनिल पाण्डेय, दिलीप चौबे आदि मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि सदर विधायक भूपेश चौबे ने किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष के साथ शिवाजी स्टेडियम राबर्ट्सगंज में कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया। घोरावल विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्या ने अपने विधानसभा के ग्राम पंचायत बगाहीं व बड़गांव में कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया। ओबरा विधायक संजय गोंड़ ने अपने विधानसभा के ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुण्डी के शिवमंदिर पर कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया। पूर्व विधान परिषद सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी ने चांचीकला व क्षेत्रिय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा ने तेन्दू ग्राम पंचायत में कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल ने नगवां ब्लॉक के ओइनी ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण किया। इसी क्रम में वन्य जीव बोर्ड के सदस्य श्रवण ने डाला में वृक्षारोपण किया। किसान मोर्चा के महामंत्री गोपाल सिंह वैद्य ने करमा में जिला मंत्री प्रथम श्रीवास्तव ने रेनुसागर में रामलखन सिंह ने न्यू कालोनी रा0गंज में सेवा सप्ताह के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे मिनी स्टेडियम में प्रकाश पाण्डेय, चन्द्रविजय पटेल, ई0 रमेश पटेल, संतोष शुक्ला, अजीत रावत, कृष्ण मुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, रामसुन्दर निषाद, कमलेश मिश्रा, अशर्फी रौनियार, दिनेश पटेल, विनोद चौबे, विनोद पटेल, बुद्धिनारायण धांगर, कामेश्वर प्रजापती, सोना बच्चा अग्रहरी, बालेन्द्र पटेल सहित आदि कार्यकर्ताओं ने अपने अपने ग्राम पंचायतों में बूथ अध्यक्ष व सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी, मण्डल प्रभारी व किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया।

## एसपी ने सीआरपीएफ व पीएसी के जवानों के साथ की काम्बिग

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के सीमावर्ती राज्यों में नक्सली संचरण को दृष्टिगत शनिवार को पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव द्वारा चौकी अमवार थाना दुध्दी क्षेत्र के कोरची, भीसुर, नाचनताड़ गांव के समीप जंगलों में नक्सल आपरेशनल कार्यक्रम के तहत क्षेत्राधिकारी दुध्दी, प्रभारी निरीक्षक बभनी, विण्ढमगंज, म्योरपुर, बीजपुर मय पुलिस बल एवं सीआरपीएफ पीएसी के जवाने के साथ सघन काम्बिग किया गया। काम्बिंग करने से पहले पुलिस अधीक्षक, द्वारा समस्त फोर्स को ब्रीफ करते हुये आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव द्वारा ग्राम कोरची में जनचौपाल के माध्यम से स्थानीय लोगों से वार्ता किया गया तथा उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में जानकारी करते हुए उनका हरसम्भव निराकरण कराये जाने का भरोसा दिलाया गया व लोगों से भयमुक्त होकर किसी के बहकावे में न आते हुए पुलिस का सहयोग करने तथा स्थानीय पुलिस को भी जनता से मृदुल व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं विधिक निस्तारण कराये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## पत्रकारों ने शोक सभा कर दी वरिष्ठ साथी को श्रद्धांजलि



संवाददाता। बस्ती

**वरिष्ठ** पत्रकार एवं प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य अनिल कुमार श्रीवास्तव कोरोना से जंग हार गए। चार दिन पूर्व कोरोना पाजिटिव आने के बाद उन्हे ओपेक हास्पिटल कैली में भर्ती कराया गया था। उनके आकस्मिक निधन पर प्रेस क्लब सभागार में शोक सभा आयोजित की गई। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चन्द्र पाण्डेय, प्रकाश चन्द्र गुप्ता, सहायक सूचना निदेशक प्रभाकर तिवारी, डा0 वीके वर्मा, मजहर आजाद, प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, महामंत्री रमेश मिश्रा, उपाध्यक्ष अमित सिंह, महेन्द्र तिवारी, रामकृष्ण लाल जगमग शोक व्यक्त करने वालों में पत्रकार राजेन्द्र नाथ तिवारी, दिनेश सिंह, प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, विपिन बिहारी त्रिपाठी, सोहन सिंह, वशिष्ठ पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, लवकुश सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय, संजय राय, राजेन्द्र उपाध्याय, सर्वेश श्रीवास्तव, स्कन्द शुक्ला, अशोक श्रीवास्तव, जयप्रकाश उपाध्याय, विश्राम प्रसाद, शिवराज सिंह, संतोष श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, चन्द्रभूषण श्रीवास्तव, संदीप गोयल, सुनील मिश्र और अमित सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

## पिकअप के धक्के से चार घायल,एक रेफर

**चकिया,चंदौली ।** स्थानीय नगर में गांधी पार्क के समीप एक पिक अप ने चार लोगों को धक्का मार दिया। जिसमें आशुतोष मिश्रा 35 चंदन वर्मा 34 जगदीश 50 तथा उमेश शर्मा 40 वर्ष घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए लोगों ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां आशु मिश्रा व उमेश को हल्की चोट लगने के कारण डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया वहीं गंभीर चोट लगने के कारण घायल चंदन वर्मा को चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जबकि एक अन्य घायल जगदीश निजी साधन से बाहर कहीं जाकर इलाज करवा रहा है।

## बलुआ पश्चिम वाहिनी गंगा घाट पर नहीं हुई सफाई

**चहनियां ,चन्दौली ।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा घाट पर गन्दगी का अंबार फैला है । दो दिन पूर्व पितृ बिसर्जन के बाद फैली गंदगी को सफाई करने की जरूरत नही समझी गयी । जबकि जनपद के इस ऐतिहासिक स्थल पर प्रतिदिन सैकड़ो लोग दूर दराज से स्नान दान के लिए आते है । श्रृद्धालुओ में आक्रोश ब्याप्त है । जनपद का ऐतिहासिक स्थल बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर प्रतिदिन सैकड़ो लोग दूर दराज से स्नान दान करने आते है । समय समय पर ब्रतो त्यौहारों एमकर सक्रांति एएकादशी एमौनी अमावस्या आदि स्नानो पर हजारो की संख्या में लोग यहाँ आते है ।

## शातिर अपराधी की सम्पत्ति कुर्क

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तहत सम्पत्ति की जब्तीकरण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में शातिर अपराधी व लूटेरा 'राहुल सोनकर पुत्र स्व रामपलट सोनकर निवासी नरहन थाना केराकत जनपद जौनपुर' के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी थी। गैंगेस्टर एक्ट की धारा14,1 के तहत जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर के आदेश के क्रम में अवैध रुप से अर्जित धनराशि से एक मकान बनवाया गया है। जिसकी कीमत करीब 2 करोड़ रुपये' को थाना केराकत पुलिस व प्रशासक द्वारा कुर्क की मुनादी की गई।

## नाजायज गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** राजकरन नय्यर पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में थाना मड़ियाहूँ पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त जयशंकर श्रीवास्तव पुत्र लालता प्रसाद श्रीवास्तव ग्राम कनावा थाना मड़ियाहूँ जिला जौनपुर को 3 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया ।

## नकबजनी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना खुटहन पुलिस द्वारा मुअसं 239,20 धारा 457,380 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त मिन्टू गुप्ता पुत्र हरिशंकर गुप्ता ग्राम महमदपुर थाना खुटहन जौनपुर को गौसपुर तिराहा थाना खुटहन जनपद जौनपुर से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 15000६. रुपया बरामद किये गये ।

## शातिर मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार

**जौनपुर।** राजकरन नय्यर पुलिस अधीक्षकए जौनपुर के के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संजीव कुमार मिश्र मय हमराह व सर्विलांसए एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिरी सूचना पर नईगंज तिराहा पेट्रोल पम्प के पास से एक बारगी दविश देकर तीन अभियुक्तों को लूट व चोरी के 17 अदद मोबाइल व 170 ग्रा डायजापाम पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## गैरइरादतन हत्या के प्रयास में 3 धराये

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बदलापुर पुलिस द्वारा मुअसं 175,20 धारा 323,308 भादवि थाना बदलापुर बनाम अज्ञात से प्रकाश में आये अभियुक्तगण,सत्य प्रकाश यादव 2, विजय प्रकाश य़ादव पुत्र लालजी यादव निवासी भटेहरा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 3. सन्तोष सिंह पुत्र स्व0 रामनिवाज सिंह निवासी मदापुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को मय घटना में प्रयुक्त इण्डिगो सी एस कार न्० 70 ,2211 के साथ गिरफ्तार किया गया।

## डीएम ने देवरिया विस निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिकारियों को किया नामित

**संवाददाता।** देवरिया

**जिला** निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अमित किशोर ने 337- देवरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2020 हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण संबंधी आयोग के दिशा-निर्देश के अनुपालन में निर्वाचन कार्य के पारदर्शी एवं सफल निष्पादन के दृष्टिगत वीडियों निगरानी टीम, उडनदस्ता टीम, लेखाकरण टीम, वीडियों अवलोकन टीम, जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित करने के साथ नोडल आफिसर एवं सहायक व्यय प्रेक्षक की तैनाती की है। जिलाधिकारी ने बताया है कि मेवालाल सहायक विकास अधिकारी, कृषि कार्या खण्ड विकास अधिकारी गौरी बाजार, इन्द्र मोहन मिश्र लेखाकार कार्या खण्ड विकास अधिकारी गौरी बाजार, राजीव मोहन त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी, आईएसबीकार्या खण्ड विकास अधिकारी देवरिया सदर तथा अमित शर्मा लेखाकार कार्या खण्ड विकास अधिकारी देवरिया सदर को वीडियों निगरानी टीम में नामित किया गया है। उडनदस्ता टीम हेतु प्रभारी अधिकारी धर्मवीर भारती नायब तहसीलदार सदर के साथ वृजेश दूबे उप निरीक्षक, शिव प्रकाश पाण्डेय आरक्षी, रमेश यादव आरक्षी मनीष चौहान आरक्षी थाना कोतवाली को, प्रभारी अधिकारी मुकेश वर्मा नायब तहसीलदार बखरा के साथ धमेंन्द्र कु मिश्र उप निरीक्षक मौजूद रहे।

## गोली चली, बेटे की मौत-पिता नाजुक

**संवाददाता।** जौनपुर

### वर्चस्व की लड़ाई में कुख्यात बनता जा रहा तारिक

**जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली के भरौली गांव में शनिवार की सुबह गंवई राजनीति में हुई हत्या का आरोपित तारिक करीब आठ वर्ष पूर्व रफीपुर गांव के चौराहे पर जिला पंचायत सदस्य रेखा देवी के पति राम स्वारथ राजभर की हत्या के मामले में भी अभियुक्त रहा है। तारिक जेल भी गया था और इस समय वह जमानत पर छूटा था। गांव में वर्चस्व की लड़ाई खूनी हो चली है। भरौली गांव में शनिवार की सुबह गोली मारकर ओसामा की हत्या और उसके पिता को भी गोली मारने की घटना में गांव की राजनीति सामने आ रही है। इस घटना से पूर्व गत बुधवार को गांव में आरोपित तारिक व मृतक ओसामा से संबंध रखने वाले कुरैशी परिवार के दो भाइयों के परिजनों में मारपीट हुई थी।

जनपद के थाना शाहगंज क्षेत्र स्थित भरौली मे आज गोलियों की तड़तड़ाहट ने एक बार फिर जिले की कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। घटना की सूचना पर आला अधिकारी मौके पर पहुंचे तब तक गोली चलाने वाला पुलिस पकड़ से दूर जा चुका था। बतादे थाना क्षेत्र स्थित भरौली गांव में दो पट्टीदारों तारिक और इस्तियाक के बीच आपसी गहरी रंजिस थी। आज लगभग 11:30 बजे के आसपास दोनों पक्षों में विवाद हो गया जिसके कारण आपस में मार पीट शुरू हो गयी। एक पक्ष तारिक ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से पट्टीदार इश्तियाक एवं उसके बेटे ओसामा पर गोलियों की बौछार कर दिया जिससे ओसामा की मौके पर ही मौत हो गयी है। इश्तियाक गम्भीर रूप से जख्मी हालत में जिला अस्पताल उपचार के भेजा गया है।घायल की हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी शाहगंज एवं सीओ सहित पुलिस अधीक्षक तथा अपर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। जब तक पुलिस घटना स्थल पर पहुंचती तब तक हत्यारा फरार हो गया था। हलांकि की वादी की तहरीर पर नामजद मुकदमा लिखा जा रहा है।

## अक्टूबर में संचालित होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

### सभी जुड़े विभागों को अन्तर्विभागीय समन्वय व कार्य योजना के साथ करना होगा कार्य-डीएम

**संवाददाता। देवरिया।** माह अक्टूबर में संचालित हाने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित कराये जाने के लिये स्वास्थ्य विभाग सहित जुडे सभी विभागो को शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाईन अनुसार कार्यदायित्वों को अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ किये जाने का निर्देश जिलाधिकारी अमित किशोर ने दिया है। उन्होने कहा है कि संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही में किसी भी प्रकार की शिथिलता कदापि नही होनी चाहिये। जिस विभाग की जो जिम्मेदारी निर्धारित है, उसका अक्षरश: पालन सुनिश्चित करेगें। जिलाधिकारी श्री किशोर आगामी 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचालित संचारी रोग नियंत्रण अभियान में विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य किये जाने को कहा है। उन्होने कहा है कि साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए सभी विभाग व्यवहार परिवर्तन तथा प्रचार-प्रसार की भी व्यापक योजना बनायेगें, जिससे कि जन सामान्य तक सभी जानकारियों की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित हो सकें।

## सिगरेट लाने से किया मना तो दोस्त ने गला काट की हत्या

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बिछियां गांव निवासी किशोर सिद्धार्थ उर्फ वीरू की दो दिन पूर्व अपहरण की सूचना के बाद शुक्रवार की रात उसका शव मिला है। पुलिस की माने तो सिद्धार्थ की हत्या उसी के दोस्त अमित ने अपने भाई के साथ मिलकर की है । आरोपियों ने शव को अपने ही अहाते में गड्ढा खोदकर ठिकाने लगा दिया । यहीं नहीं खुद को बचाने और पुलिस को गुमराह करने के लिए दोनों अभियुक्तों ने इसे अपहरण का रूप दे दिया । फिलहाल पुलिस हत्या के आरोप में दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुटी है ।

## मोदी सरकार ने गरीबों के लिए किये कार्य: कृषि मंत्री

**संवाददाता।** देवरिया



बच्चों से बात करते कैबिनेट मंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने देवरिया के पथरदेवा के ग्राम पंचायत सेमरी के मुसहर टोली में फलदार वृक्ष ग्रामवासियों के साथ लगाये, साथ उन्होंने ग्राम अहिरौली, पकहाँ, कोइरीपट्टी में बच्चों को फल भी वितरित किया। इस दौरान कृषि मंत्री ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कार्य किये हैं। गरीब के लिये केन्द्र और प्रदेश सरकार ने रोटी, कपड़ा, मकान और दवाई, पढ़ाई, रोजगार का इंतजाम किये है। बीते 6 साल में हर स्तर पर, हर क्षेत्र में वो कदम उठाए गए हैं, जो गरीब को, सामान्य लोगो को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर सकें।मोदी जी के रूप में देश को एक ऐसा नेतृत्व मिला है जिसने दृढ़ इच्छाशक्ति व लोक-कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से अछूते वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर एक मजबूत भारत की नींव रखी है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह,मुरारी मोहन शाही, रामायन साहनी, जिप्पू शाही,अनिल प्रसाद , ग्रामप्रधान ओमप्रकाश,ग्राम प्रधान प्रधान कोइरीपट्टी कौशिक , डॉ विनय राव,भोलू राय आदि मौजूद रहे। वही पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दूबे ने भलुअनी मण्डल के तेनुआ चौबे और ठेकुआ ग्राम पंचायत तथा जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्रा ने पुरवा प्राथमिक विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया।इस दौरान अष्टभुजा श्रीवास्तव, संजय तिवारी,अभिषेक गुप्ता,विजेन्द्र कुशवाहा,अन्नू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा सप्ताह के तहत जिले भर में लगाए पौधे

**संवाददाता।** देवरिया

**प्रधानमंत्री** मोदी के 70 वे जन्मदिन पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के छठवें दिन भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने 70 ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण किया। इसी के तहत ग्राम सभा अमेठी और सुरौली में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पौधे लगाये गये।इसके बाद इन जगहों पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मारकंडेय प्रसाद तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता सुख की राजनीति नही करती। समाज में रचनात्मक और सकारात्मक कार्य करते हुये लोककल्याण की भावना से सरकार बनाने की राजनीति करती है। इसी लिये प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मना कर विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे है। सेवा सप्ताह प्रमुख जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय कुमार दूबे ने कहा कि दूषित होते पर्यावरण और संकटग्रस्त होते मानव जीवन को बचाने के लिये वृक्षारोपण जरूरी है।इसी कारण से सेवा सप्ताह में आज किसान मोर्चा द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि वृक्षरोपण बहुत ही पुनित कार्य है। भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता आज वृक्षारोपण कर रहे है। इस दौरान राजन यादव,अम्बिकेश पाण्डेय,काशीपति शुक्ला,अजय सिंह अन्नू,राजू शाही,राजन सोनकर,विपिन सिंह,रणविजय सिंह आदि उपस्थित रहे।वही भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम बरहज विधानसभा में प्रभारी नीरज शाही ,सहप्रभारी सुनील शाही ,रुद्रपुर विधानसभा में प्रभारी विनोद तिवारी सहप्रभारी काशीपति शुक्ला,रामपुर कारखाना विधानसभा में प्रभारी सुरेंद्र चौरसिया,सहप्रभारी प्रमोद सिंह,पथरदेवा विधानसभा में प्रभारी जय प्रकाश शर्मा,सहप्रभारी पवन पाठक,भाटपार रानी उपस्थित रहे।



## नेहरू युवा केन्द्र ने चलाया वृक्षारोपण कार्यक्रम

**देवरिया।** नेहरू युवा केन्द्र देवरिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सलेमपुर के मनिहारी और महदहा में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण के लिये वृक्षारोपण बहुत ही आवश्यक है।आज सेवा सप्ताह के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अहम पहल है, क्योंकि जीवनदायनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत वृक्ष ही हैं। मानव जीवन वृक्षों पर ही निर्भर है। यदि वृक्ष नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन संकट में पड़ जाएगा। किसान नेता पुनीत यादव ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत ही आवश्यक है। वृक्षारोपण कार्यक्रम आज के परिवेश में जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। लोगों को जागरूक करने हेतु जन जागृति अभियान चलाया जाना चाहिए। जितनी ज्यादा हरियाली विकसित होगी, उतना ही अधिक स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार होगा।उक्त अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अजय दुबे,शिवकुमार राजभर ,सोनू,नितेश यादव मौजूद रहे।

## सरकार के विरोध में 21 को धरना प्रदर्शन करेगी सपा

**संवाददाता। डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी का भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों, लूट,बेरोजगारी, यूरिया की कालाबाजारी,सरकारी संस्थाओ का निजीकरण के खिलाफ तहसील स्तर पर धरना प्रदर्शन करने का आवाहन प्रदेश स्तर पर किया गया है जिसके तहत डुमरियागंज के पूर्व सपा प्रत्याशी रामकुमार उर्फ चिंकू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 सितम्बर को सभी कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का काम करें । उन्होंने समस्त समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर धरने को सफल बनाएं ।

## विद्यालय,संस्था मास्टर डाटा अपडेट करें : समाज कल्याण अधिकारी

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव ने कहा है कि पूर्वदशम दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिन विद्यालयों संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा अभी भी अपडेट नही किया गया है, वे तत्काल अपना मास्टर डाटा अपडेट डिजिटली बढी हुई सीमा तक अवश्य ही पूरा कर लें, अन्यथा इसके उपरान्त कोई डाटा अवशेष रहता है और संबंधित छात्र छात्रवृत्ति पाने से वंचित रहता है तो इसके लिये वे पूरी तरह से उत्तरदायी होगें। उन्होने यह भी कहा है कि अब निर्धारित अवधि समाप्त होने में मात्र 10 दिन ही शेष है, इसलिये इस कार्य को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए डाटा अपलोडिंग एवं डिजिटली लाक करने की कार्यवाही समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लें।

## पिस्टल से मारी गई थी निजी कम्पनी के इंजीनियर को गोली, गिरफ्तार




**संवाददता।** गाजीपुर

जनपद के करण्डा थाना क्षेत्र के कुचौरा गांव में प्राइवेट कंपनी के इंजीनियर पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष करंडा अजय कुमार पांडे ने बताया कि बीते 18 सितंबर को गोरखपुर के रहने वाले उपेंद्र मौर्या जो कि कुचौरा गांव में किराए के मकान में रहते हैंए को अब्दुल रहमान द्वारा गोली मारकर लहूलुहान कर दिया गया था। इस मामले में आरोपी अब्दुल रहमान को दीनापुर चट्टी के पास से वारदात में प्रयुक्त पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## बेरोजगारी व कानून व्यवस्था के खिलाफ होगा बड़े स्तर पर आन्दोलन: प्रभुनारायण

**संवाददाता।** सकलडीहा,चन्दौली



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपाईयों ने केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ कमर कस लिया है। शनिवार को कस्बा स्थित कैम्प कार्यालय पर सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव बेरोजगारी और बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर 21 सितम्बर को बड़ा आन्दोलन का बिगूल फूंक दिया है। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को विशाल आन्दोलन में भाग लेने का आवाहन किया है। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी सौपा गया है।सकलडीहा सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है। छात्र, नौजवान, व्यापारी, किसान, और डिग्रीधारक सहित अन्य सभी वर्ग के लोग परेशान है। वही ब्लॉक प्रमुख संजीव सिंह और जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि कोरोना काल में जितना भ्रष्टाचार बढ़ा है। पहले कभी ऐसा नही हुआ था। ब्लॉक से लेकर तहसील और थाना पूरी तरह से भगवा इशारे पर चल रही है। अंत में 21 सितम्बर को तहसील मुख्यालय के समीप बगीचा में विशाल धरना प्रदर्शन में पार्टी पदाधिकारी सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को झंडा और टोपी के साथ शिरकत करने का आवाहन किया।

## खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन ने मिलावटखोरों पर कसी नकेल

### दर्जनों स्थानों से मिठाई, किराना व दूध के लिए गए सैंपल

### 36 हजार रुपये मूल्य का 3.60 कुंतल तेल भी किया गया जब्त

**संवाददाता।** मऊ

**मिलावटखोरों** पर नकेल कसने को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने कवायद तेज कर दिया गया। इस क्रम में शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के टीम के सदस्यों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए किरानाए मिठाई की दुकानों के साथ ही दर्जनभर से अधिक दूध विक्रेता के नमूने लेते हुए जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। साथ ही साथ 36 हजार रुपये मूल्य का 3५60 कुंतल तेल जब्त कर लिया। जिले में मिलावटखोरों द्वारा धड़ल्ले के साथ खाद्य पदार्थों में किए जा रहे मिलावट को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने कवायद तेज कर दिया गया। इस क्रम में शनिवार को जांच दल के सदस्य राजेश कुमार दीक्षितए पंकज कुमार यादवए जयहिद रामए परमानंदए बिदू पांडेय आदि ने नगर के ढेकुलियाघाट पर हलधरपुर थाना क्षेत्र के ढोलवन निवासी बगेदन यादव के बल्टे से दूध काए बलिया मोड़ पर बसारिखपुर निवासी शेषनाथ यादव की गाय के दूधए सदर तहसील परिसर में सहादतपुर निवासी कवि यादव की गाय के दूध के साथ.साथ बहादुरगंज रोड स्थित सुधीर किराना स्टोर से सरसों के तेल का नमूना लिया। साथ ही 36 हजार रुपये मूल्य का 3५60 कुंतल तेल जब्त कर लिया। सभी नमूने जांच के लिए लखनऊ लैब में भेज दिया गया। टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर पूरे दिन मिलावटखोरों में हड़कम्प मचा रहा।

## समाधान दिवस पर 15 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण

**मऊ ।** प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को थानों पर जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के क्रम में शनिवार को जिले के सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान समाधान दिवस पर कुल 82 प्रार्थना पत्र आएए इसमें 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही अधिकारियों द्वारा निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान भूमि विवाद से सम्बंधित सर्वाधिक मामले आए। समाधान दिवस के तहत शनिवार को जिले के सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना चिरैयाकोट में चार प्रार्थना पत्र पड़ेए जिसमें दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। वहीं थाना दक्षिण टोला में तीन प्रार्थना पत्र इसमें सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। वहीं थाना दोहरीघाट में आठ प्रार्थना पत्रों में एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया।

## व्यापारियों ने असिस्टेंट कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**मऊ।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य कर आयुक्त लखनऊ को संबोधित ज्ञापन वाणिज्य कर के असिस्टेंट कमिश्नर मऊ को सौंपा। ज्ञापन में मांग किया गया है कि प्रत्येक माह 10 व्यापारियों के प्रतिष्ठानों के सर्वे का कोटा निर्धारित होने के फरमान को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। जिला अध्यक्ष उमाशंकर ओमर ने कहा कि सर्वे कोटा का निर्धारित होने से न सिर्फ विभाग एवं व्यापारियों का आपसी सद्भाव बिगड़ेगा बल्कि उक्त सर्वे कोटा फरमान से इंस्पेक्टर राज भी कायम होगा तथा व्यापारियों का सर्वे के नाम पर उत्पीड़न एवं शोषण भी होगाए जिसे व्यापार मंडल बर्दाश्त नहीं करेगा।

## 2015 से फर्जी शिक्षिका बन बेसिक शिक्षा विभाग को लगा रही थी चुना बीएसए ने किया खुलासा

**संवाददाता।** गाजीपुर

**जनपद** के बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी नामों के सहारे नौकरी करना एक फैशन सा बन गया है। कुछ दिन पहले पश्चमी उत्तर प्रदेश में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनामिका शुक्ला का मामला जो पूरे प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग को हिला कर रख दिया था कि अभी ये मामला ठंडा भी नहीं हो पाया था कि जनपद में भी ऐसे ही एक मामला सामने आया है। जनपद के बाराचवर ब्लॉक के एक प्राथमिक विद्यालय में एक शैलजा नाम की शिक्षिका विभा सिंह के नाम पर 2015 से नौकरी कर बेसिक शिक्षा विभाग को चुना लगा रही थी । जिसका खुलासा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी श्रवण गुप्ता ने किया। फर्जी शिक्षिका शैलजा बलिया की रहने वाली है। जो विभा सिंह का प्रमाण पत्र लगा कर नौकरी कर रही थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब बेसिक शिक्षा अधिकारी ने ऑनलाइन प्रमाण पत्र की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि असली विभा जो ग्राम टांडा अकबरपुर सादात ब्लाक जनपद गाजीपुर के रहने वाली है और मौजूदा समय में वाराणसी में रहती है उन्होंने शिक्षक भर्ती में आवेदन किया था। लेकिन मेरिट में नहीं आ पाई थी। फर्जी महिला शिक्षिका शैलजा ने विभा के फेटो कॉपी के प्रमाण पत्र का लाभ उठाते हुए।

## पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का निजीकरण बर्दाश्त नही : अनुराग



**संवाददाता।** गाजीपुर

**विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बिजली के निजीकरण के विरोध में 19 सितंबर को पूरे जनपद में उपखंड स्तर पर 09 जगह चिन्हित कर विरोध सभा सायं 4 से 5 तक आयोजित की गई। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण के प्रस्ताव पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुवे जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर संबोधित करते हुवे कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ऊर्जा सेक्टर को निजी घराने को बेच कर इकट्ठे मुनाफा कमाने के चक्कर मे पड़ी हुई है। इधर भोली भाली जनता को कुछ पता नही है कि सरकार हम लोगो के प्रति इतना गंदा सोच कहा से ला रही है जो आमजनता एव विजली कर्मी के प्रति सरकार अन्याय करने पर तुली हुई है जो सरासर गलत है। खंडीय अध्यक्ष सैदपुर अनुराग सिंह ने बताया कि पूर्वांचल के निजीकरण किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा इसके लिए जरूरत पड़ी तो आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। मस्टरोल संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह ने बताया कि बिजली के निजीकरण से किसानों आम उपभोक्ताओं एवं छोटे व्यापारियों को तीन से चार गुना बिजली महंगी हो जाएगी। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील किया कि आप लोग भी सड़क पर उतर कर विरोध करे। सभा मे मुख्य रूप से सहायक अभियंता शत्रुघ्न यादव,अमित कुमार,अभिषेक राय, मिठाईलाल,सुरेश चाचाए सत्यनारायण चौरसिया, अवर अभियंता संतोष मौर्य, अविनास सिंह,पंकज जायसवाल, रोहित कुमार,तपस कुमार,गुप्तेश्वर राम, सुरेश सिंह भानु नागेंद्र आशीष चौहान,मोहन,प्रशांत राय हरिकेश तिवारी, सलाउदिन, गोविन्द,आदिल, शाहिद, बाबू मदनएअभिषेक यादव,धर्मेंद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## बेटियों का भविष्य हो उज्जवल इसके लिये संचालित की गयी है कन्या सुमंगला योजना

**संवाददाता।** देवरिया

**उत्तर** प्रदेश सरकार बेटियों को मजबूत बनाने हेतु कन्या सुमंगला योजना चलाकर बालिकाओं को शिक्षा प्रदान कर मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत जिले 5531 पात्र लाभार्थियों को 96 लाख 16 हजार की धनराशि उनके खाते में भेजी जा चुकी है। जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया कि योजना का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना, बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करना तथा बालिकाओं के प्रति सामाज में सकारात्मक सोच विकसित करना है। नवजात बालिका जिसका जन्म 1 अप्रैल 2019 या उसके बाद हुआ हो को 2000, ऐसी बालिका जिसका 1 वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण हो चुका हो को 1000, कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के बाद 2000, कक्षा 6 में बालिका के प्रवेश के बाद 2000, कक्षा 9 में बालिका के प्रवेश के बाद 3000 तथा अन्तिम श्रेणी में ऐसी बालिकाएं जिन्होंने कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करके स्नातक अथवा दो वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो को 5 हजार रूपये की धनराशि से लाभार्थी को लाभान्वित कराया जा रहा है।

# अखंड भारत के संकल्प को पूरा करने में जुटे हैं पीएमः स्वतंत्र देव

संवाददाता। बाराबंकी

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत भाजपा द्वारा शनिवार को एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। श् नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व श् विषयक वेबिनार में समाज से पधारे पद्मश्री रजनीकांत द्विवेदी एवं लेखक डॉ अरविंद चतुर्वेदी के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह ने अपने विचार रखे। वेबिनार को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा देश हित मे लिए गए कड़े बड़े और साहसिक फैसलों ने उनकी छवि को विश्व्यापी बना दिया है। कहा कि भारत मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनेगा। प्रधानमंत्री



मोदी की सोच एवं नीतियां हमेशा वंचितों, शोषतों और पीड़ितों को समर्पित हैं। कहा कि मोदी के नेतृत्व में गुजरात का शासन रहा हो या छह वर्षो से देश का शासन, मोदी ने दोनो जगह सुशासन की नई पटकथा लिखी अखण्ड भारत के संकल्प को पूरा करने में प्रधानमंत्री मोदी पूरे मनोयोग से जुटे हैं। देश के करोड़ो युवाओं के लिए मोदी को प्रेरक बताते हुए आत्मनिर्भर भारत अभियान को युवाओं के लिए मील का पत्थर बताया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता अभियान एआयुष्मान भारत अभियान एवं विदेश नीति पर प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व की प्रशंसा की। पद्मश्री डॉ रजनीकांत द्विवेदी ने कहा कि मोदी हमेशा 130 करोड़ जनता की बात करते हैं और वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास रखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी पर किताब लिखने वाले प्रख्यात लेखक डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने उनके बाल्यकाल से जुड़े कई किस्से सुनाते हुए उन्होंने अलौकिक प्रतिभा का धनी बताया।उन्होने कहा कि बचपन से ही मोदी समूह में काम करने में विश्वास रखते थे और लंबे विचार विमर्श के उपरांत सामूहिक निर्णय लेना मोदी के व्यक्तित्व को महान बनाती है।सन्चालन प्रदेश मंत्री देवेश कुमार ने किया। कानपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, सांसद उपेंद्र रावत, विधायक शरद अवस्थी, बैजनाथ रावत, सतीश शर्मा, साकेन्द्र प्रताप वर्मा, हरगोविन्द सिंह, राजरानी रावत, रचना श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, शील रत्न मिहिर, सन्दीप गुप्ता, विजय आनन्द बाजपेई, राकेश पटेल, रोहित सिंह, विजय श्रीवास्तव, अरविंद मौर्य, डॉ रिजवान अली, रोहित सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सांप के काटने से महिला की मौत

**मसौली बाराबंकी।** सफ्दरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा में सर्पदंश से एक 29 वर्षीय महिला की इलाज के अभाव में मौत हो गयी। पीड़ित महिला को लेकर परिजन सरकारी अस्पताल के चक्कर लगाते रहे। बीती रात्रि सफ्दरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा निवासी विनोद कुमार की 29 वर्षीय पत्नी पूनम देवी सो रही थी कि बिस्तर पर पहुँचे एक विषैले साँप ने डस लिया। जिसकी जानकारी होते ही परिजन पहले झांड फूंक के लिए ले गये परन्तु हालात में सुधार न होने पर जिला अस्पताल ले गये जहाँ पर कोरोना के कारण महिला की अस्पताल में भर्ती नही हो सकी। परिजन निजी अस्पताल ले जाते इससे पूर्व महिला की मौत हो गयी।

## देवा मेला स्थगित

**बाराबंकी।** हाजी वारिस अली शाह की याद मेंप्रति वर्ष लगने वाला विश्व विख्यात देवा मेला इस बार कोविड.19 के चलते स्थगित कर दिया गया है।

## केंद्रीय दल ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा



संवाददाता। सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

**बाढ़** प्रभावित क्षेत्र का केंद्रीय दल द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान टीम ने बाढ़ प्रभावित गांव में हुए सरकारी एवं गैर सरकारी नुकसान के आकलन का सत्यापन भी किया है।निदेशक अपर गंगा परियोजना बीसी विश्वकर्मा के नेतृत्व में शैलेश कुमार उप सचिव ग्रामीण मंत्रालय व आशीष कुमार अधिशासी अभियंता रोड ट्रांसपोर्ट की 3 सदस्यीय टीम ने जिले के आला अधिकारियों के साथ सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित तेलवारी गोबराहा करौनी बसंतपुर सहित करीब एक दर्जन गांव का दौरा करके स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन किया है। गांव में बाढ़ के पानी से हुए भारी नुकसान के आकलन का सत्यापन करने आई भारत सरकार की इस 3 सदस्यी टीम ने क्षेत्र के टूटे संपर्क मार्ग एवं ग्रामीणों के नुकसान का आकलन करके भारत सरकार को अवगत कराएगी।बताते चलें तेलवारी गांव में बीते करीब 10 दिनों से हो रहे कटान के चलते 2 दर्जन से अधिक परिवार बेघर होकर गांव से पलायन कर चुके हैं। यहां के ग्रामीणों ने अपना दर्द इस टीम के सामने बयां करते हुए मदद की गुहार भी लगाई है।वही गोबराहा गांव में कटान के मुहाने पर खड़े एक ग्रामीण से अधिकारियों ने जल्द से जल्द मकान खाली कर कहीं अलग रहने के लिए कहा है। जिससे किसी की जान का नुकसान ना होने पाए।इस टीम के साथ अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता उप जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान तहसीलदार अखिलेश कुमार सिंह अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अजय कुमार रावत अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड उत्कर्ष भरद्वाज अपर पुलिस अधीक्षक आदि मौजूद रहे।

### समाधान दिवस का आयोजन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी** । थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस कोतवाली बदोसरांय उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के सयोंजन मे हुआ जिसमे कुल चार प्रार्थना पत्र आये ।जिसमे दो राजस्व व दो घरेलू बिवादों से सम्बन्धित थे । दो शिकायतो का सुलह समझौता हुआ तथा दो राजस्व सम्बन्धित मामलों मे पुलिस व राजस्व टीम को उपजिलाधिकारी ने मौके पर भेजा है।

## लखनऊ ट्रैफिक पुलिस का हैरतअंगेज कारनामा

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** शनिवार को मुसाफिरखाना कस्बे में मौजूद प्रधान प्रतिनिधि की चार पहिया वाहन का लखनऊ में हेलमेट में चालान किया गया। यह जानकारी मोबाइल पर मैसेज आने के बाद हुई।

मुसाफिरखाना विकास खंड के शूलपुर काशीपुर के प्रधान प्रतिनिधि हरिभान सिंह उर्फ दारा सिंह के पास यूपी 32 जेवाई 8340 नंबर की कार है। शनिवार को हरिभान सिंह मुसाफिरखाना ब्लॉक में थे। दोपहर के बाद हरिभान सिंह के मोबाइल पर मैसेज आया। जिसमें कार का ई चालान बगैर हेलमेट के किया गया। जिस पर एक हजार रुपये का जुर्माना किया गया था। प्रधान प्रतिनिधि के मुसाफिरखाना में होने पर तथा लखनऊ में चार पहिया का हेलमेट में चालान होने से हरिभान सिंह उत्तर प्रदेश की ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली से हतप्रभ हैं।

## डीएम ने समाधान दिवस में सुनीं लोगों की शिकायतें



संवाददाता। अमेठी

**शासन** के निर्देश पर जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आज थाना समाधान दिवस का आयोजन जनपद के सभी थानों में किया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने थाना गौरीगंज में पहुंचकर जन शिकायतें सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। थाना दिवस में 07 शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर अधिकांश शिकायतों का निस्तारण किया जाना चाहिए जहां तक संभव हो सके समझौते के आधार पर आपसी विवाद निपटाए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि मामूली विवाद होने के बाद पीड़ित सीधे थाना स्तर पर ही शिकायत लेकर पहुंचता हैए लिहाजा यहीं पर दोनों पक्षों को बुलाकर मामले का निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि थाने में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की बात सुना जाए। थाना समाधान दिवस के अवसर पर थानाध्यक्ष गौरीगंज सहित कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे।

## पहले प्रयास मे ही पीसीएस बनी बनवीरपुर की बेटी



संवाददाता। अमेठी

**जनपद** के दक्षिण पूर्वी सीमा पर स्थित संग्रामपुर ब्लाक के बनवीरपुर गांव की प्रतिभाशाली बिटिया ने अपने पहले प्रयास मे ही यूपीएससी की परीक्षा मे बाजी मारी है। गाजियाबाद मे अपर आयुक्त व्यापार कर पद पर तैनात यूएसण्दूबे की पुत्री जाह्नवी दूबे ने वर्ष 2017 मे नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी कुरूक्षेत्र से बीटेक की डिग्री हासिल करके यूपीपीसीएस की परीक्षा मे भी सफलता पाई है। आईएएस का लक्ष्य लेकर चलने वाली जाह्नवी की सफलता का समाचार मिलने पर गांव मे खुशी का माहौल है। जाह्नवी के पिता अपर आयुक्त यूएसण्पांडेय ने बताया कि बिटिया की ये सफलता एकाग्रता और सेल्फ स्टडी का परिणाम है। वहीं जाह्नवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मातापिता के मार्गदर्शन को दिया। इधर बनवीरपुर मे जाह्नवी के परिजनों मे कवि पत्रकार सुधीर रंजन ने कहाकि छोटी बहन की सफलता से परिवार के अन्य बच्चों पर प्रेरक प्रभाव पडा है। परिजन ब्रह्मानंद दूबेए दयाशंकर दूबेए रामलखन दूबेए शेष नारायण दूबेए ग्राम प्रधान ओंकार यादव ने भी खुशी व्यक्त की है। कांग्रेस नेता विनोद मिश्र विनयेए भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकेश यादवए सपा नेता मुकेश यादव ने भी खुशी जाहिर की है।

## कोरोना काल में मरीजों से दूर भाग रहे डॉक्टर

**जगदीशपुर, अमेठी।** जहां योगी सरकार कोरोना जैसे महामारी में से निपटने के लिए आए दिन चिकित्सकों को कड़े निर्देश जारी करके अंकुश लगाने का प्रयास कर रही हैण्तो आजाद चिकित्सक मनमानी करके ओपीडी में न बैठकर मरीजों से दूरी बनाए रहतें हैं और वहीं चंद पैसों के चक्कर मे अपने आवास पर बैठकर प्राइवेट प्रेक्टिस करने में मस्त रहते हैं। जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में मरीजों को उपचार कराना टेढ़ी खीर बन गया है बीमार मरीज जब ओपीडी में चिकित्सकों के पास जातें हैं तो वहां कुर्सी खाली पड़ी मिलती है यदि कभी मिलते भी हैं तो मरीजों को दूर रहने की हिदायत देते हुए कुर्सी छोड़कर कमरे पर चले जाते हैं मजबूर मरीज जब कमरे पर जाते हैं तो वहां एक एक मरीजों को बुलाने के बाद दूर से ही दवा का पर्चा जिसमें प्राइवेट मेडिकल स्टोरों की दवाइयां लिखने के बाद सुविधा शुल्क वसूल किया जाता है।

## कोरोना मरीजों की देखभाल में न बरतें कोताहीः डीएम

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज प्रातः 09 बजे सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोविड.19 के बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में प्रतिदिन की जा रही गतिविधियों के सम्बन्ध में बैठक किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं जोनल कंट्रोल रूम में फोन कर होम आइसोलेट मरीजों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लिया। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कोविड अस्पताल एवं होम आइसोलेशन मरीजों के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि कोविड अस्पताल एवं होम आइसोलेशन के मरीजों की निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जायेए मरीजों को सभी सुविधायें समय.समय पर प्राप्त होती रहे। होम आइसोलेशन मरीजों से निरन्तर फोन के माध्यम से उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुये यदि किसी भी मरीज में खांसीए बुखारए सांस लेने में दिक्कत आदि के गम्भीर लक्षण दिखे तो तत्काल एम्बुलेन्स भेजकर उन्हें एल.1 या एल.2 हास्पिटल में भर्ती किया जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि कोरोना पाजिटिव जो भी व्यक्ति पाये जाये उन्हें 24 घंटे के अन्दर ट्रेस करते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाये तथा नजदीकी सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों के सैम्पलिंग के कार्य में तेजी लायी जाये जिससे कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जाये। होम आइसोलेशन वाले मरीजों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी भी प्राप्त करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक आदि मौजूद रहे।

## तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण को लेकर विधायक ने उठाई आवाज

● **कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता ने इस मुद्दे पर सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर दिया जोर**

संवाददाता। लालगंज प्रतापगढ़



**प्रदेश** में इण्टर कालेजो मे सेवारत तदर्थ शिक्षको को अविलम्ब विनियमित किये जाने को लेकर कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। सीएम को लिखे पत्र मे सीएलपी नेता मोना ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न इण्टर कालेजो मे पन्द्रह से बीस वर्षो से कई हजार तदर्थ शिक्षक अध्यापन कार्य कर रहे है। इन शिक्षको को सरकार द्वारा वेतन भी दिया जा रहा है। उन्होनें मुख्यमंत्री का ध्यान हाल ही मे सुप्रीम कोर्ट द्वारा तदर्थ शिक्षको को लेकर दिये गये निर्णय का हवाला देते हुए इनके समक्ष उत्पन्न गंभीर स्थिति पर भी विचार किये जाने का भी अनुरोध किया है। विधायक आराधना मिश्रा ने सीएम से कहा है कि तदर्थ शिक्षको की आयु भी अधिक हो चुकी है और ऐसी स्थिति मे अब यह किसी अन्य विभाग मे सेवा का आवेदन करने की आयु पूर्ण कर चुके है। उन्होने सीएम से इन सभी तदर्थ शिक्षको के विनियमितीकरण अथवा पीजीटी एवं टीजीटी की परीक्षा मे इनकी सेवाओ को देखते हुए इन्हें अधिक से अधिक भारांक दिये जाने पर जोर दिया है। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से यहां जारी बयान मे कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता मोना ने सरकार से वर्षो से कार्यरत तदर्श शिक्षको की सेवाओ को ध्यान मे रखते हुए मानवीय दृष्टिकोण के तहत इन्हें विनियमित किये जाने के शासनादेश निर्गत किये जाने की भी सीएम योगी आदित्यनाथ से मांग रखी है।

## एएसपी ने कसे पेंच

**लालगंज प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस मे शनिवार को स्थानीय कोतवाली मे पैतीस शिकायतें आयी। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दिनेश द्विवेदी तथा नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा ने संयुक्त रूप से शिकायतो की सुनवाई की। ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद से जुडी देख एएसपी ने पुलिस व राजस्व टीम का गठन कर इनके त्वरित निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये। एएसपी ने समाधान दिवस की शिकायतो की मॉनीटरिंग के लिए सीओ तथा कोतवाल को सप्ताह भर की मोहलत दी है। इधर सांगीपुर थाने मे समाधान दिवस पर सात शिकायतें आई। यहां एसडीएम राम नारायण तथा कोतवाल प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से शिकायतो की सुनवाई की। एसडीएम ने सांगीपुर बाजार मे अतिक्रमण को लेकर भी एसओ को अभियान चलाए जाने को कहा। वहीं जेठवारा थाने मे चार शिकायतें आयी। इनका तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव व जेठवारा एसओ संजय पाण्डेय ने निस्तारण कराए जाने के मातहतो को आदेश दिये।

## पुरूषोत्तम मास में बाबा घुइसरनाथ का हुआ श्रीमंगलम् मुकुटाभिषेक

● **कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने बाबा धाम को सर्वश्रेष्ठ धाम बनाए जाने का जताया संकल्प, बाबा के जयघोष व पुष्पवर्षा से भावविभोर हुये श्रद्धालु**

संवाददाता। लालगंज प्रतापगढ़



**पुरूषोत्तम** मास के पहले दिन शुक्रवार की देर शाम पौराणिक स्थली घुइसरनाथ धाम मे बाबा के अलौकिक श्रृंगार के मध्य श्रीमंगलम् मुकुटाभिषेक हुआ। बाबा का भव्य मुकुटाभिषेक देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। सीडब्लूसी मेंबर व पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज नगर के धर्मानुरागी रामलखन जायसवाल तथा मीरा जायसवाल के प्रबंधन के तहत बाबा को पुरूषोत्तम मास मे चांदी का मुकुट समर्पित किया। आचार्यो तथा महन्थ समूह के वैदिक मंत्रोच्चारण तथा बाबा भोलेनाथ के जयघोष के मध्य बाबा घुइसरनाथ का परंपरागत श्रृंगार अभिषेक के बीच जैसे ही मुकुटाभिषेक हुआ श्रद्धालु बाबा के श्रीचरणों मे रोली चंदन व पुष्पवर्षा करने लगे। बाबा के मुकुटाभिषेक के साथ प्रमोद तिवारी ने पुरूषोत्तम मास के प्रथम दिवस श्री तिरूपति बालाजी भगवान का भी परम्परागत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद हुई संध्या आरती मे भी श्रद्धालु सोशल डिस्टेसिंग के बीच शामिल हुये। प्रमोद तिवारी ने कहा कि पुरूषोत्तम मास मे भगवत कृपा से बाबा के धाम को प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ धाम बनाए जाने के प्रति वह तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना सदैव कृतसंकल्पबद्ध है। अभिषेक श्रृंगार के संयोजक रामलखन जायसवाल व महन्थ मयंक भाल गिरि व आचार्य आदित्य दुबे, आचार्य वीरेन्द्रमणि तिवारी, पं. विपिन तिवारी ने लोक कल्याण की कामना के साथ प्रमोद तिवारी को अंगवस्त्रम तथा श्रीतिलक कर आध्यात्मिक अलंकरण भी प्रदान किया। कार्यक्रम का सह संयोजन करते हुए निखिल जायसवाल व निशा जायसवाल तथा शिवकुमार ने श्रद्धालुओं को बाबा के श्रीचरणों का महाप्रसाद वितरित किया। इस मौके पर प्रदीप त्रिपाठी, पप्पू जायसवाल, प्रबंधक नरेश बत्रा, डा. अंजनी कौशल, डा. ओमप्रकाश जायसवाल, सदाशिव जायसवाल, संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रामबोध शुक्ल, आशुतोष मिश्र, त्रिभु तिवारी, अंशुमान तिवारी, टिंकू जायसवाल, पप्पू तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, सुधीर तिवारी, सुजीत तिवारी, हरिश्चंद्र अग्रहरि आदि रहे।

## जॉब कार्ड घोटाले के दोषियों पर डीएम ने दर्ज कराई एफआईआर

**ललितपुर।** ग्राम चीराकोडर ग्राप जमुनिया में जॉबकार्ड घोटाला एवं ग्राम अमरपुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में जिलाधिकारी अन्नावि दिनेश कुमार ने की कार्यवाही मामला संज्ञान में आते ही सम्बंधि दोषियों के विरुद्ध करायी एफआईआर उपायुक्त श्रम रोजगारए ललितपुर ने दिनांक 17 को जिलाधिकारी ललितपुर के समक्ष जन सुनवाई के दौरान ग्राम चीराकोडर विकासखण्ड बिरधा के व्यक्तियों द्वारा साहेब तनयबीतल ग्राम चीराकोडर ग्रापं जमुनिया एवं प्रभारती पत्नी साहेब सिंह ग्राम चीराकोडर ग्रापं जमुनिया के दो.दो जॉबकार्ड बनाकर धनराशि दुरुपयोग की शिकायत की गई थी। एक व्यक्ति के दो जॉबकार्ड बनाकर धनराशि के दुरुपयोग पर सम्बंधितों पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए।

## व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहींः व्यापार मंडल

संवाददाता। ललितपुर



**जिला** उद्योग व्यापार मंडल ने श्रीमती अमृता सोनी वाणिज्य कर आयुक्त लखनऊ को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर विभाग ललितपुर को जिला अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा एवं जिला महामंत्री शैलेंद्र सिँघई के नेतृत्व में सौंपा जिसमें कहा गया कि 18 सितंबर को ही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य बनवारी लाल कंछल ने कोविड.19 कोरोना महामारी की गाइडलाइन को ध्यान में रखकर सिर्फ 5 व्यापारी नेताओं के साथ वाणिज्य कर लखनऊ कार्यालय पहुंचकर आयुक्त महोदय से भेंट की और ज्ञापन दिया संगठनों मैं भी 10 सितंबर के शासन आदेश के विरोध में ज्ञापन भिजवाए गए लेकिन एक मात्र प्रदेश का व्यापारी नेता बनवारी लाल कंछल स्वयं आयुक्त महोदय से मिले और उन्हें व्यापारियों की समस्याओं के बारे में बताया और अनुरोध पूर्वक दबाव बनाकर आदेश वापस करने की मांग की इस पर आयुक्त महोदया ने कंछल की बात को मान कर स्पष्टीकरण की कॉपी कंछल को सौंपी किसी भी हालत में व्यापारियों के इस शासनादेश के अनुसार उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और ना ही सर्वे छापे नहीं किए जाएंगे लेकिन यह भी कहा कि ऑनलाइन द्वारा सर्वे विशेष अनुदान शाखा के द्वारा सिर्फ 10 व्यापारियों की जगह 4 व्यापारियों की सर्वे कराई जाएगी 10 सितंबर को वाणिज्य कर आयुक्त अमृता सोनी ने विशेष अनु संसाधन शाखा को जांच से पूर्व डाटा एनालिसिस के मानकों का निर्धारण किए जाने को लेकर आदेश जारी किए जिसमें जीएसटी पोर्टल ई वे बिल विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध डाटा तिमाही अलग.अलग टर्नओवर के 10 व्यापारियों का डाटा उपलब्ध कराने को कहा यह ठीक नहीं है यानी सिर्फ स्पष्टीकरण शासन ने दिया है अभी शासनादेश वापस नहीं किया गया है 30 वर्ष पहले वाणिज्य कर कार्यालय में बिक्री कर के नाम से बाद में इसी का नाम बैट कर के नाम से टैक्स लिया जाता था सर्वे छापे डालकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जाता था व्यापारी नेता कंछल के नेतृत्व में व्यापारी नेताओं ने आंदोलन किया जेल यात्राएं की और विभाग व सरकार से बड़ी बड़ी लड़ाइयां लड़ी व्यापारियों ने और आंदोलन किए तब सर्वे छापे से निजात पाई लेकिन 20 जुलाई 2017 से सरकार ने एक देश एक टैक्स का नारा देकर जीएसटी प्रणाली लागू की।

## छेड़छाड़ के आरोपी को ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** गांव में चूड़ी बेचने आए एक व्यक्ति ने दलित नाबालिक युवती के साथ छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ डाले और दुराचार की नियत से हाथ पकड़ कर घर की तरफ खींचने लगा। युवती के चिल्लाने पर अगल बगल के लोग इकट्ठा हो गए और आरोपी को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद 112 डायल कर पुलिस बुला ली और उनके सुपुर्द कर दिया। पीड़ित युवती के पिता ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। बताते चलें किंतूर गांव के निवासी चूड़ी फरोस मोहम्मद अनवार पुत्र निसार शनिवार को घाघरा की तलहटी में बदोसराय थाना क्षेत्र के एक गांव में चूड़ी बेचने गया था। वहीं पर उसने पानी पीने के बहाने एक दलित नाबालिक युवती के साथ इस घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया की आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## विधायक के रवैये को लेकर जनता परेशान, फोन तक नहीं करते रिसीव

संवाददाता। सिद्धौर

**विधानसभा** जैदपुर में उपचुनाव हुआ और जैदपुर की जनता ने सपा के प्रत्याशी गौरव रावत को अपना विधायक बनाया लेकिन विधायक ना तो जनता से मिलते हैं और ना ही उनकी समस्याओं को निस्तारित करने का काम करते हैं इनके क्षेत्र में जनता परेशान है और लोग अगर फोन भी करते हैं तो विधायक गौरव रावत फोन को रिसीव तक नहीं करते। हमारे संवाददाता ने जब क्षेत्र में जाकर लोगों से जानने की कोशिश की कि विधायक ने जनता को किस तरीके से संतुष्ट किया है तो विधायक को लेकर जनता काफी ज्यादा गुस्सा हो गई और कहने लगी कि विधायक तो वोट मांगने के समय आए तब से क्षेत्र में आए ही नहीं जो काफी निंदनीय है। आने वाले समय में अगर समाजवादी पार्टी गौरव रावत को टिकट दे रही है तो गौरव रावत को बिल्कुल भी वोट देने का काम नहीं किया जाएगा राहुल कुमार वर्मा ने कहा कि विधायक को वोट खुलेआम दिया था कि लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी समस्या को निस्तारित करने का काम करेंगे लेकिन विधायक तो फोन ही नहीं उठाते हैं जिसके चलते अगर जनता परेशान रहती है। वही की एक महिला ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले जो बाराबंकी के मौजूदा सांसद हैं वह यहां के विधायक थे उनको फोन मिलाओ तो तुरंत फोन उठ जाता था लेकिन गौरव रावत का तो फोन ही नहीं उठता है जिसके चलते बहुत से समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### विधायक सगे संबंधियों के यहां बैठकर करते हैं चर्चा

**विधायक** गौरव रावत ने शनिवार को शाम करीब 5: 00 बजे अखिलेश यादव सभासद सिद्धौर के घर पर एक बैठक की इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से मिले और सदस्यता दिलाई इसी दौरान कुछ क्षेत्रीय लोग विधायक को फोन मिलाते रहे की विधायक से अपडेट लिया जा सके कि आखिर विधायक कहां है और कितने समय में पहुंचेंगे विधायक गौरव रावत ने उन लोगों का फोन ही नहीं उठाया जिसके चलते विधायक के प्रति लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर था तो वही विधायक गौरव रावत ने इन सब आरोपों को निराधार बताया ।

● **चुने हुए जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण बढ़ रहा जनाक्रोश**

पायनियर
रविवार, 20 सितंबर, 2020

# एजेण्डा



आप निराशा व भ्रम की भावना के इलाज में पर्याप्त धन नहीं खर्च कर सकते
- विनोना राइडर

अगर तकनीक बुजुर्ग आबादी में हिस्सा बन जाती है तो इससे उनके जीवन की गुणवत्ता में जबरदस्त सुधार हो सकता है। इसलिए, अगर यह शुरुआत में उन्हें मजबूरी भी लगे तो भी सीखने के स्तर पर, कि इसका इस्तेमाल कैसे करना है, पूर्णतया उपयोगी है। हरीश खत्री की रिपोर्ट

## वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं और समाधान



विकासशील देशों में बीते 150 सालों में जीवन दर में निरंतर उन्नति हुई है, मुख्यतया बेहतर जीवन स्थितियों, बेहतर स्वास्थ्य मानकों व उन्नत चिकित्सा देखभाल के कारण। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, वैश्विक औसत जीवन दर में 2000 और 2016 के बीच 5.5 सालों की वृद्धि हुई है, जो 1960 दशक के बाद सर्वाधिक वृद्धि है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य रूपरेखा 2019 के अनुसार, भारत में जीवन दर में 1970–75 के बीच 49.7 साल से 2012 –16 में 68.7 की वृद्धि हुई है।

हम आज जिस उच्च जीवन दर का देखते हैं उसने हमारे समाज में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि का मुकाम दिखाया है। और वे एक मजबूत व स्वतंत्र हिस्सा और अपने आपमें एक समुदाय बन गए हैं। समानांतर स्तर पर, दुनिया ने तकनीक में जबरदस्त प्रगति देखी है जो अब अनेक रोजमर्रा गतिविधियों को मदद एवं सुव्यवस्थित करती है। विश्व तालाबंदियों व एकांतवास समयों के दौरान अपनी राह निकालना लगभग असंभव हुआ होता यदि इंटरनेट, तकनीक आधारित मंचों व एप्स की मौजूदगी नहीं होती जिन्होंने होम डिलीवरी की सुविधाएं हमें दीं।

कोविड से पहले की दुनिया में भी, हमने लोगों को तकनीक द्वारा लाई गयी जबरदस्त तब्दीलियों के कारण, अपनी जीवनशैलियां, और यहां तक कि खरीद की आदतें तक बदलते देखा है। अनेक लोगों ने एक फोन कॉल पर वाहन सुविधा प्रदान करने वाले एप्स के काराण कारें न खरीदना पंसद किया। हमारे स्वास्थ्य से लेकर हमारे घर और कार्यालय तक हर चीज तकनीक से सुसज्जित हो गयी है। हमारे वरिष्ठ नागरिकों के लिए तकनीक वरदान बनकर आई है, जो घर में रहने में उनकी मदद कर रही है और अनेक कार्य संभालने में उन्हें सक्षम बना रही है। लेकिन क्या इस वर्ग के लिए तकनीक को अपनाना सहज हुआ है? हम सभी अनेक बुजुर्गों को जानते हैं जो संदेश तक नहीं भेज सकते मोबाइल एप्स का उपयोग करने की बात छोड़ दें। असलियत में, अनेक बुजुर्ग लोग कहते हैं कि उन्हें अभी भी उपकरणों तथा तकनीक आधारित मंचों का इस्तेमाल करने संबंधी आत्मविश्वास महसूस नहीं होता है।

जैसा कि हाल में प्रकाशित हुआ था, अध्ययन के प्रमुख लेखक के अनुसार, युनिवर्सिटी आफ कैलीफोर्निया सेन डियागो (यूसीएसडी) में डिजाइन लैब के शेंग्जी वांग, शोधकर्ता ने पाया कि कई बार नयी तकनीक से संबंधित अवसाद ने बुजुर्गों को इसके उपयोग की उनकी योग्यता को संदिग्ध बना दिया, उन्हें आजमाने तक के प्रति निष्क्रीय बना दिया। इसलिए, ये कौन सी बाधाएं हैं जो अवसाद का कारण बन रही हैं?



● **निरंतर अद्यतन और बदलाव की बाधा :** सबसे बड़ी बाधाओं में से एक, जिसने बुजुर्गों को परेशान किया है, वो थी मोबाइल फोनों से बटनों का हटाया जाना। उन्होंने ''बटन वाले मोबाइलों'' को अच्छी तरह अपना लिया था, लेकिन तकनीकी उन्नतियों तथा नए '' टच मोबाइलों'' के आने से, वे असहज महसूस करने लगे। स्मार्टफोन बिलकुल नयी चुनौती बन गया जिस पर पार पाने में अनेक लोग अभी भी जूझते हैं।

● **अनेक पासवर्ड को याद रखने की समस्या :** यद्यपि यह समस्या सभी आयु समूहों की आम समस्या है लेकिन प्रत्येक अलग एप और खाते के लिए पासवर्ड रखने का बोझ वरिष्ठ नागरिकों को सर्वाधिक प्रभावित करता है। आजकल, लागइन प्रक्रिया के बिना किसी भी आनलाइन या एप आधारित सेवा को प्राप्त करना असंभव है। हालांकि गूगल सिंगल लागइन अकाऊंट के जरिए अनेक आनलाइन पोर्टल तक पहुंचने की अनुमति देता है, लेकिन अभी भी ऐसी अनेक समस्याएं हैं जिनमें अलग खाता बनाने की जरूरत होगी। अनेक मामलों में अधिकांश मोबाइल एप्स की तकनीक जटिल और बोझिल है, जबकि इसे समावेशी व मार्गदर्शन करने वाली बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा, बुजुर्ग आम तौर पर अपने सभी आनलाइन खातों के लिए एक पासवर्ड रखना पसंद करते हैं ताकि वे उसे हमेशा याद रख सकें। हालांकि, अब यह प्रस्तावित गतिविधि नहीं रह गयी क्योंकि यह साइबर अपराधों व हैकरों को आकर्षित करती है। इसे स्वयं मोबाइल एप्स को लागइन के लिए अधिक सरल तरीके अपनाने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

● **गलती करने के भय की समस्या :** मोबाइल एप को चलाने के प्रति भय इंगित करता है कि आप बूढ़े हो रहे हैं ! भयभीत होने का मुख्य कारण है गलतियां करना। पूर्व में भी, इसी भय के कारण पहले की पीढ़ी वीसीआर रिमोट चलाने से पहले काफी सोच विचार किया करती थी। हालांकि टच और वायस कमांड्स बुजुर्गों के लिए अद्भुत काम कर सकते हैं, मगर हमें उनमें इन तकनीकी उपकरणों के साथ प्रयोग करने के लिए पर्याप्त आत्मविश्वास निर्मित करना होगा! मसलन जब हम स्मार्ट टेलीविजन खरीदते हैं तो कंपनी का कोई व्यक्ति आता है और हमें उसे चलाने का डेमो देता है, तो तकनीक कंपनियों को उसी स्तर पर जाना चाहिए और अपने मोबाइल एप्स की सेवाओं के बारे में घर घर डेमो देना चाहिए। जैसे ही धन हानि का खतरा दूर हो जाता है, तो शेष सारी चिंताएं उन्हें प्रयोग करने का आत्मविश्वास देकर दूर की जा सकती हैं। गलतियां करना तभी तक ठीक होत है जब गलतियों करने का कोई खाामियाजा भुगतना नहीं पड़ता है।

> आईटी उद्योग को, प्रौद्योगिकी को अधिक समावेशी बनाने के लिए नई प्रथाओं को फिर से परिभाषित करने और विकसित करने की आवश्यकता है। उम्र बढ़ने की आबादी के लिए शुरू करने के लिए, परिवहन, स्वास्थ्य देखभाल और काम जैसी महत्वपूर्ण रोजमर्रा की गतिविधियों के प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए इस डिजाइन पर बहुत ध्यान देना होगा।

● **बहुत सारे विकल्पों की समस्या :** हम एक ऐसे दौर में रहते हैं जहां हमारे पास अनगिनत किस्म के उत्पाद हैं। हालांकि यह हमारे लिए लाभदायक है मगर इसने खरीद प्रक्रिया को और भी ज्यादा भ्रामक बना दिया है, खासतौर पर बुजुर्गों के लिए। वे चुन नहीं पाते कि उत्पाद विकल्पों के भंडार में कौन सा उत्पाद उनके लिए उत्तम है। एक ईमानदार व सरल ग्रेडिंग प्रणाली होनी चाहिए जो यह समझने में बुजुर्गों की सहायता करती हो कि क्या उपलब्ध है और गुणवत्ता व सेवा में यह किस दर्जा का है।

● **विजुअल कमजोरियों की समस्या :** विजुअल क्रियाएं लोगों की उम्र के अनुसार घटती हैं। विजुअल क्रियात्मकता में बदलाव या 55 वर्ष या उससे अधिक की आयु में चीजों को विस्तार से देखने की योग्यता सुस्त पड़ती है। रंग दृष्टि और विपरीत संवेदनशीलता में आयु संबंधी बदलाव बुजुर्ग लोगों के लिए अधिक समस्या पैदा करते हैं खासतौर पर स्मार्टफोन व अन्य उपकरणों में छोटे फोंट तथा विभिन्न आइकनों को पढ़ते समय।

### तकनीक से बुजुर्गों की मदद करना आसान होता है

आईटी इंडस्ट्री को तकनीक को अधिक समावेशी बनाने के लिए नये अभ्यासों को प्रोत्साहित करना व पुनर्परिभाषित करना चाहिए। शुरूआत में, बुजुर्ग आबादी के लिए ज्यादा ध्यान डिजाइन पर केन्द्रित होना चाहिए ताकि आवागमन, स्वास्थ्य देखभाल व काम जैसी महत्वपूर्ण रोजमर्रा गतिविधियों को करने में मदद मिले।

हमें ''बटन मोबाइलों'' से प्रेरणा लेने और ''टच बटन तकनीक'' गढ़ने की जरूरत है जो सरल और उपयोग में आसान हो। उदाहरण के लिए, हाल में शुरू किया गया  एप, इंडिया असिस्ट, जिसने तकनीक का उपयोग करते वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाया गया है इसमें फोन एप के जरिए बुजुर्गों को चौबीसों घंटे सहायता मिल सके। बुजुर्गों के अनुकूल डिजाइन उपयोग करने के प्रोटोटाइप को इस एप में देखा जा सकता है। बड़े बटन, जिसमें स्पष्ट उल्लेख होता है कि वे किस प्रकार के उपयोग के लिए हैं, उचित विजुअल्स के साथ, अनेक समस्याएं दूर करता है जिनके बारे में हम ऊपर चर्चा कर चुके हैं।

हमें उनके जीवन में सृजित होने वाली वैल्यू तकनीक पर भी जोर देने की जरूरत है, मसलन एक स्वतंत्र व गरिमामय जीवन जीने में उनकी सहायता करना। हमें आसान व संशयमुक्त भाषा का उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए। इंटरनेट ने हमारे शब्दकोष में नए शब्दों का सृजन किया है जो उस व्यक्ति के लिए महत्व नहीं रखते हैं जो बिरले ही कंप्यूटर का इस्तेमाल करता है।

उसके अलावा यह कि हमें तकनीक के सामाजिक उपयोग का लाभ समझने और उठाने में बुजुर्गों की सहायता करनी चाहिए, मसलन वीडियो कॉल्स के जरिए अपने परिवार व मित्रों से जुड़ना, सोशल मीडिया मंचों पर अपना खुद का समुदाय व मंच बनाना, जुड़े रहने और जानकारी का आदान प्रदान करने के लिए व्हाट्सएप समूहों का इस्तेमाल करना... तकनीक को उन्हें यह आत्मविश्वास देना चाहिए कि वे अकेले नहीं हैं। जब भी उन्हें सहयोग की आवश्यकता होगी, बटन के स्पर्श की दूरी पर सहायता उन्हें प्रदान कर दी जाएगी। न केवल यह, तकनीक को उन्हें अपना चिकित्सा रिकार्ड प्रबंधित करने में सहायता करनी चाहिए। अनेक वरिष्ठ नागरिकों को अपने चिकित्सा प्रकिया पर निगरानी बनाए रखना चुनौतीपूर्ण लगता है। इससे उनमें अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर नजर रखने की समझ विकसित होनी चाहिए।

### वरिष्ठजनों के लिए तकनीक के फायदे

अगर तकनीक बुजुर्ग आबादी को सम्मिलित कर लेती है तो यह जीवन की उनकी गुणवत्ता को जबरदस्त ढंग से बेहतर बनाती है। इसलिए, अगर यह पहले आपके जीवन में इसे प्रस्तुति पर बाध्यता महसूस करें, तो बाद में, इसे सीखने का प्रयास पूर्णतया उपयोगी है कि इसे कैसे इस्तेमाल करें।

● **वित्तीय प्रबंधन :** बैंकिंग और निवेश हर एक के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बैंक जाने की परेशानी, लाइनों में खड़े होना और भीड़ वाली जगहों में अपना काम कराना अच्छे खासे लोगों के लिए बहुत परेशान करने वाला है। वरिष्ठ जनों के लिए, यह असलियत में एक भारी बोझ में रूपांतरित हो सकती है। तकनीक और नेटबैंकिंग का उपयोग करने इससे पूरी तरह सरल होता है और यह उन्हें अपने घरों में रहकर अपने वित्तीय प्रबंधन में सक्षम बनाती है। अधिकांश बैंक आज फोन एप्स प्रस्तावित करते हैं। और इसे बुजुर्गों के लिए अपनी बैंक स्थिति जानना, पैसा किसी को भेजना या धन हासिल करना बहुत सुविधाजनक ढंग से संभव होता है।

● **सामाजिक अंतर्क्रिया:** वीडियो काल्स अपने प्रियजनों से संपर्क करने का बहुत अच्छा तरीका हैं। इसी तरह ईमेल्स, व्हाट्सएप ग्रुप्स और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंच हैं। एकल परिवारों के बढ़ते जाने से, अनेक लोग अकेले रह रहे हैं और जैसे ही वे कामकाजी जीवन से रिटायर होते हैं और उनका सामाजिक जीवन स्वास्थ्य समस्याओं, या आजीविका समस्याओं की लागत के कारण घट जाता है, तो वे खुद को अकेला व अलग थलग पाते हैं। दूसरों के साथ संवाद की उपलब्धता ऐसी है जो टेबलेट्स और स्मार्टफोन के जरिए आसानी से उपलब्ध है। यह अवसाद या अकेलेपन की भावनाओं से लड़ने में बुजुर्गों की सहायता करती है, जो कि एकांत जीवन की आम समस्याएं हैं।

● **मनोरंजन:** यह एक बड़ा लाभ है। जैसे ही बुजुर्ग एप्स की सदस्यता लेना और उसे संचालित करना सीख लेते हैं तो उनके पास चौबीसो घंटे प्रसारित होने वाले अपने पसंदीदा शोज, फिल्में व संगीत होते हैं। बूढ़े होने पर, सिनेमा हालों तक पहुंचना कठिन हो जाने से, उनके पास अपने पसंदीदा फिल्मों से वंचित होने का कोई कारण नहीं होता। असलियत में, ज्ञान और जानकारी की एक समूची दुनिया भी डाक्यूमेंट्रीज और गैरउपन्यासिक शोज के साथ खुल जाती है। जैसे जैसे आप बूढ़े होते जाते हैं आपके लिए पढ़ना कठिन हो जाता है और डाउनलोड किये गये विजुअल मीडिया और ऑडियो बुक्स आसानी से उनकी जगह ले सकते हैं।

● **सहयोग व सहायता:** यह तकनीक का एक व्यापक एवं बेहद प्रासंगिक लाभ है। जब माता पिता  और हमारे बुजुर्ग अकेले रहते हैं, तो बच्चों को हमेशा उनके सहायक ढांचे की चिंता होती है। अब, दवाइयां खरीदना और डाक्टर से सलाह लेना आनलाइन किया जा सकता है। व्यक्ति को दैनिक आवश्यकताओं के लिए बाहर निकलने की आवश्यकता नहीं होती। सब्जियां, व अन्य सुविधाएं घर पर पहुचाई जा सकती हैं। सफाई सेवाएं, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, पेरा मेडिकल सहायक सभी बटल के एक क्लिक पर उपलब्ध हैं। इसी तरह कैब और यात्रा संबंधी सहयोग हैं। गौरतलब ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सेवाएं प्रमाणित होती हैं और सेवाप्रदाता भरोसेमंद और सुरक्षित हैं। जैसे ही बुजुर्ग लोग तकनीक के प्रति अपना विरोध पर काबू पाना और इसका उपयोग करना सीख जाते हैं, उन्हें तकनीक के जरिए मिलने वाली सामाजिक संतुष्टि और जिंदगी की आसानी से प्यार हो जाएगा।

बुढ़ापे को सहयोग देने की जिम्मेदारी सामूहिक होती है। मोबाइल कंपनियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सस्ती कीमतों पर बड़ी स्क्रीन वाले मोबाइल फोन प्रदान करें। इंटरनेट कंपनियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे वरिष्ठ नागरिकों को लक्षित करके विशेष अभियान चलाएं और उचित लागत पर वाईफाई सुविधा उपलब्ध कराके उन्हें मुख्यधारा में लाने का प्रयास करें। मोबाइल एप्स बनाने वाली कपंनियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उपयोग में आसान तकनीक का सृजन करें और ग्राहकों के दरवाजे पर अपने उत्पाद का डेमो प्रदर्शित करें।

सरकारों को कंपनियों को प्रोत्साहन देना चाहिए जो अपनी तकनीक को बुजुर्गों के लिए समावेशी बनाती हैं। जब सभी जवाबदेह अपनी अपनी भूमिकाएं बेहतर निभाने लगेंगे तो, हम देखेंगे कि बुजुर्गवार सहज हो रहे हैं और असलियत में अपने जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए तकनीक पर निर्भर हो रहे हैं ।

भारत में परिवारों के एकल इकाइयों में बदलने की बढ़ती रफ्तार, तथा पेशेवर लक्ष्यों की पूर्ति की खातिर बच्चों के अपने माता पिता से दूर रहने के कारण यह न केवल एक आवश्यकता है बल्कि एक अनिवार्यता है कि हम अपने बुजुर्गों के तकनीक अनुकूल बनाएं जो उसके लिए सुरक्षा जाल बनेगी।

और, यह सिर्फ सामाजिक भलाई करना मात्र नहीं है! यह देखते हुए कि बुजुर्ग आबादी दुनिया की आबादी का एक बड़ा हिस्सा बनती है, बुजुर्ग आबादी के लिए बौद्धिक रूप से सक्षम और विशिष्टता प्राप्त तकनीक संचालित उत्पाद नये व्यवसायों, यहां तक भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी बुरी चीज नहीं होंगे!

**– लेखक इंडिया असिस्ट नामक स्टार्टअप के संस्थापक हैं जिसने वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए मोबाइल एप बनाया है।**



कभी-कभी आनंद आपकी मुस्कान का स्रोत बन सकता है, लेकिन कभी कभी आपकी मुस्कान आपके आनंद का स्रोत बन सकती है
- थिच न्हात हान्ह



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

# सफलता के लिए खुद को जानें

जीवन विरोधाभासी है। यह अंतर्विरोधों से भरा है। मौजूदा जगत अपनी समस्त विकरालता व विविधता के साथ, जहां हर कोई अनोखा जन्मा है, हर कोई अपनी अलग अलग इच्छा व मानसिक प्रवृत्तियों को प्रदर्शित करते हुए, हितों के टकराव को स्वाभाविक खुराक देने वाली जमीन बनता है। ऐसी परस्पर उलझी दुनिया में, जहां जीवन में स्थायी उत्तम स्थिति रहने की कोई संभावना नहीं होती है- हम हमेशा जीवन में अप्रत्याशित उतार-चढ़ावों से होकर गुजरने की संभावनाओं में चलते हैं। फिर भी, हमसे जीवन में आसानी व सुविधा के साथ सफलता के तरीके व संसाधन निकालने की अपेक्षा की जाती है। लेकिन एक जटिल दुनिया में, क्या यह संभव है और अगर है तो कैसे ?

वैसे तर्क का उपयोग करने से, यह काफी हद तक संभव है और यह हम सभी के सामने चुनौती है। यह तारीफकी जानी चाहिए कि सृष्टि में अन्य प्रजातियों के विपरीत, जो कि अपने तयशुदा स्वभाव से बंधी होती हैं, इंसान अपनी पसंद के अनुसार अपने कार्यों को निर्देशित करने की विशिष्ट सुविधा से संपन्न है। लेकिन जहां भी चुनाव का विकल्प होता है, वहां इसके उपयोग व दुरूपयोग और फिर उसके खामियाजों की संभावना बराबर होती है। इस कमजोरी पर काबू पाने के लिए, इंसान एक और विशिष्ट नेमत 'बुद्धि' से भी लैस होता है- यानी विशिष्ट बौद्धिक क्षमता। जो आपको सशक्त बनाती है कि आप तटस्थतापूर्वक चीजों का परिप्रेक्ष्य में आंकलन कर पाएं और सबसे उपयुक्त रास्ता चुन सकें। यह आपको ' आप क्या चाहते हैं ' और ' क्या सही है ' के बीच तुलना का अवसर देती है और उसके अनुसार सही चुनाव करने में सहायता करती है। यह संभावित चुनौतियों को उचित आवश्यक परिप्रेक्ष्य में पूर्वानुमान करने तथा बुद्धिमानी के साथ उनका मुकाबला करने में भी आपकी सहायता करती है।

हालांकि बुद्धि स्वेच्छा से भूमिका नहीं निभाती है। इसे प्रत्येक अवसर सजगतापूर्वक जागृत करना पड़ता है, जो लक्ष्य के प्रति अनिवार्य सतर्कता की मांग करता है। हालांकि सत्य यह है कि हम बिरले ही इस सशक्तीकरण उपकरण को हर समय सक्रिय अवस्था में बनाए रखने के प्रति सजग नहीं रहते हैं। आम तौर पर हम अपनी अनुवांशिक इच्छा व मानसिक प्रवृत्तियों से संचालित जीवन की गति में बहते रहते हैं। हमारा अहंकार भी इस प्रक्रिया में अपनी शैतानी भूमिका निभाता है, क्योंकि यह खुद को उन प्रवृत्तियों से पहचानता है और उन्हें ऐसे स्वीकारता है मानो वही जीवन की अंतिम सच्चाई हों। यह अपने समझदारी के लिए बुद्धि को जगाने का अवसर नहीं देता- कि उक्त इच्छा उचित है या नहीं है, हम उन्हें उनकी तार्किक परिणति तक पहुंचाने के योग्य हैं या नहीं, परिवेशगत स्थितियां अनुकुल हैं या नहीं- नतीजा यह कि फिर खामियाजे भुगतने पड़ते हैं। जब हम विफल होते हैं, तो हम या तो बाहरी कारकों पर दोष मढ़ते हैं या भाग्य की



शरण ले लेते हैं, बजाय इसके कि अपनी खुद की गलतियों का पता लगाने के लिए आत्ममंथन करें।

एक दिन एक सज्जन ने आकर पूछा: '' महोदय, मैं अच्छे विचारों को चुनता हूं। उनका पालन करता हूं, उससे मुझे बहुत लाभ होता है। और फिर अपना अगला कदम उठाता हूं, जो प्रत्यक्षतया उचित नजर आता है, मैं सब कुछ खो देता हूं। नतीजा कुल मिलाकर शून्य होता है। आखिर मेरे भाग्य में क्या लिखा है जो मुझे अपनी राह पर आगे नहीं बढ़ने देता? कृपया मन की इस कमजोरी पर काबू पाने के लिए कोई पूजा बताएं। ''

पूजा की ओर देखने के बजाय, आपको पहले समझने की जरूरत है कि इंसान का भाग्य कैसे बना होता है। ध्यान रखें, हमारा जीवन कार्य कारण श्रंखला से संचालित है। अतीत में जो हमने चुनाव किया होता है, भविष्य में उसका असर दिखाई देता है। पूर्व में हमने जो किया होता है उसकी छवियां बीज संभावना के रूप में हमारे मन में दर्ज होती है, जो अनुकूल वातावरण मिलने पर भविष्य में सक्रिय हो जाएंगी। उसी के अनुसार, सर्वोत्तम पूजा यह होगगी कि आप पहले खुद को जानें- अपनी अंतर्निहित बीज संभावना का पता लगाएं। फिर आप, बुद्धि के उचित मार्गदर्शन द्वारा चयन विकल्प का पुन: उपयोग करते हुए, ताजा जानकारियों के जरिए अपनी चिंतन प्रक्रिया में आवश्यक सुधार लाएं। तभी आप अपनी खुद की कमजोरियों से ऊपर उठ पाएंगे। पंडितों द्वारा की गयी कोई भी पूजा आवश्यक सुधार के लिए आपके मानसिक दायरे में प्रवेश नहीं कर सकती।

अब अपनी अनुवांशिक इच्छा व मानसिक प्रवृत्तियों की ओर देखें। यूरेनस लग्न में है जो अपने स्वामी सूर्य के त्रिगुट में है जो आपकी उच्च मेधा का संकेत करता है। पांचवें घर में सूर्य पूर्वानुमान प्रवृत्तियों से चिन्हित है, जो जोखिम लेने का भाव लाता है। लेकिन अंततोगत्वा, चन्द्रमा आपके विचारों को कार्य में बदलता है। चन्द्रमा मिथनु राशि में काबिज है, ढुलमुलपन से चिन्हित राशि, जो पांचवें घर में मंगल के नक्षत्र में अवस्थित है, जो आपकी जुआ खेलने वाली प्रवृत्तियों को मजबूती देता है। जैसा कि किसी भी जोखिमपूर्ण काम में होता है, सफलता और विफलता की संभावना बराबर होती है। इस कमजोरी पर तार्किक समझ के जरिए काबू पाया जा सकता है, इससे आपको सोच समझ कर कदम उठाने का अवसर मिलेगा और ब्लाइंड खेल खेलने से बचाएगा जो कि आप अक्सर करते हैं।

हालांकि समस्या यह है कि बुद्धि संकेतक बुध का अपने घोर शत्रु मंगल के साथ शीशविहीन केतु के साथ गठजोड़ है जो आपको बेचैन बनाता है, आपको उचित समझदारी अपनाने का अवसर नहीं देता। नतीजा यह होता है कि आप तेजी से सहजबोध के आधार पर अपना काम करने की ओर उन्मत्त होते हैं और कष्ट का सामना करते हैं। आज नतीजा इसी का आपके सामने है।

# भौतिक एवं आध्यात्मिक कार्य

**अजित कुमार बिश्नोई का कहना है हालांकि भौतिक कार्य शायद पुरस्कृत हों या न हों मगर आध्यात्मिक कार्य ईश्वर के विशिष्ट न्यायाधिकार के अंतर्गत आते हैं**

हम हमेशा अपने तन, मन व वाचन से अपने काम करते आ रहे हैं। इस विशिष्टता में, मन और वाचन का अलग से उल्लेख किया जाता है, क्योंकि उनके कार्यों को रेखांकित करने की जरूरत होती हैं। मन हमेशा सभी प्रकार के कार्यों के बारे में सोचने में व्यस्त रहता है। कहा जाता है कि हर दिन औसतन 50हजार विचार उत्पन्न होते हैं। नींद के दौरान भी जब दिमाग सक्रिय रहता है, मन भी सक्रिय होगा। वाचन सभी इन्द्रियों से अलग रहा है क्योंकि यह हमारे जीवन में बड़ा अंतर डालता है। मान लीजिए हम किसी से गुस्से में बात करते हैं हम अपने आप एक नकारात्मक प्रतिक्रिया को उकसाते हैं। इसके विपरीत, यदि हम किसी की प्रशंसा करते हैं तो हम स्वयं को उस व्यक्ति का प्रिय बना लेते हैं।



दो प्रकार के काम होते हैं- भौतिक एवं आध्यात्मिक। भौतिक काम मूलत: भौतिक वस्तुओं से संबंधित होते हैं मसलन कोई प्रत्यक्ष कार्य करने के लिए हाथों का इस्तेमाल करना या किसी जगह जाने के लिए पैदल चलना। आध्यात्मिक कार्य भावना से संबंधित होते हैं, जो या तो आत्मा है या ईश्वर। ईश्वर से प्रार्थना करना एक उदाहरण है, और दूसरों को समान आत्माओं के रूप में समझना, भले ही उनकी काया अन्य है। (गीता 13.27)

भौतिक कार्यों से शुरूआत करें तो, सभी कार्य प्रतिफलन के लिए या तो शरीर द्वारा या मन या वाचन द्वारा किए जाते हैं। अधिकांशतया, समय लगता है लेकिन कुछ काम तत्काल परिणाम देते हैं। कुछ काम भावी जीवनों में प्रतिफलित होते हैं। यही है जो अलग अलग लोगों के राशिफल में नजर आता है। फिर, कुछ काम छोटा पुरस्कार लेकर आते हैं मसलन एक मजदूर दिन समाप्त होने में मामूली दिहाड़ी पाने के लिए दिन भर काम करता है, जबकि एक वैज्ञानिक एक महत्वपूर्ण खोज कर सकता है और लाखों कमा सकता है। व्यक्ति जो पाता है उसे देवताओं द्वारा देखा जाता है। ईश्वर ने नियम बनाए हैं, जिस दिव्य शक्तियां लागू करती हैं। उनके स्वतंत्र न्यायाधिकार नहीं होते हैं। हालांकि, हमारे लिए यह जानना कठिन है कि सटीक रूप से हमारे लिए क्या सुनिश्चित है। समय और प्रारूप दोनों आम तौर पर रहस्य में घिरे होते हैं। भौतिक कार्यो का कोई स्थायीत्व नहीं होता है, हम उन्हें करते हैं और हमें उनका पुरस्कार या दंड प्राप्त होता है।

आध्यात्मिक कार्यों पर, भगवान कृष्ण ने उनके बारे में गीता में विस्तार से बताया है। उदाहरण के लिए, श्लोक 2.40 में उन्होंने कहा है कि इसमें न तो प्रयास की बर्बादी है न ही इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे कार्य केवल लाभकारी होते हैं। उन्होंने कहा है कि एक छोटा आध्यात्मिक काम भी व्यक्ति को भयानक डर से बचाता है। ऐसे काम कभी भी भौतिक कार्य की तरह बेकार नहीं जाते हैं। वे हमारे सदकर्म में वृद्धि करते रहते हैं। यदि ये काम ईश्वर से संबंधित होते हैं तो ईश्वर स्वयं कर्ता को पुरस्कृत करने के लिए संलिप्त हो जाता है। निश्चित रूप से आध्यात्मिक काम बहुत भिन्न प्रकार के होते हैं और वे सभी ईश्वर को प्रसन्न करते हैं।

ईश्वर ने गीता (12.13-19) के 12वें अध्याय में अनेक ऐसे कामों का उल्लेख किया है। भगवान कृष्ण खासतौर पर उन आस्थावान का उल्लेख करते हैं जिन्होंने उसे अपनी शरण माना है जो उसके द्वारा बताए गए ज्ञान का पालन करते हैं। (12.20) एक और स्थान पर, भगवान उन लोगों को उल्लेख करते हैं जो उसके परम पवित्र ज्ञान को उसके भक्तों के बीच प्रवचन देते हैं। वह कहते हैं कि उनके अलावा कोई भी अन्य उन्हें ज्यादा प्रसन्न नहीं करता है। (18.68-69)

ईश्वर अनेक प्रकार से आध्यात्मिक काम करने वालों को नवाजता है। उन्हें अपना इच्छित प्राप्त होता है। संजय ऐसे कुछ पुरस्कारों का उल्लेख करते हैं, वे समृद्धि, विजय व संपदा पाते हैं। (18.78)

भगवान दो प्रकार की भक्ति का उल्लेख करते हैं। एक भौतिक प्राप्तियों के लिए है मसलन अर्थार्थि (संपत्ति चाहना ) या अर्तह (बेचैन व्यक्ति)। यह 'सकमा' भक्ति है। दूसरी किस्म की भक्ति है निष्काम जिसमें ध्यान मुक्ति पाने पर होता है। बाद वाली भक्ति निश्चित रूप से उच्च है क्योंकि जीवन-मरण के चक्र से मुक्ति पाना नगण्य जीव के लिए परम उपलब्धि है।

हालांकि भौतिक कार्य शायद पुरस्कृत हों या न हों मगर आध्यात्मिक कार्य ईश्वर के विशिष्ट न्यायाधिकार के अंतर्गत आते हैं। वह हमेशा सभी आध्यात्मिक कामों पर ध्यान देता है। व्यक्ति को याद रखना चाहिए कि ईश्वर कभी भी ऋणी नहीं होता है। उसे ऐसा होने की आवश्यकता नहीं है। वह किसी को नवाजता है जो उसे किसी न किसी ढंग से प्रसन्न करता है। ईश्वर अविश्वसनीय स्तर पर उदार होता है।

# प्रशिक्षक के बिना जीवन

**अशरफ करायथ का कहना है कि यह सिर्फ कड़ी मेहनत नहीं है जो व्यक्ति की सफलता का निर्धारण करती है, बल्कि यह वो प्रेरित कार्रवाई है जो भीतर से उपजती है**

अमरीकी -जर्मन कवि, चार्ल्स बुकोव्स्की की सरल हालांकि विस्मयकारी समाधि पत्थर की दर्ज है: '' कोशिश मत करना ''। अनेक लोगों के लिए यहह शायद कमतर आंकना लग सकता है, लेकिन एक आम दर्शक का ये दो शब्द उनसे सिर्फ स्वाभाविक बनने के लिए कहते हैं। किसी ऐसी चीज से, जिससे आपकी निगाहें नहीं उठती हैं, लाभ हासिल करने हेतु पसीना बहाने के बजाय, बुकोव्स्की उनसे धैर्यपूर्वक इंतजार करने के लिए कहते हैं क्योंकि कुछ आंतरिक, सतह पर आएगा। सहजबोध और आंतरिक प्रतिभा है जिसकी गहराई में उतरने के लिए बुकोव्स्की कहते हैं।

जीवन प्रशिक्षण, जैसा यह लगता है वैसा सुव्यवस्थित करना, बिरले ही यह व्यक्ति के गहन पेचिदा दायरों के साथ मेल खाता है। जीवन प्रशिक्षकों को उनके जीवन के विभिन्न दायरों के लोगों से सलाह लेने के लिए कहा जाता है। एक छात्र। एक महत्वाकांक्षी उद्यमी। एक एक्जीक्यूटिव हाल ही में कंपनी के सबसे बड़े पद पर पदोन्नत हुए। हर कोई अपने दम पर। आवश्यकताएं हालात के अनुसार अलग अलग हो सकते हैं। लेकिन, जैसा कि इतिहास प्रमाण है, इस बात से परे कि कितने सारे सबक व्यक्ति, अपनी स्थिति के बरक्स किसी अन्य के साथ उसी ढंग से प्रतिक्रया हेतु , अपनी डायरी में नोट करता है, यदि लागू करने की बात आती है, तो कुछ नहीं बल्कि उनका सहजबोध उनके कार्यों का मार्गदर्शन करने में प्रेरक होता है।

जैसा कि स्वर्गीय अमरीकी व्यवसाय धुरंधर, स्टीव जॉब्स ने कहा था: '' आपका समय सीमित है, इसलिए इस किसी अन्य में जीवन में रहते हुए नष्ट न करें। किसी ऐसी रूढ़ि के चक्कर में न आएं जो दूसरे लोगों की सोच के नतीजों के साथ रह रही है। दूसरों के विचारों के शोर में अपने अंतर्मन की आवाज को डूबने न दें। और सबसे महत्वपूर्ण, अपने दिल व सहजबोध को सुनने का साहस रखें। वे किसी रूप में पहले से जानते हैं जो आप सचमुच बनना चाहते हैं। इसके अलावा हर चीज दोयम है। ''

यहां जॉब्स उस पुकार का उल्लेख करते हैं जो हमारे भीतर होती है। व्यक्ति अपने प्रभावी अंतर्मन से जुड़ सकता है और तभी नए क्षेत्र उद्घाटित कर



सकता है जब वह स्वयं अपने भीतर जाता है।

मूल्यवान शिक्षाओं व मार्गदर्शन का शिखर पाने के लिए प्राचीन धर्मग्रंथों व किताबों में ज्ञान के असीम मोती हैं, लेकिन मूल रूप में, इस चुनौतीपूर्ण दौर में, यह पूर्णतया उन तरीकों पर विचार करना है ताकि उसमें अपनी रोज ब रोज स्थिति से निपट सकें और जो हम कर रहे हैं, उसमें अधिक अर्थ प्राप्त कर सकें। कार्पोरेट मुखिया, अच्छे कलाकार, वैज्ञानिक और बीते दौर के व्यवसायी, प्रबल आत्मविश्वास से संचालित दूरदर्शी थे। हालांकि, यह आत्मविश्वास किसी ऐसी चीज द्वारा उतनी ही सरलता से उपजा था जितनी कि इसे पाने की सहज भावना, माना यही उनकी ज्वलंत इच्छा हो। दुनियावी कैनवस को रंगने के लिए जीने के उनके विचारों को लाकर।

यह न केवल कड़ी मेहनत है जो व्यक्ति की सफलता निर्धारित करती है, लेकिन यह एक प्रेरणादायी क्रिया है जो भीतर से आती है, खासतौर पर जब व्यक्ति अपनी आंतरिक क्षमता व दृष्टि को पहचान लेता है। यद्यपि अधिकांश प्रबंधन सिद्धांत त्वरित समाधान दृष्टिकोण से निपटते हैं, जबकि एक कार्पोरेट को जो चाहिए वे ज्ञान के वे सबक हैं जहां वे अपनी आंतरिक दृष्टि से सच्चे रूप में जुड़ सकें।

जिस प्रकार समूची दुनिया भय और अनिश्चितता का शिकार है, लोग अपनी उम्मीदें व आस्था खो रहे हैं, और बेचैनी, तनाव व भय से जूझ रहे हैं। ये नकारात्मक भावनाएं हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती हैं जिनके कारण हमारी प्रतिरक्षण प्रणाली प्रभावित होती है। यह समय है जहां हम सभी को अपनी आंतरिक स्वास्थ्य, जो कि हममें अनुवांशिक व प्रबल है, की शक्ति से खुद को सक्षम बनाने की जरूरत है। आध्यात्मिकता और कुछ नहीं बल्कि उन आंतरिक क्षमताओं का साधना है। हम आम तौर पर केवल तभी अपनी आंतरिक दुनिया खोलने के लिए तैयार होते हैं जब बाहरी दुनिया का शोर थमता है। इसलिए अब, जब हम पूरी तरह अलग थलग हैं, बाह्य जगत का पूरी उथल पुथल स्वाभाविक तौर पर थम गयी है, और हमें पर्याप्त समय मिलता है कि हम अपने भीतर जा सकें और चिंतन कर सकें। हमारे मन निर्मित उलझनें धीरे धीरे शांत हो जाएंगी, और जब शून्य स्थिति होगी, तो एक नयी दुनिया धीरे धीरे उभरेगी।

यह हमें वापस लेकर जाती हैं जहां हम सीखते हैं कि प्राचीन काल के प्रतिष्ठित लोगों के पास किस प्रकार पेशेवर व्यक्ति या जीवन प्रशिक्षक नहीं होते थे जो उनके करियर की हलचल भरे दौर के दौर आगे बढ़ सकें और सहायता मांग सकें, लेकिन यह भीतर की धड़कती आवाज है जिसने अप्रत्याशिच मुकाम हासिल करने हेतु उनके लिए राह निर्देशन किया था।

**- लेखक जनक और अष्टवक्र: अ जर्नी बीयोंड के लेखक हैं।**

# इस सप्ताह आपका भविष्य

## मधु कोटिया

### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



इस सप्ताह स्वास्थ्य मोर्चे पर कुछ चुनौतियों के आसार हैं। उसी समय ऐसी समस्याएं सामने आ सकती हैं जो आपको बेचैन बनाती हैं। अपच, गैस, बीपी और अवसाद की समस्याएं उभर सकती हैं। आपकी भावनाएं और संवेदनशीलता बुरी तरह प्रभावित हैं। आपको आराम करना चाहिए। करियर मोर्चे पर, आपके काम का ग्राफ इस सप्ताह एक नया मोड़ लेगा, क्योंकि आपकी क्षमताएं की उचित पहचान होगी। वित्तीय स्थिति भी सुधरेगी। आप कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल महसूस करेंगे। निजी संबंधों में, अपने संबंधों मं सजग रहने की सलाह है।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** सोमवार

### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



आपने उन चुनौतियों पर काबू पा लिया है जिनका आप सामना कर रहे थे और अब आप खुद को दुनिया की चोटी पर महसूस कर रहे हैं। घरेलू मोर्चे पर अच्छा काम करने की प्रशंसा उत्साहित करेगी। आप पर बुजुर्गों का आर्शीवाद है और यह आपके व्यक्तित्व में झलकता है। आपमें आंतरिक संतुष्टि है, कठिन स्थिति को आसान बनाने की सकारात्मक ऊर्जा देने वाली। करियर मोर्चे पर, अच्छा संदेश मिलने की संभावना है। आपमें से कुछ की पदोन्नति होगी और ऐसा महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है, जो आपके करियर को नयी बुलंदियां प्रदान करेगा।

**शुभ अंक:** 1 **शुभ रंग:** इंडिगो **शुभ दिन:** शुक्रवार

### मिथुन ( मई 22-21 जून )



इस सप्ताह आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहमान है। आपको इस ऊर्जा का कुछ रचनात्मक लक्ष्यों में उपयोग करना चाहिए। यह आपके लिए अत्यंत रचनात्मक समय तथा आपके सपनों के लिए एक शुभ समय हो सकता है, इसका उपयोग करें और बच्चे की तरह अन्वेषी हों। पेशेवर मोर्चे पर, चीजें आपके अनुकूल होने की संभावना है। करियर स्तर पर यह यह उत्कृष्ट समय नजर आता है। पदोन्नति उन लोगों के लिए तय है जो निजी सेक्टर में काम करते हैं। एकाग्रचित्त रहें। अधिकारी का नजरिया आपके लिए अपना काम आसान बनाने में मददगार होगा।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** पीला **शुभ दिन:** बुधवार

### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



इस सप्ताह आप भ्रमित हैं और अपने जीवन में बदलाव लाने पर विचार कर रहे हैं। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव है और जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। आपको अपने पिछले व्यवहार के नतीजे पाने के लिए परामर्श सूत्र व मार्गदर्शन की जरूरत है। सुधार में कभी देरी नहीं होती है। बेहतर कल के लिए आज बीज बोएं। कार्य मोर्चे पर, चुनौतियां होंगी। अपने आत्म विश्वास और इच्छाशक्ति से आपके स्थितियों पर काबू पाने में सफल होने व विजेता बनकर उभरने के आसार हैं। व्यक्तिगत संबंध में, यह सप्ताह आपके जीवन में प्रेम को केन्द्र में लाने वाला है।

**शुभ अंक:** 17 **शुभ रंग:** रजत **शुभ दिन:** शनिवार

### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



इस सप्ताह आप जीवन में पंच तत्वों में संतुलन लाएंगे और तन, मन और आत्म के बीच सामंजस्य होगा। जो लोग इस समय स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें पौष्टाहार परामर्श, मालिश, खुराक संबंधी पाबंदियों आदि जैसे वैकल्पिक उपचारों से जबरदस्त लाभ हो सकता है। पेशेवर रूप में, आपको अपनी योग्यताएं निखारने की जरूरत है। किसी अनुभवी करियर सलाहकार से करियर-सलाह लेना अच्छा खयाल होगा। संक्षिप्त कोर्स, कार्यशालाएं, या व्याख्यान आदि आपके लक्ष्यों में आपकी सहायता करेंगे। काम बेहतर ढंग से चलना चाहिए।

**शुभ अंक:** 16 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** रविवार

### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



अच्छे स्वास्थ्य को लेकर आपकी कोशिशों का इस सप्ताह आपको बेहतर लाभ प्राप्त होगा। आप ऊर्जावान, रचनाशील व बहुआयामी महसूस करते हैं। जीवन में सार्थकता की भावना है, और आप उत्साहित हैं। योग, प्राणायाम और उपचारक अभ्यास जैसी गतिविधियां आपको तंदरूस्त व तरोताजा बने रहने में सहायता करती हैं। अपना आत्मविश्वास पुन: पाने और जीवन में चमक लाने में आध्यात्मिकता आपकी सहायता करेगी। करियर मोर्चे पर, अप्रत्याशित ढंग से, आप चीजों को काफी बेहतर ढंग से घटित होते पा सकते हैं। कोई शक्तिशाली व्यक्ति आपका साथ दे सकता है।

**शुभ अंक:** 20 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** रविवार

### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



इस सप्ताह आप आत्मविश्वास से भरे और अपने स्वास्थ्य में उत्तम होंगे। आपके स्वास्थ्य प्रयास फलित होने की संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने या उपचार के वैकल्पिक तरीको पर विचार करने में संकोच न करें। पेशेवर तौर पर आपका करियर ग्राफ वर्तमान समय में जिस ढंग से चल रहा है, आपको अवकाश व पेशेवर सलाह लेने की आवश्यकता है। बेहतर नतीजों के लिए अपने अधिकारियों से थोड़ी सलाह ले लें। अपने दायरे में नियंत्रण हासिल करने के लिए और अपने पेशे में माहिर होने के लिए, किसी का मार्गदर्शन आपके करियर में तेजी लेकर आएगा।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** गुरूवार

### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



इस सप्ताह साथ ही साथ सामान्य तौर पर, आपको आगे बढ़ने के लिए पिछली चोटों से उबरने की जरूरत है। यह समय है कि आपको अपने भय क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने तथा चीजों पर काबू पाने की कोशिश में अपने भीतर झांकना चाहिए। अनासक्ति भी स्वतंत्रता है। शरीर में ऊर्जा केन्द्रों के बारे में जानें और ध्यान करें कि आप कैसे काम करते हैं। बदलावों के लिए तैयार रहें क्योंकि यह जीवन की एकमात्र सच्चाई है। इस सप्ताह पेशेवर रूप में, समय की आवश्यकता है कि अपने काम को अपना समय एक एकाग्रता प्रदान करें।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** मंगलवार

### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



आपकी रचनात्मकता व आशावाद के लिए यह शानदार सप्ताह है और आप मानते हैं कि हर चीज आपके अनुकूल हो जाएगी। आप उदारवादी हैं और साझादारी भावना वाले हैं। आपने अपनी कमजोरियों को स्वीकारना और दूसरों को अपनाना सीखा है। यह आपको वो बनने की शक्ति प्रदान करता है जो आप बनना चाहते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, और आप इसका आनंद लेंगे। कार्य मोर्चे पर, फील गुड फैक्टर, आपके चेहरे पर मुस्कान लेकर आएगा। इस सप्ताह आप सहकर्मियों व अधिकारियों को समर्थन पाते हैं और आपको पदोन्नति मिलने की संभावना है।

**शुभ अंक:** 9 **शुभ रंग:** लाल **शुभ दिन:** मंगलवार

### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



यह सप्ताह बैठकों, मेहमानवाजियों आदि जैसी अनंत गतिविधियों के साथ शुरू हो सकता है। इससे आपको अपने लिए बिलकुल भी समय नहीं मिलेगा। आप कड़ी मेहनत कर रहे हैं। संभावनाएं हैं कि आप स्वयं से दुखी या असंतुष्ट हो सकते हैं। वाहन चलाते समय एकाग्र रहें और किसी भी दुखद स्थिति से बचने के सभी सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं। कार्य मोर्चे पर, चीजें जैसे जैसे आपके पक्ष में जा रही हैं आप उतना ही सहज महसूस करते जा रहे हैं। अच्छी चीजें छोटे पैकेज में आती हैं और ऐसा ही कुछ इस समय आपके साथ घटित हो रहा है।

**शुभ अंक:** 8 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** शुक्रवार

### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



इस सप्ताह क्रोध व आक्रामकता से बचें। अपने शरीर पर ध्यान दें और तदनुसार उसका उपचार करें। परिवार में बुजुर्ग व्यक्ति से सलाह लें, वो आपकी मां या आंटी हो सकती हैं। उनके घरेलू उपचार से आपको अपनी मौजूदा स्वास्थ्य समस्याओं से राहत प्राप्त होगी। काम के स्तर पर, आप उत्साह से भरे हैं और आप जीवन में जो चाहते हैं उसे पाने के लिए अपना भरपूर प्रयास करें। कानूनी मामले में जो लोग अदालत में अंतिम फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे मुकदमा अपने पक्ष में मुड़ने से खुश होंगे। मीडिया, विपक्ष व विधि क्षेत्र में लोग अच्छा काम करेंगे।

**शुभ अंक:** 7 **शुभ रंग:** कत्थई **शुभ दिन:** गुरूवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



इस सप्ताह स्वास्थ्य अच्छा नजर आता है। आपमें से कुछ लोग धीरे धीरे अपना स्वास्थ्य सुधार सकते हैं और रचनात्मक की नयी लौ महसूस करेंगे। नया स्वास्थ्य नजरिया आजमाने का यह अच्छा समय है, खासतौरपर रोकथाम संबंधी नजरिया। व्यायाम, बेहतर खाना, और सुनिश्चित करना कि आप पर्याप्त नींद लेते हैं, ये सभी सामान्य नजरिए हैं जिन पर आप विचार कर सकते हैं। कार्य मोर्चे पर, स्थान परिवर्तन, नयी जगह, पोस्टिंग या ट्रांसफर होने की संभावना है। आप नयी उम्मीदों व महत्वाकांक्षाओं से भरे हैं क्योंकि यह आपकी बहुप्रतीक्षित मनचाही पोस्ट है।

**शुभ अंक:** 3 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** शनिवार



नकारात्मक सोच की तुलना में सकारात्मक सोच आपको हर काम बेहतर करने का अवसर देगी
- ज़िग ज़िग्लर



# सेवा व ध्यान के सद्गुण

**हिंगोरी का कहना है कि हालांकि वैज्ञानिकों ने आज दिमाग पर ध्यान और सेवा के असर को साबित करना शुरू कर दिया है, मगर अज्ञात अभी भी ज्ञात के मुकाबले कहीं अधिक हैं**



मानव मस्तिष्क की जटिलता को समझना लंबे समय से मूल वैज्ञानिक जिज्ञासा बना हुआ है। हजारों साल पहले हमारे प्राचीन संतों ने जिस चीज की चर्चा की थी, वो धीरे धीरे सामने आ रही है। उदाहरण के लिए, जब जागृत लोग मौजूद होते हैं तो संवाद विचारों के आदान प्रदान या टेलीपैथी के जरिए होता है। आज उन्नत कंप्यूटरों को दो अगले स्थानों में लोगों के दिमागों तक पहुंच बनाना दिखाता है कि एक व्यक्ति जो कल्पना कर रहा है उसे दूसरा देख सकता है - हालांकि कुछ कुछ विकृत लेकिन यह विचार की पर्याप्त स्पष्ट छवि है।

## सेवा

वर्षों से सेवा की भावना या दूसरों की सहायता करने के काम की अनगिनत धर्मग्रंथों व धर्मों में पैरवी की गयी है। सिखधर्म, इस्लाम, ईसाइयत व अन्य सभी धर्मों ने दूसरों की सेवा तथा जरूरतमंद व वंचित को दान देने की महत्ता की शिक्षा दी है। न सिर्फसेवा करने बल्कि तरीकों, कारणों व यहां तक कि आंतरिक प्रगति, जिनसे कि, असलियत में सेवा का काम करते हुए, व्यक्ति गुजरता है, की जटिलता को कर्मसूत्र, किताब में रेखांकित किया है, चिंतन के लिए खासा भोजन प्रदान करता है। सामाजिक प्रशंसा पाने की मंशा के साथ दूसरों की सहायता करना इंसान का स्वभाव है। इसीलिए हम अनेक लोगों की खुले आम उनके परोपकारिक प्रयासों के लिए प्रशंसा होते देखते हैं। जैसे जैसे व्यक्ति आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ता है, उसकी सेवा के पीछे की भावना वो सब जो उसने पाया है उसके प्रति कृतज्ञता व दायित्व की भावना से कहीं आगे पहुंचती नजर आती है। और अंत में, यह एक आदत बन जाती है जिसमें व्यक्ति कार्य के प्रति कर्ता भावना जिम्मेदारी तक नहीं लेता है। मैं मानता हूं कि दूसरों की सहायता करना असलियत में प्राप्तकर्ता की शुभ कामनाओं व कृतज्ञता द्वारा अर्जित सकारात्मक कार्मिक कर्तव्य के कारण एक स्वार्थी काम है। इसलिए स्वार्थी कार्य होने के बजाय, सेवा स्वार्थ बन जाती है,

हालांकि सकारात्मक रूप में- और प्रदाता भी यहां ग्रहणकर्ता बन जाता है। अंतिम लक्ष्य है स्वयं कार्य का कर्ता से खुद को अलग कर लेना।

लेकिन दिमाग में दरअसल क्या होता है जब व्यक्ति सड़क पर उतरता है और लोगों को भोजन खिलाता है या किसी बुजुर्ग महिला की सड़क पार करने में सहायता करता है? उत्तर सिर्फअच्छा महसूस करने की तुलना में अधिक जटिल है। जो भावना हम सभी के भीतर वास करती है, उस क्षण एक सेल्फी ले लेती है, वे कौन हैं इसकी पूरी छवि को कैद कर लेती है, जो हर अच्छे काम के साथ बेहतर दिखने लग जाता है। लगभग सभी लोग अपनी सेल्फी द्वारा तुष्ट होने का उत्साह ग्रहण करते हैं जो कि असलियत में सिर्फउनका आत्मउत्साह होता है ( आम तौर पर आध्यात्मिक स्तर के मुकाबल भौतिक स्तर पर ज्यादा ) सेवा का प्रत्येक काम स्व-उत्साह और संबंधित व्यक्ति की आत्मछवि उभारता है। आप इसे 'सेवा में मेवा' कह सकते हैं।

हम जितना अधिक इंसानी मस्तिष्क का अध्ययन करते हैं उतना ही ज्यादा जानकारी इस दिशा में संकेत करती है। अध्ययन दिखाते हैं कि सेवा करना अमिगडाला में गतिविधि घटाती है। एमिगडाला वो क्षेत्र है जो भावनात्मक प्रतिक्रियाओं, खासतौर पर भय से जुड़ा होता है। न्यूरोलाजिस्ट भी मानते हैं कि जब हम दूसरों की सहायता करते हैं हमारा मस्तिष्क आक्सीटोसिन, सीरोटोनिन और डोपामाइन प्रसारित करता है जिससे अच्छा महसूस होता है। इन हार्मोन्स में हमारे मूड को प्रोत्साहित करने तथा कार्टिसोल ( तनाव वाले हार्मोन) के असर को बेअसर करने वाला असर होता है। इसके अलावा, शोध ने पाया है कि ऐसी गतिविधियों में भागीदारी दर्द की संवेदना को कमजोर भी कर सकती है। इसमें केवल एकल लाभ नहीं होता है। नियमित आधार पर करने पर, सकारात्मकता की सहज भावना जगती है जो फिर आपको सेवा के अधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है, आपको इसे करने के शुरूआती दौर से आगे ले जाकर, जो कुछ आपने किया उससे अच्छा महसूस कराती है, उसे आदत के स्तर पर और अंतत: जो कुछ आपने किया उसके बारे में न सोचने के मुकाम पर ले जाती है।

**हमारे धर्मग्रंथों के अनुसार, सेवा और ध्यान न केवल हमारे वर्तमान जीवन के पाठ्यक्रम को बदलते हैं, बल्कि भविष्य के जीवन के भी हैं और आध्यात्मिक प्रगति के पथ पर हमें निरंतर मदद करते हैं। ये हमें एक प्रकार का धन देते हैं जिसे हम आफ्टरलाइफ. कर्म मुद्रा में ले जा सकते हैं**

## ध्यान

हम सभी जानते हैं कि ध्यान या मेडिटेशन में शांतिदायक असर होता है और जो हममें शांति व आंतरिक संतुलन की भावना जगाता है। परिपक्व योगी लैब प्रयोगों से होकर गुजरे हैं जहां वे उल्लेखनीय ढंग से शारीरिक तापमान बदलने, अपने शारीरिक अंगों को जगाने व शांत करने में सक्षम हुए हैं जिसे पारंपरिक विज्ञान संभव नहीं मानता है।

हालांकि, मस्तिष्क पर ध्यान का असर कुछ ऐसा था जो तुलनात्मक रूप से हाल तक बहुत कम जाना गया है। नतीजे चौंकाने वाले हैं। यह पाया गया है कि ध्यान के अनुभवी अभ्यासकर्ताओं के दिमागों में अन्य लोगों से संरचनागत अंतर होते हैं।

ध्यानगत एवं भावनात्मक एकीकरण से संबंधित क्षेत्रों में सेरेब्रल कोर्टेक्स में देखने योग्य मोटाई होती है। स्वजागरूकता, करूणा और आत्ममंथन से जुड़े मस्तिष्क के हिस्से में ग्रे मैटर घनत्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। पश्च भाग, जो मानसिक अस्थिरता में लिप्त रहता है और आत्म प्रासंगिकता भिन्नता भी देखती है। वे लोग जो ध्यान करते हैं उनमें एकाग्रता की उच्च योग्यता होती है और बहुत मजेदार ढंग से स्व-प्रासंगिकता जो आत्म उत्साह से जुड़ती है। यह एक और मजेदार हिस्सा है जिसके बारे में किताब, आत्मसूत्र में चर्चा हुई है, जहां स्वाराधना की अवधारणा पर चर्चा होती है। हालांकि यह आंतरिक दिव्यता को महसूस करने की क्रिया है, वो यात्रा जो आत्मप्रेम से आरंभ होती है। जो चीज चर्चा में भी आई, वो यह कि जब हम खुद को सही चीजों करने वाले के रूप में देखते हैं मसलन दूसरों की सेवा करना, पेड़ लगाना या वातावरण पर सकारात्मक असर डालना, हमारी आत्मछवि पर सकारात्मक ढंग से असर पड़ता है। इससे हमें खुद को लेकर अच्छा महसूस होता है और इसीलिए स्व-उत्साह का हमारा स्तर उन्नत होता है।

इसीलिए यह कोई आश्चर्य नहीं है कि योगियों के मस्तिष्क या टीपीजे में टेम्पोरोपराइटलल जंक्शन में भी अंतर था। यह परानुभूति व करूणा के साथ संबंधित है दोनों आध्यात्मिक विकास के उच्च स्तर के संकेतक। अन्य सभी अच्छाइयों के अलावा, हालांकि एक और थी - एमिगदाला में ग्रेमैटर घनत्व में महत्वपूर्ण घटोत्तरी जो भय, बेचैनी और तनाव में भूमिका निभाती है।

जो चीज जानना अत्यंत दिलचस्प है वो यह कि ध्यान बुढ़ापा विरोधी क्रीमों व सेरम बाजार के लिए नमी का काम कर सकता है। ध्यान का एक सशक्त दुष्प्रभाव को ग्रे मैटर पर आयु संबंधी प्रभावों को दूर करने तथा हमारी संज्ञानात्मक क्रियाकलाप की कमी घटाने की इसकी योग्यता बनते पाया गया है जिससे संभवतया हमारी डिमेंशिया जैसे रोगों से ग्रसित होने की संभावना कम होती है। अब क्या यह एक कारण हो सकता है कि क्यों हमारे प्राचीन योगियों को यदि हजार साल का नहीं तो सौ साल का कहा जाता है। मेरा अनुमान है कि हमें बस इसकी भी खोज के लिए विज्ञान की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

हालांकि वैज्ञानिकों ने आज मस्तिष्क पर ध्यान और सेवा के असर को साबित करना बस शुरू किया है, अज्ञात अभी भी ज्ञात की तुलना में कहीं ज्यादा है। यदि हम अध्ययन करते जो हमारे धर्मग्रंथों व पुस्तकें कहती हैं, तो ये न केवल हमारे वर्तमान जीवन, बल्कि भावी जीवनों के क्रम को बदल देते और तेजी से आध्यात्मिक प्रगति के पथ में हमारी सहायता करते। हमें हमें एक प्रकार की संपदा देते हैं जिसे हम जीवन उपरांत - कार्मिक मुद्रा में आगे ले जा सकते हैं।

इसलिए अंतिम प्रश्न जो उठता है, अब आगे क्या ? शुरूआत का सही समय है अभी। अब अपने आसपास देखें और यदि इच्छा मौजूद है - अनेक दरवाजे खुलेंगे।

**- लेखक हिंगोरी सूत्राज सीरीज आफस्प्रिचुअल बुक्स के रचनाकार हैं।**



अंतर्दृष्टि
प्रमोद पाठक

# प्रत्यक्ष हाथ को काम करने दें



कोरोना वायरस तूफान की मार खाई, अर्थव्यवस्थाएं अनभिज्ञ हैं और बचने के लिए भाग रही हैं। मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था के चैंपियन अक्सर सभी आर्थिक रोगों के रामबाण के रूप में एडम स्मिथ के अदृश्य हाथ सिद्धांत का हवाला देते हैं। इस बार कोई अंतर नहीं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था मुक्त बाजार में काम कर सकती है जहां हर कोई व्यक्तिगत हित के लिए कोशिश करता है। वो लाइसेज फेयरे थे जिन्होंने दो सदियों पहले पैरोकारी की थी। अनेक ग्रहणकर्ता थे और मार्क्सवाद के ढहने से दुनिया मुक्त बाजार पैरोकारों के लिए वैश्विक बाजार बन गयी जो तबाही और प्रगति के नए मॉडलों की ओर ले जा रही है। सामाजिक डार्विनवाद नया मंत्र था। लेकिन , इंसान प्रस्ताव देता है, ईश्वर नकार देता है। इसलिए प्रकृति द्वारा एक भारी उथलपुथल इस व्यवस्था को हिला देती है। अर्थ व्यवस्थाएं नौ पिनों की तरह गिरती हैं जैसे ही महामारी दुनिया को चीत्कार की हालत में ले आती है। लेने वाला नहीं जानता है, मुक्त बाजार सिद्धांतकार कुछ भी समझ पाने की हालत में नहीं थे, जैसा कि आईएमएफने माना कि वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट में थी। वैश्विक भविषवाणियां अस्पष्टता दर्शा रही थीं, नौकरियां जाने का उत्तर तलाशना कठिन है। मानवता के लिए बड़ा प्रश्न है शांति कहां से पाएं। स्वाभाविक उत्तर अब प्रत्यक्ष हाथ में मौजूद नजर आता है, क्योंकि अप्रत्यक्ष पूर्णतया समाप्त हो रहा है। सरकारों का नियंत्रण व नेतृत्व ढांचा जो अनावश्यक समझा जाता था, उम्मीद की किरण बनता दिखता है। जैसे ही बड़ी सरकार वापस आती है, मौजूदा वैश्विक आर्थिक संकट से निपटने की रणनीतियों पर काम किया जा रहा है। क्या करें और कैसे करें जैसे सवालों का समाधान हो। भारतीय इतिहास के पास कुछ तरीके हैं। लखनऊ (तत्कालीन अवध) के 1784 के अकाल ने तत्कालीन नवाब, आसिफुद्दौला के सामने ऐसी ही चुनौती पेश की थी। अकाल लंबे समय तक रहा, जिसने अमीर और गरीब दोनों को प्रभावित किया। नवाब पर अर्थव्यवस्था को चलाए रखने तथा जीवन और आजीविकाओं को बचाए रखने का बहुत दबाव था। उसने भव्य निर्माण परियोजना शुरू करने का फैसला किया। लेकिन इस परियोजना का एक अनोखा पहलू था। उस दौरान गरीब मजदूर दिन में निर्माण कार्य किया करते थे, कुलीनों व अमीरों को रात में निर्मित ढांचे को गिराने के लिए कहा जाता था। यह काम जारी रहा और नवाब इस संकट से पार पा गए। जिन लोगों की इतिहास में दिलचस्पी है, यही वो आर्थिक रणनीति थी जो भारत में लखनऊ के प्रसिद्ध स्मारक, बड़ा इमामबाड़ा के निर्माण की निहित वजह थी। मजेदार बात यह कि अर्थव्यवस्था को प्रेरित करने के लिए नवाब की यह आर्थिक समझदारी कीसं द्वारा प्रस्तावित सिद्धांत के बहुत पहले कारगर साबित हुई थी। नवाब ने जिसकी परिकल्पना की थी, और कींस 150 साल बाद जिसे साकार किया था, वो यह कि सरकारी खर्च का संकटग्रस्त अर्थवस्था के पुनर्जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव रहा है। आर्थिक प्रोत्साहन एक प्रक्रिया है जिसे सरकारी खर्च द्वारा संचालित किया जाना चाहिए और जैसे ही सुधार आरंभ होता है, निजी पूंजीपति पैसा लगाना शुरू कर देते हैं। यह वह राजस्व बहुआयामी प्रभाव है जो अर्थव्यवस्था को मंदी से बाहर निकालता है। यही वो प्रत्यक्ष हाथ है जो संकट के दौर में काम आता है जब अप्रत्यक्ष हाथ विफल हो गए हों। नया दौर नए नजरियों की मांग करता है। जिस प्रकार अमरीका, यूरोपीय यूनियन और भारत जैसे लोकतंत्र अपनी अर्थव्यवस्थाओं को फिर से पटरी पर लाने के लिए संघर्षरत हैं, सवा दो सौ साल पहले अपनाया गया भारतीय नवाब का नजरिया उपयोगी नजर आता है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि बड़ी सरकारों को हमेशा भारी हाथ का उपयोग नहीं करना होता है। कभी कभी बड़ा दिल है जो महत्वपूर्ण असर डालता है। अदृश्य हाथ का सिद्धांत फिर, साफमौसम में काम करता है।

# कामयाबी के लिए सिर्फ इच्छाएं होना काफी नहीं

**महेन्द्र पाल**

दोस्तों, इच्छाएं या चाहतें हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा होती हैं। दुनिया में आने और समझदारी के पहले पड़ाव से ही इंसान का इनसे साक्षात्कार हो जाता है। बल्कि यह कहें कि जीवन में प्रवेश करते ही, हम अपने अवचेतन में ही इच्छाओं के रथ पर सवार हो जाते हैं। शायद, जन्म लेते ही नवजात बच्चे द्वारा अपनी पहली रुलाई में मां को पुकारना, चाहत का पहला, हालांकि अवचेतन, कदम होता है। धीरे धीरे इच्छाओं का यह सफर, जो शुरू तो अवचेतन से होता है, मगर धीरे धीरे चेतन या चेतना का हिस्सा बनता जाता है, और जैसे जैसे यह चेतना के उत्तरोत्तर उन्नत धरातल पर पहुंचता जाता है, वैसे वैसे इच्छाओं का दायरा व्यापक होते हुए व्यक्ति विशेष के साथ साथ पूरी सृष्टि या कायनात को अपने भीतर समेट लेता है।

खैर वापस लौटते हैं जीवन में चाहतों या इच्छाओं की अहमियत की तरफ।



इसमें संदेह नहीं कि हम जीवन में बहुत कुछ चाहते हैं। ये इच्छाएं या चाहतें ही हैं जो हमें आगे बढ़ने के लिए नयी मंजिलें या नए उद्देश्य प्रदान करती हैं, हमें उनको पाने के लिए उत्साहित करती हैं। जैसे जैसे उम्र बढ़ती जाती है, जिदंगी के प्रत्येक पड़ाव पर इच्छाओं या चाहतों की निरंतर नई खेप हमारे जीवन का हिस्सा बनती जाती है। जिनसे हमारी चाहतों का कद का दायरा, यहां तक की प्रारूप भी, उन्नत व व्यापक होता जाता है। यह जरूरी भी है, क्योंकि उम्र के साथ इच्छाओं या चाहतों का उन्नत होते जाना अनिवार्य है। ऐसा न होने पर, वही इच्छाएं, जो कभी प्रगति की वाहक बनी होती हैं, इंसान के लिए मानसिक गांठ बन जाती हैं जो फिर भविष्य में आगे बढ़ने के रास्ते में अवरोध बनती हैं।

वैसे इच्छाओं को अगर अपने समय या परिवेश या हालात का प्रारूप कहा जाए तो शायद अनुचित नहीं होगा। क्योंकि इच्छाएं हवा में या निरी कपोल कल्पना में नहीं पैदा होतीं। इंसान सहजतापूर्वक वही इच्छा करता है जो उस समय या वस्तुगत परिवेश या परिस्थिति में उपजती है। हालांकि इसमें भी इच्छओं का दायरा वर्तमान के साथ भविष्य का सुदूर या कहें कि असंभव सा लगने वाला लक्ष्य भी अपने भीतर समेट लेता है, मसलन दुनिया में पूरी तरह सद्भाव व समानता हो, कोई लड़ाई झगड़े न हों, पूरी दुनिया वसुधैव कुटुंबकम हो, आदि इत्यादि। लेकिन तब ऐसी इच्छाओं का साकार होना, समय के विस्तृत कालखंड का हिस्सा बन जाता है। फिर वो इंसानी जीवनावधि के दायरे से परे हो जाता है। लेकिन क्या सिर्फ चाहत रखना या इच्छा मात्र होना, इंसान को कामयाबी की मंजिल पर पहुंचा सकता है? बिलकुल नहीं। किसी महान व्यक्तित्व ने कहा है इच्छाएं जब तक तार्किक योजना का हिस्सा नहीं बनतीं, वे सच के रूप में साकार नहीं हो सकतीं या सफलता का प्रारूप नहीं बन सकतीं। इच्छाओं को साकार करने के लिए व्यक्ति को उन्हें पूरा करने की योजना बनाना अनिवार्य है। योजना बनने पर ही उक्त इच्छा की व्यवहारिकता तौली जा पाती है। उसमें भावी चुनौतियों का आंकलन व उनसे निपटने के तरीके पर विचारमंथन होता है। इससे इच्छा, जो योजनाबद्ध हो जाने पर तात्कालिक लक्ष्य बनती है, के समग्र मूल्यांकन व विश्लेषण का अवसर मिलता है जो फिर इंसान का दूरगामी या जीवन लक्ष्य बनकर उभरती है, जिस पर ताउम्र चलने का इंसान फैसला करता है और कामयाबी का मुकाम हासिल करता है।

यानी, इसमें संदेह नहीं कि बिना चाहत के या बिना इच्छाओं के इंसान जीवन में प्रगति नहीं कर सकता। लेकिन इच्छाओं को तार्किक योजना का हिस्सा बनाकर ही जीवन में कामयाबी पाई जा सकती है। इच्छाएं अगर बीज की तरह हैं तो इंसान की एकाग्रता व तार्किक योजनाबद्धता उस पहरेदार की तरह हैं जो उसे आवश्यक नमी, धूप व बरसात प्रदान करने का आधार व सुरक्षा मुहैया कराती हैं।

# अपने डर को जीतो

**दोस्तों,** सोचकर कितना विचित्र लगता है कि हिन्दी व्याकरण माला के दो अक्षर ड और र, जो स्वयं तो अक्षर-पंक्तियों में बीच में सहमे से रहते हैं लेकिन जब आपस में मिलते हैं तो एक बिलकुल भिन्न दुनिया रच जाते हैं। जीहां, डर नामक शब्द देखने में दो अक्षरों का है मगर इंसानी चेतना में अपनी गहरा असर छोड़ता है। यह असर कभी तो इस कदर हावी होता है कि इंसान की सारी पहलकदमियां हाशिए पर चली जाती हैं, चुनौतियों के सारे पैंतरे बेमानी से लगने लगते हैं। दुनिया को वस्तुगत ढंग से समझने की जिज्ञासा और क्षमता उदासी ओढ़ लेती है और विपरीत से निपटने के सारे हौसले पस्त हो जाते हैं। इंसान निराशा और अवसादग्रस्तता के ऐसे कुएं में गिरता जाता है कि उसके जीवन का सामान्य पटरी पर लौट पाना बहुत ही कठिन होता है। यह प्रश्न सोचने का है कि आखिर डर की यह दुनिया क्यों और कैसे इंसानी जहनियत को अपना शिकार बनाती है? क्या डर या भय इंसान की अपनी सहज मौलिकता का हिस्सा है या जाने-अंजाने खयालों के किसी चोर दरवाजे से चुपचाप हमारे भीतर दाखिल हो जाता है? आखिर कब और कैसे इसकी शुरुआत होती है? और किनके जरिए सबसे पहले हमारी डर से मुलाकात होती है?

अगर हम सभी अपने बचपन को याद करें तो हमें काफी हद तक अपने इन प्रश्नों के उत्तर मिल सकते हैं। इंसान कोई पैदाइशी डरपोक नहीं होता। जीवन के शुरुआती पड़ाव यानी बचपन में उसके लिए हर रंग और अनुभव नवीनता लिए होता है। हम देखते हैं कि बच्चा जितना दिन के उजाले और रंगबिरंगी दुनिया से प्यार करता है उतना की अंधेरे की चांद-सितारों की दुनिया को भी। अंधेरे से भय का अहसास उसमें तब तक नहीं जड़ जमाता जब तक कि उसके सामने अंधेरे को, किसी भूत प्रेत या किसी जानवर की सूरत के बतौर, भय का जामा पहनाकर हमारे प्रियजनों द्वारा ही पेश नहीं किया जाता। अपने आसपास और स्वयं अपने बचपन के दिनों को याद करें तो हम पाएंगे कि हमारे सामने सबसे पहले हमारे अपनों ने डर की दुनिया परोसी थी। हालांकि कोई भी प्रियजन अपने बच्चे को डरपोक बनाना नहीं चाहता लेकिन जाने-अनजाने में बच्चे की जिज्ञासाओं व उसके मासूम व कभी कभी विचित्र व अबूझे सवालों का अनुत्तर उनसे यह कारनामा करा जाता है।

एक सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि हमारे सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश में बच्चों की जिज्ञासाओं को पर्याप्त अहमियत नहीं दी जाती। प्राय: उनके सवालों को, उनकी जिज्ञासाओं को, कभी डांट फटकार तो कभी किसी अंजान भय के जरिए, नियंत्रित या दबाने का प्रयास किया जाता है। हालांकि यह भी सच्चाई है कि निंरतर उदार व बहुआयामी हो रही दुनिया ने आज की उदार और शिक्षित पीढ़ी को अपने बच्चों के प्रति उदार व संवेदनशील बनाया है। वह अधिकतम बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत करने का प्रयास करती है। लेकिन हमारा वृहद सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश अभी भी पुराने सामंती तौर तरीकों में जकड़ा होने के कारण बच्चों में, उनके माता पिता से इतर, किन्हीं चोर दरवाजों से डर की दुनिया परोसता है।

आखिर इस डर को कैसे जीता जा सकता है? क्या टीवी आदि में दिखाए जाने वाले माऊंटेनड्यू मार्का विज्ञापन के आधार पर ? जैसे आप कोई घुट्टी या ड्रिंक पीएं और डर गायब? जी नहीं। यह ऐसे आवेग के रूप में हमारे भीतर समाया रहता है, जो हमारी शारीरिक - मानसिक क्षमता से परे है, जिससे हम लड़ नहीं सकते। दूसरे शब्दों में डर अधीनता या गुलामी का जामा पहने होता है। और इसे अगर किसी चीज से नियंत्रित किया जा सकता है तो वह है तर्क और विवेक। जैसे जैसे तर्क और विवेक की दुनिया फैलती जाती है, डर की दुनिया सिमटती जाती है।

हमें अपने मानसिक जगत से डर को बेदखल करने के लिए तर्क और विवेक को चुनना होगा। क्योंकि डर के मूल कारणों तक हमें तर्क और विवेक ही पहुंचाते हैं। जैसे ही हमें अपने डर का कारण पता चलता है, वैसे ही डर गायब हो जाती है। और जब डर गायब होता है तो कुछ भी करने या पाने की हिम्मत अपने आप आ जाती है। फिर कामयाबी की बुलंदी छूना असंभव नहीं रह जाता।



मैं खुद को खुशकिस्मत समझती हूं कि मुझे नेहा कक्कड़ के गानों पर परफॉर्म करने के लिए चुना गया है। जब भी मुझे कोई गाना मिलता है मैं यह जानकर बहुत उत्साहित हो जाती हूं।
- नोरा फतेही



होम थियेटर

# बंधक समस्या पर रोचक सीरीज़



**होस्टेजेस 2**
**डिज्नी, हॉटस्टार**
**कलाकारः रोनित रॉय, दिव्या दत्ता तथा अन्य**
**रेटिंगः 6/10**

होस्टेजेस 2 वहीं से प्रारंभ होता है जहां से होस्टेजेस समाप्त हुआ था। लेकिन कहा जा सकता है कि दोनों ही सीज़न अच्छे गए हैं और जनता के बीच लोकप्रिय भी। यदि पहले में राजनीतिक एवं कॉरपोरेट षडयंत्र के चलते मुख्यमंत्री की हत्या को लेकर एक चिकित्सक का अंतर्द्वंद दिखाया गया था तो इस बार भी इसे उतने ही रोचक कथानक के साथ प्रस्तुत किया गया है।

इस बार मुख्यमंत्री ही बंधक बन गए हैं लेकिन एक चिकित्सकीय कारण से। रोनित रॉय पृथ्वी के रूप में लीड भूमिका में हैं वो इस सीरीज़ में अवकाश प्राप्त सुपर कॉप अपने चरित्र को सही ढंग से प्रस्तुत करने में सफल रहे हैं लेकिन चरित्र की गंभीरता के चलते आप उनके चेहरे पर एक मुस्कान के लिए भी तरस जाएंगे। वो अपने टीवी चरित्र मिस्टर बजाज से अब तक बाहर नहीं आ सके हैं। लेकिन एप्लॉज़ हाउस की ये प्रस्तुति रोचक, थ्रिलिंग बन पड़ी है। किसी भी बंधक संमस्या की तरह ही इस सीरीज़ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं जो स्वाभाविक लगते हैं। आपको इसमें एटीएस टीम के ऐक्शन, नाइट स्नाइपर्स, योजना तथा बंधक स्थल की सर्वेलांस जैसी सनसनीखेज गतिविधियां देखने को मिलेंगी। बंधक स्थल एक औपनिवेशिक कालीन खंडहर रखा गया है जो आकर्षक बन पड़ा है। घूमती सर्चलाइट तथा स्थिति से मेल खाता संगीत वरिष्ठ निर्देशक सुधीर मिश्रा के कौशल को दर्शाता है। ये सभी कारक पूरी सीरीज़ के रोचक प्रस्तुतीकरण में सहायक हुए हैं। अभिनेता दिलीप ताहिल ने भ्रष्ट मुख्यमंत्री का चरित्र मंझे अभिनेता की तरह जिया है। दिव्या दत्ता ने बंधक समस्या के समाधान में एक कुशल मध्यस्थ की भूमिका में चार चांद लगा दिये हैं। उनका अभिनय प्रशंसनीय है।

मुख्य कहानी के पार्श्व में चल रही दूसरी कहानियां अधिकांशतया निरर्थक हैं लेकिन कुछ मुख्य कहानी से लय स्थापित करने में सफल रही हैं सभी चरित्रों ने पूरी सीरीज़ को प्रामाणिक बनाने में सहयोग दिया है। 12वें एपिसोड के आने तक कहानी में रोचकता बनाए रखी गई है लेकिन इसके बाद कहानी को ढीला छोड़ दिया गया लगता है।

सभी चरित्रों को सामान्यतः उनकी परदे पर दिखने वाली आदतों को ध्यान में रखते हुए चुना जाता है लेकिन यहां दीनो मोरिया एक ऐसे हत्यारे दिखाए गए हैं जो हत्या करते हुए मुस्कुराते दिखते हैं। वो बिना किसी कारण लोगों को मारते दिखते हैं। वो सीरीज़ में क्यों हैं और क्यों लोगों की हत्या करते हैं, इसका कारण अंत तक पता नहीं चलता। लेकिन होस्टेजेस2 एक सीरीज़ के रूप में अपनी रोचकता के चलते आपको बांधे रखने में अवश्य सफल है, इतना तो कहा ही जा सकता है।

# अच्छा कथानक, खराब प्रस्तुतीकरण

**कार्गो**
**प्लेटफॉर्म : नेटलिक्स**
**कलाकारः विक्रांत मैसी, श्वेता त्रिपाठी, नंदू माधव, कोंकणा सेन**
**रेटिंगः 5/10**



कुछ ऐसे कथानक हैं जिन्हें समझने में बॉलिवुड को सालों लग सकते हैं। एक ऐसा ही विषय है विज्ञान आधारित कहानियों का, और इसका भी एक कारण है। हम सेट पर अधिक ध्यान नहीं देते। ये सही है कि इसकी लेखिका और निर्देशिका के रूप में आरती यादव की प्रशंसा की जानी चाहिये कि उन्होंने यमराज और मृत्यु जैसे विषय को कथानक के रूप में चुना। इसे उन्होंने अलग ढंग से बुना है लेकिन फिर भी आपको कहानी को परदे पर सही ढंग से उतारना भी तो आना चाहिये।

अब स्पेस शिप की बात की जाए तो इसमें भी कल्पना के लिए कोई स्थान नहीं है। लेकिन इस शिप के बाहर के दृश्य वास्तविक दिखे हैं। लेकिन इसकी अंदरूनी सज्जा किसी नौसिखिया द्वारा की गई लगती है। जबकि इसके लिए अनेक हॉलिवुड फिल्में उपलब्ध हैं और उनसे सीखकर काफी सुधार किया जा सकता था।

लेकिन ऐसा प्रतीत होता है जैसे निर्माताओं को अपनी कहानी पर अतिविश्वास था कि रोचक कहानी के चलते दर्शक अन्य बातों पर ध्यान नहीं देगा। दुर्भाग्य से एक बार यदि किसी को पता चल जाता है कि हो क्या रहा है तो फिर आपको उसे दुबारा दिखाने से पहले उसमें रोचकता बनाए रखने के लिए कुछ विशेष योजना बनानी होती है, आप टीन के बक्से और यहां वहां कुछ करके उसे स्पेस शिप नहीं बना सकते। ऐसा कैसे हो सकता है कि किसी स्पेस शिप में अंतरिक्ष यात्री (कहानी में आधुनिक यमराज) के लिए बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध न हो। इसके अलावा इस विमान पुष्पक 634ए में मुख्य यात्री के लिए स्थान भले ही न दिया गया हो लेकिन उसके सहायक के लिए एक उचित स्थान या कहें कक्ष उपलब्ध है। एक प्लेटफॉर्म पर उसके लिए बक्से लगे हैं और यहीं उसका स्थान है। अब आप सोच रहे होंगे कि कार्डबोर्ड के बक्से स्पेसशिप पर क्या कर रहे हैं? तो जान लीजिये कि विज्ञान आधारित फिल्मों के लिए इससे गई बीती बात कुछ और नहीं हो सकती।

यदि इस श्रेणी की हॉलिवुड की हिट फिल्म 'द एबिस और स्टारट्रेक' के निर्माता इसे देख लें तो अपना सिर अवश्य धुन लेंगे।सभी कलाकारों को देखकर ऐसा लगता है जैसे वे एक दूसरे के सामने असहज हैं लेकिन उनका व्यक्तिगत अभिनय चलताऊ कहा जा सकता है। यदि देखना ही है तो केवल इसकी अवधारणा के लिए ही देखें।

**-शालिनी सक्सेना**

# हिंसा ही हिंसा



**द बेबी सिटरः किलर क्वीन**
**प्लेटफॉर्म : नेटलिक्स**
**कलाकारः जुडा, लूइस, एमिली एलिन लिंड, बेला थॉर्न, जेना ऑरटेगा**
**रेटिंगः 5/10**

हॉलिवुड फिल्मों में हिंसा का दौर इस बेबी सिटर के सीक्वेल में भी जारी रहता है। कहानी को कुछ साल आगे ले जाया गया है। अब इसका लीड अभिनेता कोल हाई स्कूल में है और अब उसे किसी बेबी सिटर की आवश्यकता नहीं है। उसकी कहानी पर किसी को विश्वास नहीं होता। बाद में पुलिस के आने पर ये सिलसिला रुक जाता है और कहीं कोई लाश नहीं दिखाई देती।

कोल की कहानी को उसके माता-पिता एक थेरेपी करार देते हैं। लेकिन वे मृत लोग फिर अचानक तब कैसे प्रकट हो जाते हैं जब उनकी आवश्यकता ही नहीं होती, और अब इसका सीक्वेल भी देखना होगा। इसमें भी आपको सिर कटने, लोगों को आग में जलते और खून चारों दिशा में फैलता दिखाया गया है लेकिन संदर्भ गायब है। फिर वे मृत लोग अचानक तब कैसे प्रकट हो जाते हैं और उनके ऐसा करने का कारण भी स्पष्ट न हो। यदि विशुद्ध मानव के रक्त को पीने से ही आप सर्वशक्तिमान बन सकते तो फिर और कुछ करने की आवश्यकता क्या है। लेकिन कहानी का अंत आते आते आपको पता चलता है कि ऐसा कुछ भी नहीं होता। यदि आपको पग पग पर हिंसा प्रिय है तो आप इसे भी देख सकते हैं।

# रोचक और अत्यंत हास्यपूर्ण

**वकालत फ्रॉम होम**
**अमेजॉन प्राइम**
**एपिसोड 10**
**कलाकारः सुमित व्यास, गोपाल दत्त, निधि सिंह, आकर्ष खुराना, कुब्रा सैत**



निर्माता रोहन सिप्पी और अनुवब पाल की ये 10 एपिसोड वाली सीरीज़ अच्छी बन पड़ी है। इसका कहानी सामान्य सी है- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से तलाक। इसकी प्रेरणा कोविड 19 महामारी काल में कोर्ट्स द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई से ली गई है। लेकिन रोहन सिप्पी ने इसे अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया है। काफी दिनों बाद आपको इतना स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाला कुछ देखने को मिला है वरना आजकल कहानियां इतनी जटिलता लिये होती हैं कि आपको कुछ समझ में ही नहीं आता। वकालत फ्रॉम होम में आपको बहुत दिनों बाद विशुद्ध हास्य और मनोरंजन मिला है। इसमें एक संदेश भी है कि आप तलाक के वकीलों से अधिक संपर्क न रखें।

इस प्रकार के प्रकरण में हंसना यद्यपि दुखद है लेकिन कहानी काल्पनिक है जिसमें दो लोग विवाह के 10 सालों के बाद अपने मतभेदों के चलते अलग होना चाहते हैं। वे बचपन के मित्र भी होते हैं। फिर भी कथानक हास्यपूर्ण है।

अलग अलग स्थानों पर अभिनेताओं के होने और उन्हें एक कहानी में साथ दिखाना कोई इस फिल्म से सीख सकता है। इसकी एक और सुंदरता ये है कि इसका एक एपिसोड केवल 15 मिनट का रखा गया है। ऐसे में अंत तक आपको प्रतीक्षा नहीं करनी होती कि इसका अंत कैसा होगा। ढाई घंटे में आप इसके 10 एपिसोड देख सकते हैं। सुमीत व्यास, गोपाल दत्त तथा निधि सिंह का अभिनय अच्छा है। कुब्रा सैत का अभिनय उल्लेखनीय है। तलाक की पारंपरिक अधिवक्ता से हॉट लॉयर बनना अद्भुत दिखा है। यही कारण है कि सीरीज़ अत्यंत रोचक बन सकी है।

# उर्मिला ने कंगना रनौत के बयान के बाद समर्थन के लिए लोगों को दिया धन्यवाद



**अभिनेत्री** उर्मिला मातोंडकर ने उनके खिलाफ अभिनेत्री कंगना रनौत की सॉफ्ट पोर्न स्टार संबंधी टिप्पणी के बाद मिले समर्थन के लिए भारत के असली लोगों का शुक्रवार को आभार प्रकट किया।

मातोंडकर ने फिल्म उद्योग में भाई-भतीजावाद और बॉलीवुड में नशीले पदार्थों की समस्या को लेकर रनौत के दावों पर सवाल उठाया था, जिसके जवाब में रनौत ने एक निजी समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि 90 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मातोंडकर सॉफ्ट पोर्न स्टार थीं और वह अपने अभिनय के लिए नहीं जानी जाती हैं।

फिल्म निर्देशक राम गोपाल वर्मा, फिल्मकार अनुभव सिन्हा और अभिनेत्री स्वरा भास्कर समेत उद्योग के कई लोगों ने रनौत की इस टिप्पणी की निंदा की और मातोंडकर के 25 साल के करियर को सादगी और गरिमा वाला बताया। मातोंडकर ने ट्वीट किया, मेरे साथ खड़े होने के लिए भारत के असल लोगों और निष्पक्ष, प्रतिष्ठित मीडिया की दुर्लभ नस्ल का शुक्रिया। यह फर्जी आईटी ट्रोल और दुष्प्रचार के खिलाफ आपकी जीत है। मैं वास्तव में बहुत अभिभूत हूं। जय हिंद। अभिनेत्रियों पूजा भट्ट एवं सयानी गुप्ता और पटकथा लेखक कनिका ढिल्लों ने भी मातोंडकर का समर्थन किया।

# अयोध्या की रामलीला 14 भाषाओं में डिजिटल रूप से उपलब्ध होगी

**भाषा।** नई दिल्ली



**अयोध्या** की रामलीला उर्दू और भोजपुरी समेत 14 भाषाओं में डिजिटल रूप में उपलब्ध होगी। आयोजकों ने कहा कि भाजपा सांसद मनोज तिवारी और रवि किशन भी इसमें हिस्सा लेंगे। रामलीला का मंचन अयोध्या में सरयू नदी के किनारे स्थित लक्ष्मण किला में होगा जो निर्माणाधीन राम मंदिर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आयोजन समिति के मुख्य मीडिया सलाहकार नीलकांत बख्शी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर 17 से 25 अक्टूबर के बीच सीमित दर्शकों की मौजूदगी में इसका मंचन होगा लेकिन केबल टीवी, यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर इसे प्रसारित किया जाएगा।

आयोजकों ने कहा कि तिवारी और रवि किशन के अलावा कई बॉलीवुड और टीवी कलाकार भी इस रामलीला का हिस्सा होंगे। अभिनेता विंदु दारा सिंह हनुमान की भूमिका में होंगे, रितु शिवपुरी कैकई की भूमिका निभाएंगी, असरानी नारद के तौर पर नजर आएंगे और शहबाज खान रावण के किरदार में दिखेंगे। उन्होंने कहा कि राकेश बेदी विभीषण, राकेश पुरी निषादराज, रजामुराद अहिरावण और अवतार गिल जनक की भूमिका में होंगे। गोरखपुर से सांसद रवि किशन भरत के किरदार में नजर आएंगे। उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद तिवारी रामलीला में अंगद की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने शुक्रवार को एके संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर लोगों में भारी खुशी है और यह भगवान राम की जन्मस्थली पर भव्य रामलीला के आयोजन की प्रेरणा है। तिवारी ने कहा, अयोध्या की रामलीला की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह भोजपुरी, उर्दू, तमिल, तेलगु, बंगला और अंग्रेजी समेत 14 भाषाओं में डिजिटल रूप में उपलब्ध होगी। बख्शी ने कहा कि देश भर में व्यापक रूप से जनता तक पहुंचने के लिए 14 भाषाओं में लिखित भाषांतर का इस्तेमाल किया जाएगा।

इस रामलीला का मंचन संयुक्त रूप से दो संगठनों, मेरी मां फाउंडेशन और राम की रामलीला द्वारा किया जा रहा है। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा समिति के मुख्य संरक्षक हैं।

# मान्यता ने संजय दत्त, बच्चों के साथ तस्वीरें साझा की



**मुंबई।** अभिनेता संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त ने शुक्रवार को कहा कि वह ऐसे एकजुट परिवार को पाकर धन्य महसूस करती हैं। संजय दत्त और मान्यता ने हाल ही में अपने बच्चों शाहरान और इकरा के साथ दुबई की यात्रा की थी। मान्यता ने संजय और बच्चों के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, आज। मैं परिवार के रूप में मिले तोहफे के लिए ईश्वर का धन्यवाद करना चाहती हूं। कोई शिकायत नहीं.... कोई निवेदन नहीं..... बस हमेशा साथ रहें। लॉकडाउन के दौरान मान्यता बच्चों के साथ दुबई में थीं लेकिन दत्त की स्वास्थ्य परिस्थितियों के कारण अगस्त में मुबई लौट आई थीं।

# और अब फैशन टूर ने तरुण तहिलियानी से मिलाया हाथ



**सुप्रसिद्ध डिज़ाइनर तरुण तहिलियानी ने ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के पहले डिजिटल प्रीमियर की शुरुआत की जिसमें इन्फाइनाइट, माय आइडेंटिटी, माय प्राइड का प्रदर्शन किया गया**

**ब्लेंडर्स प्राइड** फैशन टूर और असाधारण डिजाइनर तरुण तहिलियानी के बीच गुरुवार को उनके इस इंडस्ट्री में 25 साल पूरे करने के जश्न के रूप में अपनी तरह की पहली डिजिटल साझेदारी की गई। पिछले कई सालों सेए ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने भारतीय डिजाइन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय डिजाइनर कम्युनिटी के साथ सहयोग करते हुए भारत में फैशन उद्योग के लिए बैंचमार्क स्थापित किया है। यह टूर वर्षों से पारंपरिक रनवे शो से लेकर फैशन फैस्टिवल तक विकसित हुआ है और आजए इन अनोखे समय मेंए तरुण तहिलियानी के साथ मिलकर डिजिटल साझेदारी करते हुए और माय आइडेंटिटीए माय प्राइड की एक कहानी का जश्न मनाया गया। इस शाम अपने शिल्प और विरासत के गौरवान्वित करने वाले तत्वों को प्रदर्शित किया गयाए यह शाम आधुनिक होने के साथ एक इकाई के रूप में स्ट्रीम ऑफ़ कॉन्शियसनेस भी थी। उनके अनुभव ने दुनिया का अनुसरण करते हुए एक व्यक्ति के जीवन में इनफाइनाइट संभावनाओं के विचार को उजागर किया। अपनी तरह के हाइब्रिड फैशन अनुभव ने सभी ग्लैमर और ग्लिट्ज़ को एक प्रभावशाली कहानी के साथ डिजिटल प्रीमियर के माध्यम से जीवंत किया। फैशन के एक नाटकीय रूपान्तरण के माध्यम से मेन्सवियर और वुमेन्सवियर में 25 मॉडल्स ने 25 खूबसूरत लुक्स प्रस्तुत किए। जो कि तरुण तहिलियानी द्वारा डिजाइन किए गए भव्य कस्टम सेट में उनकी 25 साल की यात्रा को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर बोलते हुए ईशविंदर सिंह जीएम मार्केटिंग पेरनोड रिकार्ड इंडिया ने कहा कि ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर पिछले 15 वर्षों से फैशन और स्टाइल के क्षेत्र में अद्वितीय अनुभव पेश कर रहा है। हमने तरुण के साथ एक लंबी और विशेष यात्रा तय की है और आज जैसा कि वह इंडस्ट्री में 25 साल मना रहे हैंए हम अपने ग्राहकों के लिए उनके घर के सुकून में इस शो का अनुभव पेश करने के लिए समान रूप से उत्साहित हैं। हमने पिछले दो वर्षों से श्प्राइडश् की यात्रा जारी रखी हैए और इस वर्ष भी श्माइ आइडेंटिटीए माइ प्राइडश् को केंद्र में रखते हुए जारी है। माय आइडेंटिटी माय प्राइडष्के इर्द.गिर्द एक सहज कहानी को बुनते हुए तरुण तहिलियानी ने कहा-किसी की पहचान से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं हैए यही वह अभिव्यक्ति है जो आपको दुनिया से अलग बनाती है। यह साझेदारी मेरी यात्रा और बेशुमार प्रेरणाओं का उत्सव है जिसने पिछले कई वर्षों से मुझे प्रेरित किया है।